

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि
// कैसे खिलेंगे रिश्तों के फूल, अगर ढूंढते रहेंगे एक-दूसरे की भूल। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

छाता और दिमाग तभी काम करते हैं, जब वह खुले हुए हों, बंद होने पर दोनों बोझ लगते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 20 अगस्त, 2025 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 229 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली (अप्रस)।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है।

### किन्नर-कैलाश यात्रा स्थगित

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला में बीती रात से जारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। किन्नौर में किन्नर कैलाश यात्रा पर गए एक श्रद्धालु की पत्थर लगने से मौत हो गई। वहीं किन्नर कैलाश यात्रा को 11 दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया है। मृतक श्रद्धालु की पहचान गौरव गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। वहीं कुल्लू की लग वैली में रात 1 बजे बादल फटने से 3 दुकानें बह गईं। इसका पानी जब कुल्लू बाजार पहुंचा तो सरवरी नदी ने तबाही मचाई।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पीएम मोदी से की मुलाकात




# रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे सुदर्शन रेड्डी

एनडीए के राधाकृष्णन को देंगे चुनौती

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का एलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का एलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।



मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे एक गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की।

### राजग के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है, जो आरएसएस पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के एक अनुभवी भाजपा नेता हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से अपने नाम का एलान किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी दलों से समर्थन की अपील करता हूं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रेड्डी का समर्थन कर रही है।

### कौन हैं जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी?

जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई, 1946 को अकुला मायलाराम गांव, पूर्व इब्राहिमपट्टनम तालुका, रंगारेड्डी (आंध्र प्रदेश) में हुआ था। उनका नाता वर्तमान में कंदुकुर राजस्व मंडल के तहत आने वाले गांव के एक कृषक परिवार से रहा। उन्होंने हैदराबाद में पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से कानून की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1971 में ही अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली। इसके बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता के. प्रताप रेड्डी के चैंबर में शामिल हुए। उन्होंने हैदराबाद के नगर दीवानी न्यायालयों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में कई मामलों का निपटारा किया। वे 8 अगस्त, 1988 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में सरकारी वकील के रूप में नियुक्त हुए। वे राजस्व विभाग के प्रभारी भी रहे और 8 जनवरी, 1990 तक इस पद पर बने रहे। इसके बाद वे कुछ समय के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में भी नियुक्त हुए। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी एवी एजुकेशन सोसाइटी की ओर से संचालित शैक्षणिक संस्थानों के सचिव और संवाददाता भी रहे। 1993-94 के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए। 8 जनवरी, 1993 को उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कानूनी सलाहकार और स्थायी वकील नियुक्त किए गए। 2 मई, 1995 से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए। उन्हें 2005 में गौहाटी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। 2007 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त हुए। वे 2011 में सेवानिवृत्त हुए।

दूसरे चरण की बैठक, दिनभर चला बैठकों का दौर

# विधानसभा में हारी हुई 42 सीटों पर भाजपा का होगा पूरा फोकस

### जहां विधायक नहीं उन हलकों के विकास का बनेगा प्लान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** विधानसभा चुनाव के दौरान हारे हुए 42 हलकों के विकास पर अब सरकार की पूरा फोकस रहेगा। इन हलकों में सरकार द्वारा तैनात किए गए प्रभारियों तथा पार्टी के पूर्व प्रत्याशियों की सिफारिशों पर विकास कार्य करवाए जाएंगे। भाजपा ने मिशन-2029 की तैयारियों को धार देने के लिए मंगलवार को चंडीगढ़ में बैठकों का बड़ा सिलसिला शुरू किया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में दिन भर बैठकों का दौर चला। बैठक में प्रदेश महामंत्री व कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, डॉ. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया भी मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि जनता तक सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को और प्रभावी ढंग से पहुँचाया जाए, ताकि पार्टी की पकड़ जमीनी स्तर पर और मजबूत हो सके।

दूसरे चरण की बैठक में भाजपा ने उन 42 नेताओं को बुलाया जो 2024 विधानसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर हार चुके थे। इनमें पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता जैसे दिग्गज भी शामिल रहे। इस बैठक का मकसद मिशन-2029 के तहत उन सीटों पर विशेष रणनीति बनाना है, जहां भाजपा को पिछली बार झटका लगा था। मुख्यमंत्री और संगठन पदाधिकारियों ने इन नेताओं से फीडबैक लिया और चुनावी समीकरणों पर गहन मंथन किया। पार्टी का मानना है कि यदि इन सीटों पर पुख्ता तैयारी की जाए तो आने वाले चुनावों में भाजपा का ग्राफ दोबारा ऊपर उठ सकता है।





### सीएम ने लिया फीडबैक

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पार्टी के विधायकों के साथ बैठक करके उनके हलकों में चल रही विकास परियोजनाओं पर फीडबैक लिया। संगठनात्मक मजबूती, जनता से सीधा संवाद और हारी हुई सीटों पर रणनीति-इन्हीं तीन बिंदुओं पर मिशन-2029 की नींव रखी जा रही है। राजनीतिक हलकों में इन बैठकों को बेहद अहम माना जा रहा है।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

# ओड़िशा में 8300 करोड़ रुपए की लागत से हरित राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ओड़िशा में करीब साढे आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से छह लेन के राजधानी क्षेत्र रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास - 110.875 किमी) के निर्माण को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिससे खोरधा, भुवनेश्वर और कटक जैसे शहरी क्षेत्रों में भीड़-भाड़ में कमी आयेगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आश्य के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर को ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है और मिली-जुली व्यवस्था के तहत बनाये जाने वाले इस राजमार्ग के निर्माण पर 8307.74 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को ढाई वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर से टांगी के बीच संपर्क मार्ग के खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरने से काफी भीड़ भाड़ रहती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए इस परियोजना को छह-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इससे इन शहरों में भारी वाणिज्यिक यातायात को बाईपास पर भेजने की व्यवस्था हो जायेगी। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यह बाईपास क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रमुख धार्मिक तथा आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा। इससे व्यापार एवं औद्योगिक विकास तथा आसपास के क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे।

एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा

# सूर्यकुमार कप्तान, शुभगम गिल को उपकप्तान की कमान

जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितंबर से

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मुंबई।** 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव ही करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को दौरे के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होगा। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा।



गिल को उपकप्तान बनाया भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। सिलेक्शन से पहले मीडिया रिपोर्ट्स में गिल की टीम में जगह नहीं बताई जा रही थी। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि आईपीएल में गिल ने 650 रन बनाए थे। सिराज और वाशिंगटन को मौका नहीं स्क्वॉड में अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हर्षित राणा को मौका मिला। हालांकि मोहम्मद सिराज और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह नहीं मिली हैं। यशस्वी जायसवाल और सुंदर टीम के रिजर्व प्लेयर होंगे। बुमराह की टी-20 वर्ल्डकप के बाद वापसी जसप्रीत बुमराह की टी-20 टीम में वापसी हुई हैं। उन्होंने आखिरी टी-20 इंटरनेशनल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल खेला था। आईपीएल में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाने वाले श्रेयस अय्यर को भी टीम में नहीं चुना गया है।

मीटिंग

उद्योगपतियों से सुझाव लेने और समस्याएं सुलझाने के लिए अमृतसर से उद्योग मंत्री ने शुरू की 'राइजिंग

# अब हमारे निवेशकों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, हम खुद उनके पास जाएंगे: अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/अमृतसर, 19 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के औद्योगिक क्रांतिकारी विज़न के तहत पंजाब में उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन देने के लिए आज उद्योग एवं बिजली मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने माझा क्षेत्र के उद्योगपतियों से, जिनमें अमृतसर के अलावा गुरदासपुर, तरनतारन, बटाला और पठानकोट के उद्योगपति शामिल थे, औद्योगिक नीति के लिए सुझाव लेने और उनकी समस्याएँ सुलझाने के उद्देश्य से गुरु की नगरी अमृतसर से 'राइजिंग पंजाब - सुझाव से समाधान तक' की शुरुआत की। इस अवसर पर आए उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के सभी बड़े शहरों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और आज यह पहला विशेष आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नई उद्योग-अनुकूल नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना, नए निवेश के लिए माहौल तैयार करना और सरकार-उद्योग जगत के बीच सीधा संवाद कायम करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह पहल पंजाब में नए निवेश, अधिक रोजगार और लोगों की खुशहाली के नए दरवाज़े खोलेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सुझाव से समाधान तक पहुँचना ही हमारी ज़िम्मेदारी है।




उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मैं बातों में नहीं, काम में विश्वास रखता हूँ। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों के सुझाव मैंने नोट कर लिए हैं और जो भी काम होने वाले हैं, वे कुछ ही दिनों में पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि अमृतसर गुरु नगरी है, पंजाब का प्रवेश द्वार है और यह दुनिया का सबसे सुंदर शहर बनेगा। अमृतसर की मेहमाननवाज़ी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की अपार संभावनाएँ हैं और सरकार उसके लिए काम करेगी।

कैबिनेट मंत्री ने पंजाब राज्य इंडस्ट्री एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन द्वारा बीते समय में जारी पाँच अलग-अलग नोटिफिकेशनों का ज़िक्र करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएँ किसी भी राज्य सरकार ने नहीं दीं, जैसी हमारी सरकार ने उद्योगपतियों के लिए लागू की हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक पंजाब सरकार की तारीफ करते हैं और हम कोशिश करते हैं कि हम उद्योगपतियों के लिए काम करें, क्योंकि यह हमारा फ़र्ज़ है। उन्होंने कहा कि आप हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं और आपकी समस्याओं का समाधान करना हमारी ड्यूटी है। जो भी मुद्दे और समस्याएँ होंगी, वे हल होंगी। आप सरकार को टैक्स देते हैं, हमारे युवाओं को रोज़गार देते हैं और आपका ख्याल रखना मेरा और मेरे विभाग का फ़र्ज़ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेरी कोशिश होगी कि मैं अपनी ज़िम्मेदारी पर खरा उतरूँ। उन्होंने अमृतसर में यूनिटी मॉल बनाने और औद्योगिक पार्कों एवं फोकल प्वाइंट पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि ईएसआई अस्पताल को केंद्र सरकार से फंड लेकर और अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोइंदवाल साहिब का औद्योगिक क्षेत्र, जो लंबे समय से उपेक्षित है, उसे औद्योगिक हब बनाया जाएगा। उन्होंने माझा क्षेत्र के उद्योगपतियों को ÷पंजाब इन्वेस्ट सम्मेलन÷, जो 13 और 14 मार्च 2026 को मोहाली में होना है, में हिस्सा लेने का निमंत्रण भी दिया।

# बी.के.आई. टेरर मॉड्यूल के दो और सदस्य काबू, एक हैंड-ग्रेनेड बरामद

## नवांशहर ग्रेनेड हमले मामले में पहले गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य साथियों की गिरफ्तारी संभव हुई

सभी आरोपी कनाडा-आधारित बी.के.आई. मास्टरमाइंड ज़ीशान अख्तर और अजय गिल के इशारों पर काम कर रहे थे: डीजीपी गौरव यादव

आरोपियों से दो हैंड-ग्रेनेड हासिल किए गए थे; जिनमें से एक का इस्तेमाल नवांशहर ग्रेनेड हमले में हुआ- ए.आई.जी. सी.आई. नवजोत महाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** बबर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के कुछ ही दिन बाद, काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने इसी मॉड्यूल के दो और सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक 86पी हैंड-ग्रेनेड बरामद किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने मंगलवार को दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विशवजीत और जैक्सन के रूप में हुई है, जो नकोदर के शंकर गांव के रहने वाले हैं।

जानकारी के अनुसार, पंजाब पुलिस ने नवांशहर ग्रेनेड हमले में शामिल बी.के.आई. मॉड्यूल के पाँच सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया था। इनमें ऋतिक नरोलिया और सोनू कुमार उर्फ काली के साथ तीन नाबालिग आरोपी शामिल थे। उस समय पुलिस ने एक 86पी हैंड-ग्रेनेड




और एक .30 बोर पिस्तौल भी बरामद की थी।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तारी की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सी.आई. जालंधर ने हाल ही में राजस्थान से बी.के.आई. के दो सदस्यों–ऋतिक नरोलिया और एक नाबालिग आरोपी–को पकड़ा था और उनके कब्जे से भी एक 86पी हैंड-ग्रेनेड बरामद हुआ था। इन्हीं खुलासों के आधार पर आरोपी विशवजीत, जो मलेशिया भागने की फिराक में था, को कोलकाता से और उसका साथी जैक्सन को नकोदर से गिरफ्तार किया गया। इनसे भी एक हैंड-ग्रेनेड बरामद हुआ।

### सभी आरोपी कनाडा स्थित बीकेआई मास्टरमाइंड ज़ीशान अख्तर व अजय गिल के निर्देशों पर कर रहे थे काम

डीजीपी ने पुष्टि की कि सभी आरोपी कनाडा स्थित बी.के.आई. मास्टरमाइंड ज़ीशान अख्तर और अजय गिल के निर्देशों पर काम कर रहे थे। और विवरण देते हुए ए.आई.जी. काउंटर इंटेलिजेंस नवजोत सिंह माहल ने जानकारी दी कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी विशवजीत और जैक्सन ने इस वर्ष जुलाई के अंतिम सप्ताह में अपने साथियों के माध्यम से ब्यास से दो हैंड-ग्रेनेड हासिल किए थे। इनमें से एक ग्रेनेड का इस्तेमाल करीब 10 दिन पहले एस.बी.एस. नगर में शराब के ठेके पर धमाका करने में किया गया था। ए.आई.जी. ने कहा कि मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ हो सकती हैं। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं और अन्य प्रावधानों के तहत थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), अमृतसर में एफआईआर दर्ज की गई है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 171वें दिन, 452 जगहों पर की छापेमारी; 151 नशा तस्कर गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान 111 एफआईआर दर्ज, 1.5 किलो हेरोइन, 29 हज़ार रुपये की ड्रग मनी बरामद

'नशा छुड़ाने' के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने 84 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने का इलाज कराने के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए चलाई जा रही मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के लगातार 171वें दिन, पंजाब पुलिस ने मंगलवार को 452 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पूरे राज्य में 151 नशा तस्करों की गिरफ्तारी के बाद 111 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, 171 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 26,542 हो गई है।

छापेमारी के दौरान गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 1.5 किलो हेरोइन, 3122 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 28,990 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है।

यह ऑपरेशन, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी साझा करते हुए, विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था, अर्पित शुक्ला ने बताया कि 76 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 1100 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में छापेमारी की। उन्होंने कहा कि दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 425 संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की।

विशेष डीजीपी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम (ईडीपी) लागू करने के साथ, पंजाब पुलिस ने नशा छुड़ाने के हिस्से के रूप में आज 84 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

# पंजाब विधान सभा की चयन समिति ने धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी से सम्बन्धित विषय माहिरों के साथ मीटिंग की

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को अपने बहुमूल्य सुझाव देने का अनुरोध किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी के संवेदनशील मामले पर सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी रोकने के लिए कड़ा कानून का मसौदा दृ 'पंजाब पवित्र धार्मिक ग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक, 2025' विधानसभा में पेश किया है। इसके संबंध में माननीय स्पीकर, पंजाब विधानसभा द्वारा सरदार इंदरबीर सिंह निज्जर की अध्यक्षता में चयन समिति का गठन किया गया है, जो लोगों की राय लेकर इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करने हेतु हर सप्ताह बैठक कर रही है। जनता से सुझाव प्राप्त करने के लिए विभिन्न अखबारों में दिनांक 31.7.2025 और 14.8.2025 को विज्ञापन दिए गए थे और समिति को लोगों से बड़ी संख्या में सुझाव प्राप्त हो रहे हैं।

समिति की बैठक दिनांक 12.8.2025 को पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के विशेषज्ञों दृ डॉ. जसप्रीत कौर संधू, डिपार्टमेंट आफ सिखिज़्म, डॉ. गुरमीत सिंह सिद्धू डिपार्टमेंट आफ रिलीजन, डॉ. धर्मवीर सिंह , डिपार्टमेंट आफ सिखिज़्म, डॉ. गुरमेल सिंह, धर्म अध्ययन विभाग, डॉ. जसविंदर सिंह और डॉ. तेजिंदर कौर डिपार्टमेंट आफ रिलीजन स्टडीज़ उपस्थित हुए। उन्होंने समिति के साथ विचार-विमर्श करते हुए अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए।

चयन समिति की आज की बैठक दिनांक 19.8.2025 को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के विभिन्न धर्मों से संबंधित धार्मिक अध्ययन के विशेषज्ञों दृ प्रो. अमरजीत सिंह, प्रधान, सिख स्टडीज़ चेयर, डॉ. साइद रायहान हसन रिज़वी उर्दू-फ़ारसी विभाग, प्रो. सुनील कुमार प्रधान, हिंदी विभाग, प्रो. पवन कुमार कानून विभाग, डॉ. पिंटू एमरसन, आर्किटेक्चर विभाग और प्रो. सतनाम सिंह दियोल, प्रधान, राजनीति शास्त्र विभाग उपस्थित हुए। उन्होंने भी समिति के साथ विचार-विमर्श करते हुए अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए।

समिति की ओर से इन सभी विद्वानों का धन्यवाद किया गया। चयन समिति की बैठक में सभापति सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

समिति ने अपनी अगली बैठक दिनांक 26.8.2025 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन अध्यक्ष तथा बार काउंसिल के चेयरमैन को भी अपने सुझाव देने हेतु विनती की गयी है। समिति ने इसी प्रकार पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से भी अपने विचार/सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है।

## सरकार के स्वामित्व वाले ब्रांड 'पंजाब मार्ट' के खाद्य पदार्थों को विश्व स्तर पर उत्साहित करने पर दिया ज़ोर

# यह पहल पंजाब के भोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्साहित करने में बहुत मदद करेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** पंजाब के भोजन को विश्व स्तर पर उत्साहित करने के उद्देश्य के साथ पंजाब राज्य खाद्य आयोग ने सरकारी स्वामित्व वाले ब्रांड 'पंजाब मार्ट' के विकास की ज़ोरदार वकालत की है। इस सम्बन्धी प्रस्ताव पंजाब सरकार को सौंपा जा चुका है।

खाद्य, सिवल स्पलाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क को आयोग की पहलकदमियों के बारे अवगत करवाते हुए आयोग के चेयरमैन बाल मुकन्द शर्मा ने बताया कि यह पहलकदमी पंजाब के भोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्साहित करने में बहुत मदद करेगी। हकारी क्षेत्र की मज़बूती के द्वारा राज्य में ग्रामीण रोज़गार के अधिक से अधिक मौके यकीनी बनाने की महत्ता को भी कटारूचक्क के संज्ञान में लाया गया। इसमें कृषि, पशु पालन, ग्रामीण विकास, सहकारिता, रोज़गार सृजन विभागों के साथ-साथ पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी और प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं का तालमेल अहम होगा। मंत्री ने इस सम्बन्ध में आयोग को अन्य राज्यों की तरफ से अपनाए गए बढ़िया और कारगर अभ्यासों से सीखने के लिए कहा। मंत्री के सामने यह तथ्य भी उजागर किया गया कि राज्य की पोषण सुरक्षा को बेहतर बनाने के मकसद के साथ, स्कूलों में फलों के पौधे, सब्जियों और जड़ी हुई- बूटियों के पौधों पर आधारित पोषण बाग़ विकसित किये गए हैं।

मंत्री ने स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को भोजन प्रदान करने के मकसद के साथ मिड डे मील योजना की भी समीक्षा की। मंत्री की तरफ से आंगणवाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के लिए एकीकृत बाल विकास सेवाएं (आईसीडीऐस), जो 6 साल की उम्र तक के बच्चों, गर्भवती औरतों और दूध पिलाने वाली मांताओं के विकास के लिए एकीकृत सेवाएं प्रदान करती है, का भी जायज़ा लिया गया। पोषण अभ्यान के अंतर्गत पोषण वाटिका पहलकदमी की भी समीक्षा की गई। ज़िक्रयोग्य है कि पोषण वाटिका - आंगणवाड़ी केंद्र के नज़दीक बने छोटे से बाग़ हैं, जहाँ फल, सब्जियाँ और लाभकारी पौधे उगाऐ जाते हैं।

मंत्री ने निर्देश दिए कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की प्रामाणिकता के लिए ज़रूरी भोजन के अधिकार के हिस्से के तौर पर, ख़ास कर सूखे की स्थितियों में लोगों को गुणवत्तायुक्त वाले भोजन यकीनी बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अनुच्छेद 21 सम्मान के साथ जीवन जीने के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है।

आयोग के मैंबर विजय दत्त ने आयोग की गतिविधियों की केंद्रीकृत निगरानी के लिए चंडीगढ़ हैडक्वाटर में एक वार रूम बनाने पर भी ज़ोर दिया। इस मौके पर आयोग के चेयरमैन बाल मुकन्द शर्मा, मैंबर सचिव कनू थिंद और मेंबर जसवीर सिंह सेखों, विजय दत्त और चेतन प्रकाश धालीवाल मौजूद थे।

# औद्योगिक फोकल प्वाइंटों की देखभाल के लिए बनाई जाएगी अलग अथॉरिटी: संजीव अरोड़ा

लीज़ होल्ड से फ्रीहोल्ड तक औद्योगिक प्लॉट धारकों को स्वामित्व के अधिकार दिए

हमारी सरकार के दौरान पंजाब में 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 19 अगस्त।** उद्योग एवं बिजली मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा सभी औद्योगिक फोकल प्वाइंटों की देखभाल के लिए अलग अथॉरिटी बनाई जा रही है, ताकि उद्योगपतियों की सभी समस्याओं का सही तरीके से समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस समय हम फोकल प्वाइंटों को अपग्रेड करने के लिए 100 करोड़ रुपये के टेंडर जारी कर चुके हैं, जिनमें सीवरेज, सीसीटीवी कैमरे, लाइटें, सड़कें और अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि उद्योगपतियों की सुविधा के लिए हम जल्द ही मोहाली, अमृतसर और लुधियाना में प्रदर्शनी केंद्र भी बनाने जा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब में उद्योग के विकास के लिए सभी बड़े शहरों में 'राइजिंग पंजाब - सजेशन्स टू सॉल्यूशन्स' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत आज अमृतसर से की गई है। उन्होंने कहा कि हम उद्योगपतियों के लिए नए प्रयास कर रहे हैं और नई योजनाएं ला रहे हैं। अब तक की उपलब्धियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में अब तक 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिससे साढ़े चार लाख लोगों को रोज़गार मिला है। उन्होंने कहा कि हमने एकमुश्त निपटारा योजना के जरिए 42 साल पुराने मुद्दों का हल किया है, जिससे प्लॉट धारकों को काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने लीज़ होल्ड प्लॉट धारकों को स्वामित्व के अधिकार दे रहे हैं, ताकि वे आसानी से अपना वित्तीय लेन-देन कर सकें। उन्होंने कहा कि पंजाब में उद्योग स्थापित करने के लिए सभी मंजूरियां 45 दिनों के अंदर दे दी जाएंगी और यह मंजूरियां तीसरे-चौथे दिन से ही मिलनी शुरू हो जाएंगी। इसके लिए किसी भी दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी, केवल एक पोर्टल पर आवेदन देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी ज़्यादातर समस्याओं का समाधान फोन पर ही कर रहे हैं और किसी भी उद्योगपति को किसी दफ्तर जाने की आवश्यकता महसूस नहीं होती। उन्होंने आगे कहा कि उद्योग को शीर्ष पर ले जाने के लिए हमने अलग-अलग क्षेत्रों की 24 कमेटियां बनाई हैं, जिनमें कोई भी सदस्य राजनीति से संबंधित नहीं है, बल्कि सभी सदस्य उस उद्योग से जुड़े हुए हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम 13 और 14 मार्च को मोहाली में पंजाब निवेश सम्मेलन करने जा रहे हैं, जिसमें हम सभी उद्योगपतियों, व्यापारियों, एनआरआई भाइयों और विदेशी कंपनियों को आमंत्रित करेंगे ताकि वे पंजाब में निवेश कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कारोबार के अधिकार के लिये पहले प्रवानगी सीमा, जो पहले 25 करोड़ रुपये तक थी, उसे बढ़ाकर 125 करोड़ रुपये कर दिया गया है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ये मंजूरियां 5 से 15 दिनों के अंदर दी जाएं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी कोशिश है कि उद्योगपतियों द्वारा अदा किया गया टैक्स केवल उनके फोकल प्वाइंटों और औद्योगिक पार्कों पर ही लगाया जाए और इसके लिए हम एक विशेष अथॉरिटी बनाने जा रहे हैं।

उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल हमने उद्योगपतियों को 90 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन दिए थे, लेकिन अब केवल पांच महीनों में ही 222 करोड़ रुपये वितरित कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम भविष्य में उद्योगपतियों से कभी भी बैंक गारंटी नहीं लेंगे। श्री संजीव अरोड़ा ने आज अधिकारियों के साथ अमृतसर के फोकल प्वाइंटों का दौरा भी किया और अधिकारियों को इन सभी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने के निर्देश दिए।

# दरियाओ के किनारों पर दिन-रात कड़ी निगरानी रखी जाए: बरिंदर कुमार गोयल

जल संसाधन मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिप्टी कमिश्नरों और ड्रेनेज विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समीक्षा बैठक की

निरंतर निगरानी के लिए रोस्टर रजिस्टर की सख़्त पालना के निर्देश

होशियारपुर, तरन तारन, कपूरथला, फिरोज़पुर और फाज़िल्का के प्रभावित ज़िलों पर प्राथमिक ध्यान देने को कहा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज राज्य के प्रभावित ज़िलों में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए उच्च-स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक की। इस बैठक में होशियारपुर, तरन तारन, कपूरथला, फिरोज़पुर और फाज़िल्का ज़िलों के डिप्टी कमिश्नर सहित ड्रेनेज विभाग के सभी कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) और सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (एस.ई.) शामिल हुए। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री के साथ प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार और मुख्य अभियंता (ड्रेनेज) स. हरदीप सिंह मेंदीरत्ता भी उपस्थित रहे।

विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान बरिंदर कुमार गोयल ने सभी दरियाओं के किनारों पर दिन-रात सतत सतर्कता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण पंजाब की दरियाओं में जल स्तर बढ़ गया है, इसलिए बाढ़ की स्थिति को देखते हुए चौकसी और बढ़ाई जाए।

जल संसाधन मंत्री ने डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में दरियाओं के किनारों पर दिन-रात कड़ी निगरानी सुनिश्चित करें और ड्यूटी रोस्टर रजिस्टर की सही पालना करें ताकि निरंतर निगरानी का कार्य सुचारु रूप से चल सके। इस समीक्षा के दौरान डिप्टी कमिश्नरों ने कैबिनेट मंत्री को प्रभावित इलाकों की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया।

बरिंदर कुमार गोयल ने संवेदनशील इलाकों के साथ-साथ ज़रूरी स्थानों पर फील्ड स्टाफ सहित मज़बूत निगरानी टीमों की तैनाती करने के निर्देश देते हुए कहा कि पूरे प्रभावित क्षेत्र को योजनाबद्ध तरीके से सेक्टरवार बाँटने से समय पर बचाव कार्य सुनिश्चित हो सकेंगे।

कैबिनेट मंत्री ने दोहराया कि बाढ़ से प्रभावित आबादी के लिए आश्रय, भोजन और चिकित्सीय सहायता जैसी आवश्यक सुविधाओं से युक्त उचित राहत कैंप सुनिश्चित किए जाएँ। उन्होंने बाढ़ के चलते उत्पन्न हो रही स्थिति का लगातार आकलन करने और रोकथाम उपायों को तेज़ करने के निर्देश भी दिए।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में तालमेल बनाए रखने के लिए ज़िला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के बीच निरंतर संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# गुरदर्शन सिंह सैनी की नई पहल: निजी खर्च पर धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भेजी गईं श्रद्धालुओं की बसें

पहले चरण में श्री दरबार साहिब अमृतसर और दुर्गियाना मंदिर के दर्शन होंगे

भाईचारे और शांति का संदेश देने के लिए हम हर महीने श्रद्धालुओं की बसें धार्मिक स्थलों पर भेजेंगे: सैनी

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 19 अगस्त।** जनसेवा को और आगे बढ़ाते हुए, डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रख्यात समाजसेवी गुरदर्शन सिंह सैनी ने आज सुबह डेराबस्सी से श्रद्धालुओं से भरी एक बस निजी खर्चे पर धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भेजी। मुख्य मार्ग स्थित गुरुद्वारा साहिब देहाती में मत्था टेकने के बाद श्रद्धालुओं को श्री दरबार साहिब अमृतसर, दुर्गियाना मंदिर और जलियाँवाला बाग के दर्शन के लिए रवाना किया गया। सेवा भारती के सहयोग से अपने समाज सेवा कार्यों के अंतर्गत इस अनुकरणीय पहल को आगे बढ़ाते हुए, गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि धार्मिक भावना और जनसेवा से है। बुजुर्गों से प्राप्त ज्ञान के साथ, उन्होंने यह निस्वार्थ सेवा शुरू की है। उन्होंने कहा कि यह सोच गुरुओं सहित सभी पैगम्बरों की शिक्षाओं और दर्शन के अनुरूप है, जिन्होंने लोगों को भाईचारे और शांति का संदेश दिया। वाहेगुरु साहिब की कृपा से श्रद्धालुओं को देश भर के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए यह पहल शुरू की गई है। श्री सैनी ने कहा कि उनका उद्देश्य हलके के निवासियों, जो जीवन की व्यस्तताओं और कठिनाइयों के कारण समय नहीं निकाल पाते, को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाना है। जिसके तहत हर महीने श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। यह बस सेवा निरंतर जारी रहेगी और हलके के सभी गांवों के कवर होने पर अगला चरण नए सिरे से शुरू होगा। श्री आनंदपुर साहिब, विरासत-ए-खालसा, तख्त तलवंडी साबो, नैना देवी, ज्वाला जी, श्री सालासर बालाजी धाम, खाटू स्याम, बागड़ मैड़ी, माता चिंतपूर्णी, अजमेर शरीफ व अन्य धार्मिक स्थलों की बस द्वारा मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी और किसी भी श्रद्धालु से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। इस मौके डॉ. राजीव गुप्ता, बलदेव राज, अश्विनी जैन, जगदीश मागु, पुष्पिंदर मेहता, हरप्रीत सिंह टिंकू और सेवा भारती डेरा बस्सी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एनफोर्समेंट विंग के खबरी लाल कार्रवाई से पहले ही दे देते हैं रेहड़ी फड़ी वालों को सूचना

पटियाला रोड़ पर सोमवार को की कार्रवाई और मंगलवार को फिर लग गई रेहड़ियां

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा






**जीरकपुर, 19 अगस्त।** शहर में सड़क किनारे लगी रेहड़ी फड़ी व दुकानदारों द्वारा की जा रही एंकरोचमैंट लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। परेशानी की बात यह है के नगर परिषद की एनफोर्समेंट विंग द्वारा एक दिन रेहड़ी फड़ी हटाई जाती है तो वही रेहड़ी फड़ी दूसरे दिन वहीं दुबारा से सजी होती है। ऐसा ही ताजा मामला पटियाला रोड़ का समाने आया है। नगर परिषद द्वारा सोमवार को पटियाला रोड से रेहड़ी फड़ी हटाने की कार्रवाई की थी लेकिन हैरानी की बात है के मंगलवार को वह सभी रेहड़ी फड़ी शाम के समय दुबारा वहीं सजी हुई थी। उससे से हैरान करने वाली बात यह है के सोमवार को जैसे ही एंकरोचमेंट विंग कार्रवाई करने के लिए पटियाला लाइट पर पहुंचा तो दो किलोमीटर के दायरे में जितने भी फ्रूट विक्रेता था वह विंग के मौके पर पहुंचने से पहले अपना सामान पैक कर वहां से निकल गए थे। जबकि स्थानीय दुकानदारों ने कहा के फ्रूट विक्रेताओं को पहले कैसे पता चल गया। जिसके बाद एनफोर्समेंट विंग की टीम पटियाला रोड़ पर पहुंचा तो वहां से कुछ दुकानदारों का सामान भी उठाया जिसे कुछ समय बाद वही छोड़ दिया था। जबकि पटियाला रोड़ पर खड़े बर्गर, कुलचे व फ्रूट विक्रेता टीम से पहले ही वहां से निकल गए थे। यह एक जांच का विषय है। जबकि मंगलवार को सभी रेहड़ियां दुबारा शाम को वहीं पटियाला रोड़ पर सज गई थी। बता दें के यह आलम सारे शहर में है। नगर परिषद द्वारा जहां से भी सामान उठाया जाता है अगले ही दिन वहीं दुबारा सज जाता है। यहीं हालात रहे तो शहर को एंक्रोचमेंट रहित शहर बनाना एक सपना ही रह जाएगा। जबकि नगर परिषद द्वारा रेहड़ी फड़ी को हटाने के हर महीने लाखों रूपये खर्च किए जाते है। जिसमें गाड़ियों व पेट्रोल डीजल भी शामिल है। स्थानीय लोगों का कहना है के या तो रेहड़ी फड़ी को स्थाई तौर पर हटाया जाए या फिर यहां कोई वेंडर पॉलिसी लागु की जाए। ताकि लोगों की जररूत भी पूरी हो सके।

हमने कल ही कार्रवाई की थी, बाकी मैं दुबारा मौका देख कर दुबारा कार्रवाई के लिए बोल देता हूं। स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के लिए हमारी उच्च अधिकारियों से बात चल रही है।
**परविंदर सिंह, इंस्पेक्टर एनफोर्समेंट विंग।**

## मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण एवं संपत्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह

# विकास एक सतत प्रक्रिया, समस्याएं कभी खत्म नहीं होंगी : हरविन्द्र कल्याण

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 19 अगस्त।** घरौंडा नगर पालिका परिसर में आज दो मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण और संपत्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस मौके पर सांकेतिक रूप से आधा दर्जन से अधिक लोगों को लाल डोरा के भीतर की संपत्ति के मालिकाना हक का प्रमाण पत्र सौंपा गया। श्री कल्याण ने इस अवसर पर पार्षदों से संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर शहर की तरक्की के लिए काम करने की अपील की। समारोह में एसडीएम राजेश सोनी ने मनोनीत पार्षदों अनिल जावा और सतीश जांगड़ा को शपथ दिलाई। इससे पहले स्पीकर श्री कल्याण और दोनों पार्षदों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को पगड़ी पहनाई गई। इस अवसर पर श्री कल्याण ने कहा कि 11 सालों में घरौंडा हलका विकास के मामले में काफी आगे बढ़ा है। कोशिश है कि भविष्य में भी यह क्षेत्र और अधिक गति से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और समस्याएं भी कभी खत्म नहीं होती। सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले यह क्षेत्र विकास के मामले में पूरी तरह से उपेक्षित था। लोग छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए तरसते थे, उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने एक-एक कर अधिकांश मांगों को पूरा कराने का प्रयास किया है। तीन दशक पुराने अटके कामों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज की यह जिम्मेदारी है कि वह गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों की चिंता करे। अक्षम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उनकी मदद करनी चाहिए। हजारों करोड़ के विकास कार्य कराने का दावा विधानसभा अध्यक्ष ने दावा किया कि पिछले 11 सालों में हलके में हजारों करोड़ के विकास कार्य कराए गए हैं। कोरोना काल में जरूर विकास की गति प्रभावित हुई लेकिन अब उस गति को बढ़ाकर न केवल लंबित कार्य पूरे कराए जा रहे हैं बल्कि नई योजनाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। निर्माणाधीन रिंग रोड, मेडिकल यूनिवर्सिटी, एनसीसी अकादमी, रेपिड रेल प्रोजेक्ट आदि का कार्य एक-डेढ़ साल में पूरा होने के बाद क्षेत्र का तस्वीर ही बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की तरह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इलाके से संबंधित हर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहे है। श्री कल्याण ने कहा कि यह व्यवस्था सुधार का नतीजा है कि आज साधारण परिवारों के बच्चे भी अधिकारी बन रहे हैं। अब भाई-भतीजावाद का दौर खत्म हो चुका है। मेरिट पर नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने लोगों से मिल जुलकर क्षेत्र के विकास में सहयोग की अपील की। पार्षदों से भी एकजुट होकर शहर के विकास के लिए कार्य करने को कहा। श्री कल्याण ने कहा कि लाल डोरा के अंदर 44 सौ प्रॉपर्टी में से अब तक मालिकाना हक के लिए केवल 250 ने आवेदन किया है। आज 144 को प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे। उन्होंने तो सांकेतिक तौर पर धर्मपाल, अजीत, धर्म सिंह, घनश्याम, राजेंद्र कौर, बाबू राम और रोशनलाल को ही प्रमाण पत्र वितरित किए हैं। पर पार्षदों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वामित्व के लिए आवेदन करें। इससे पहले पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने श्री कल्याण द्वारा शहर व हलके में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी दी। कहा कि विधायक ने हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए हैं। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, डीएसपी मनोज कुमार, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, मंडल सचिव भारती, पुरुषोत्तम सेठी, सीमा शर्मा, विभिन्न वार्डों के पार्षद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 72 दिवसीय तप अभिनंदन समारोह आयोजित



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** जो तपे हैं तप के ताप से, मुक्ति उसी को मिलती है उक्त बातें प. रत्न उपेंद्र मुनि जी महाराज नें जतिन जैन के 72 दिवसीय तप अभिनंदन समारोह के दौरान कही।उन्होंने कहाँ कि चातुर्मास की तपस्या कठिन तपस्या है। सभी सुख और अनुकूलताएं होते हुए देवता भी यह तप नहीं कर सकते है। अगर हम तप की आराधना नहीं कर सकते है तो तप की अनुमोदना करें। अनुमोदना करने से तप करने की शक्ति प्राप्त होती है। तपस्या करने वाले जतिन जैन धन्य है कि उन्होंने कर्मों की निर्जरा और अपनी आत्मा को निर्मल बनाने के लिए उपवासों की तप आराधना की। इससे पूर्व जतिन जैन द्वारा 72 दिवसीय तप अभिनन्दन समारोह के अवसर पर रेलवे स्टेशन से जैन स्थानक तक शोभा यात्रा निकाली। जिसमेव बड़ी संख्या में जैन समाज सम्मलित हुआ। वहीं तपस्वी रत्न जतिन जैन नें बताया कि यह 72 दिवसीय तप अभिनंदन, दान, अनुमोदना, शील, भावना और का एक संयोजन है। यह एक धार्मिक या आध्यात्मिक संदर्भ में इस्तेमाल होने वाला शब्द है, जो तपस्या, दान, अनुमोदन, शील (नैतिकता) और के जाप को एक साथ लाता है।

### महंत राजेंद्र पुरी ने गौ संरक्षण अभियान के लिए संतों से अपील की

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** आजकल समाज में गऊओं को बेसहारा छो?ा जा रहा है। जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने सनातन धर्म के प्रचार के साथ साथ निरंतर गौ संरक्षण एवं गौ सेवा का जागरूकता अभियान भी चलाया हुआ है। महंत राजेंद्र पुरी जहां जग ज्योति दरबार में गौशाला का सेवा भाव से संचालन कर रहे हैं वहीं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सनातन प्रचार के साथ गौ शालाओं में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी संतों को गौ रक्षा एवं गौ सेवा में एकजुट होना होगा। गौ सेवा एवं गौ रक्षा के लिए आमजन भी जागरूक हों। महंत राजेंद्र पुरी ने गौ रक्षा के लिए कहा कि आमजन को भगवान पूजा की भांति भगवान श्री कृष्ण की प्रिय गौ माता की सेवा को भी जीवन का हिस्सा बनाना है। उन्होंने बताया कि वे निरंतर गौ संरक्षण के लिए संत महापुरुषों से भी संपर्क करते हैं। गौ सेवा के लिए समाज को जागरूक करने के लिए संतों को निरंतर प्रचार करना होगा। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि भारत भूमि ऋषि मुनियों की तपोभूमि है। गाय भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। गाय सर्वगुण संपन्न एवं आजीविका का साधन भी है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण वर्तमान समय की जरूरत है। सनातन धर्म में श्राद्ध कर्म के दौरान गौ दान करने की प्रथा है। इससे मृत व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही वैतरणी नदी पार करने में सहायता मिलती है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा गाय पूजनीय है, गाय का आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी गाय एक धन है। इसमें माता की ममता होती है। इस मौके पर महंत राजेंद्र पुरी के साथ रमेश पाल, रवींद्र संधू, जीतराम, सुरेंद्र सिंह, संजीव कौशल, कुलविंदर सिंह, राजेंद्र बंसल, निर्मल सिंह, अजय राठी, विजय राठी व अक्षय राठी इत्यादि भी मौजूद रहे।

### शिवम का पीजीआई रोहतक एमबीबीएस में चयन



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के छात्र शिवम गर्ग ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवम ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा नीट एवं यूजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 4522 प्राप्त की। प्रथम चरण की काउंसलिंग में उसे प्रतिष्ठित पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक में एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश मिला है। शिवम ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एमडीएन स्कूल से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार एवं चेयरपर्सन निधि कंसल ने शिवम का सम्मान करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे कैथल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। शिवम ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने भी शिवम और उसके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि वह एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करे और मानवता के कल्याण में योगदान दे। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय शिवम की कड़ी मेहनत के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों और विद्यालय में उपलब्ध कराए जा रहे अनुशासनात्मक वातावरण को दिया।

## भाजपा ने 21 अगस्त को बुलाई विधायक दल की बैठक

# स्पीकर ने तीन बैठकों के लिए 60 विधायकों के प्रश्न चुने

22 को सत्र से पहले होगी बीएसी की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** हरियाणा विधानसभा में 22 अगस्त से शुरू होने वाले मानसून सत्र के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने 21 अगस्त को विधायक दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक के संबंध में मंगलवार को सूचना जारी की गई है।

दूसरी तरफ विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने भी 22 अगस्त को सत्र से पहले सुबह 11 बजे विधानसभा सचिवालय में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक बुलाई है।

संभावना है कि मानसून सत्र 22 अगस्त से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। 23 और 24 अगस्त को क्रमशः शनिवार और रविवार का अवकाश रहेगा। जबकि 25 और 26 अगस्त को सदन की कार्रवाई होगी। 21 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में सत्र के दौरान विपक्ष के हमलों से निपटने और सरकार की उपलब्धियों को जोर-शोर से रखने की रणनीति तैयार की जाएगी।

इसी दौरान मंगलवार की शाम विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में लिए गए निर्णयों से विधान सभा सचिवालय ने सभी विधायकों और मंत्रियों को अवगत करवा दिया है। इसके साथ ही सत्र की 3 बैठकों के प्रश्नकाल के लिए ड्रा निकाल लिए गए हैं। इसके लिए कुल 60 विधायकों के प्रश्नों को सूचीबद्ध किया गया है।

विधान सभा की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विधान भवन में मोबाइल फोन के प्रयोग की अनुमति नहीं रहेगी। विधायकों को भेजे गए दिशा-निर्देश में कहा गया है कि वे अपना फोन सुरक्षा अधिकारियों के पास जमा करवा दें या उसे साइलेंट मॉड पर रखें। सुरक्षा प्रबंधों के मद्देनजर तय किया गया है कि पूर्व स्थापित संसदीय प्रथाओं के अनुसार कोई बैग, ब्रीफकेस अथवा कोई सामग्री चैम्बर में न लेकर आएं। विधायक दर्शक दीर्घा के लिए प्रतिदिन एक ही व्यक्ति का प्रवेश पास बनवा सकेंगे।

विधायकों से यह भी प्रार्थना की गई है कि वे अपने किसी भी मेहमान को उचित प्रवेश-पत्र के बिना वाहनों में न लाएं। विधान भवन में प्रवेश से पहले बेरीकेड पर ऐसे सभी व्यक्तियों की जांच की जाएगी। विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के गनमैन और मुख्यमंत्री के पी.एस.ओ. को छोड़कर किसी भी गनमैन को विधान भवन में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

सुरक्षा प्रहरियों को हिदायत दी गई है कि वे आगन्तुकों को विधान सभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री के चैम्बर के बाहर बरामदे में आने की अनुमति न दें। आगंतुकों को सीटों की संख्या के अनुरूप दीर्घाओं में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

## एक दशक से चुनाव नहीं लड़ रहे 15 राजनीतिक दलों पर संकट

चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर एक सप्ताह में मांगा जवाब

दस्तावेज जमा नहीं कराने पर रद कर दिया जाएगा रजिस्ट्रेशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** चुनाव आयोग ने हरियाणा में पिछले 10 साल से कोई चुनाव नहीं लड़ रहे गैर मान्यता प्राप्त 15 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी करके एक सप्ताह में जवाब मांगा है। इन राजनीतिक दलों के पंजीकरण को रद्द किया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने सभी दलों को सुनवाई का मौका देते हुए अलग-अलग तारीख और समय तय किए हैं। अगर यह दल 28 अगस्त तक अपना पक्ष नहीं रखते तो माना जाएगा कि इनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि सुनवाई दो से तीन सितंबर तक चंडीगढ़ स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में होगी।

चुनाव आयोग ने जुलाई में भी 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया था। इनमें से सिर्फ छह दलों ने ही आवश्यक कागजात जमा कराए हैं। बाकी सभी 15 राजनीतिक दलों को अपना पक्ष रखने के लिए फिर से नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें अपना राज फ्रंट झज्जर, हरियाणा स्वतंत्र पार्टी झज्जर, राष्ट्रीय बुजुर्ग शक्ति पार्टी झज्जर, भारत (इंटीग्रेटेड) रक्षक दल गुडगांव, भारतीय जन हित विकास पार्टी गुड़गांव, गुड़गांव रेजिडेंट पार्टी गुड़गांव, हिंद समदर्शी पार्टी गुड़गांव, कर्मा पार्टी गुड़गांव, मेरा गांव मेरा देश पार्टी गुड़गांव शामिल हैं। इसी तरह नेशनल जनहित कांग्रेस (एबी) गुड़गांव, समरस समाज पार्टी गुड़गांव, टोटल विकास पार्टी गुड़गांव, जनता उदय पार्टी फरीदाबाद, बेरोजगार आदमी अधिकार पार्टी फरीदाबाद, राष्ट्रीय आर्य राज सभा रोहतक, सेवा दल रोहतक, लोक परिवर्तन पार्टी (डीसी) पानीपत, हरियाणा जनरक्षक दल सोनीपत, हरियाणा कान्ति दल कुरूक्षेत्र, राष्ट्रीय कर्मयोग पार्टी करनाल और सुशासन पार्टी भिवानी को नोटिस दिए गए हैं।

### श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में हुआ अजा एकादशी का पूजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी के सान्निध्य में श्रद्धालुओं द्वारा आस्था एवं भक्ति भाव के साथ अजा एकादशी का पूजन किया गया। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि एकादशी पूजन का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालुओं द्वारा किए गए एकादशी पूजन व व्रत का सीधा प्रभाव मन और शरीर दोनों पर प?ता है। एकादशी पूजन एवं व्रत से अशुभ संस्कारों को भी नष्ट किया जा सकता है। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि भाद्रपद माह की एकादशी का मंगलवार को पूजन हुआ। अजा एकादशी भगवान विष्णु की कृपा पाने का बेहद शुभ और अद्भुत दिन है। माना जाता है कि अजा एकादशी का पूजन करने से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक तीनों प्रकार के लाभ मिलते हैं। इस अवसर पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी रामनाथ पुरी, आकाश पुरी, बिल्लू पुजारी, योगध्यान सिंह, राम कुमार, लक्खा सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

## आईजी महिला महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह संपन्न

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 अगस्त।** इन्दिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में एंटी रैगिंग सप्ताह बड़े उत्साह और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हो गया। सप्ताह के प्रथम दिन ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके माध्यम से छात्राओं को रैगिंग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। 13 अगस्त को डर नहीं, दोस्ती बनाएं एवं रैगिंग रोकें, भविष्य संवारें विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। अगले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा 15 अगस्त को लोगो ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता करवाई गई। सप्ताह का समापन 18 अगस्त को शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ जिसमें 60 से अधिक छात्राओं ने रैगिंग के विरुद्ध एकजुट रहने और कॉलेज परिसर में मित्रता व सौहार्द की संस्कृति को बढ़ावा देने की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान राम बहादुर खुरानिया, प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग तथा सायं कालीन प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने इंचार्ज एवं छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। प्रधान ने विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए सरकार के सख्त संदेश 'से नो टू रैगिंग' पर बल दिया। सप्ताहभर चलने वाली गतिविधियों में सैल इंचार्ज प्रो. ललिशा सिंगला और प्रो. मोनिका भारद्वाज की निरंतर उपस्थिति और मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

## भाजपा राज में हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट : सुल्तान जडौला

कहा- हर वर्ग स्वयं को कर रहा है असुरक्षित महसूस

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 19 अगस्त।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने भाजपा की प्रदेश सरकार को विफल बताते हुए कहा कि आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है और जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। मनीषा हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को दहला कर रख दिया। मनीषा हत्याकांड के बाद हर परिवार अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि मनीषा को इंसाफ मिलना चाहिए और उसके दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कड़ी कार्रवाइ कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए पूर्व विधायक सुल्तान जडौला ने कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। यहां व्यापारियों को रोज धमकियां मिल रही हैं। व्यापारी, कारोबारी, कर्मचारी, राजनीतिज्ञ, आमजन और यहां तक कि पुलिस भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही। ऐसा लगता है कि प्रदेश में सरकार नाम की चीज ही नहीं है और अपराधिक तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे है। सरकार के खिलाफ हर वर्ग में भारी आक्रोश है। जनता भाजपा को सत्ता सौंपकर पछता रही है। कांग्रेसी नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते कांग्रेस ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में बार-बार भाजपा सरकार की आगाह किया है। सड? से लेकर विधानसभा तक प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया है, लेकिन बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए, जिसका यह परिणाम निकला कि आज प्रदेश में चारों तरफ अपराधों का बोलबाला है और हर वर्ग भाजपा राज में स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पूर्व विधायक ने मांग करते हुए कहा कि सरकार अपराधियों पर नकेल कसने के साथ मनीषा हत्याकांड में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार कड़े कदम उठाए।

## बिजली की तारें बिछाने के नाम पर कर दी हरे भरे पेड़ की हत्या



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 अगस्त।** पर्यावरण प्रेमी कर्मबीर जाखौली ने कहा कि वन विभाग पेड़ों की रक्षा को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। अलग अलग कारण बताकर गैर कानूनी तौर पर पेड़ काटे जा रहे हैं। आज एक हरा भरा वृक्ष सेक्टर 19, जहां हॉस्पिटल बनने जा रहा है, ढांड रोड से अज्ञात लोगों द्वारा काटा गया है। वन विभाग आंख बंद करे सो रहा है। जिला प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जब मौके पर जाकर देखा गया तो वहां लोगों ने बताया कि यहां बिजली की तारें लगनी हैं, इसलिए पेड़ काटा गया। यदि कोई पेड़ काटना आवश्यक भी हो तो बाकायदा विभाग अथवा एनजीटी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से मंजूरी लेकर व शर्तें पूरी करने के बाद काटा जा सकता है। वन विभाग के सुपरिटेंडेंट साहब महेंद्र सिंह से इस बारे पूछा तो उन्होंने बताया कि इसकी कोई परमिशन हमारे पास नहीं है।

## महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय की शिक्षा परिषद् एवं कार्यपरिषद् की बैठक संपन्न

# ड्युअल डिग्री प्रोग्राम और कैंपस स्कूल स्थापना को मिली स्वीकृति

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**कैथल, 19 अगस्त।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय की शिक्षा परिषद् एवं कार्यपरिषद् की बैठक विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर पीजी कालेज परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में कई दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जो न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में भी एक मजबूत कदम हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में अब संस्कृत के साथ-साथ दर्शनशास्त्र विषय में भी स्नातकोत्तर (एम.ए.) पाठ्यक्रम की पढ़ाई इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए प्रारंभिक चरण में 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। विशेष बात यह है कि यह पढ़ाई संस्कृत माध्यम से होगी। इसमें मार्डन एवं वैस्टर्न फिलॉसफी भी पढ़ाई जाएगी। निश्चित ही यह निर्णय संस्कृत एवं आधुनिक दोनों परम्पराओं के एक साथ लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल एक सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक विविधता को समृद्ध करेगा तथा भारतीय दर्शन और ज्ञान परंपरा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को एक नया अवसर प्रदान करेगा। प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय में अब ड्युअल डिग्री प्रोग्राम लागू किए जाएंगे। विद्यार्थी अब संस्कृत के साथ-साथ किसी अन्य आधुनिक या व्यावसायिक विषय में भी एक साथ दो डिग्रियों में नामांकन ले सकेंगे। इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए कौशल आधारित सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिससे उन्हें शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी दक्षता भी प्राप्त हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में कैंपस स्कूल की स्थापना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। यह स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणाओं पर आधारित होगा, जिसमें नवाचार, नैतिक शिक्षा और भारतीय मूल्यों को विशेष महत्व दिया जाएगा। इस योजना के लिए कुलगुरु द्वारा एक समिति गठित की जाएगी, जो विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसे हरियाणा सरकार को अनुमोदन हेतु भेजेगी। उन्होंने कहा कि यह स्कूल विश्वविद्यालय कर्मचारियों के बच्चों एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम बनेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मूंदड़ी गांव स्थित स्थायी परिसर तक सीधी सड़क निर्माण के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस सड़क के निर्माण से विश्वविद्यालय की पहुँच, सुगमता एवं विकास कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही इसके के सौंदर्यीकरण के लिए भी योजना बनाई जाएगी ताकि विद्यार्थियों एवं आगंतुकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। प्रो. राजबीर सिंहउ ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज की शिक्षा परिषद् एवं कार्यपरिषद् में लिए गए निर्णय विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

# सेवानिवृत्ति से छह माह पहले नहीं मिलेगा एडवांस जीपीएफ

## सरकार ने जीपीएफ अग्रिम या निकासी पर जारी किए निर्देश

**सेवानिवृत्ति से एक साल पहले स्वीकृत अग्रिम या निकासी की जानकारी हो दर्ज**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी प्रशासकीय सचिवों को निर्देश दिए हैं कि सेवानिवृत्ति से पहले, अंतिम छह महीनों की सेवा अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को जीपीएफ अग्रिम (एडवांस) की स्वीकृति न दी जाए। ये निर्देश सामान्य भविष्य निधि से संबंधित प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव एवं वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि से पूर्व 12 महीनों में स्वीकृत किए गए अग्रिम या निकासी की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रपत्रों में दर्ज और प्रशासनिक विभाग द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए।

इसके अलावा, अंतिम भुगतान का मामला प्रधान महालेखाकार के कार्यालय को भेजने के बाद, यदि किसी अपवादात्मक परिस्थिति में अग्रिम स्वीकृत किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत आधिकारिक ईमेल या अन्य औपचारिक माध्यम से दी जानी चाहिए ताकि भुगतान में आवश्यक समायोजन किया जा सके।

पत्र के अनुसार, वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ प्रशासनिक विभाग और डीडीओ, जीपीएफ अंतिम भुगतान मामलों को प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को भेजने के बाद भी वसूली योग्य या गैर-वसूली योग्य अग्रिम स्वीकृत कर रहे हैं। इसके साथ ही कई मामलों में यह भी पाया गया है कि जीपीएफ अंतिम भुगतान से जुड़े पीएफ-09 और पीएफ-10 प्रपत्रों में अग्रिम या निकासी से संबंधित अनिवार्य विवरण, विशेषकर सेवानिवृत्ति की तिथि से पूर्व 12 महीनों की अवधि से जुड़े विवरण, सही प्रकार से नहीं भरे जा रहे हैं और न ही प्रशासनिक विभाग द्वारा प्रमाणित किए जा रहे हैं।

वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की चूक से भुगतान में गड़बड़ी और अधिक भुगतान की संभावना बढ़ जाती है, जिससे राज्य को वित्तीय हानि हो सकती है। इन दोनों पोर्टल के बीच डेटा इंटीग्रेशन न होने और कुछ डीडीओ द्वारा, दिए गए निर्देशों का पालन न करने के कारण यह समस्या बार-बार सामने आ रही है।

# हरियाणा में ग्रुप-डी कर्मचारियों की पोस्टिंग शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विभाग ने लंबे इंतजार के बाद कॉमन कैडर ग्रुप-डी कर्मचारियों की पोस्टिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत भर्ती हुए और पहले ही डिविजनल कमिश्नर व डीसी, पंचकूला कार्यालय में ज्वाइन कर चुके कर्मचारियों को अब जिलों में पदस्थापना दी जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से मंगलवार को सभी प्रशासनिक सचिवों व विभागाध्यक्षों को ईमेल के जरिए जिला-वार सूची भेज दी है।

आदेश में कहा गया है कि कर्मचारियों को तुरंत कार्यभार ग्रहण करने दिया जाए और सक्षम प्राधिकारी जिला स्तर पर उनके विशेष कार्यालयों में पदस्थापना आदेश जारी करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और चरित्र सत्यापन की औपचारिकताएं पूरी की जाएं। हर जिले में एक नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा, जो कर्मचारियों की ज्वाइनिंग प्रक्रिया की निगरानी करेगा। कर्मचारियों की ज्वाइनिंग का डेटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करना भी अनिवार्य किया गया है।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2023 में ग्रुप-डी के कॉमन कैडर के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया था। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें आवेदन किया और चयनित हुए। चयनित उम्मीदवारों को सबसे पहले डिविजनल कमिश्नर व डीसी, पंचकूला कार्यालय में अस्थायी तौर पर ज्वाइन करवाया गया था। अब औपचारिक रूप से उन्हें जिलों में नियुक्ति दी जा रही है। ग्रुप-डी कर्मचारियों की तैनाती से स्कूलों, अस्पतालों, तहसीलों और अन्य सरकारी दफ्तरों में कार्यक्षमता बढ़ेगी।

# एक अच्छा फोटोग्राफर वही है जो कैमरे की नजर से कहानी कह सकेः ग्रोवर

**कैथल (अप्र)।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फोटोग्राफी कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वशिष्ठ अथिति ने कहा कि फोटोग्राफी दिवस का उद्देश्य फोटोग्राफी की कला को सम्मान देना और इसके माध्यम से जीवन के अनमोल पलों को संजोने के महत्व को समझाना है। फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी कला है जो भावनाओं, संस्कृतियों और इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाती है। एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। जब हम किसी पुरानी तस्वीर को देखते हैं तो वह हमें अतीत की यादों से जोड़ देती है। विश्वविद्यालय के दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत ने कहा कि आज से लगभग 180 साल पहले जब कैमरे का आविष्कार हुआ था तब तस्वीरें केवल ब्लैक एंड व्हाइट में मिलती थीं। समय के साथ रंगीन फोटोग्राफी आई और आज हम डिजिटल युग में हैं जहां मोबाइल फोन तक में बेहतरीन कैमरे मौजूद हैं। विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तकनीक नहीं है बल्कि इसमें संवेदनाओं को पकडने की क्षमता होनी चाहिए।

# किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन ने की मनीषा को इंसाफ दिलाने की मांग




अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 अगस्त।** यहां नवग्रह चौक पर किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन ने मनीषा हत्याकांड को लेकर प्रदर्शन किया और भिवानी पुलिस कप्तान व प्रसाशन के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में मणिपुर जैसे हालात हो चुके हैं। बहन, बेटियों की सुरक्षा बिल्कुल भी नहीं रही और सरकार गहरी नींद में सो रही है। मनीषा की मौत के पांच दिन बाद सुसाइड नोट मिलना यह सब मिलीभगती लग रहा है। इधर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बयान जारी करता है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, ये सब बातें समझ से परे हैं। हम सरकार से मांग करते हैं कि मनीषा को इंसाफ दिलाए ताकि प्रदेश में ऐसी घटना फिर न घटने पाए और अपराधियो में कानून का भय रहे। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी व मनजीत करोड़ा ने कहा कि कैसे विश्वास किया जाए कि ये आत्महत्या है, क्या कोई जहर खाने के बाद अपनी गर्दन काट लेगा, क्या अपनी आंख निकाल सकता हैं और तो और क्या जहर निगली हुई महिला अपनी बच्चेदानी या किडनी निकाल सकती है। यदि मरने के बाद किसी जानवर ने उसके शरीर पर वार किया तो क्या उसके शरीर पर उसी समय किसी पंजे के निशान नहीं होंगे। जानवर लाश को घसीटने का काम भी करता लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इस मामले को दबाने के लिए प्रशासन पूरा प्रयास कर रहा है। मृतका के परिजनों के अनुसार सुसाइड नोट की लिखाई उनकी बेटी की नहीं है और मौत के इतने दिनों बाद सुसाइड नोट कहां से आ गया। पुलिस बेवजह दवाब बना रही है लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे। जब तक मनीषा के कातिलों को सजा न मिले और वो बेनकाब न हों। दूसरी तरफ पुलिस परिवार को डरा धमका रही है। दाह संस्कार के लिए भी दवाब बनाया जा रहा जो गलत है।


**GSTN गूड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क**

कारपोरेट कार्यालयः 4वां तल, ईस्ट विंग, वर्ल्ड मार्क-1, एयरोसिटी, दिल्ली-110037, दूरभाषः 011-49111200, फैक्सः 011-49111210, www.gstn.org.in

**निविदा/आरएफपी सूचना**

गूड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क द्वारा निम्नलिखित माल/सेवा के लिए पात्र फर्मों/कंपनियों से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

| विवरण | बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|
| मैकबुक (MacBook) की आपूर्ति हेतु निविदा | 1 सितम्बर, 2025 को सायं 03.00 बजे तक |

निविदा/आरएफपी दस्तावेज एवं संबंधित आवश्यक सूचना जीएसचीएन वेबसाईटः www.gstn.org.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कोई संशोधन/शुद्धिपत्र जीएसटीएन वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाएगा।

श्री संजय शर्मा
वीपी (प्रापण एवं अनुबंध)

CBC 15319/12/0003/2526


# सेगा से सोंगल वाया सिसला लिंक रोड को चौड़ा करने पर खर्च होगा 392.13 लाखः नवीन जिंदल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 19 अगस्त।** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा है कि गांव सेगा से सोंगल वाया सिसला लिंक रोड को चौड़ा और दुरुस्त करने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए 392.13 लाख रुपए के बजट को प्रदेश सरकार से स्वीकृति मिली है। सडक़ के पुनर्निर्माण से आसपास के दर्जनों गांवों को लाभ होगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिन्दल ने कहा कि सेगा से सोंगल वाया सिसला सडक़ लगभग 7.88 किलोमीटर लंबी है जिसका निर्माण हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 2003 में किया गया था। 2019 में इसकी मरम्मत के बाद सडक़ की दोबारा रिपेयर करके इसे चौड़ा करने की मांग लोगों द्वारा उठाई गई थी। उन्होंने बताया कि यह सडक़ 18 फीट चौड़ी पाई कैथल सडक़ से मिलती है। इसके अलावा सिसला स्थित श्री श्याम मंदिर धाम ट्रस्ट की ओर से भी सडक़ को चौड़ा करने की मांग रखी गई थी। नवीन जिन्दल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की तरक्की के लिए शिक्षा, सडक़, स्वास्थ्य और संचार बेहद अहम पहलू हैं। अन्य पर फोकस रखते हुए केंद्र सरकार का सडक़ एवं परिवहन मंत्रालय जहां देशभर में नेशनल हाईवे का जाल बिछा रहा है, वहीं प्रदेश सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग और हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड भी सडक़ों को दुरुस्त करने का काम लगातार कर रहे हैं।

# मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में श्री गुरु हर राय साहिब डायग्नोस्टिक सेंटर खुलाः अरविंद पुरी

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता



**खरड़, 19 अगस्त।** श्री गुरु हर राय साहिब डायग्नोस्टिक सेंटर एंड हेल्थ केयर ने मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में एक नया प्राइवेट लिमिटेड सेंटर खोला है। जानकारी साझा करते हुए डॉ. गुरदीप सिंह सोही और चरणजीत सिंह सोनी ने बताया कि आज श्री गुरु हर राय साहिब डायग्नोस्टिक सेंटर सेक्टर 22 चंडीगढ़ द्वारा न्यू चंडीगढ़ क्षेत्र में यह सेंटर खोला गया है। इस केंद्र का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री पंजाब के निजी सचिव श्री मलकीत सिंह औजला और अध्यक्ष श्री अरविंद पुरी और पंजाब सरकार के उप सचिव श्री प्रदीप सिंह भभट और श्री भूपिंदर सिंह झंज ,सरपंच जितेंद्र सिंह धालीवाल ,लाल सिंह पंच और डॉ. गुरदीप सिंह सोही ने अपने प्रयासों से किया। यह केंद्र क्षेत्र के जरूरतमंद और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगा क्योंकि पूरे क्षेत्र में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कोई अल्ट्रासाउंड केंद्र नहीं था और लोगों को इन सुविधाओं के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब यह केंद्र क्षेत्र में उपलब्ध है। केंद्र के खुलने से क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को किसी भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर, श्री औजला और श्री अरविंद पुरी जी ने इस संस्था द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सरपंच जतिंदर सिंह धालीवाल ने इस कार्यक्रम में आए मेहमानों और आयोजकों का धन्यवाद किया। इस केंद्र के प्रमुख प्रभारी, श्री जसप्रीत सिंह ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस केंद्र में डॉ सुनीता रेडियोलॉजिस्ट और डॉ रजनी द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी और यहां अल्ट्रासाउंड और अन्य परीक्षण बाजार की तुलना में बहुत सस्ती दरों पर दिए जाएंगे इस अवसर पर चंडीगढ़ के सेक्टर 22 स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा, महासचिव गुरजोत सिंह साहनी, वरिंदर सिंह जगदीस धीमान, डॉ. बलवीर सिंह, डॉ. प्रवीण भनोट, डॉ. राजू के अलावा क्षेत्र के अनेक लोगों ने स्टाफ और आयोजकों को केंद्र खोलने पर गांव वासियों द्वारा बधाई दी।


**HISAR SPINNING MILLS LIMITED**

9th K.M. Stone, Hisar-Bhiwani Road, V.P.O. Dabra, Hisar-125005
(CIN : L17112HR1992PLC031621, PAN- AAACH3754M)
Tel - 01662-297005, Email- hsml2000@rediffmail.com
Website: www.hisarspinningmills.com

Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June,2025

(Rs. in Lakhs, except per equity share data)

| Sr. No. | Particulars | 3 Months ended 30.06.2025 Unaudited | Preceding 3 months ended 31.03.2025 (refer note 3) | Corresponding 3 months ended in the previous year 30.06.2024 Unaudited | Previous accounting year ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Income | | | | |
| | Revenue from operations | 1097.23 | 1072.94 | 1029.88 | 4487.79 |
| | Other Income | 9.42 | 7.30 | 3.51 | 21.18 |
| | Total Income | 1106.65 | 1080.24 | 1033.39 | 4508.97 |
| 2. | Expenses | | | | |
| | Cost of materials consumed | 590.19 | 507.29 | 607.88 | 2262.04 |
| | Purchases of stock-in-trade | 0.48 | 0.00 | 1.61 | 1.61 |
| | Changes in inventories of finished goods, work-in-progress and stock-in-trade | -22.56 | 56.70 | -58.13 | 275.33 |
| | Employee benefits expense | 80.82 | 78.61 | 82.22 | 324.18 |
| | Finance costs | 11.11 | 12.48 | 7.83 | 36.06 |
| | Depreciation expenses | 54.88 | 37.49 | 23.63 | 130.50 |
| | Consumption of store and spare parts | 40.74 | 37.19 | 51.23 | 190.11 |
| | Packing material consumed | 7.54 | 6.74 | 7.54 | 35.09 |
| | Power and fuel expenses | 186.48 | 157.61 | 168.52 | 662.57 |
| | Contract labour charges | 17.17 | 15.58 | 16.31 | 65.75 |
| | Freight and cartage outward | 4.47 | 7.11 | 4.00 | 46.46 |
| | Other expenses | 19.30 | 18.49 | 21.19 | 73.70 |
| | Total expenses | 984.62 | 938.29 | 942.04 | 4107.70 |
| 3. | Profit before exceptional items and tax | 122.03 | 141.95 | 91.35 | 401.27 |
| | Exceptional items | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4. | Profit before tax | 122.03 | 141.96 | 91.35 | 401.27 |
| 5. | Tax expense: | | | | |
| | - Current Tax | 33.28 | 33.83 | 21.62 | 103.81 |
| | - Adjustment of tax relating to earlier periods | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | - Deferred tax | -3.25 | 4.21 | 4.39 | 4.65 |
| | Total tax expense | 30.03 | 38.04 | 26.01 | 108.46 |
| 6. | Profit for the period (A) | 92.00 | 103.91 | 65.34 | 292.81 |
| | Other comprehensive income | | | | |
| | Items that will not be reclassified to profit or loss | | | | |
| | Remeasurement of the defined benefit plans | -0.96 | 1.11 | -0.41 | 1.03 |
| | Income tax relating to items that will not be reclassified to profit or loss | 0.24 | -0.28 | 0.10 | -0.26 |
| 7. | Total Other Comprehensive Income(B) | -0.72 | 0.83 | -0.31 | 0.77 |
| 8. | Total Comprehensive Income for the period (A+B) | 91.28 | 104.74 | 65.03 | 293.58 |
| 9. | Paid-up equity share capital (Face value of Rs. 10 Per share) | 373.50 | 373.50 | 373.50 | 373.50 |
| 10. | Other Equity | | | | 2146.45 |
| 11. | Earnings per equity share (Rs.) (not annualised except for the year ended 31st march,2025) | | | | |
| | Basic and diluted (not annualised) | 2.46 | 2.78 | 1.75 | 7.84 |

Notes :
1. The Financial Results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles as laid down in the applicable Indian Accounting Standards (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules issued thereunder, and requirements of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended.
2. The Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 14th August, 2025. The limited review as required under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, has been completed by the Statutory Auditors.
3. The figures for the quarter ended 31st March, 2025 are the balancing figures between audited figures in respect of the financial year for the year ended 31st March, 2025 and the unaudited published year to date figures upto 31st December, 2024.
4. The Company is primarily in the business of manufacturing and sale of cotton yarn blended (textile product). The Board of Directors of the Company, which has been identified as being the Chief Operating Decision Maker (CODM), evaluates the Company's performance and allocate resources based on the analysis of the various performance indicators of the Company as a whole. Therefore, there is only one reportable segment for the Company.
5. The Company has no subsidiary/ associate/ joint venture company(ies) as on 30th June, 2025.

By Order of The Board of Directors
for Hisar Spinning Mills Limited
(Anurag Gupta)
Managing Director
DIN : 00192888

Place: Chandigarh
Dated: 14.08.2025

Note: The above results are available on the website of the company i.e. https://www.hisarspinningmills.com under the main head "Investor Desk" and sub head "Financial Results". The same can be accessed by scanning the QR code provided above.



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Anubha Jindal**
Civil Judge Junior Division -3 Rajpura,
**DHARAMVEER**
**Vs**
**LAJJA RAM**
SUIT FOR PERMANENT IN JUNCTION
CNR No. PBPTA0-001343-2024
Next Date:-24-09-2025
PUBLICATION ISSUED TO:
1. MEHAREAN SINGH S/O SUKHDEV SINGH 2. RUKMANI DEVI D/O KACHAHRI
3. AMANDEEP SINGH S/O BALJINDER SINGH 4. RANDEEP SINGH S/O BALJINDER SINGH 5. VINOD KUMAR S/O CHETAN DASS 6. LALIT KUMAR S/O CHETAN DASS 7.CHARAN KAUR S/O SURJIT SINGH 8. GURMEI KAUR W/O GURDEEP SINGH 9. BHAGWANTI CHHABRA W/O ASHOK KUMAR CHHABRA 10. SANJAY CHHABRA S/O ASHOK KUMAR CHHABRA 11. HITESH KUMAR CHHABRA S/O ASHOK KUMAR CHHABRA 12. KAMLESH RANI D/O SOM NATH SHARMA 13. DARSHAN KUMAR S/O SOM NATH SHARMA 14. CHARAM PAL SHAMRA S/O SOM NATH SHARMA 15. PAWAN KUMAR S/O SOM NATH SHARMA 16. ASHOK KUMAR S/O SOM NATH SHARMA 17. VINOD KUMAR S/O SOM NATH SHARMA 18. PARVINDER SINGH S/O MEHARBAN SINGH ALL RESIDENT OF VILLAGE BATHONIA KALAN, TEHSIL RAJPURA DISTRICT PATIALA
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 24-09-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=patiala
Civil Judge Junior Division-3 Rajpura
Dated, this day of 13.8.2025



**भारत सरकार**
**जनजातीय कार्य मंत्रालय**
**[छात्रवृत्ति अनुभाग]**
**अनुसूचित जनजाति (ST) छात्रों के लिए उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय फैलोशिप (NFST) वर्ष 2025-26 के लिए**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 'उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय फैलोशिप एवं छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत राष्ट्रीय फैलोशिप के लिए वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह फैलोशिप उन छात्रों को प्रदान की जाती है जो पीएच. डी. कार्यक्रमों के लिए चयनित होते हैं।

**फैलोशिप की कुल संख्याः 750**

इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय जनजातीय फैलोशिप पोर्टल https://fellowship.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन पोर्टल 1 अगस्त 2025 से 30 सितंबर 2025 (शाम 5:30 बजे) तक खुला रहेगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार जनजातीय कार्य मंत्रालय की पोर्टल https://tribal.nic.in/Scholarship.aspx पर विज़िट करें।

CBC 43101/11/0019/2526



**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्टरार जीन्द**

रामनारायण पुत्र स्व0 श्री रामकिशन सकना फव्वारा चौक जीन्द बनाम जनरल पब्लिक इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व0 रामकिशन स्व0 पुत्र श्री गोपीराम एक किता जायदाद की बरूए वसीका बयनामा नम्बर 4295 दिनोंक 08-01-1985 व स्व0 श्रीमति रामकली पत्नी स्व0 श्री रामकिशन एक किता जायदाद की बरूए वसीका बयनामा नम्बर 4293 दिनाँक 08-01-1985 दफतर सब रजिस्टरार साहब जीन्द अनुसार रकबे को विक्रय/स्थानान्तरण/वसीयत/इन्तकाल पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व0 रामकिशन की मृत्यु दिनांक 29-04-1987 को व माता स्व0 श्रीमति रामकली की मृत्यु दिनांक 27-11-1985 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस हैः- 1-रामनारायण 2-सुनील पुत्र 3-अनिल कुमार पुत्रान 4-बिमला देवी 5-उषा पुत्रियान स्व0 श्री रामकिशन व स्व0 श्रीमति रामकली स्व0 श्री रामबिलास पुत्र स्व0 श्री रामकिशन व स्व0 श्रीमति पार्वति देवी पत्नी स्व0 श्री रामबिलास के कोई वारिस नही है। स्व0 रमेश कुमार पुत्र स्व0 श्री रामकिशन के वरिस 1-शंकुन्तला विधवा 2-अमित कुमार पुत्र 3-पूनम रानी पुत्री 4-प्रियंका पुत्री है। इनके इलावा मृत्तयक का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नही है जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्यक के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ती पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत हस्ताक्षर आज दिनांक 18/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द।



**सार्वजनिक सूचना**

[illegible] सेक्टर-3 [illegible] 16.11.2013 [illegible]



**समाहरणालय, सीतामढ़ी**
(मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम)
-: वाहन नीलामी हेतु अल्प कालीन आम सूचना :-
**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरान्त शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन को समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, सीतामढ़ी के द्वारा बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 में विहित प्रावधानों के अधीन राज्यसात् आदेश पारित किया गया है, जिनका सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री किया जाना राज्यहित में आवश्यक है। तद्-आलोक में निम्नलिखित वाहनों की नीलामी 'जैसा है जहाँ स्वरूप में' के आधार पर अधोहस्ताक्षरी/प्राधिकृत पदाधिकारी के द्वारा **दिनांक-27.08.2025 को 11:00** बजे पूर्वाह्न से **समाहरणालय परिसर, परिचर्चा भवन, डुमरा** में की जायेगी। उक्त तिथि को नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी आवश्यकतानुसार **दिनांक-03.09.2025** को **11:00** बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय नीलामी के उपरान्त शेष बचे वाहनों की नीलामी **दिनांक-10.09.2025** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से सम्पन्न किया जायेगा।

| वाहन नीलामी की तिथि | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|
| नीलामी की पहली तिथि- 27.08.2025 | 25.08.2025 (समय-5 बजे अपराह्न तक) | कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, सीतामढ़ी। |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि- 03.09.2025 | 01.09.2025 (समय-5 बजे अपराह्न तक) | |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि- 10.09.2025 | 08.09.2025 (समय-5 बजे अपराह्न तक) | |

-: नीलामी हेतु वाहनों का विवरण :-



| क्र. सं. | वाहन निबंधन संख्या | चेचिस सं0 | ईंजन सं0 | थाना कांड संख्या/वाद संख्या | पुलिस थाना/मद्यनिषेध विभाग का प्रस्ताव | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | मॉडल वर्ष | वाहन का निर्धारित न्यूनतम मूल्य (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) 25% जमानत | वाहन मालिक का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | HR29R-6404 | MALAA51HR7M0711608 | G4HG7M084031 | 113/2023 | KANHAULI | 288/2023 | CENTRO JINK CAR | 2007 | 90000 | 22500 | RANJEET SINGH H NO. D-404 SEC.11, FARIDABAD, ., -0 |
| 02 | HR26AQ-5072 | MA1PS2GBK72L52665 | GB74K37781 | 203/23 | SONBARSA | 409/2023 | BOLERO | 2008 | 81000 | 20250 | RELIANCE GEN INSUR CO LTD G F PALM COURT, NR MDI CHOWK, GURGAON, -0 |
| 03 | HR26BJ-4929 | MA1TA2HFNB2C28649 | HFB4C32803 | 398/24 | SITAMARHI | 261/2024 | SCORPIO | 2011 | 140000 | 35000 | Dhan Singh, S/o Nitya Nand Dhanunda Thek Mamaul, Mahendragarh, Haryana-123003 |
| 04 | HR26Y-1683 | 603144AU2P03117 | 475IDT12AU2P01754 | 102/24 | RIGA | 147/2024 | TATA INDICA CAR | | 37000 | 9250 | Monika Sagar, S/o-Dinesh Sagar, 2/11 City 3 PS Gurgaon, Haryana |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 011661 (Excise) 2025-26 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, सीतामढ़ी।



**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ**
**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**

ਐਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਨੰ: 441540 ਮਿਤੀ 25-04-2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਲਾਟ ਨੰ: 3019, ਸੈਕਟਰ 61, ਫੇਜ਼ 7, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Kulwant Singh S/o Prabhu Singh R/o HOUSE NO 3019 PHASE 7 SECTOR 61 MOHALI ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 13-03-2025 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਉਹਨਾਂ ਵਲੋਂ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਮਿਤੀ 10-12-2019 ਨੂੰ Amrit Pal Singh Dhiman S/O Kulwant Singh ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਦਰਜ ਕਰਵਾਈ ਗਈ ਸੀ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 508 ਮਿਤੀ 10-12-2019 ਨੂੰ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਇਸ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Amrit Pal Singh Dhiman S/O Kulwant Singh ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 3019, ਸੈਕਟਰ 61, ਫੇਜ਼ 7, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਦੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ(ਰ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ਼ [illegible] ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਰਧਾਰਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ਼ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਅਨੁਸਾਰ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਰ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ



**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ।**
**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾਂ**

[illegible] 40017, ਮਿਤੀ 29-Jul-2025 ਰਾਹੀਂ LIG 2024 G.F, ਸੈਕਟਰ-66, [illegible] Sh. Kulwinder Mavi S/o Sh. Jarnail Singh Residing 2346 St. mary's Rd. Winnipeg, Mb., R2N 3Z1, Canada. ਵੱਲੋਂ Sh. Kamaldeep Sharma S/o Sh. Mohan Lal R/o House No. 272 Ward No. 8, Ranjit Colony, Kharar, SAS Nagar (Mohali) ਨੂੰ [illegible] 958(HRC) ਮਿਤੀ 28/02/2025 [illegible]

ਇਸ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Sh. Kamaldeep Sharma S/o Sh. Mohan Lal R/o House No. 272 Ward No. 8, Ranjit Colony, Kharar, SAS Nagar (Mohali) ਨੇ HARJIT SINGH S/o Sh. KARNAIL SINGH R/o Vill DEVI NAGAR URF ABRAWAN MANAKPUR PATIALA [illegible] LIG 2024 G.F, ਸੈਕਟਰ-66, SAS Nagar, Mohali [illegible] 15 ਦਿਨਾਂ [illegible] LIG 2024 G.F, ਸੈਕਟਰ-66, SAS Nagar, Mohali [illegible]

ਤਹਿਸੀਲਦਾਰ (ਰ)
ਗਮਾਡਾ, ਮੁਹਾਲੀ।

# एक घंटे की मूसलाधार बारिश में चंडीगढ़ और पंचकूला झील में तब्दील, नेहरू अस्पताल व हाईकोर्ट में भरा पानी

## वाहन चालक परेशान, अगले तीन दिन तक बारिश के आसार

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** चंडीगढ़ में मंगलवार दोपहर अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते शहर की कई सड़कें पानी से भर गई और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन बीच सड़क पर ही बंद हो रहे थे और कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।

सबसे अधिक दिक्कत पीजीआई में देखने को मिली। पीजीआई की कैंटीन और नेहरू हॉस्पिटल के अंदर तक पानी घुस गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं, अन्य इलाकों में भी लोगों को पानी भरे रास्तों से गुजरने में दिक्कत हुई। सेक्टर 27 चौक पर पानी भर गया जहां पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने ट्रैफिक जाम को खुलवाया।

बारिश की वजह से ऑफिस से घर लौट रहे लोगों को जाम और पानी दोनों की समस्या से जूझना पड़ा। कई जगहों पर वाहन पानी में फंसते हुए नजर आए।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक चंडीगढ़ में ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। बुधवार और गुरुवार को भी बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को भी मौसम विभाग ने बारिश का पूर्वानुमान जताया है। ऐसे में लोगों को सलाह दी गई है।

इस दौरान सुखना लेक के फ्लड गेट भी खोले गए। चंडीगढ के कई सेक्टरों मे बारिश नहीं आई। तेज बारिश से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की पार्किंग में खड़ी गाड़ियां भी पानी में डूबी नजर आई।

## मानसूनी बरसात से फिर थमी पंचकूला की रफ्तार, जलभराव में रेंग कर चले वाहन





अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 19 अगस्त।** शहर में मानसून की बरसात ने एक बार फिर रफ्तार पर लगाम लगा दी। मंगलवार दोपहर तीन बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश में पूरा शहर तरबतर हो गया। सुबह से दोपहर तक झुलसा देने वाली धूप ने सबको बेहाल किया, लेकिन दोपहर होते ही आसमान में काले बादल छा गए और गर्जन के बीच तेज छींटों का सिलसिला शुरू हो गया। कहीं धूप-छांव के बीच सडक़ों पर चल रहे वाहन तेज बारिश में रेंग रेंग कर चल रहे थे तो कहीं मुसलाधार बारिश में सेक्टर 19 में सडक़ों पर जलभराव होते ही पानी घरों में दाखिल होना शुरू हो गया। मनसा देवी कॉम्पलैक्स में रेलवे अंडर ब्रिज पूरी तरह भर गया। बारिश में बच्चे पानी में नहाते नजर आए। ब्रिज में पानी भरा होने की वजह से चंडीगढ़ और पंचकूला सीमा पर रह रहे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**घग्गर नदी में उफान:** पहाड़ी इलाके में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से घग्गर नदी ने बारिश के बीच विकराल रूप ले लिया। नदी खतरे के निशान तक पहुंच गई। इस बीच कौशल्या डैम में भी जलस्तर बढ़ने से सिंचाई विभाग फ्लड गेट खोलने पर विचार कर रहा था। मौसम विभाग ने कल भी तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

# फ्लैट करोड़ों रूपये के सुविधा जीरो, खुले में गिराया जा रहा सीवरेज का पानी

सीवरेज का पानी टैंकरों में भर कर खुले में गिरा रहे लोग, पर्यावरण को हो रहा नुकसान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 19 अगस्त।** शहर की पॉश व बड़ी 200 फीट रोड़ पर कई नामी कंपनियों बड़े बड़े रिहायशी व व्यपारिक प्रोजेक्ट हैं और पिछले लंबे समय से पीआर 7 रोड़ की सभी सोसाइटीयां लगभग आबाद हो चुकी है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है के मेकडी से लेकर छत लाइट प्वाइंट तक करीब पांच से 3 किलोमीटर के पैच में सीवरेज लाइन नहीं बिछाई गई है। जबकि खाना पूर्ति के तौर पर सभी सोसाइटीयों द्वारा लोगों की आंखों में घुल झोंकने के लिए अपने अपने एस्टीपी लगाए हुए हैं। लेकिन वह केवल दिखावे के लिए हैं, किसी भी सोसाइटी का एस्टीपी ऑपरेशनल नहीं है। इस रोड़ पर मौजूद सोसाइटीयों द्वारा सीवरेज का पानी या तो खुले में खाली पड़े खेतों में गिराया जा रहा है या फिर अंधेरे का फायदा उठाकर रात को या सुबह सीवरेज का दूषित पानी टैंकरों में भर कर खुले मे गिरा दिया जाता है। जिसका नुकसान पर्यावरण व आसपास लोगों को पड़ रहा है। खुले में दूषित पानी गिराने के कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। जिसके जिम्मेवार बिल्डर व प्रसाशन के अधिकारी है जो इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों की मांग है के ऐसे बिल्डरों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पीआर 7 रोड़ पर रिहायशी सोसाइटीयां इतनी महंगी है के एक फ्लैट डेढ़ से दो करोड़ तक है और इतना महंगा घर लेने के बाद भी यदि सीवरेज की समस्या से जूझना पड़े तो इससे बुरी बात उपभोगताओं के लिए क्या हो सकती है। यहां यह बताना भी अनिवार्य है के एस्टीपी की सुविधा ना होने के कारण सरकार द्वारा जीरकपुर में नए प्रोजेक्ट को परमिशन देने पर पाबंदी लगाई हुई है। लेकिन इस सबके बावजूद शहर में धड़ल्ले से निर्माण हो रहा है। जबकि सरकारी आदेशों के अनुसार कोई सोसाइटी डवेल्प नहीं होनी चाहिए। लेकिन हैरानी की बात तो यह है के सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से निर्माण कर्ता कोई ना कोई रास्ता निकाल कर कैसे ने कैसे निर्माण कर ही लेते हैं। बता दें के शहर मे मात्र एक 16.5 एमएलडी का एक ही एस्टीपी है वह भी प्रॉपर काम नहीं करता है और सीवरेज का दूषित पानी बिना ट्रीट किए घग्गर मे गिराया जा रहा है, जोकि चिंता का विषय है लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

पीआर 7 रोड़ पर सीवरेज लाइन नहीं है। यहां नई लाइन बिछाने के लिए हमने नगर परिषद से आसपास जगह की मांग की है। क्योंकि पीआर 7 रोड़ वाले साइड की ढलान घग्गर की तरफ है तो एस्टीपी भी इसी साइड ही होना चाहिए। जगह मिलने के बाद टैंडर आदि का प्रक्रिया को पूरा होते होते करीब एक साल से ऊपर का समय लग जाता है। इसलिए जितनी जल्दी जमीन मिलेगी उतनी जल्दी काम शुरू हो जाएगा।

**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज बोर्ड विभाग जीरकपुर।**

इसके लिए जगह ढूंढ़ रहे हैं, जैसे ही जगह मिल जाएगी काम शुरू करवा दिया जाएगा। पीआर 7 रोड की सभी सोसाइटीयों को सीवरेज के पानी को ट्रीट करने के बाद इस्तेमाल करने के आदेश दिए गए है। जोकि जरूरी है, यदि कोई खुले मे गिराता हुआ पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाकी रही नोटिफिकेशन की बात उसे संबंधी एमई से जानकारी ली जाएगी।

**जगजीत सिंह जज, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।**

## पेक ने पुलिस अधिकारियों को आईसीटी प्रशिक्षण से सशक्त बनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चंडीगढ़ के कंप्यूटर सेंटर द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का सफल समापन 18 अगस्त 2025 को हुआ। यह प्रशिक्षण 21 जुलाई से 18 अगस्त तक चला।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रो. राजेश भाटिया उपस्थित रहे। उन्होंने कंप्यूटर सेंटर की इस पहल की सराहना की और प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले पुलिस अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की तारीफ की। अपने संबोधन में प्रो. भाटिया ने कहा कि आज के दौर में आईसीटी कौशल शासन और पुलिसिंग के लिए बेहद अहम हैं, क्योंकि डिजिटल उपकरण, ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म और साइबर जागरूकता कानून व्यवस्था को मज़बूत बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करते हैं।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता मेहता (कोर्स कोऑर्डिनेटर) और डॉ. संजय बटिश (हेड, कंप्यूटर सेंटर एवं नोडल ऑफिसर) ने किया। प्रशिक्षण सत्रों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों सुशील कुमार, प्रभसिमरन सिंह बिंद्रा, संदीप पाठक और तेजिंदर सिंह ने संभाला। पाठ्यक्रम को सावधानी से इस तरह तैयार किया गया था कि इसमें कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी, ई-गवर्नेंस पोर्टल (इलेक्ट्रॉनिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल लॉकर, सरकारी ई-मार्केटप्लेस, सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली, राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया), एमएस ऑफिस एप्लिकेशन, इंटरनेट व क्लाउड टूल्स, नेटवर्किंग बेसिक्स, साइबर सुरक्षा जागरूकता और मोबाइल तकनीक जैसी उपयोगी विषयवस्तु शामिल हो।

इन सत्रों ने न सिर्फ अधिकारियों को नई डिजिटल तकनीकों से परिचित कराया, बल्कि उन्हें सुरक्षित और कुशल आईसीटी प्रथाओं को अपनाने के लिए सक्षम भी बनाया। यह प्रशिक्षण पीईसी की डिजिटल कैपेसिटी बिल्डिंग और स्किल डेवलपमेंट के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह पहल पुलिस बल को आधुनिक पुलिसिंग की चुनौतियों का सामना करने और सुशासन में और अधिक प्रभावी योगदान देने के लिए तैयार करती है।

▲ अधिकतम 32 डिग्री से.
26 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.52 बजे
सूर्यास्त 7.01 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 101,330.00 |
| सेंसेक्स | 81,273.75 |
| अमेरिका | 87.33 |
| कैनेडियन | 63.20 |
| आस्ट्रेलिया | 56.70 |

## डिजिटल अरेस्ट के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

83 वर्षीय बुजुर्ग से की 57.90 लाख की ठगी, हरियाणा व राजस्थान में फैला नेटवर्क

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 19 अगस्त।** साइबर थाना पंचकूला की टीम ने 83 वर्षीय बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 57.90 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान संजय कुमार निवासी जिला फलौदी राजस्थान के रुप में हुई है। आरोपी को 18 अगस्त को कोर्ट में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ जारी है। इसी साल 21 जनवरी को थाना साइबर क्राइम पंचकूला में दर्ज एक मामले में 83 वर्षीय बुजुर्ग राजेन्द्र, निवासी सेक्टर-16 पंचकूला, ने शिकायत दी थी कि उनसे डिजिटल माध्यम से भयभीत कर धोखाधड़ी की गई है। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर सौरभ सिंह द्वारा की जा रही है। इससे पहले पुलिस ने 29 जुलाई को जिला हिसार के दड़ौली गांव से दो आरोपियों मनीष पुत्र रमेश और अमित पुत्र सतबीर को गिरफ्तार किया था। जिनको पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद न्यायिक हिरासत भेज दिया था। उनसे जुटाई गई जानकारी के आधार 13 अगस्त को तीसरे आरोपी बीरबल उर्फ सुनील पुत्र सुरजा राम वासी गांव सौंडवा जिला चूरु राजस्थान को गिरफ्तार कर 14 अगस्त को कोर्ट में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान पूछताछ कर जुटाई गई जानकारी से ही चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है।

### न्यूज ब्रीफ


## तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को, हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे

**पंचकूला (अप्रस)।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार, तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के साथ-साथ कालका स्थित उप-मंडल न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत की तैयारी के लिए, बैंक प्रबंधकों, बीमा कंपनियों और अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि ऋण, वसूली और बीमा दावों से संबंधित मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया जा सके। इसी प्रकार, दाखिल-खारिज के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और आगामी लोक अदालत के माध्यम से ऐसे मामलों का अधिकतम निपटारा सुनिश्चित करने के लिए पंचकूला जिला के तहसीलदारों के साथ एक बैठक की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य विवादों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करना है, जिससे मुकदमेबाजी का बोझ कम हो और समाज में मध्यस्थता और सुलह की संस्कृति को बढ़ावा मिले। भारद्वाज ने आगे बताया कि सूचना तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए, जिला न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर और डीसी कार्यालय, लघु सचिवालय, पंचकूला में भी हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। इन डेस्कों पर डीएलएसए पंचकूला के पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) तैनात रहेंगे, जो वादियों और आम जनता को लोक अदालत में उठाए जा सकने वाले मामलों की प्रकृति और सौहार्दपूर्ण समझौतों के लाभों के बारे में मार्गदर्शन देंगे।

### चंडीगढ़ में शहरी भूमि रिकॉर्ड का डिजिटल युग शुरू, 'नक्शा' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## चंडीगढ़ में भूमि विवाद होंगे कम, नक्शा कार्यक्रम से चंडीगढ़ को मिलेगा स्मार्ट प्लानिंग का आधार

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** नगर महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने मंगलवार को डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएसआरएमपी) के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) द्वारा शुरू किए गए नक्शा (शहरी बस्तियों का राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण) कार्यक्रम पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पार्षद कंवरजीत राणा और श्री महेश इंदर सिंह सिद्धू के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, महापौर ने कहा कि नक्शा कार्यक्रम शहरी भूमि अभिलेखों का एक व्यापक और सटीक भू-स्थानिक डेटाबेस तैयार करके चंडीगढ़ में शहरी भूमि प्रशासन में क्रांति लाएगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह पहल न केवल पारदर्शिता लाएगी बल्कि नागरिकों के लिए जीवन और व्यापार में आसानी भी सुनिश्चित करेगी। महापौर ने कहा कि चंडीगढ़ में शहरी भूमि अभिलेखों का अब पूरी तरह से डिजिटलीकरण और जीआईएस-मैपिंग किया जाएगा, जिससे संरचित, पारदर्शी और आसानी से सुलभ डेटा सुनिश्चित होगा। इससे नागरिक सशक्त होंगे, भूमि विवाद कम होंगे और हमें बेहतर शहरी नियोजन एवं विकास में मदद मिलेगी।

महापौर ने आगे कहा कि नक्शा कार्यक्रम भूमि प्रशासन के आधुनिकीकरण में एक मील का पत्थर है। यह न केवल संपत्ति के लेन-देन को परेशानी मुक्त बनाकर नागरिकों को लाभान्वित करेगा, बल्कि नगर निगम की वित्तीय और नियोजन क्षमता को भी मजबूत करेगा। चंडीगढ़ शहरी विकास के लिए उन्नत भू-स्थानिक तकनीक अपनाने वाले अग्रणी शहरों में से एक होगा। महापौर ने अधिकारियों को नक्शा के तहत सर्वेक्षण कार्य समय पर पूरा करने और जनता को इस परिवर्तनकारी पहल के लाभों के बारे में सूचित रखने का भी निर्देश दिया।

### महापौर ने कार्यक्रम के प्रमुख परिणामों पर प्रकाश डाला

भूमि विवादों में कमी और कानूनी स्पष्टता: अद्यतन स्वामित्व रिकॉर्ड विवादों को कम करेंगे, कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी लाएँगे और संपत्ति के अधिकारों की रक्षा करेंगे। तेज़ और अधिक कुशल शहरी नियोजन: सटीक भू-स्थानिक डेटा ज़ोनिंग, बुनियादी ढाँचे के विकास, परिवहन नियोजन, आवास परियोजनाओं और सतत शहरी विकास में मदद करेगा। बेहतर संपत्ति कर संग्रह: एक केंद्रीकृत डिजिटल कर प्रणाली शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगी और कर चोरी को कम करेगी। सरलीकृत संपत्ति लेनदेन: सत्यापित भूमि रिकॉर्ड खरीद, बिक्री, पट्टे और ऋण अनुमोदन को तेज़, सुरक्षित और धोखाधड़ी मुक्त बनाएंगे। बढ़ी हुई पारदर्शिता और शासन: एक वास्तविक समय, सुलभ डिजिटल प्रणाली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगी, जनता का विश्वास बढ़ाएगी और ई-गवर्नेंस पहलों को मजबूत करेगी। रियल एस्टेट और बुनियादी ढाँचे में निवेश को बढ़ावा: स्पष्ट कानूनी ढाँचा निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को समर्थन प्रदान करना और आर्थिक विकास को गति देना।

## नाइट ड्यूटी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे युवक पर तेजधार हथियार से गर्दन पर हमला

बुरी तरह से जख्मी, इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** सोमवार देर रात नॉर्थ ईस्ट डिविजन के थाना मौली जागरा क्षेत्र एरिया के अंतर्गत उस वक्त हड़कंप मच गया।जब अपनी नाइट शिफ्ट ड्यूटी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक युवक पर किसी अज्ञात ने तेज़धार से गर्दन पर हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर फरार हो गया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस खून से लथपथ युवक को इलाज के लिए सेक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां उसकी हालात को गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई में भर्ती करवाया गया है।यहां उसका इलाज चल रहा है।वही थाना मौली जागरा पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए टीमों का गठन कर छापेमारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पता चला कि हल्लो माजरा का रहने वाला संजीत कुमार हरियाणा के बरवाला के पास किसी फैक्ट्री में काम करता है।और उसकी नाइट शिफ्ट ड्यूटी चल रही है।हर रोज की तरह वह सोमवार देर रात हल्लो माजरा लाइट प्वाइंट थाना मौली जागरा क्षेत्र एरिया में खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा था।यहां जख्मी हुआ संजीत खड़ा था वहां अंधेरा था। इसी दौरान कोई अज्ञात आया और उसकी गर्दन पर बुरी तरह से तेजधार हथियार से हमला कर फरार हो गया था। मामले की सूचना पाते ही मौके पर डीएसपी साउथ जसविंदर सिंह थाना 31 प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार थाना मौली जागरा प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा और कई अधिकारी पहुंचे थे। पुलिस अज्ञात की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

# पकरोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले का आरोपी मुंबई से काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी को महाराष्ट्र के मुंबई से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान 34 वर्षीय जोशुआ ऑस्कर नेविस के रूप में हुई है।पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना साइबर क्राइम पुलिस में 20 अप्रैल 2025 को धारा-319(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) और 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज पाया गया है।

पीड़ित शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि उसे एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर एक संदेश प्राप्त हुआ।संदेश भेजने वाले ने खुद को एंप्लॉयर बताया और उसे एक नए प्रोजेक्ट के लिए अग्रिम भुगतान के रूप में तत्काल धनराशि भेजने को कहा। संदेश पर विश्वास करके शिकायतकर्ता ने जोशुआ ऑस्कर नेविस के नाम से बैंक के एक खाते में 1.3 करोड़ स्थानांतरित कर दिए।बाद में उसे एहसास हुआ कि यह एक धोखाधड़ी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को 13 अगस्त को मुंबई महाराष्ट्र में छापेमारी की और गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह टेलीग्राम के ज़रिए एक व्यक्ति के संपर्क में आया और उसी व्यक्ति ने उसे एक अन्य व्यक्ति से मिलवाया।जिसे आरोपी ने अपने बैंक खाते का किट,चेक बुक, डेबिट कार्ड और पंजीकृत सिम कार्ड सौंप दिए। मामले की जाँच जारी है। और आरोपी पुलिस हिरासत में है। और अन्य आरोपियों के ठिकानों और अन्य साइबर अपराधों में उनकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है।

## 260 नशीली गोलियों के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 19 अगस्त।** बलटाना पुलिस चौकी ने युद्ध नशों के विरुद्ध मुहिंम के तहत एक ड्रग तस्कर को 260 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरिंदर सिंह निवासी आदर्श नगर रैलो रोड वार्ड नंबर -10 रूपनगर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना जीरकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को डेराबस्सी कोर्ट में पेश किया गया जहां अदाल ने उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया है।

एएसआई सुलखन सिंह ने बताया कि वह अपनी पुलिस पार्टी के साथ संदिग्ध लोगों की तलाश में बलटाना स्थित वेलवर्ट क्लॉर्क होटल के पीछे बने सुखना चौ के पास कच्चे रास्ते पर मौजूद थे। शाम करीब साढ़े 4 बजे गंदे नाले की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया जिसने अपने हाथ में लिफाफा पकड़ा था। युवक पुलिस पार्टी को देखकर अचानक पीछे मुड़ गया। पुलिस को उस पर शक हुआ जिसे साथियों की मदद से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने जब उसके लिफाफे की तलाशी ली तो उसके पास से 13 पत्ते लोमोटिल (हरेक पत्ते में 20 गोलियां) कुल 260 नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने गोलियां अपने कब्जे में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर लिया।

सम्पादकीय

# रूस-यूक्रेन को अब युद्ध खत्म कर ही देना चाहिए

रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध में मध्यस्थता कर रहे अमेरिका का यह प्रयास सराहनीय है, हालांकि इस दौरान अमेरिका के निहित स्वार्थों की बू भी आ रही है। यूक्रेन इस समय ऐसे मजबूर देश के रूप में सामने आया है, जिसने यूरोप के देशों के भरोसे रूस से शत्रुता तो मोल ली, लेकिन अब यह लगातार उस पर भारी पड़ रही है और वह अमेरिका जैसे देशों का मोहताज हो गया है, जिनका वैश्विक समाज में एकमात्र उद्देश्य अपना हित साधना है। गौरतलब है कि अमेरिका में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके बुलावे पर मुलाकात की।

**गौरतलब है कि अमेरिका की ओर से ऐसे बयान आए हैं, जिनमें कहा गया है कि युद्ध जारी रहने की स्थिति में वह यूक्रेन की मदद नहीं कर पाएगा। जाहिर है, अमेरिका दुनिया के किस देश को बख्श रहा है। जो भी उसके समक्ष नतमस्तक हो रहा है, उसकी पीठ पर वह अपना हाथ रख रहा है लेकिन जो स्वाभिमान से गर्दन सीधी करके खड़ा होना चाहता है, वह उसके लिए दुश्मन और विरोधी बन रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे देशों को मृत आर्थिकी बताकर उन्हें अपमानित कर रहे हैं और वहां की जनता के विकास की संभावनाओं में रोड़े अटका रहे हैं। उनके लिए यूक्रेन भी ऐसा ही देश है, वे चाहते हैं कि जैसे-तैसे करके जिसमें बेशक यूक्रेन का और नुकसान होता है तो हो, लेकिन यह युद्ध रूक जाए।**

हालांकि इस दौरान राष्ट्रपति का रवैया ऐसा रहा, जिसमें वे किसी एक पक्ष का हित ही ज्यादा देख रहे थे। निश्चित रूप से यह कहना कि यूक्रेन क्रीमिया और नाटो सदस्यता की उम्मीद छोड़ दे, निराशाजनक बयान है। इस बैठक में जेलेंस्की ने त्रिपक्षीय बैठक को स्वीकार किया है। उनका रूख पहले से कुछ नरम हुआ है और वे भी चाहते हैं कि युद्ध अब खत्म हो। हालांकि उन शर्तों का क्या, जोकि रूस की ओर से रखी गई हैं और अमेरिका भी उनके प्रति उदासीन है। बीते तीन वर्षों से जारी युद्ध ने यूक्रेन का सुख-चैन सब छीन लिया है। इससे उसकी आर्थिकी बर्बाद हो गई है। लेकिन न जाने किस सीख पर चलते हुए यूक्रेन नाटो की सदस्यता हासिल करने और रूस से दूरी बनाने की चाह रखे हुए है। बेशक, यूक्रेन को अपनी आजादी प्यारी है और ऐसा होना भी चाहिए। हालांकि युद्ध से पहले रूस की ओर से सिर्फ इसकी मांग की गई थी कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेने की न सोचे, क्योंकि ऐसा होता है तो यूरोप और अमेरिका उसके बेहद नजदीक होंगे और यह उसकी सुरक्षा के लिए खतरा होगा। वास्तव में उसी समय बातचीत का दौर शुरू होना चाहिए था और रूस से यूक्रेन को इस संबंध में चर्चा करनी चाहिए थी कि आखिर उसके लिए ऐसा करना क्यों जरूरी है या फिर कोई अन्य रास्ता है।

गौरतलब है कि अमेरिका की ओर से ऐसे बयान आए हैं, जिनमें कहा गया है कि युद्ध जारी रहने की स्थिति में वह यूक्रेन की मदद नहीं कर पाएगा। जाहिर है, अमेरिका दुनिया के किस देश को बख्श रहा है। जो भी उसके समक्ष नतमस्तक हो रहा है, उसकी पीठ पर वह अपना हाथ रख रहा है लेकिन जो स्वाभिमान से गर्दन सीधी करके खड़ा होना चाहता है, वह उसके लिए दुश्मन और विरोधी बन रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे देशों को मृत आर्थिकी बताकर उन्हें अपमानित कर रहे हैं और वहां की जनता के विकास की संभावनाओं में रोड़े अटका रहे हैं। उनके लिए यूक्रेन भी ऐसा ही देश है, वे चाहते हैं कि जैसे-तैसे करके जिसमें बेशक यूक्रेन का और नुकसान होता है तो हो, लेकिन यह युद्ध रूक जाए। इस बैठक के दौरान भी उन्होंने इसका दावा किया कि उन्होंने पूरी दुनिया में अनेक युद्ध रूकवाए हैं। वे भारत-पाक के संबंध में तेरह बार से ज्यादा इसका दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यस्थता करवाई। हालांकि यह झूठ और दिखावे के अलावा कुछ नहीं है। इस युद्ध को भारत ने अपना लक्ष्य पूरा होने के उपरांत ही विराम दिया था और यह ऑपरेशन अब भी संचालित है, उसे केवल पोज किया गया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष होने को आए हैं और अब हालात ऐसे हैं कि यूक्रेन अपने बूते इस युद्ध को जारी रख पाने में नाकाम है। हालांकि इस युद्ध को यूक्रेन ने नहीं चाहा था, यह युद्ध रूस की चाह था और अमेरिका एवं यूरोपीय देशों की चुनौती को खत्म करने के लिए उसने यूक्रेन पर हमला किया था। अब वही अमेरिका जिसने रूस के खिलाफ यूक्रेन को मदद दी, यूक्रेन से अपनी उसी मदद की राशि को वापस मांग रहा है। वह चाहता है कि यूक्रेन की सरजमीं में दफन प्राकृतिक संसाधनों का वह उपभोग कर सके और इसके लिए यूक्रेन उसके साथ समझौता करे। हालांकि बदले में यूक्रेन सिर्फ अपनी सुरक्षा की गारंटी मांग रहा है, लेकिन अमेरिका के लिए यह भी बहुत बड़ी चीज लग रही है। अमेरिका हमेशा से दुनिया का रखवाला होने का दंभ भरता आया है, तो अब एकाएक उसे यह सब फिजूल लगने लगा।

एक कारोबारी व्यक्ति जोकि अब अपने दूसरे कार्यकाल में फिर राष्ट्रप्रमुख बन गया है तो वह ऐसे मामलों में दुकानदारी दिखाएगा। क्या मानवता को बचाने के सरोकार खत्म हो गए। यह भी कितना विचित्र है कि लोकतांत्रिक देशों में अमेरिका की ओर से चुनाव के प्रचार पर खर्च होने वाली राशि को भी अमेरिका ने बंद कर दिया है।

## हरियाणा गाँधी बाबू मूलचन्द जैन की 110वीं जयंती पर विशेष

# जब बाबूजी ने चुनाव हारने पर लड्डू मांगे

दैनिक अर्थ प्रकाश



डॉ. स्वतन्त्र जैन
मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

बाबूजी 1957-62 तक कैथल से लोकसभा के बहुत प्रभावशाली सांसद थे, पंडित नेहरु उनके काम करने के ढंग, और सांसद में अपनी हर बात को प्रभावशाली व शालीन ढंग से रखने के कायल थे। यह बड़ी संभावना थी कि अगले चुनाव के बाद उन्हें नेहरु मंत्री-मंडल में शामिल कर लिया जाये। पर पंजाब के मुख्य मंत्री, सरदार कैरो ने यह भाप कर बाबूजी से कहा, हमें आपकी पंजाब में भी जरूरत है, आप पंजाब में विधान सभा के लिए चुनाव लड़ें। बाबूजी ने मोरारजी भाई से इसके लिए सलाह की, तो मोरारजी भाई ने सरदार कैरो से पूछ कर श्री जैन को बताया कि वास्तव में वह श्री जैन को मन्त्री लेना चाहेंगे, इसलिए उन्हें सरदार कैरो का सुझाव मान लेना चाहिए। इस विश्वास पर श्री जैन ने असेम्बली के लिए कांग्रेसी टिकट लिया।

शुरु में बाबूजी को बुटाना क्षेत्र का टिकट मिला और श्री मुलतान सिंह को घरौन्डा क्षेत्र से। परन्तु श्री मुलतान सिंह को घरौन्डा क्षेत्र से जीतने की आशा नहीं थी। वह बुटाना क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे। बुटाना क्षेत्र दोनों के लिए घरौन्डा क्षेत्र की अपेक्षा आसान था। फ़िर भी श्री जैन ने क्षेत्र बदलना स्वीकार कर लिया। श्री मुलतान सिंह बुटाना क्षेत्र से सफल हुए, परन्तु किसी साजिश की वजह से श्री जैन घरौन्डा क्षेत्र से चुनाव जीत नहीं पाए।

श्री जैन ने इस हार को ईश्वर की मर्जी मान कर अपने कार्यकर्ताओं को विदा देने के बाद घर आ कर हमारी माँ से लड्डू मांगे। माँ ने यह कहते हुए ताना मारा कि 'जैसे बड़ा तीर मार कर आये हो, जो लड्डू मांग रहे हैं।' तब जो बाबूजी ने उत्तर दिया, वो कोई संत-महात्मा भी शायद ही सोच पाता। उन्होंने अपनी हार को खुशी-खुशी यह समझकर स्वीकार करते हुए कहा कि-

'उनसे परम-पिता परमात्मा वह काम लेना चाहते हैं जो उनकी जीत होने पर नहीं लिया जा सकता था'।

निकट भविष्य की दो घटनाओं से यह बात सिद्ध भी हो गई कि, यदि बाबूजी 1962 के चुनाव में जीत जाते तो इन दानों घटनाओं में जो महत्वपूर्ण भूमिका बाबूजी ने निभाई, वो नहीं कर पाते। उनमें से एक महत्वपूर्ण घटना का उल्लेख यहाँ किया गया है7

यह घटना सन् 1962 की है, जब विधायक कामरेड रामप्यारा, कॉंग्रेसी होते हुए भी तत्कालीन मुख्य-मंत्री, श्री प्रताप सिंह कैरो के कड़े आलोचक थे। कैरों उनकी बार-बार की आलोचना से बेहद दुखी थे। इसलिए उन्हें दिन दिहाड़े बाजार में पिटवाया गया। हमला करने वाले साधारण से व्यक्ति थे, जिनकी कामरेड रामप्यारा से कोई दुश्मनी नहीं हो सकती थी। उन्हें तो गिरफ्तार कर लिया गया, परन्तु इस हमले की साजिश में स्वयं मुख्यमन्त्री और करनाल निवासी उनके दो समर्थकों का खुलेआम नाम लिया जा रहा था।



उनके विरुद्ध पुलिस ने जब कोई कार्यवाही नहीं की, तो श्री जैन ने 'जिला करनाल नागरिक परिषद' के अत्यंत महत्वपूर्ण चेयरमैन के पद से त्यागपत्र दे दिया। ध्यान रहे कि चीन के हमले के बाद सारे देश, प्रदेश और हर जिले में 'नागरिक परिषदें' बनाई गयी थी। ऐसी जिला नागरिक परिषदों का प्रधान जिले के किसी प्रसिद्ध नागरिक को ही बनाया जाता था, और जिला मैजिस्ट्रेट इस परिषद का सेक्रेटरी होता था। श्री जैन ऐसे महत्वपूर्ण पद की भी परवाह न करते हुए श्री रामप्यारा के पक्ष में जुल्म और अन्याय के विरुद्ध खुले तौर पर खड़े हो गए।

जब पुलिस ने हमला करने वाले के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की, तो श्री रामप्यारा ने उनके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर अपने मुकदमें को मेरठ जिला मैजिस्ट्रेट की अदालत में बदली करवा लिया। वहॉं श्री जैन को उच्च न्यायालय में गवाही देने के लिए बुलाया गया। एक घण्टे तक श्री जैन ने उन हालात पर प्रकाश डाला, जिनकी वजह से उन्हें विश्वास था कि उस हमले में मुख्य-मन्त्री और उनके करनाल निवासी दो समर्थकों का हाथ है। उसके पश्चात् जिला मैजिस्ट्रेट एक घण्टे तक स्वयं श्री जैन से सवाल करते रहे। अन्त में उनकी गवाही से न्यायालय की तसल्ली हुई।

सरदार कैरो और उनके करनाल निवासी दो समर्थकों को बतौर दोषी कोर्ट में पेश होना पड़ा। हालांकि सरदार कैरो उस समय पंजाब के मुख्य-मन्त्री थे। यह 1964 जून-जुलाई की बात है। श्री रामप्यारा पर हमले के पश्चात् श्री जैन ने प्रण किया था कि जब तक कैरो और उनके साथियों को बतौर दोषी न्यायालय में बुलाया नहीं जाता वे टोपी नहीं पहनेंगे और नंगे सिर रहेंगे। उन्होंने अपने वचन को पूरा करते हुए श्री कैरो को सजा दिलवा कर ही दोबारा टोपी पहनी थी।

विचारने की बात यह है कि 'बाबूजी का ईश्वर की करनी पर' यह कैसा अद्भुत विश्वास रहा होगा कि उनसे परम-पिता परमात्मा वह काम लेना चाहते हैं जो उनकी जीत होने पर नहीं लिया जा सकता था'। उक्त घटना से यह बात सिद्ध भी हो गई कि, यदि बाबूजी 1962 के चुनाव में जीत जाते तो कामरेड रामप्यारा को न्याय बिलकुल नहीं दिला सकते थे, और इसमें जो महत्वपूर्ण भूमिका बाबूजी ने निभाई, वो कभी नहीं कर पाते। बाबूजी का यह विश्वास कि हर बुराई में कोई न कोई भलाई छिपी होती है, सारी उम्र उनके साथ रहा। यही उनकी बहुत बड़ी ताकत बन कर उनके साथ जीवन-पर्यंत रहा।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी भाषा संविधान की 8वीं सूची में शामिल

नई दिल्ली। नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी भाषाएं संविधान की 8वीं सूची में शामिल हो गई है। आज लोकसभा व राज्य सभा में इस आशय के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। लोकसभा ने नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में 71वां संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के पक्ष में 343 सदस्यों ने मत दिये जबकि इसके विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा। लोकसभा ने उस बेमिसाल एकता का परिचय दिया जब गृहमंत्री एसबी चव्हाण को इस विधेयक को प्रस्तुत करने की अनुमति एकमत से दी गई। प्रस्ताव के दौरान कोई बाधा नहीं आई। इसके पक्ष में सभी सदस्यों की एक जैसी आम राय थी। इस अवसर पर बोलते हुए गृहमंत्री ने कहा कि इन तीनों भाषाओं को उचित सम्मान देने के लिए यह कदम उठाया गया है। नेपाली भाषा को संविधान की आठवीं सूचि में शामिल किए जाने को उन्होंने सर्वथा उचित ठहराया।

### शहर के दो युवकों पर जीरकपुर के निकट फायरिंग एक की मौत, दूसरा घायल

चंडीगढ़। गत रात्रि नगर के दो जाने माने घरानों के बेटे उस समय गोलियों का शिकार हो गये जब वे लोग कस्बा जीरकपुर से होकर कही जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विनोद तलवार व जेडी अग्रवाल नामक ये युवक मीनाक्षी नामक युवती सहित मारुति कार नंबर सीएच 01 एफ0055 में कही जा रहे थे। रात लगभग साढ़े बारह बजे के करीब जीरकपुर के पास से गुजरते हुए किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उन पर गोलियां चला दी गई। जेडी अग्रवाल नामक युवक मौके पर ही दम तोड़ गया जबकि विनोद तलवार को घायल अवस्था में यहां के पीजीआई में दाखिल करवाया गया। पुलिस विनोद तलवार से किसी को मुलाकात की अनुमति नहीं दे रही। मीनाक्षी नामक युवती मंच कलाकार बताई जाती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती इन युवकों का अपहरण करना चाहती थी ताकि भारी रकम की मांग की जा सके। युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है उससे गहन पूछताछ जारी है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1897- रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
1917- प्रगतिशील काव्य धारा के प्रसिद्ध कवि त्रिलोचन शास्त्री का जन्म।
1921- केरल के मालाबार क्षेत्र में मोपला विद्रोह की शुरुआत हुई।
1944- भारत के नौवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म।
1946- इंफ़ोसिस कंपनी के संस्थापक एन. आर. नारायणमूर्ति का जन्म।
1949- यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया।
1955- मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
1972- तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979- तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिन बाद इस्तीफा दिया।
1986- भारत की महिला शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव का जन्म।
1988- भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।
1991- उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ मोहंती का निधन।
1994- सं.रा.अमेरिका द्वारा क्यूबा के शरणार्थियों को आश्रय देने की 28 वर्ष की पुरानी नीति को समाप्त करने की घोषणा।
1995- पुरूषोत्तम एक्सप्रेस और कालिंदी एक्सप्रेस के आमने सामने की टक्कर में 250 से ज्यादा लोगों की मौत।
1998- लिएंडर पेस ने पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता जीता।
2001- स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता।
2002- फिलिस्तीन छापामार नेता अबू निदाल मृत पाया गया।
2004- फ़ोर्ब्स पत्रिका ने विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की।
2008- भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध कलाकार अरुणा साई राम को अमेरिका में विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।
2011- भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद राम शरण शर्मा का निधन।
2012- वेनेजुएला की राजधानी काराकस में दंगे में 20 लोग मरे।
2013- उत्तरी काकेशस में रूसी पुलिस की कार्रवाई में नौ आतंकवादी मारे गए।
2014- प्रसिद्ध भारतीय योग गुरु बी. के. एस. आयंगर का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल



**कमलेश सिंह:** अगर राहुल गांधी कहते है कि बारिश हो रही है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कहते है कि धूप खिली है, तो आपका काम खिड़की से बाहर देखना और सही स्थिति पता कर बताना है कि कौन गलत है।

**आदित्य शाह:** जीएसटी में कटौती के साथ-साथ मुनाफखोरी-रोधी कानून को भी फिर से लागू किया जाना चाहिए। यह कंपनियों को अपने फायदे के लिए कीमतें बढ़ाने से रोकता है। जीएसटी में कटौती का लाभ अनिवार्य रुप से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए।

**सुकेश रंजन:** अमित शाह के साथ ज्ञानेश कुमार की तस्वीरे डालकर कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त निष्पक्ष कैसे हो सकते है? यह आपतिजनक है। अधिकारी अलग-अलग समय अलग-अलग सरकारों के साथ काम करते है।

**आरके विज:** राष्ट्रपति और राज्यपालों पर समय सीमा उन मामलों में तय करना उचित है, जिनमें लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों के कार्य बांधित होते हो, अन्य पर नहीं। मध्यमार्ग।

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र

मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित- ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र - छोड़ा गया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्या सो असामान्ये उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे–साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों –और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्रक इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तररदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्चत, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और 'नो गो' क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में 'नो गो' क्षेत्रों को लगभग 99 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है। ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है। लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूकबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्ट म का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का



सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तधर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थरगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60त्न का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वऔपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है।

दिवाली तक लॉन्च् किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्चर की गई है; नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है।

महत्वाकांक्षा को वास्त.विकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है–इस निकाय को आर्थिक गतिविधियों के पूरे इकोसिस्ट म को नया रूप देने के लिए बनाया गया है। इसका अधिदेश जितना साहसिक है, उतना ही लंबे अर्से से अपेक्षित भी है- हमारे स्टार्टअप्स और एमएसएमई पर बोझ डालने वाली अनुपालन लागत में कटौती करना, उद्यमों को निरंतर मनमानी कार्रवाई की छाया में रहने से छुटकारा दिलाना, तथा जटिल कानूनों को सरल, पूर्वानुमानित और व्यवस्थित ढांचे में ढालना।

15 अगस्त को घोषित सुधार, केवल अगले दिन की सुर्खियों के लिए नहीं, बल्कि 2047 के भारत से संबंधित हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया, दुनिया एक प्राचीन सभ्यता को - अपनी जड़ों को त्यागकर नहीं, बल्कि उनसे शक्ति प्राप्त करके आधुनिक शक्ति में तब्दील होते हुए देख रही है।

**लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।**

# कुल्लू की लगघाटी में बादल फटने से भारी तबाही

लग वैली में रोपडी-भुट्टी का पुल और सुम्मा का शमशान घाट बहा, कई सड़के क्षतिग्रस्त

उपायुक्त ने लग वैली और भूतनाथ पुल का किया दौरा





अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 19 अगस्त।** जिला कुल्लू में बीती रात हुई भारी बारिश के चलते लगघाटी के समाना में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। बादल फटने से तीन दुकान और एक बाइक बाढ़ की चपेट में बह गई है। बादल फटने से आई बाढ़ से लोगों के खेतों को भी नुकसान हुआ है। अब जिला प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इसके अलावा बादल फटने से आई बाढ़ से सरवरी नाला उफान पर है। भूतनाथ मंदिर के पास बस स्टैंड को जोड़ने वाली सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं और यहां डंगा नदी में समाने की कगार पर है। कुल्लू मुख्यालय के साथ लगते चंडीगढ़ बिहाल में देर रात सरबरी नदी का पानी बढ़ जाने से लोगों को रात 2ः00 बजे अपने मकान खाली करने पड़े और सुरक्षित जगह पर पहुंचे। उधर मंडी कुल्लू मार्ग भी पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है बीच-बीच में हालांकि वाहनों की आवाजाही हुई। लेकिन कुल्लू मंडी मार्ग पर खतरा अभी भी बना हुआ है। बीती रात लग वैली में बादल फटने और भारी वर्षा के कारण कई सड़कें, पुल और लोगों की निजी सम्पत्तियाँ प्रभावित हुई हैं। लग वैली में रोपडी-भुट्टी का पुल और सुम्मा का शमशान घाट बह गया है। इसके अतिरिक्त इस वैली कि पंचायतों को जोड़ने वाली कुछ सड़कों को भी भारी नुकसान होने से बाधित हैं।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने मंगलवार को भूतनाथ पुल और लग वैली का दौरा कर बादल फटने व भारी वर्षा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर लोक निर्माण विभाग और पुलिस को लोगों कि सुरक्षा को देखते हुई पुल पर आवाजाही बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से भी इस पुल का उपयोग नहीं करने कि अपील। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि वे मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी अलर्ट का अनुपालन करें तथा अनावश्यक यात्राओं से बचें। उन्होंने कहा कि लगातार वर्षा के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए लोग इन स्थानों के नजदीक न जाएं।

उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब अढाई बजे लग वैली में बादल फटने से सरबरी नाले में अचानक भारी मात्रा में पानी आ गया। जिससे भूतनाथ पुल की सड़क को भारी क्षति पहुँची है। उन्होंने बताया कि एहतियातन लोक निर्माण विभाग और पुलिस को पुल से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद करने के निर्देश जारी किये गए हैं । लोगों से भी इस पुल का उपयोग न करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा हनुमानी बाग में इसी खड्डु पर बना पैदल पुल भी बह गया है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि बीती रात लग वैली में बादल फटने और भारी वर्षा के कारण कई सड़कें, पुल और लोगों की निजी सम्पत्तियाँ प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि लग वैली में रोपडी-भुट्टी का पुल और सुम्मा का शमशान घाट बह गया है। इसके अतिरिक्त इस वैली कि पंचायतों को जोड़ने वाली कुछ सड़कों को भी भारी नुकसान होने से बाधित हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों को शीघ्र खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस मानसून सीजन के दौरान अब तक जिला में 8 पक्के और 2 कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं, जबकि 14 पक्के और 17 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### एनएच 3 यातायात के लिए बहाल

उपायुक्त ने बताया कि एनएच-3 को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है, जबकि एनएच-305 कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण अवरुद्ध है और इसे खोलने का क्रय जारी है । उन्होंने बताया कि रोपा के पास मार्ग अवरुद्ध होने से 100 के करीब गाड़ियां फंसी हुई हैं। इन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है तथा यात्रियों के खाने-पीने की व्यवस्था भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बंजार उपमंडल में 34, निरमंड में 37, कुल्लू में 30 और आनी में 3 सम्पर्क सड़कें बंद हैं, जिन्हें खोलने का कार्य लगातार जारी है। उपायुक्त ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे सतर्क रहें, प्रशासन का सहयोग करें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# राज्य स्तरीय सायर महोत्सव 16, 17 व 18 सितम्बर को: संजय अवस्थी

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 19 अगस्त।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की उपमण्डल का ऐतिहासिक राज्य स्तरीय सायर महोत्सव का आयोजन 16, 17 व 18 सितम्बर, 2025 को अर्की के चौगान मैदान में किया जाएगा। संजय अवस्थी आज यहां राज्य स्तरीय सायर महोत्सव के सफल आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि सभी विभाग तथा स्थानीय लोगों के समन्वय से मेले का सफल आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय मेले में सांस्कृतिक संध्याएं मुख्य आकर्षण रहेंगी। सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश व स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने उपमंडलाधिकारी अर्की को मेले के सफल आयोजन के लिए शीघ्र विभिन्न उप समितियों का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने व नशे से दूर रखने के लिए मेले में विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि मेले में सफाई व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। उन्होंने परिवहन विभाग को मेले के दौरान यात्रियों को लाने व उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रात्रि बस सुविधा चलाने के निर्देश भी दिए।

संजय अवस्थी ने विभिन्न विभागों को मेले के दौरान प्रदर्शनियां लगाने व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में लगाई गई उत्कृष्ट प्रदर्शनियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उपायुक्त एवं राज्य स्तरीय सायर मेला के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

### ये रहे बैठक में मौजूद

इस अवसर पर नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, बाघल लैंड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, महाप्रबंधक उद्योग सुरेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अजय शर्मा सहित विभिन्न विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना पुलिस जिले में दो परिवारिक व एक यातायात मामले में बड़ी कार्रवाई

**ऊना (अप्रस/रोहित शर्मा )।** वार्ड नं.4, नारी निवासी जीत राम द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर थाना सदर ऊना में ओम प्रकाश और कशमीरो देवी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बेटी अनीता देवी, जो अलग घर में रहती थी, आरोपी सास-ससुर द्वारा लगातार प्रताड़ना से तंग आकर 18 अगस्त की शाम जहरीली दवा खा बैठी। उपचार ऊना अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अन्वेषण जारी है। जबकि थाना बंगाणा में मित कुमार निवासी हरि नगर द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार सतपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, लता कुमारी और कंचन देवी ने 18 अगस्त को घर में गाली-गलौज करने के बाद मारपीट की। शिकायतकर्ता व उसकी पत्नी को चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार 18 अगस्त को यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 328 वाहन मालिकों के चालान किए गए, जिसमें 95 चालानों पर मौके पर ही 76,600रु. जुर्माना वसूला गया। जिला पुलिस ऊना ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की और 6 लोगों के चालान कर 600रु. जुर्माना वसूला। पुलिस चौकी संतोषगढ़ के अंतर्गत एक वाहन को अवैध खनन अधिनियम के तहत जब्त कर आगे की कार्रवाई हेतु अदालत भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ऊना ने आमजन से कानून का पालन करने की अपील की है एवं कहा है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### मां श्री दुर्गा लंगर समिति ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 लाख रूपए का अंशदान किया



**बिलासपुर (अप्रस/अजय मल्होत्रा)।** मां श्री दुर्गा लंगर समिति ने मंगलवार को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 लाख 1 हजार रूपए का चेक भेंट किया। यह सहयोग आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए दिया गया है। समिति के अध्यक्ष ललित डोगरा के नेतृत्व में प्रधान गंगाराम, सचिव भूपेंद्र टाडू, प्यारे लाल शर्मा, विपुल हांडा और सुनील टाडू इस अवसर पर उपस्थित रहे। उपायुक्त राहुल कुमार ने समिति के सदस्यों का आभार जताया और कहा कि यह योगदान आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने में सहायक होगा।

### भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए पटवारी से करें संपर्कः एडीसी



**ऊना (अप्रस/रोहित शर्मा)।** अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना, महेंद्र पाल गुर्जर ने जानकारी दी है कि जिला में भू-मालिकों की भूमि से संबंधित रिकॉर्ड को उनके आधार और मोबाइल नंबर से जोड़ने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भूमि रिकॉर्ड को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुलभ बनाना है। एडीसी ने बताया कि जिला ऊना में अभी भी कई भू-मालिकों की आधार और मोबाइल सीडिंग का कार्य शेष है। उन्होंने सभी भू-मालिकों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपने क्षेत्र के संबंधित पटवारी से संपर्क करें और अपनी भूमि की आधार व मोबाइल सीडिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करवाएं। पटवारी के पास जाते समय अपना आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर जाना सुनिश्चित करें ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# हमीरपुर के 1,21,934 बच्चों एवं नवयुवाओं को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

21 अगस्त को आंगनवाड़ी और शिक्षण संस्थानों में दी जाएगी एल्बेंडाजोल

छूटे बच्चों एवं नवयुवाओं को दूसरे चरण में 28 अगस्त को दी जाएगी दवाई



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर 19 अगस्त।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 21 अगस्त को जिला हमीरपुर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों और शिक्षण संस्थानों में एक से 19 साल तक के सभी बच्चों, किशोरों और नवयुवाओं को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल एवं विटामिन-ए की दवाई दी जाएगी। इस विशेष अभियान की तैयारियों और स्वास्थ्य विभाग के अन्य टीकाकरण एवं प्रतिरक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि किन्हीं कारणों से 21 अगस्त को छूटे बच्चों एवं युवाओं को 28 अगस्त को कृमिनाशक दवा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और आशा वर्करों के साथ-साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, पंचायतीराज तथा अन्य संबंधित विभागों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए, सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस अभियान को पूर्णतयः सफल बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि जिला में एक से 19 साल तक के लगभग 1,21,934 बच्चों एवं युवाओं को इसमें कवर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बच्चे के पेट में कृमि होने पर उसका शारीरिक विकास प्रभावित हो सकता है और वह अनीमिया जैसी बीमारी की चपेट में भी आ सकता है। इसलिए, 19 वर्ष तक के हर बच्चे एवं युवा के लिए कृमिनाशक दवाई बहुत ही जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि प्रवासी बच्चे और किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ चुके बच्चे भी इस अभियान में विशेष रूप से कवर होने चाहिए।

जिला में स्वास्थ्य विभाग के अन्य प्रतिरक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कई गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए छोटे बच्चों को अलग-अलग समय पर कुल 12 प्रकार की वैक्सीन दी रही हैं और जिला में इसकी कवरेज की प्रतिशतता काफी अच्छी है। जिला में 99.7 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी अस्पतालों में ही हो रही है।

उपायुक्त ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और बच्चों की वैक्सीनेशन की ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम-2 (आरसीएच-2) आरंभ किया जा रहा है। इसमें सभी गर्भवती महिलाओं को वेब पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और इनके स्वास्थ्य की जांच से लेकर बच्चों के टीकाकरण तक के शेडयूल की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की गंभीर बीमारियों का इलाज एवं सर्जरी निशुल्क की जाती है। छोटे बच्चों के कटे होंठ की प्लास्टिक सर्जरी और अन्य बड़े ऑपरेशन भी मुफ्त किए जाते हैं। जिला में हाल ही में 4 बच्चों की निशुल्क सर्जरी की गई है।

बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने विभिन्न कृमि मुक्ति दिवस और अन्य प्रतिरक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी बीएमओ और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रवादी संस्थाएं घुसपैठियों को हटाने के लिए प्रतिबद्ध, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी बेशर्मी से कर रहे उनका बचाव: जिला भाजपा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 19 अगस्त।** भाजपा ने आज कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर उनके निराधार 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर तीखा हमला बोला। एक संयुक्त बयान में, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और महामंत्री अजय रिंटू व राजेश सहगल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर अपनी पुरानी आदत पर लौट आई है कि जब भी उसे हार का आभास होता है, वह रोना-धोना शुरू कर देती है।

भाजपा नेताओं ने याद दिलाया कि यह वही कांग्रेस है जो 2024 के आम चुनाव के नतीजों के बाद मिठाइयाँ बाँट रही थी और पटाखे फोड़ रही थी। कोंग्रेसी नेता उस समय 99 सीटें जीतने और भाजपा को 250 से नीचे रखने का दावा कर फूले नहीं समा रहे थे। उन्होंने कहा, 'तब वोट चोरी कहाँ थी? जब वे तेलंगाना और कर्नाटक में जीते थे, तो चुनाव आयोग उनके लिए लोकतंत्र का मंदिर था। लेकिन जैसे ही महाराष्ट्र के बाद उनका पतन स्पष्ट हुआ, वे उन्हीं संस्थानों को गाली देने लगे जिनके लिए उनके मुँह से कभी कोई बुरे शब्द नहीं निकलते थे।'

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसकी सबसे करीबी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) फर्जी मतदाताओं के गोरख धंधे में गले तक डूबी हुई है और मतदाता सूचियों के चल रहे पुनरीक्षण अभियान से फर्जी मतदाताओं के बाहर होने से घबराई हुई है। 'इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सबसे ज़्यादा शोर राजद के नेताओं के हवाले से आ रहा है - एक ऐसी पार्टी जो फर्जी वोटों पर फलती-फूलती है। और कांग्रेस पार्टी बिहार में अपनी खोई हुई राजनितिक जमीन ढूंढ़ने ले लिए राष्ट्रीय जनता दल के हाथों की कठपुतली बनकर नाच रही है। अब जब उनकी छल-कपट की दुकान बंद हो रही है, तो दोनों दल बेकार का हो-हल्ला मचा रहे हैं।'

राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए, भाजपा नेताओं ने कहा कि जब भी उन्हें हार का सामना करना पड़ता है, तो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को गाली देना उनकी आदत बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि, 'राहुल गांधी ने खुद को एक ऐसे राजनीतिक रोने वाले बच्चे में बदल दिया है जो खुद को छोड़कर हर किसी पर दोष मढ़ता है। कांग्रेस इस तथ्य को पचा नहीं पा रही है कि भारत के लोगों ने उन्हें बार-बार खारिज किया है, और इसलिए वे षड्यंत्र के सिद्धांत गढ़ रहे हैं। 'इंडी' गठबंधन बिहार में अपनी अपमानजनक हार का पूर्वानुमान लगा चुका है, और हताशा में अपने डूबते जहाज को बचाने के लिए इसके सभी नेता झूठ का सहारा ले रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान करना बंद करना चाहिए और जमीनी हकीकत को स्वीकार करना चाहिए - भारत के लोगों को उन पर कोई भरोसा नहीं रहा है।

# ग्राम पंचायत धरोट में एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 19 अगस्त।** ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सोलन आकांक्षा डोगरा ने कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है तथा नालसा ऐप के माध्यम से प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकता है। आकांक्षा डोगरा आज ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन द्वारा ग्राम पंचायत धरोट में आयोजित एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता कर रही थीं।


आकांक्षा डोगरा ने शिविर में उपस्थित लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता, मध्यस्थता व नालसा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में मध्यस्थता की भूमिका अहम है। मध्यस्थतों के माध्यम से लंबित मामलों के निपटारे की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। सभी न्यायालयों में मध्यस्थता केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों में मध्यस्थता करवाने के लिए प्रशिक्षित मध्यस्थतों की नियुक्ति की गई है जिसमें आम नागरिकों को मध्यस्थतों की सेवा निःशुल्क प्रदान की जाती है। आम नागरिक स्वेच्छा से अपने मामलों का निपटारा मध्यस्थतों के माध्यम से कर सकते हैं। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने कहा कि विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय, राज्य, ज़िला व उपमंडल स्तर पर निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए तथा लोगों की समस्याओं के निदान के लिए व्यवस्था की गई है। सभी महिलाएं व अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग तथा जिनकी आय तीन लाख से कम हो, बाढ़ व प्राकृतिक आपदा से ग्रस्त लोग, औद्योगिक श्रमिक और वरिष्ठ नागरिक निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की परामर्शदाता कृतिका ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को एच.आई.वी. के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

अधिवक्ता प्रभा शर्मा ने इस अवसर पर कानूनी जानकारी के साथ-साथ नशे के दुष्प्रभावों व इससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

ग्राम पंचायत धरोट की प्रधान कमलेश कश्यप ने इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत किया और शिविर के आयोजन के लिए ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री कर रहे हैं बड़सर के साथ सौतेला व्यवहार आयुष संस्थानों की बदहाली ने खोली कांग्रेस सरकार की पोल: इंद्रदत्त लखनपाल

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 18 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में बड़सर के विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने आयुष विभाग की बदहाली पर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बड़सर विधानसभा क्षेत्र के साथ खुला सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। सरकार द्वारा प्रश्न संख्या 1272 के लिखित उत्तर में स्वयं यह स्वीकार किया गया कि बड़सर क्षेत्र में स्थापित 15 आयुष संस्थान (14 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र व 01 आयुर्वेदिक अस्पताल) वर्षों से बिना पर्याप्त स्टाफ के चल रहे हैं। इनमें से कई पद कई वर्षों से रिक्त हैं, जिन्हें आज तक भरने का कोई प्रयास नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में नई घोषणाएँ और पदों की भर्तियाँ की जा रही हैं, लेकिन बड़सर की अनदेखी की जा रही है। सरकार का यह स्वीकार करना कि कई सालों से पद रिक्त हैं, यह साबित करता है कि बड़सर की जनता को जानबूझकर उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। यह सौतेला रवैया जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

### भाजपा सरकार की दृष्टि बनाम कांग्रेस की लापरवाही

विधायक ने याद दिलाया कि पूर्व भाजपा सरकार के समय आयुष संस्थानों को मजबूत करने के प्रयास हुए थे और केंद्र सरकार आज भी आयुष को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएँ शुरू कर रही है। लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार उन संस्थानों को भी चलाने में नाकाम है जो पहले से स्थापित हैं।

### विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल का सीधा सवाल

विधायक ने कहा 'जब मुख्यमंत्री प्रदेश के बाकी जिलों में नए-नए वादे और उद्घाटन कर सकते हैं, तब बड़सर के लोगों को उनका हक क्यों नहीं दिया जा रहा? क्या बड़सर की जनता ने कांग्रेस को वोट नहीं दिया? यह साफ सौतेला व्यवहार है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' उन्होंने आगे कहा 'ग्रामीण इलाकों में आयुष सेवाएँ सिर्फ कागजों पर चल रही हैं, मरीजों को इलाज और दवाइयों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।' प्रदेश सरकार ने बड़सर के साथ अन्याय की हद कर दी है। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र दखयोडा - चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद से रिक्त, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र जोडे अम्ब- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद से रिक्त, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र कलवाल - चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद रिक्त, आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिझड़ी - सफाई कर्मचारी का पद कई सालों से रिक्त हैं। इनके अलावा चिकित्सक और तकनीकी पद भी वर्षों से खाली हैं। विधायक इन्द्र दत्त लखनपाल ने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत कार्रवाई करके बड़सर के संस्थानों में रिक्त पदों को नहीं भरा तो भाजपा जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। 'मुख्यमंत्री को यह समझना होगा कि बड़सर की जनता दूसरी दर्जे की नागरिक नहीं है। जनता के साथ सौतेला व्यवहार बंद कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार दिया जाए, अन्यथा कांग्रेस सरकार को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।'

# सावधान! ऊना में बेसमेंट खरीदने से पहले जांचें नक्शा, वरना हो सकती है बड़ी परेशानी

## ऊना नगर निगम में नियम कायदों को ताक पर रखकर दर्जनों व्यावसायिक भवन निर्माण किए जा रहे हैं

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 19 अगस्त।** यदि आप ऊना नगर निगम क्षेत्र में किसी भवन की बेसमेंट खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो थोड़ा ठहरिए...और पहले सावधानी से पूरी जांच-पड़ताल कर लीजिए। कहीं ऐसा न हो कि जो संपत्ति आपको बेची जा रही है, वह नगर निगम के अनुमोदित नक्शे में पार्किंग स्थल के रूप में दर्ज हो। ऐसी स्थिति में न केवल आपकी जमा पूंजी जोखिम में पड़ सकती है, बल्कि आपको बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सेवाओं के कनेक्शन भी नहीं मिल पाएंगे। नगर निगम ऊना में दैनिक अर्थ प्रकाश के ध्यान में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां विक्रेता जानबूझकर पार्किंग के लिए स्वीकृत बेसमेंट को दुकान के रूप में बेचने का प्रयास कर रहे हैं। यह पूरी तरह अवैध है और ऐसे सौदे खरीदार को गंभीर कानूनी और व्यवहारिक परेशानियों में डाल सकते हैं। केवल बेसमेंट ही नहीं, बल्कि 'सरेंडर एरिया', 'सेट अपार्ट एरिया' और 'ओपन पार्किंग स्पेस' जैसी सार्वजनिक उपयोग की जमीनों को भी अवैध रूप से बेचे जाने के प्रयास सामने आए हैं। यह नियमों का खुला उल्लंघन है, जो नागरिकों को भविष्य में न केवल आर्थिक हानि बल्कि कानूनी उलझनों में भी डाल सकता है। नक्शे का उल्लंघन कर विकास नगर में निर्मित किए जा रहे मॉल की कंस्ट्रक्शन वर्क को नगर निगम ऊना ने सील किया है। इससे पहले नगर निगम ने संबंधित मालिकों को नोटिस भी जारी कर चुकी थी। कंस्ट्रक्शन कार्य बंद न करने पर निगम के अधिकारियों ने अब कड़ा रूख अपनाया है। इस कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। ऊना नगर निगम सेक्टर में नियम कानून को ताक पर रखकर दर्जनों व्यवसायिक कार्य भवन निर्माण कार्य बिना परमिशन ब नक्शा स्वीकृत कराए बिना धड़ले से हो रहा है । इससे जहां एक तरफ सरकार और नगर निगम प्रशासन को हर साल लाखों करोड़ों रुपए के राजस्व का घाटा उठाना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग बनाने के लिए नगर पर का आदेश जरूरी है । बिल्डिंग बनाने के लिए नक्शा पास होना चाहिए । लेकिन इस शहर में बिना किसी आदेश के धड़ल्ले से बिल्डिंग बनाई जा रही है। बिना किसी मापदंड के बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों का निर्माण कराया जा रहा है । आखिर कर प्रशासन काफी समय के बाद कुंभकरण की नींद से उठ गया है । देखने में यह भी आया है कि नगर निगम में सिर्फ ऊना में तीन दर्जन के करीब ऐसे व्यवसायिक भवन है । जो की नियमों को ठेंगा दिखाकर बने हुए है । यह लोग नगर निगम से नक्शा पास करना ही जरूरी नहीं समझते हैं। जबकि नगर निगम में निर्माण कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम के इंजीनियरो की है? । लेकिन इंजीनियर इस दिशा में सक्रिय रवैया नहीं अपनाते हैं? इस वजह से हर साल सरकार और नगर निगम को लाखों रुपए के राजस्व का घाटा उठाना पड़ता है । ऊना नगर निगम आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने कहां की नक्शे का उल्लंघन कर मॉल की कंस्ट्रक्शन वर्क को नगर निगम ऊना ने सील किया है । इससे पहले नगर निगम ने संबंधित मालिकों को नोटिस भी जारी कर चुकी थी । ऊना में जैसे-जैसे अवैध बिल्डिंग मामले ध्यान में आ रहे है सभी को नोटिस जारी हो रहे है । लोगों को नक्शे की कॉपी प्रस्तुत करने के लिए बोला गया है ।

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग (टीसीपी) के अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि शहर के बाहर का एरिया नगर एवं ग्राम नियोजन की देखरेख में आता है। शहर का एरिया नगर निगम के तहत आता है । सभी लोग कानून के तहत दायरे में विकास करें। गैर कानूनी तरीके से विकास कार्य न करें । सही तरीके से परमिशन लेकर विकास करें। नदी नालों से दूरी बनाकर रखें ।

# सिविल अस्पताल के मुद्दों पर मानवाधिकार में रिपोर्ट पेश

## एमसीएच की फायर एनओसी फिर लटकी, आयुष्मान भारत योजना का हार्ट पेशेंट का इलाज बंद

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



पंचकूला। पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के अभाव और अस्पताल के ढांचागत विकास को लेकर मानवाधिकार आयोग ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की। अस्पताल में नव निर्मित मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल को फायर एनओसी जारी करने के अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत हार्ट सेंटर में मरीजों के इलाज में रुकावट को लेकर मानवाधिकार ने स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट तलब की, जिस पर मंगलवार को आयोग में सुनवाई हुई। आयोग ने पाया कि अस्पताल में स्थित हार्ट सेंटर ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ़्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना बंद कर दिया है, क्योंकि 1 करोड़ से ज़्यादा के लंबित दावे अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। इस बाधा ने उन मरीज़ों में गहरी चिंता पैदा कर दी है जो जरूरी हृदय संबंधी इलाज के लिए सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं।

यह हार्ट सेंटर आयुष्मान भारत - प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन - के तहत नामांकित लाभार्थियों को ज़रूरी चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा था। हालांकि, हरियाणा और अन्य राज्यों के राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरणों द्वारा धनराशि के वितरण में लगातार देरी के कारण, केंद्र का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने अपना संचालन स्थगित कर दिया है। अस्पताल के अनुसार, वर्तमान में लंबित राशि 1,09,77,887 है।

सिविल अस्पताल के अधिकारियों द्वारा सेवाएं फिर से शुरू करने की बार-बार अपील और आश्वासन के बावजूद, हार्ट सेंटर का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने भुगतान मिलने तक संचालन जारी रखने से इनकार कर दिया है।अस्पताल के अधिकारियों ने जोर देकर कहा है कि उन्होंने एसएचए को कई पत्र - लिखित और व्यक्तिगत रूप से - भेजे हैं, जिसमें धनराशि जारी करने के लिए शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया गया है। यह पत्र आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता कुमार ने नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष, शिकायतकर्ता एस.के. नायर द्वारा दायर एक शिकायत के संबंध में हरियाणा मानवाधिकार आयोग को प्रस्तुत किया।

### हार्ट सेंटर में सेवाएं बाधित

अस्पताल प्रशासन ने एजेंसी के निर्णय पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि इससे रोगी देखभाल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हमने हार्ट सेंटर को आश्वासन दिया था कि धनराशि प्राप्त होते ही लंबित बकाया राशि को प्राथमिकता दी जाएगी। फिर भी, उन्होंने इसे बंद करने का विकल्प चुना। अतिरिक्त भुगतान के कारण महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो रही हैं, इसलिए रोगी और स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी, दोनों ही उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप करने का आग्रह कर रहे हैं। धनराशि वितरित होने तक, पंचकूला में आयुष्मान भारत के सैकड़ों लाभार्थी महत्वपूर्ण हृदय देखभाल सेवाओं तक पहुँच से वंचित रहेंगे, जिससे योजना के कार्यान्वयन और स्थिरता पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

### एनओसी के लिए कार्य जारी

पंचकूला स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल के मामले में, अग्निशमन केंद्र अधिकारी द्वारा 5 मई, 2025 को निरीक्षण किया गया। सात पेड़ों के कारण उत्पन्न अवरोध सहित कुछ विसंगतियां पाई गईं। आयोग को बताया गया कि वर्तमान में, जिला नागरिक अस्पताल की अग्निशमन एनओसी प्राप्त हो चुकी है और संबंधित कार्य प्रगति पर हैं। विशेष मरम्मत कार्य प्रगति पर है, जबकि एमसीएच, पंचकूला की अग्निशमन एनओसी लंबित है। हालाँकि, प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियाँ प्राप्त कर ली गई हैं और वृक्षारोपण का कार्य बागवानी विभाग को सौंप दिया गया है।

# पंचकूला में लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को देख बिफरे महापौर

आयुक्त के साथ रात को निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को लगाई फटकार

बोले समय पर रोशन नहीं हुए इलाके तो कार्रवाई तय

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



पंचकूला। पंचकूला के वार्डों में रात होते ही कई इलाके आज भी अंधेरे में खो जाते हैं। सड़कों पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त के निरीक्षण पर निकलते ही हरकत में आ गया। सोमवार देर रात महापौर कुलभूषण गोयल एवं नगर निगम आयुक्त आरके सिंह ने खुद शहर सड़कों का दौरा किया। उनके साथ संयुक्त आयुक्त गौरव चौहान, एक्सईएन प्रमोद कुमार, पार्षद सुरेश वर्मा, जय कौशिक, सोनिया सूद उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बंद लाइट्स देखकर आयुक्त ने इलेक्ट्रिकल शाखा के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और जवाब तलब किया। निरीक्षण में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल भी मौजूद रहे। वे अलग-अलग वार्डों के पार्षदों संग विभिन्न इलाकों में पहुंचे और लाइट व्यवस्था का जायजा लिया। महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबे समय से कुछ स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी थीं और कुछ को समय पर जलाया और बंद नहीं किया जाता, लेकिन किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बंद लाइटें न सिर्फ शहर की छवि खराब करती हैं बल्कि दुर्घटनाओं और असामाजिक तत्वों को भी बढ़ावा देती हैं।

**48 घंटों में लाइटें ठीक करने के आदेशः** कुलभूषण गोयल ने बताया कि इस मामले में उनकी आयुक्त से चर्चा हुई थी, जिसके बाद आरके सिंह ने खुद रात को हालात देखने का फैसला लिया। निरीक्षण के बाद आयुक्त ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि सभी बंद पड़ी लाइटें 48 घंटे के भीतर हर हाल में दुरुस्त की जाएं। खराब बल्ब तुरंत बदले जाएं और जहां तारों की दिक्कत है वहां तुरंत मरम्मत की जाए।

### खंभों पर रोशनी जले, नहीं तो कार्रवाई तय

इस दौरान आयुक्त ने अधिशासी अभियंता सुमित मलिक और प्रमोद कुमार को आदेश दिया कि वे खुद रात में सड?ों पर उतरें और सुनिश्चित करें कि हर खंभे पर रोशनी जले। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तय समय में समस्या हल नहीं हुई तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। शहरवासियों ने देर रात हुए इस निरीक्षण का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में पंचकूला की सड? अंधेरे से मुक्त होकर रोशनी से जगमगाएंगी।

# चंडीगढ़ फोटोग्राफर एसोसिएशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस को भव्य रूप से मनाया



अर्थ प्रकाश/अजय चौधरी

चंडीगढ़। चंडीगढ़ फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा आज विश्व फोटोग्राफी दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन जे पी गरचा, प्रेसिडेंट सरोज सिंह चौहान और महासचिव सुनील भट्ट के कुशल नेतृत्व और प्रेरणादायी मार्गदर्शन में कई सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन लॉ भवन, सेक्टर 37, चंडीगढ़ में किया गया। जिसकी शुरुआत एक ब्लड डोनेशन कैंप से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में फोटोग्राफरों और समाजसेवियों ने भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की। इसके साथ ही लंगर सेवा का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमित दिवान, जो कि एक सामाजिक संस्था 'सुख फाउंडेशन' के संस्थापक हैं, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने एसोसिएशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सेवा, एकता और जागरूकता का संदेश देते हैं।

विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में, तकनीकी ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ावा देने हेतु सोनी कंपनी द्वारा एक विशेष वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का संचालन सोनी कंपनी के मेंटर प्रशांत शर्मा ने किया। उन्होंने उपस्थित फोटोग्राफरों को सोनी के अत्याधुनिक कैमरा फीचर्स और नई तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया और नवीन तकनीक से रूबरू होकर अपनी कला को और निखारने का अवसर प्राप्त किया। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सरोज सिंह चौहान और चेयरमैन जे पी गरचा ने अपनी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल फोटोग्राफी समुदाय को एकजुट करते हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने एसोसिएशन की पहल की सराहना की और इसे फोटोग्राफी समुदाय के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

# सुखना लेक के दो फ्लड गेट खोले गए , बलटाना सुखना चो पर बने पुल के ऊपर से क्रॉस हुआ पानी

अर्थ प्रकाश/ संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर।** मंगलवार शाम करीब पांच बजे अचानक सुखना चो में पानी का बहाव बढ़ गया और आसपास के एरिया में हल चल होनी शुरू हो गई। देखते ही देखते पानी का लेवल बढ़ने लगा और पानी बलटाना में सुखाना चो पर बने पुल के ऊपर से ऊपर से क्रॉस हो गया। जिसे देखते हुए पुलिस व प्रसाशन ने आसपास के एरिया में रहते लोगों को अलर्ट पर कर दिया और बलटाना पुलिस ने अपना रिकॉर्ड व कागजात संभालने शुरू कर दिए ताकि यदि कोई बाढ़ की स्थिति बनती है तो पानी रिकार्ड को कोई नुकसान ना पहुंचा दे। मौके से मिली जानकारी अनुसार शाम के समय चंडीग? व हिमाचल में हुई तेज बारिश के बाद अचानक पानी का लेवल बढ़ गया और चंडीगढ़ प्रसाशन को सुखना लेक के दो गेट खोलने पड़े। जिसके बाद बलटाना एरिया में अचानक से पानी का स्तर बढ गया। हालंकि शाम करीब सात बजे तक पानी पुल के ऊपर से क्रास हो गया था। इस दौरान कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज व एमई चरणपाल सिंह, एसडीओ सुखविंदर सिंह और नगर परिषद की पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक जेसीबी और पौक लाइन मशीनों को भी मौके पर बुलाया। जेसीबी मशीन से साथ की साथ सुखना चो पर बने पुल के पाइपों की सफाई की जा रही थी ताकि बाढ में आया मलवा बहाव में कोई रूकावट ना पैदा करे। बता दें कि जून 2023 में आई बा? के दौरान बलटाना एरिया में काफी नुकसान हुआ था। बलटाना पुलिस स्टेशन में ढाई से तीन फीट पानी भर गया था जिस कारण सरकारी रिकॉर्ड व केस प्रॉपर्टी वाहन भी बह गए थे। हालंकि उस दौरान कुछ ही दुरी पर वाहनों को रोक लिया गया था। वहीं पुलिस चौकी के नजदीक बने पार्क व श्मशान घाट में भी पानी भर गया था। बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रसाशन ने बलटाना सुखना चो के आसपास के लोगों को अलर्ट कर दिया है। श्याम के 7 के बाद जैसे ही पानी पुल के ऊपर से क्रॉस कर गया वैसे ही बताना पुलिस चौकी द्वारा सुखनाथ जो को आने वाले जाने वाले रास्ते को लोगों की सुरक्षा के मध्य नजर बंद कर दिया गया। बता दें के मुबारिकपुर एरिया से निकल रही घग्गर नदी का स्तर भी बढ़ गया था और पानी पुल के ऊपर से क्रास होना शुरू हो गया था। जिसे देखते हुए प्रसाशन भी अलर्ट पर है।

# दरिया में बंसल का कार्यक्रम कांग्रेस का आधिकारिक आयोजन नहीं: कृष्ण लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्ण लाल ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि कल जो दरिया गांव में कार्यक्रम हुआ था वो चंडीगढ़ कांग्रेस का आधिकारिक कार्यक्रम नहीं था। जिन लोगों ने ये कार्यक्रम किया है उन में से लगभग सभी कांग्रेस से निष्कासित किए हुए लोग है। जिन्होंने लोकसभा चुनाव में चंडीगढ़ से कांग्रेस के लोकसभा के प्रत्याशी मनीष तिवारी का खुलकर विरोध किया था। जब ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी श्री राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहती थी और एक एक सीट पर जीतने के लिए कड़ा संघर्ष और जी तोड़ मेहनत कर रही थी तो ये नेता चंडीगढ़ से कांग्रेस उमीदवार श्री मनीष तिवारी को हराने के लिए काम कर रहे थे। लोक सभा चुनाव में इन लोगों ने ना ही कोई रैली निकाली और ना ही पार्टी के लिए कोई प्रचार किया। ये तो श्री पार्टी प्रधान एच एस लक्की के मजबूत संगठन और श्री मनीष तिवारी की लोकप्रियता के कारण चंडीगढ़ से जीत मिली। अब चंडीगढ़ में पार्टी के बढ़ते आधार मजबूत संगठन और पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण यह लोग पार्टी का झंडा उठाए घूम रहे है । पार्टी का इन लोगों से कोई लेना देना नहीं है। लोगों से अपील है कि वह ऐसे लोगों को मुंह न लगाए ।आज ये कार्यक्रम इसलिए कर रहे है ओर कांग्रेस का झंडा इस लिए लेकर घूम रहे है क्योंकि अगले वर्ष नगर निगम का चुनाव है। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की की मेहनत ओर संघर्ष के साथ सांसद मनीष तिवारी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए ये सब कांग्रेस से निकाले हुए अब चुनाव लड़ना चाहते है और अपनी जमीं तलाश रहे है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के विरोध में भाजपा की मदद करने वाले भितरघाती लोगों की अब कांग्रेस में कोई जगह नहीं है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर आधी रात जब जन्मे कान्हा तो फैल गया जग में उजियारा: एडवोकेट अमरजीत कौर

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



**खरड़ - न्यू चंडीगढ़।** अनमोल मुस्कान चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ऐडवोकेट अमरजीत कौर ने कहा कि माता देवकी और वासुदेव की आंखों के तारे भगवान श्री कृष्ण ने जन्म ले लिया है। दुल्हन की तरह सजे यूपी के मथुरा-वृंदावन में कान्हा का जन्मोत्सव मनाने के लिए लाखों की संख्या में श्रृद्धालु पहुंचे और जैसे ही घड़ी की सुईयों ने रात के 12 बजने की ध्वनि की, पूरा प्रदेश नंदलाला के जयकारों से गूंज उठा। देश के अलग-अलग शहरों के अलावा दुनियाभर से श्रद्धालु जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए जैसे मथुरा-वृंदावन पहुंचे गये हो । श्री कृष्ण जन्मस्थान के साथ-साथ सभी मंदिरों में उत्सव भव्य तौर पर मनाया गया। समाज सेविका ऐडवोकेट अमरजीत कौर ने बताया कि न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को भी दिखाता है। भगवान कृष्ण ने जिस तरह से अपनी लीलाओं के माध्यम से अधर्म का नाश किया, वह हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। यह पर्व प्रेम, भक्ति और त्याग का प्रतीक है। माखन-मिश्री - भगवान कृष्ण को माखन बहुत प्रिय है। इसलिए उन्हें माखन और मिश्री का भोग जरूर लगाएं। धनिया पंजीरी - यह जन्माष्टमी का एक पारंपरिक भोग है, जिसे चढ़ाने से जीवन में शुभता का आगमन होता है। साथ ही कान्हा खुश होते हैं। खीर - इस दिन खीर भी भगवान कृष्ण को अर्पित की जाती है। पीले फल - इस दिन मौसमी फल जैसे - केले, सेब और अंगूर का भोग भी लगाया जाता है। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी हर साल साधक पूर्ण भव्यता के साथ मनाते हैं। यह पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

# सिसवां में पहाड़ काटे, 500 पेड़ उखाड़े वन और पुलिस विभाग मौन: विनीत जोशी

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



खरड़/न्यू चंडीगढ़। न्यू चंडीगढ़ से सटे गांव सिसवां में कानून का उल्लंघन करते हुए कई एकड़ पहाड़ों को समतल किया जा रहा है। लगभग 500 पेड़ काटे गए हैं। वन, वन्यजीव, पंचायत और पुलिस विभाग में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद, अधिकारी आँखें मूंदे हुए हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। यह आरोप पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विनीत जोशी ने लगाया है, जो मीडिया को मौके पर ले गए। सिसवां के सरपंच संजीव शर्मा, पंच अमनदीप शर्मा, लंबरदार शेर खान, माजरी भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित गौतम व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में जोशी ने मौके का निरीक्षण करते हुए कहा कि सिसवां पंचायत की जमीन व पहाड़ पर कोई निजी व्यक्ति कैसे कब्जा कर सकता है? इतना ही नहीं, खसरा नंबर 453 में आने वाली पहाड़ की जमीन पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए), 1900 की धारा 4 के तहत अधिसूचित है। इस कारण उस पहाड़ की जमीन पर न तो खेती की जा सकती है और न ही खुदाई की जा सकती है। न तो पेड़-पौधे या घास काटे जा सकते हैं और न ही गाय, भैंस या बकरियां चराई जा सकती हैं।

किसी भी तरह की छेड़छाड़ प्रतिबंधित है। फिर इसे कैसे काटकर समतल किया गया? सिसवां के इस क्षेत्र को वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग, पंजाब द्वारा ÷सिसवां सामुदायिक आरक्षित वन÷ घोषित किया गया है। इसका मतलब है कि इस जमीन पर ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं की जा सकती जिससे वनस्पतियों और जीवों को नुकसान पहुंचे या वहां की पारिस्थितिकी खराब हो। लेकिन यह सब इस पहाड़ को काटकर किया गया है। जोशी ने मांग की है।

# सीजीसी झंजेरी बना सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली, शिक्षा जगत में ऐतिहासिक कदम




अर्थ प्रकाश/आराध्या

**मोहाली।** क्षेत्र के शैक्षणिक परिदृश्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, झंजेरी को आधिकारिक तौर पर सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली में अपग्रेड कर दिया गया है। यह घोषणा चंडीगढ़ के जेडब्ल्यू मैरियट में एक हाई-प्रोफाइल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई, जो संस्थान की 25 साल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह परिवर्तन एक उद्योग-एकीकृत, प्रौद्योगिकी-संचालित विश्वविद्यालय बनाने के साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार नेताओं को तैयार करना है। भारत में अधिकांश स्नातक अभी भी रोजगारपरक मानकों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में सीजीसी यूनिवर्सिटी ने एक अनूठा 50:50 शिक्षण मॉडल पेश किया है, जहाँ आधा शिक्षण उद्योग जगत के नेताओं, सीईओ और उद्यमियों द्वारा संचालित किया जाएगा, जबकि शेष आधा अनुभवी संकाय द्वारा प्रदान किया जाएगा।

संस्थापक चांसलर एस. रशपाल सिंह धालीवाल ने इस पहल को समाज के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा, शिक्षा कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं रहनी चाहिए; यह प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। सीजीसी विश्वविद्यालय में, हम प्रत्येक छात्र को सीखने, आगे बढ़ने और एक सम्मानजनक जीवन जीने के अवसर प्रदान करने का वादा करते हैं।

प्रबंध निदेशक अर्श धालीवाल ने भारत की पहली उद्योग-एकीकृत शिक्षण राजधानी स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। अमेरिकी शिक्षा प्रणाली से प्रेरित होकर, उन्होंने नवाचार और रोजगारपरकता से जुड़े भविष्योन्मुखी, तकनीक-सक्षम कार्यक्रमों के निर्माण पर ज़ोर दिया। उन्होंने छात्रों के लिए वजीफा-आधारित इंटर्नशिप की भी घोषणा की, जिसमें उनकी पढ़ाई के दौरान 75,000 से 1,00,000 तक की सहायता दी जाएगी, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।

डीसीपीडी के कार्यकारी निदेशक डॉ. सुशील पराशर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि छात्र केवल किताबों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि बोर्डरूम, केस स्टडी और लाइव प्रोजेक्ट्स से भी सीखेंगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह मॉडल न केवल कर्मचारियों, बल्कि नेतृत्वकर्ताओं और समस्या-समाधानकर्ताओं को तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# प्राकृतिक आपदा के समय अपनाएं मानवीय दृष्टिकोण

## एफपीएआई और प्रयोग फाउंडेशन ने ढंढारडू व बेलवाली में मनाया विश्व मानवीय दिवस

दोनों स्थानों पर लगाए गए आईईसी स्टॉल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। विश्व मानवीय दिवस के अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई) व प्रयोग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पंचकूला जिले के गांव बेलवाली और ढंढारडू में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दोनों स्थानों पर आईईसी (इंफरमेशन, एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन) स्टॉल भी लगाए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन, लैंगिक आधारित हिंसा से सुरक्षा, तथा यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एफपीएआई के महाप्रबंधक मनोज गर्ग ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय हर व्यक्ति को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। ऐसे समय में संयम और सूझबूझ से काम लेते हुए पीड़ितों की मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह दिन उन सभी मानवतावादियों को सम्मान देने का अवसर है, जो संकट में दूसरों की सेवा करते हैं।

प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि किसी भी आपदा में गर्भवती महिलाओं और वृद्ध नागरिकों को विशेष सहयोग की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में मूक दर्शक बनकर नहीं, बल्कि सक्रिय सहयोगी बनकर मानवता को निभाना चाहिए। आईईसी स्टॉल के माध्यम से लोगों को आपदा से पहले की तैयारी, आपदा के दौरान सुरक्षा उपाय, और आपदा के बाद पुनर्वास व स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। खासकर महिलाओं और युवाओं को यौन प्रजनन स्वास्थ्य और लिंग आधारित हिंसा से कैसे बचें से संबंधित सेवाओं व अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर गांव बुंगा-बेलवाली की सरपंच कविता चौधरी, समाजसेवी जसविंदर चौधरी, गांव ढंढारडू के सरपंच रवि शर्मा, एफपीएआई की अधिकारी वंदना शर्मा, और कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

# सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पियूष पुंज को शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा द्वारा तहसील स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लगातार तीसरी बार प्राप्त हुआ। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्र परीक्षित मान को 'आईआईएम' में चयनित होने तथा सान्वी को ताइक्वांडो खेल में जिला स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के एनएसएस छात्रों ने कैप्टन गार्गी के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही 'हर घर तिरंगा' थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सभी ने सराहना की। प्रतिभागी छात्रों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ। छात्रा निवेदिता शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे। इस मौके पर विद्यालय परिवार, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

रौनक पब्लिक स्कूल में समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने किया जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# पढ़ाई के साथ खेलों में अवश्य हिस्सा लें विद्यार्थी, खेलों में स्वर्णिम कैरियर के बेहतरीन अवसर: वीरेंद्र कौशिक

रौनक स्कूल में किया जा रहा फुटबाल, वॉलीबॉल, बेसबॉल और सोफ्टबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। गनौर रौनक पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के पुत्र एवं समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।शिक्षा विभाग के संयोजन में रौनक पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत यहां फुटबाल, वॉलीबॉल, बेसबॉल और सोफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। विभिन्न आयुवर्गों के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने फुटबॉल के मैच से पूर्व दोनों टीमों के खिलाडि?ों का परिचय लिया।प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। हर युवा को अपनी रूचि के अनुसार खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। हरियाणा सरकार ने बेहतरीन खेल नीति का निर्माण किया है, जिससे खिलाडि?ों के भविष्य निर्माण को मजबूती मिली है।

अब खेलों में स्वर्णिम भविष्य निर्माण के अवसरों की कोई कमी नहीं है। खेल प्रतिभाओं को इनका लाभ उठाना चाहिए। स्कूली स्तर से ही खिलाडि?ों को तराशने के लिए प्रयास किये जाते हैं। विभिन्न स्तर पर उपलब्धियां दर्ज करने वाले खिलाडि?ों को नगद पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। ओलंपिक पदक विजेताओं को तो करोड़ों रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। साथ ही नौकरी भी दी जाती है। सरकार ने खेल-खिलाडि?ों के लिए सुविधाओं को दुरूस्त करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है।इस मौके पर सहायक खेल अधिकारी शिक्षा रामबीर सरोहा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उनका परिचय करवाया। उन्होंने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के उपरांत राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला स्तर पर प्रदर्शन के आधार पर खिलाडि?ों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाडि?ों के लिए हर प्रकार की बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई हैं।इस अवसर पर विशेष रूप से फुटबाल कोच सुनील राठी, मनजीत राठी, केके सांगवान, रौनक स्कूल से प्रमोद शर्मा, राजीव मिश्रा, गोविंद सहित बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

# पार्षद पुनीत राई ने अपने वार्ड नंबर-8 में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



अर्थ प्रकाश संवाददाता

राई। नगर निगम के वार्ड नंबर-8 के पार्षद पुनीत राई ने मंगलवार को अपने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों को समयबद्धता के साथ के पूर्ण करवायें, जिसमें गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद पुनीत ने संबंधित जेई सचिन राठी, शिविर लाइन के ठेकेदार मोहन और एमपीएस के ठेकेदार सचिन को साथ लेकर सभी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायत का कोई अवसर नहीं मिलना चाहिए। हर कार्य में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए।निगम पार्षद ने कहा कि विकास कार्यों के निर्माण की समयसीमा निर्धारित की गई है, जिसकी अनुपालना अनिवार्य रूप से की जाए। फिलहाल बरसात का मौसम है। बरसाती सीजन के समाप्त होते ही विकास कार्यों के निर्माण में तीव्रता लायें और समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य को पूर्ण करवायें, ताकि आम जनमानस को शीघ्रातिशीघ्र विकास कार्यों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। वार्ड-8 को भी इसमें प्रमुखता दी गई है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाग्राम पंचायत मुलाना में पंचायती भूमि की खेवट नंबर 1175 खतौनी नम्बर 1385 में खड़े 3467 पेड़ सफेदा, 12 पेड़ शीशम, 57 पेड़ कीकर, 5 पेड़ पापुलर, 11 पेड़ नीम, 12 पेड़ ढाक, 23 पेड़ जमोया, 7 पेड़ डैन्क, 1 पेड़ बेरी, 2 पेड़ सीरस, 4 जंगल जलेबी, 1 पेड़ नसूड़ा, 3 शहतूत, 2424 पेड़ मस्कट कुल 6029 पेड़ों की खुली नीलामी 28 अगस्त 2025 दिन बीरवार को सुबह 11 बजे माता बाला सुन्दरी प्रांगण सैड महाग्राम पंचायत मुलाना ( अम्बाला ) में होनी निश्चित हुई है। इच्छुक बोलीदाता को 5 लाख का डीडी सिक्योरिटी राशि के तौर पर बोली से पूर्व जमा करवाना होगा। बोली की बाकि शर्ते मौके पर बताई जाएंगी।

बीडीपीओ बराड़ा
सुशील मंगला
सरपंच मुलाना
परवीन कुमार मोबाइल 80530 -22786,
ग्राम सचिव नेत्रपाल राणा मोबाइल+91 81680 19322

AP-4208

## PUBLIC NOTICE

THAT IS FOR NOTICE OF THE GENERAL PUBLIC I Gurbachan Kaur w/o Sh. Sukhwinder Singh, R/o Village Kheri Munak, Karnal declared that My Previous Regd. Sale deed no.2449/1 DATED 27/05/2019, HAS BEEN LOST at Sector-12, Karnal on dated 12/02/25.
Regarding that A DDR No.132310532501111 ALSO REGISTERED AT POLICE STATION Civil Line, Karnal.
That, She is the Present Owner of the Property and Further She Came into an agreement to Sell with Smt. Rajkali w/o Sh. Vijay Pal and Who is getting Loan from SMfG and declare that I never mortgage it anywhere in all over India, If there is any Negligency apart on my part, then civil/criminal liability will arise upon me. That if anybody found or have any objection or if the same found, then kindly contact within 7 days.
**Advocate bhavishay Sahni.**

AP-4192

## सार्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि 25-04-2024 को हमारी कंपनी ने अंबिका ला पेरिसियन टावर डी, फ्लैट 1201 सेक्टर 66 बी मोहाली से दिव्या सांकला नामक एक ग्राहक से घरेलू सामान शिपिंटग के लिए लिया था, जिसे सिरोही राजस्थान ले जाया जाना था, जिसके बारे में दिव्या सांकला को कई बार मैसेज किया गया था। उन्हें फोन के माध्यम से सूचित किया गया लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। अब कंपनी इस सूचना के माध्यम से सूचित कर रही है कि दिव्या सांकला 30 दिनों के भीतर कंपनी को जवाब दें। इसके बाद किसी भी अधिकार का दावा मान्य नहीं होगा। न ही कंपनी घरेलू सामान वापस करने के लिए जिम्मेदार होगी। अमन कुमार (प्रॉपर्टी) सी/ओ बालाजी कार्गो मूवर्स एंड पैकर्स, प्लॉट नंबर 142, गोडाउन एरिया, जेपी अस्पताल के पीछे, जीरकपुर संपर्क नंबर- 9316017172

AP-4201

## ਬੇਦਖਲੀ ਸੂਚਨਾ

ਮੈਂ ਬਲਦੇਵ ਰਾਜ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਬੋਧ ਰਾਜ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਕੂਲ ਪਿਆਲਾ, ਡਾਕਖਾਨਾ ਸੁਜਾਨਪੁਰ, ਤਹਿਸੀਲ ਤੇ ਜਿਲ੍ਹਾ ਪਠਾਨਕੋਟ ਦਾ ਰਹਿਣ ਵਾਲਾ ਹਾਂ। ਮੇਰੀ ਲੜਕੀ ਦੀਕਸ਼ਾ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ। ਮੈਂ ਅੱਜ ਮੈਂ ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਤਮਾਮ ਚੱਲ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਸ ਨਾਲ ਜੋ ਵੀ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰੇਗਾ ਉਹ ਖੁਦ ਜਿੰਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ। ਸਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ।

ਅਸੀਂ ਮਨੋਜ ਕੁਮਾਰ ਪੁੱਤਰ ਰਾਜ ਕੁਮਾਰ ਵਾ ਸੁਖ ਦੇਵੀ ਪਤਨੀ ਮਨੋਜ ਕੁਮਾਰ ਵਾਸੀਆਨ ਪਿੰਡ ਤੇ ਡਾਕਖਾਨਾ ਸੁੰਦਰ ਚੱਕ, ਤਹਿਸੀਲ ਤੇ ਜਿਲ੍ਹਾ ਪਠਾਨਕੋਟ ਦੇ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਹਾਂ। ਸਾਡਾ ਲੜਕਾ ਦੀਪਕ ਅਤੇ ਉਸਦੀ ਪਤਨੀ ਮੋਨਿਕਾ ਦੋਨੋਂ ਸਾਡੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹਨ। ਮੈਂ ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੋਨਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਤਮਾਮ ਚੱਲ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਅੱਜ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੋਨਾਂ ਨਾਲ ਜੋ ਵੀ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰੇਗਾ ਉਹ ਖੁਦ ਜਿੰਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ। ਸਬੰਧਤ ਨੋਟ ਕਰਨ।

AP-4213

## एस्टेट मैनेजर, हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला
## सार्वजनिक सूचना

No.HBH/EM/PKL/2025/2702
दिनांक: 19-08-2025

**विषय:-** फ्लैट नंबर 623, छठी मंजिल, टाइप-बी, जीएचएस-3, एचबीसी, सेक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा को सामान्य ट्रांसफर के आधार पर श्रीमती सुमन अरोड़ा पत्नी श्री गुलशन अरोड़ा निवासी मकान नंबर 5751/27, गली नंबर 9, वीटीसी लुधियाना, राज्य-पंजाब, पिन-141001 के नाम स्थानांतरित किए जाने संबंधी।

यह सूचित किया जाता है कि फ्लैट नंबर 623, छठी मंजिल, टाइप-बी, जीएचएस-3, एचबीसी, सेक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा जो वर्तमान में रिकॉर्ड अनुसार श्री मुकेश भारद्वाज पुत्र श्री ओम प्रकाश, निवासी फ्लैट नंबर 236, केंद्रीय विहार, सेक्टर-25, पंचकूला, हरियाणा एवं श्री पुनीत उप्पल पुत्र श्री विजय कुमार उप्पल, निवासी मकान नंबर 335, सेक्टर-25, पंचकूला, हरियाणा के नाम दर्ज है।

आवेदकगण श्री मुकेश भारद्वाज एवं श्री पुनीत उप्पल द्वारा यह सूचित किया गया है कि वे उपरोक्त संपत्ति के स्वामी हैं एवं उन्होंने दिनांक 10.08.2025 को सामान्य ट्रांसफर के अंतर्गत उक्त संपत्ति को श्रीमती सुमन अरोड़ा पत्नी श्री गुलशन अरोड़ा निवासी मकान नंबर 5751/27, गली नंबर 9, वीटीसी लुधियाना, राज्य-पंजाब, पिन-141001 के नाम स्थानांतरित किए जाने हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति को श्रीमती सुमन अरोड़ा के नाम सामान्य ट्रांसफर किए जाने पर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर उक्त संपत्ति को नियमानुसार स्थानांतरित कर दिया जाएगा तथा भविष्य में किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**एस्टेट मैनेजर हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला**

AP-4192

## सार्वजनिक सूचना

हम, 1. शीतल, 2. रूपाली पुत्रीयान स्व. प्रशांत भारद्वाज निवासी 8/5 रेलवे रोड जीन्द की स्थाई निवासी हैं। और ब्यान करती हैं कि हम स्व. प्रशांत भारद्वाज के कानूनी वारिस हैं। हमारी जमीन/मकान नंबर 8/5 व 467/5 वाका रेलवे रोड जीन्द व अराजी खेवट नंबर 529,1064,1065 वाका रकबा जीन्द बारे एक दावा डिकलेरेशन नं0 सी एस 195/2025 माननीय न्यायालय जीन्द में आगामी तारिख 16-10-2025 के लिए लंबित है। उक्त मकान/जमीन पर माननीय अदालत द्वारा एलीनेशन स्टे का आदेश जारी किया हुआ है। आमजन द्वारा हमारी उक्त जमीन/मकान का खरीद फरोख्त, लीज गिफ्ट, किराया इत्यादि करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

AP-4207

## सार्वजनिक सूचना

विषय: फ्लैट नम्बर-704, टाईप-बी, जीएचएस-3, HBC, सैक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा का श्री जसविन्द्र सिंह पुत्र श्री [illegible] सिंह निवासी मकान नम्बर-339, सैक्टर-27, पंचकूला, हरियाणा के नाम पर सामान्य हस्तांतरण के आधार पर [illegible] हरियाणा-124507 में [illegible] के नाम से हस्तांतरण।

[illegible]

सम्पदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

AP-4215

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Ashwani Kumar, Additional District Judge, Chandigarh
Prithi Vs. Sahil
CNR No. CHCH01-001686-2020
Next Date:- 08-09-2025
For Grant of Compensation
Publication Issued To: Karanbir
Father:- [illegible]
2979, Sector-25, Chandigarh.

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 08-09-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Chandigarh

Additional District Judge
Chandigarh
Dated, this day of 11-07-2025

AP-4189

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि [illegible]

1. [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]
5. Report of Insanitary Connection
6. [illegible]

[illegible]

AP-4212

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I, Rehmat Singh Gujral c/o Amritpal Singh Gujral r/o H.no 58E, Sector -85, Wave Estate ,Mohali have changed my name from Rehmat Gujral to Rehmat Singh Gujral
एपी-4190

I Samiran Begum mother of Irfan Ali Khan army no 5352367H Rank HAV/ CLK r/o Thana Bhuta Singhal Kala , Dalpura, Singhai Kala Distt Bareilly UP declare that in my son's army service records my name mistakenly entered as Sageeran Begum & birth date entered as 01-07-1949 but my correct name is Samiran Begum & my correct birth date is 01-01-1954, please note
एपी-4191

**मैं,** सुनीता देवी पत्नी सलेन्द्र कुमार निवासी वार्ड नंबर 03, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम मिनाक्षी से बदलकर मिनाक्षी भोरिया रख दिया है।

**मैं,** संतोष देवी पत्नी श्री लायक सिंह निवासी मकान नंबर 2581 सेक्टर-15 पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम संतोष देवी से बदलकर संतोष कुमारी रख लिया है।
एपी-4192

**मैं,** प्रेरणा पुत्री श्री सतपाल निवासी मकान न. 1007, गीता कॉलोनी, रादौर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर - 135133 ने अपना नाम प्रेरणा से बदलकर प्रेरणा सिंह रख लिया है।
एपी-4193

**मैं,** केएम नीलू पत्नी श्री दविन्दर कुमार निवासी मकान नं. 60, एयरपोर्ट के पास, बहलाना, चंडीगढ़ ने अपना नाम केएम नीलू से बदलकर नीतू देवी रख लिया है।
एपी-4194

**मैं,** अंजली मनोचा पत्नी श्री अमन अरोड़ा पुत्री श्री दर्शन लाल निवासी मकान नंबर 511, नजदी एस.डी.विद्या मन्दिर सैक्टर-12, हुडडा पानीपत ब्यान करती हूं कि बचपन में मेरे माता - पिता ने मेरा नाम रजनी रखा था। मेरी जन्मतिथि 08/10/1979 है उस समय आधार कार्ड नहीं बनते थे। और मेरे इसी रजनी के नाम से मेरे पिता दर्शन लाल ने एक बैंक खाता एस.बी.आई. जी.टी. रोड़ पानीपत में खोला था।शादी के बाद ससुराल वालों ने मेरा नाम अंजली मनोचा रख दिया था अब मेरा आधार कार्ड अंजली मनोचा के नाम पर ही है।अब मैं घोषणा करती हूं कि अंजली मनोचा और रजनी दोनों मेरे ही नाम है।
एपी-4195

**मैं,** टी राजागुरु पुत्र वी. थंगावेल निवासी मकान नं. 4/60, नॉर्थ स्ट्रीट, पी. रेड्डीपट्टी, वीटीसी पांडापुली, डाकखाना पांडापुली, उप-तहसील शंकरनकोइल, जिला तिरुनेलवेली (तमिलनाडु- 627753) ब्यान करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम वनजा से बदलकर वनजा आर कर दिया जाए।
एपी-4198

**मैं,** रोबिन सिंह पुत्र राजेश कुमार निवासी कटारू पट्टी, गांव कसान तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम रोबिन सिंह से बदलकर रोबिन रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4199

**मैं,** नैंसी चावला पत्नी आकाश चावला वासी मकान नं 1298, अर्बन एस्टेट, सैक्टर-7, करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर नैंसी चोपड़ा से नैंसी चावला रखा है।

**मैं,** सुमित कुमार पुत्र पृथ्वी राज वासी मकान नं 410, वकिलपुरा, सदर बाजार, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर सुमित से सुमित कुमार रखा है।

**मैं,** दीपक पुत्र किशोर लाल शर्मा वासी मकान नं 4134 गली नं 6 शिव कॉलोनी, करनाल ने अपना नाम बदलकर दीपक शर्मा से दीपक रखा है।

**मैं,** अतुल पुत्र लेख राज वासी वार्ड नं.7, गांव Ruan (15), कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर अतुल से अतुल शर्मा रखा है।

**मैं,** Subash कपूर पुत्र राम दित्ता वासी मकान नं. 138, गली नं. 7 विकास नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर Subash कपूर से Subhash कपूर रखा है।

**मैं,** Asia रानी पत्नी सुभाष कपूर वासी मकान नं.138, गली नं.7 विकास नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर Asia रानी से Asha रानी रखा है।

**मैं,** नरेन्द्र पाल सिंह पुत्र भाग सिंह निवासी पी-16, फलैट नंबर-702, रास रेसीडेंसी हेरिटेज लॉन सैक्टर -35, करनाल ने अपना नाम नरेन्द्र पाल सिंह चावला से बदलकर नरेन्द्र पाल सिंह रख लिया है।

**मैं,** सत्य पाल पुत्र महाबीर प्रसाद वासी 150, पुलिस स्टेशन ईस्ट सैक्टर 26, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सत्य पाल यादव रखा है।

**मैं,** Ritu गोयल पत्नी विजय कुमार वासी वार्ड नं. 13, रतिया तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Ritu गर्ग रखा है।

**मैं,** दीपिका पत्नी पुनीत मागो वासी मकान नं 108 प्रेम नगर, करनाल ने अपना नाम बदलकर दीपिका से दीपिका मागो रखा है, शादी के बाद।

**मैं,** दयाल चंद उर्फ गुरदयाल सिंह पुत्र प्यारा लाल वासी गांव मोहड़ी डाक सीतामढ़ जिला करनाल ब्यान करता हूँ की दयाल चंद उर्फ गुरदयाल सिंह दोनों नामों वाला एक ही व्यक्ति हूँ।

**मैं,** विनोद पुत्र बहादर राम वासी मकान नं. 9, गांव बीघड़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विनोद कुमार रखा है।

**मैं,** मुकेश पत्नी विनोद कुमार वासी मकान नं. 9, गांव बीघड़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मुकेश रानी रखा है।

**मैं,** साहिल पुत्र नरेंदर कुमार वासी मकान नं. 87 बी, नजदीक शिव शक्ति हनुमान मंदिर भुना जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर साहिल कुमार रखा है।

**मैं,** कैलाश पुत्र सीता राम वासी मकान नं.49/3 ब्लॉक 1, पार्ट 2, गांव व् डाक Bhattu कलां जिला फतेहबाद ने अपना नाम बदलकर कैलाश सोनी रखा है।

**मैं,** ऋचा पत्नी अनिल कुमार निवासी मकान संख्या 688, सेक्टर 13, करनाल हरियाणा ने अपना नाम ऋचा से बदलकर रिचा कंसल रख लिया है, भविष्य में मुझे रिचा कंसल के नाम से जाना जाएगा।
एपी-4200

**मैं,** राजलक्ष्मी सेनराय पेरुमल सैन्य संख्या- 14682084डब्ल्यू रैंक- नायक नाम- सेनरयाप पेरुमल एस की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 2/312 ए, रथिनापुरी नगर, मीनमपट्टी, अनुप्पनकुलम, डाकघर- अनुप्पनकुलम, जिला- विरुधुनगर, तमिल नाडु, पिन- 626189 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राजलक्ष्मी सेनराय पेरुमल से बदलकर राजलक्ष्मी एस कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक-11AA216630, दिनांक- 30/07/2025
एपी-4202

I RAJESH S/o MEHAR SINGH R/o Hathira (9), Kurukshetra , Haryana - 136119 have changed the name of my minor son HARDIK aged 8 years and he shall hereafter be known as HARDIK YOGI.

I RAJESH S/o MEHAR SINGH R/o Hathira (9), Kurukshetra , Haryana - 136119 have changed the name of my minor daughter MEHAK aged 13 years and She shall hereafter be known as MEHAK YOGI.
एपी-4203

**मैं,** ऐश्वर्या पुत्री कुलदीप श्योकंद निवासी छोटू राम कॉलोनी नरवाना जिला जींद- 126116 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम ऐश्वर्या से बदलकर ऐश्वर्या श्योकंद रख लिया है। भविष्य में मुझे ऐश्वर्या श्योकंद के नाम से जाना व पहचान जाए।
एपी-4204

**मैं,** संतोष कुमारी पत्नी अमी चंद निवासी तहसील बंगाणा, बुहाना ऊना (हि.प्र.) ने अपना नाम बदलकर संतोष शर्मा रख लिया है।
एपी-4205

**मैं,** सुशील कुमार पुत्र विजय साहनी, निवासी मकान नंबर 2474, स्ट्रीट 8, आजाद नगर, बलौंगी, एस.ए.एस नगर (मोहाली), घोषणा करता हूं कि कुछ दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम Vijay Sahani लिखा गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Vijay Sahni है।

**मैं,** जसविंदर पत्नी मोहन लाल ड्डक्कह्र Thol, कुरूक्षेत्र, ने अपना नाम बदलकर जसविंदर कौर रख लिया है।

I, Param Veer S/o Kuldeep Singh R/o Officer Colony Tohana Distt Fatehabad have change my name Param Veer to Paramveer Singh

I, Talwinder Singh S/o Amarjit Singh R/o Kudni Teh Moonak Distt Sangrur declare that Talwinder is my name and Singh Surname.

I, Jashandeep S/o Jai Kishan R/o Razabad Distt Fatehabad 125120 Haryana have change my name Jashandeep to Jashandeep Thakur.

I, Herish S/o Mahender Singh R/o H No 388 VPO Nanheri Tehsil Tohana Distt Fatehabad 125120 Haryana have change my name Herish to Herish Thakur.

I, Arman S/o Subhash Chand R/o H No 389 VPO Nanheri Teh Tohana Distt Fatehabad 125120 Haryana have change my name Arman to Arman Thakur.

I, Parveen S/o Anshi Ram R/o Sunder Nagar Tohana Distt Fatehabad have change my name Parveen to Parveen Kumar.

**मैं,** विमल कुमार पुत्र मोहन सरूप निवासी # 722, सेक्टर 22-ए, चंडीगढ़, मैंने अपना नाम विमल कुमार से बदलकर विमल कुमार सल्होत्रा रख लिया है।
एपी-4206

**मैं,** संतरो उर्फ संतरो देवी पत्नी श्री विजय सिंह, मकान नंबर 1037/ए, हाउसिंग बोर्ड, जीन्द तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम संतरो उर्फ संतरो देवी से बदलकर संतरो देवी रख लिया है।
एपी-4192

**मैं,** Kunal Thakur पुत्र Sh. Rajinder Kumar Thakur निवासी हाउस नंबर 31, वधावा नगर, बलटाना, एस.ए.एस नगर, पंजाब- 140604 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मेरे नाबालिग बेटे का नाम Priyaanshu Sanraaj Singh Thakur से बदलकर Priyanshu Thakur कर दिया है।
एपी-4192

I, Rajni Baweja wife of Ashwini Kumar Sharma resident of House No. 76, Village Raipur Khurd, Chandigarh have changed my name from Rajni Baweja to Rajni.
एपी-4209

It is for general information that I, VAISHALI CHOUDHARY D/O OM PRAKASH, R/O -544, Gali Number-4, Mother Teresa Baba Colony, Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of mine and my father has been wrongly written as VAISHALI CHAUDHARY and OM PARKASH in my OBC Certificate No. 90500000245469. The actual name of mine and my father are VAISHALI CHOUDHARY and OM PRAKASH respectively, which may be amended accordingly.

It is for general information that I, SAKSHI CHOUDHARY D/O OM PRAKASH, R/O House Number-544, Gali Number-4, Baba Colony, Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of mine and my father has been wrongly written as SAKSHI CHAUDHARY and OM PARKASH in my OBC Certificate No. 90500000245467. The actual name of mine and my father are SAKSHI CHOUDHARY and OM PRAKASH respectively, which may be amended accordingly.

I, MONIKA W/o SANDEEP SINGH, R/o Dihana, Dihana, Hoshiarpur, Punjab- 144406have changedthe name of my minor daughter SUKHMAN, aged14 years and she shall hereafter be known as SUKHMAN PREET,

I,SHALLU BHARDWAJ, W/o DEEPAK KUMAR, R/o Kangniwal, PO: Hazara, Sub District: Jalandhar -1, District Jalandhar, Punjab- 144025, have changedthe name of my minor son NAITIK, aged 5 years and heshall thereafter be known as NAITIK BHARDWAJ.

I, BALJEET KAUR, W/o RAJINDER KUMAR, R/o Village Bahadarpur, Bahian, Bahadarpur Bahian, Bahadarpur, Bahian, 146102, have changedthe name of my minor son GOPI NATH, aged 13 years and heshall thereafter be known as GURPREET SINGH.
एपी-4210

**मैं,** मोक्ष वर्मा पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी डीसी-47 गली नंबर 3 पंजाबी वाड़ा, बल्लभगढ़, (फरीदाबाद), हरियाणा! मेरे पिता का नाम सभी भविष्य के प्रयोजनों के लिए सुनील वर्मा से बदलकर सुनील कुमार वर्मा कर दिया है।

मैं, Bhanu Pratap पुत्र रामपाल राणा, गाँव चनालहेरी, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Bhanu Partap रख लिया है।

ग्राम पंचायत मस्तगढ़ ब्लॉक, गुहला, ग्राम पंचायत मस्तगढ़ ब्लॉक गुहला में ओपन जिम ,स्वागत गेट स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर ,सोलर स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जाना है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म आमन्त्रित है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म अपनी कुटेशन सरपंच विक्रम जीत सिंह के कार्यालय के जनरल चौपाल में 22/8/25 तक लिफाफा बन्द जमा करवाए जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। सरपंच ग्राम पंचायत मस्तगढ़ खण्ड गुहला कैथल

ग्राम पंचायत हंसूमाजरा ब्लॉक, गुहला, ग्राम पंचायत हंसूमाजरा ब्लॉक गुहला में ओपन जिम ,स्वागत गेट स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर,सोलर स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जाना है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म आमन्त्रित है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म अपनी कुटेशन सरपंच कुलदीप सिंह के कार्यालय के जनरल चौपाल में 22/8/25 तक लिफाफा बन्द जमा करवाए जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। सरपंच ग्राम पंचायत हंसूमाजरा खण्ड गुहला कैथल

ग्राम पंचायत बाखली कलां ब्लॉक, पिहोवा ग्राम पंचायत बाखली कलां में, भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की मूर्ति व फूवारे चौक पर, सेल्फी प्वाइंट एक्रेलिक , हरियाणवीं कल्चर सिनरिया, बच्चों के खेल की Tannel, Round Bar, Slide Fabre की निविदा सूचना दि है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म अपनी कुटेशन सरपंच बलजीत सिंह बाखली कलां के कार्यलय जनरल चौपाल में 22/8/25 तक लिफाफा बन्द जमा करवाए जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। सरपंच ग्राम पंचायत बाखली खण्ड पिहोवा कुरूक्षेत्र.

ग्राम पंचायत गुलडेहरा में स्ट्रीट लाईट ,स्कूल के कमरों में डू,इनवर्टर डबल बैटरी लगवाने बारे रजिस्ट्र्ड फर्म अपनी लिफाफा बन्द कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत कार्यालय में 23/8/2025 तक जमा करवाए. जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। Sarpanch Gram Panchayat Guldehra Block-Pehowa(KKR)

ग्राम पंचायत ओजला ब्लॉक अम्बाला1 गांव ओजला में गांव का लाईट वाला स्वागत गेट, सीमेंट की कुर्सी,वाटर टैंकर,प्लासिक स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे ,स्टील सांकेतिक बोर्ड ,वाटर कूलर, व बच्चों के लिए ओपन जिम की निविदा सूचना दी जाती है जिसके लिए सभी पंजीकृत फर्म आमंत्रित है। यह फर्म 22/8/25 तक अपनी कोटेशन सरपच अमनदीप कौर को भिजवा सकते है जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य करने के ऑर्डर दे दिए जाएंगे सरपंच अमनदीप ग्राम पंचायत ओजला ब्लॉक अम्बाला 1

ग्राम पंचायत बीबीपुर कलां ब्लॉक पिहोवा में स्ट्रीट लाईट , ओपन जिम लगवाने बारे रजिस्ट्र्ड फर्म अपनी लिफाफा बन्द कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत कार्यालय में 22/8/2025 तक जमा करवाए. जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। Sarpanch Gram Panchayat bibipur kalan Block-Pehowa(KKR)
एपी-4211

**मैं,** संजीव गगैण (Sanjeev Gagain) सुपुत्र श्री ज्ञान सिंह (Gian Singh) निवासी भालड़ तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम संजीव गगैण (Sanjeev Gagain) से बदलकर संजीव कुमार (Sanjeev Kumar) रख लिया है।
एपी-4114

## बेदखली सूचना

**मैं,** नन्दलाल सपुत्री श्री प्रसाद व कंचन पत्नी श्री नन्द लाल निवासी मकान नं. 55 भैरो की सैर कालका, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा बयान देती हूं कि मेरी पुत्री सिमरन मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में जो भी इनके लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-एफ

हम हरविंदर सिंह छन्नी पुत्र श्री रंजीत सिंह और अमृत कौर पत्नी श्री हरविंदर सिंह छन्नी निवासी मकान नं. 43, एच/53, वार्ड नं. 5, गुरु तेग बहादुर नगर, खरड़ जिला एस.ए.एस नगर मोहाली ने अपनी बहन नवप्रीत कौर पत्नी श्री जजबीर सिंह निवासी छोटी लाइन, यमुनानगर, हरियाणा के साथ सारे संबंध खत्म कर लिया है। यह की हमारा अपनी बहन के साथ कोई रिश्ता नहीं है। जो कोई भी उनसे लेन देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-4189

**मैं,** सुरेश कुमार आधार कार्ड संख्या (756513461273) पुत्र बरखा राम, मकान संख्या 24 एमईएस कॉलोनी, सीएसक्यू टाइप 2, चंडीमंदिर कैंट, तहसील पंचकूला, घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा पुत्र नरिंदर कुमार आधार संख्या (796407459819) और उसकी पत्नी पिंकी मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल/अचल संपत्ति से बेदखल करता/करती हूँ। कोई भी व्यक्ति जो उनके साथ लेन-देन करेगा, वह अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा/करेगी।

**मैं,** विनोद पुत्र नन्दलाल निवासी गांव छपार तहसील व जिला चरखी दादरी (हरियाणा) घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु बबीता व पुत्र अंकुश व पुत्र वधु रीना चारो मेरे कहने सुनने के बाहर है अतः मैं इन चारो को अपनी तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करता हूं भविष्य मे इन चारो के साथ लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वय जिम्मेवार होगा मेरी किसी किस्म कोई जिम्मेवारी ना होगी।

I Suresh Kumar Adhar Card No (756513461273) Son of Barkha Ram H no. 24 MES Colony CSQ Type 2 Chandimandir Cantt Tehsil Panchkula DECLARE THAT MY SON Narinder Kumar Adhar No (796407459819) AND HIS WIFE Pinky ARE OUT OF MY CONTROL. I DISOWN THEM FROM MY MOVEABLE /IMMOVEABLE PROPRTIES. ANYBODY WHO DEALS WITH THEM SHALL DO AT HIS /HER OWN RISK AND RESPONSIBILITY.
एपी-4192

**मैं,** मंजीत कौर पत्नी स्वर्गीय श्री बलिहार सिंह, निवासी मकान संख्या 8/8 बैंक कॉलोनी, पीपली वाला टाउन, मनीमाजरा, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा अमनदीप सिंह उर्फ विशाल मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ इससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा ।

**मैं,** पवन कुमार पुत्र रामानंद निवासी मकान नंबर 1747, मौलीजागरां कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा प्रियांशु, मेरी बेटी एंजेल और मेरी पत्नी पूनम मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनको लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा ।
एपी-4194

**मैं,** रमेश पुत्र श्री हुकम चन्द निवासी गांव कवि, तहसील मतलौडा, जिला पानीपत ब्यान करता हूं कि मैं मेरा पुत्र रणदीप हमारे कहने सुनने से बाहर है व हमारे साथ लडाई झगडा करता है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे हमारा कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा। उससे लेन देन करने वाला या वह कोई गैर कानूनी कार्य करता है तो स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4196

**मैं,** मो. इजाज पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी 35 विद्यानंद कॉलोनी, उग्राखेड़ी पानीपत का रहने वाला हूं ।मेरा लड़का नसीम हमारे परिवार के कहे सुनने से बाहर हैं और अपनी मनमर्जी करता है, इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । मेरा लड़का नसीम किसी भी प्रकार का लेनदेन व गलत कार्य करता है तो उसकी जिम्मेवारी मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी।
एपी-4197

**मैं,** रिशी (आ. नं. 6841 4063 4458) पुत्र चन्द्र भान निवासी वार्ड नं. 3 रविदास महौल्ला सफीदों तहश सफीदों अपने हल्फ से बयान करता हूं मेरा पुत्र अजय व पुत्रवधू संजू दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों के साथ कोई भी लेनदेन करता है तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। इसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4204

**मैं,** संदीप वर्मा आधार कार्ड संख्या (860335649642) पुत्र श्री दीप चंद वर्मा, मकान संख्या 113 टाइप-2 कमांड कॉलोनी, चंडीमंदिर कैंट, तहसील पंचकूला, घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी पुत्री हनुशी वर्मा का आधार संख्या (546194547948) मेरे नियंत्रण से बाहर है। मैं इन्हें अपनी चल/अचल संपत्ति से अस्वीकृत करता/करती हूँ। कोई भी व्यक्ति जो इनसे संबंधित लेन-देन करेगा, वह अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा/करेगी।
एपी-4192

**मैं,** संगीता देवी पत्नी स्वर्गीय चन्द्र मोहन निवासी गाँव मुलाना डाकघर तहसील बराड़ा जिला अम्बाला कि मेरा लड़का अरुण कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करती हूँ इससे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।
एपी-4208

**मैं,** संजय मेहता पुत्र श्री राम लाल निवासी सरकारी कन्या विद्यालय कैथल, जिला कैथल मेरी पुत्री ईशा और दामाद मंजुल चुघ उर्फ मोहित चुघ पुत्रा राजेश चूज जो की मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं इसलिए मै इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हु। भविष्य में इनके साथ लेन देन व अनैतिक कार्य करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4211

## खोया-पाया

**मैं,** हिमांशु भाटिया पुत्र श्री मदन लाल निवासी 819/22, प्रभू नगर, रोहतक रोड़, सोनीपत ब्यान करता हूँ कि मेरी मूल वसीका संख्या 11917 दिनांक 23.01.2024 जोकि मोहित पुत्र जोगिंदर के नाम पर थी, जो 25.07. 2025 को कहीं खो गई है। इसकी पुलिस शिकायत संख्या 132390712501694 है। यदि किसी को मिलें तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।
एपी-4196

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने किया खाद्यान्न खरीद सुधारों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन

# खरीद प्रक्रिया के लिए निरंतर नवाचार और व्यवस्थित सुधार जरूरी : रस्तोगी

किसानों को सीधे बैंक भुगतान को बताया परिवर्तनकारी कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने केन्द्र सरकार और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा शुरू की गई व्यापक सुधार पहलों की सराहना करते हुए कहा कि देश के व्यापक खाद्य खरीद कार्यों की दक्षता बढ़ाने में इन सुधारों की अहम भूमिका है।

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा खरीद सुधारों पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, रस्तोगी ने कहा कि खरीद प्रक्रिया एक बड़ा काम है, जिसके लिए निरंतर नवाचार और व्यवस्थित सुधार की आवश्यकता है।

श्री रस्तोगी ने खास तौर पर, किसानों की फसल खरीद के लिए सीधे बैंक भुगतान सुनिश्चित करने की केंद्र सरकार की अभूतपूर्व पहल की प्रशंसा करते हुए इसे कृषि नीति में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर बताया। उन्होंने बताया कि हरियाणा ने इस प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाया है। अब किसान खरीद केंद्रों पर अपनी उपज जमा कर सकते हैं और उपज गोदामों में पहुँचने तक अपने खातों में सीधे भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि इस सुव्यवस्थित दृष्टिकोण से पारंपरिक बाधाएं दूर हुई हैं तथा किसानों और सरकारी एजेंसियों के बीच विश्वास बड़ा है।

मुख्य सचिव श्री रस्तोगी ने 1990 के दशक में उपायुक्त, एडीसी और एसडीएम के रूप में अपने व्यापक प्रशासनिक अनुभव का हवाला देते हुए, दशकों में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस समय किसानों को भुगतान में देरी और मनमानी कटौती की चिंता लगी रहती थी। लेकिन प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के कार्यान्वयन के साथ, इन दीर्घकालिक चुनौतियों का काफी हद तक समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले आढ़तियों द्वारा किए जाने वाले भुगतान में कई तरह की दिक्कतें आती थीं। लेकिन अब आधिकारिक भुगतान पूरी तरह से सुरक्षित और पारदर्शी हैं।

श्री रस्तोगी ने कहा कि देशभर में बड़े पैमाने पर खरीद कार्यों को देखते हुए, चुनौतियाँ अपरिहार्य हैं। उन्होंने कहा कि आज से पाँच या दस साल बाद भी नए मुद्दे सामने आ सकते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मजबूत नीतिगत ढाँचे और समय पर हस्तक्षेप करके निरंतर




सुधार के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि सफल कृषि सुधारों के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निरंतर सहयोग के साथ-साथ कृषक समुदायों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।

केन्द्र सरकार और एफसीआई, दोनों को उनके प्रगतिशील दृष्टिकोण के लिए बधाई देते हुए, श्री रस्तोगी ने आगामी सुधारों के प्रति गहरी आशा व्यक्त की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य की पहलों से खरीद प्रक्रियाओं को और म?बूत मिलेगी। साथ ही, इससे हरियाणा और देश भर के किसानों को सीधे तौर पर बेहतर लाभ मिलेगा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव श्री डी. सुरेश ने कहा कि हालांकि हरियाणा में देश की 2 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, फिर भी गेहूँ और चावल उत्पादन में यह दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है, जिससे यहां के किसानों की कड़ी मेहनत और लचीलेपन का पता चलता है।

इस अवसर पर एफसीआई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आशुतोष अग्निहोत्री, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आमजन की सुरक्षा व कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी



अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 19 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार जिला में किसी भी लॉ एंड ऑडर की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में पुलिस के 428 जवानों की चार दंगा निरोधक कंपनी बनाई गई है। कंपनी में तैनात प्रत्येक जवान लाठी, डंडा, बॉडी प्रॉटेक्टर, कैन सिल्ड, हेल्मेट इत्यादी सभी प्रकार के एंटी राइट एक्यूपमेंट से लैस है। एक कंपनी में तीन अलग अलग प्लाटून बनाकर जवानों को तैनात किया गया है। उक्त कंपनियों में तैनात जवान किसी भी लॉ एंड आर्डर स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है, और एक ही आदेश पर कम से कम समय में किसी भी स्थान पर लॉ एंड आर्डर सिचुएशन की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर नियुक्त किया जा सकता है ।

पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने मंगलवार को जिला सचिवालय परिसर में तीन कंपनियों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के दौरान आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा कानून से खिलवाड़ करने वाले असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाए।

इस दौरान दंगा नियंत्रण के लिए स्थिति का आंकलन, नियंत्रण की पहली प्रक्रिया से लेकर कई अहम बिन्दुओं के बारें में गहनता से बताया गया। जवानों को दंगा या भीड़ को नियंत्रित करने में बरती जाने वाली सावधानियों बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### शानवी और निधि को स्टूडेंट ऑफ़ मंथ खिताब से नवाजा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** वाग्मी किड्स प्ले स्कूल की




संचालिका ऋतु ने शानवी और निधि को स्टूडेंट ऑफ़ मंथ ख़िताब से नवाजा . रितु छिब्बर ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि हम अपने स्कूल के बच्चों के होसला वर्धन के लिए बच्चों को हर महीन प्रोत्साहन देते हैं। उन्हें बताया गया है कि बच्चों की प्रतिभा का आंकलन करते हुए उन्हें स्टूडेंट ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया जाता है। रितु ने बताया कि इस बार इस ख़िताब के हक़दार शानवी और निधि हैं। शानवी और निधि ने विद्यालय की सभी अच्छे मापदण्डो पर विजय हासिल की है। मैडम रितु बताया कि ऐसे प्रोत्साहन से बच्चों में हौसला बना रहता है और बच्चों को दिल में इस किताब को लेने के लिए एक इच्छा जागृत रहती है। बच्चे इसी दौर में अपने आपको हर पहलू में संपन्न रखने के लिये तत्पर रहते है।

### एलडीसी निलंबन पर बराड़ा में चार घंटे का विरोध



**बराडा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा सब–यूनिट में सोमवार को अंबाला कैंट यूनिट के आह्वान पर चार घंटे का विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन बिजली बोर्ड कर्मचारी गुरविंदर, एलडीसी, के निलंबन के विरोध में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबाला कैंट यूनिट के प्रधान सतबीर देशवाल ने की, जबकि मंच संचालन सब–यूनिट सचिव गोविंद ने किया। प्रदर्शन में बिलासपुर यूनिट के प्रधान सुनील और उनके सहयोगी भी पहुँचे। सुनील ने एकजुटता जताते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बिलासपुर यूनिट को भी पूरी तरह बंद किया जा सकता है। सतबीर देशवाल ने अपने संबोधन में आरोप लगाया कि बोर्ड अधिकारी यूनियन से स्पष्ट संवाद करने के बजाय टालमटोल का रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक–दो दिनों के भीतर गुरविंदर को बहाल नहीं किया गया, तो अंबाला कैंट यूनिट नई रणनीति बनाकर आंदोलन की घोषणा करेगी। इस स्थिति की ज़िम्मेदारी, उनके अनुसार, बिजली बोर्ड अधिकारियों और राज्य सरकार पर होगी। विरोध प्रदर्शन में बराड़ा सब–यूनिट के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजकों के अनुसार दीपक प्रधान, प्रदीप, प्रिंस बक्शी, अमन, संजीव, राजेश, गुरप्रीत, गुरमन, प्रमोद, अनिल, मक्खन, अनूप और दिनेश सहित कई कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बिजली बोर्ड में अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामलों को लेकर कर्मचारी यूनियनों और प्रशासन के बीच टकराव कोई नया नहीं है। ऐसे मामलों में संवाद की कमी अक्सर विवाद को और गहरा देती है। वर्तमान विरोध प्रदर्शन ने यह सवाल भी खड़ा किया है कि क्या विभाग और यूनियन के बीच संवाद तंत्र पर्याप्त है या केवल संकट की स्थिति में सक्रिय होता है।

### श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्याम प्रेमी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** श्याम जगत की अग्रणी संस्था समस्त श्याम प्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा महादेव मोहल्ला स्थित गौरी शंकर मंदिर में 552 वें श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक मधु वालिया परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस संकीर्तन में श्याम प्रेमियों ने भजनों के साथ–साथ ताली बजाते हुए हाजिरी लगाई। कार्यक्रम में गायक गौरव शान ने मधुर भजनों से समां बांधा। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। दिनों दिन श्याम प्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जगह–जगह पर श्याम जी का प्रचार–प्रसार हो रहा है। खाटू की गलियों में मेरे श्याम का बसेरा है......, फाल्गुन आयो रे चलो श्याम के द्वारे....., कीर्तन की है रात बाबा, आज थारै आणौं है....., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण में तुम्हारी......, सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती में अनिल मित्तल, शिवम अरोड़ा, आर्यन व रवीश मित्तल सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल रहे।

## स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 19 अगस्त।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ बठिंडा की 7 वीं बटालियन द्वारा स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत एसआई संचित के नेतृत्व में मंगलवार को रेलवे रोड व प्रेम नगर में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों व स्कूल स्टाफ को आपात स्थिति में सीपीआर देने तथा आग लगने के दौरान अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। एसआई संचित ने बताया कि एनडीआरएफ बठिंडा की 7 वीं बटालियन द्वारा जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 30 अगस्त 2025 तक स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ सदस्यों को किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत, एनडीआरएफ की विशेषज्ञ टीम स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्रों को बाढ़, भूकंप, चक्रवात, भूस्खलन, आग लगने या अन्य प्राकृतिक आपदाओं जैसी स्थितियों के समय सुरक्षित रहने, बचाव के तरीकों और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी देगी। ये कार्यक्रम न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करेंगे, बल्कि व्यावहारिक अभ्यास भी करवाएंगे ताकि छात्र और शिक्षक वास्तविक परिस्थितियों में सही निर्णय ले सकें।

## जमीन का फर्जी ब्याना करके धोखाधड़ी से पैसे हड़पने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज जमीन के कई फर्जी ब्याने करके रजिस्टरी ना करवाकर पैसे का गबन करके धोखाधड़ी करने के मामले में 18 अगस्त 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेश कुमार निवासी नाहन रोड नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 06 अगस्त 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 07 नवम्बर 2023 को आरोपी राजेश कुमार व अन्य ने मिलीभगत करके उनके नाम जमीन ना होते हुए उसकी जमीन के ऊपर फर्जी ब्याना करके धोखाधड़ी से पैसों का गबन करने का आपराधिक कार्य किया है।

## एसके मार्शल अकादमी के खिलाड़ियों ने स्टेट चैम्यिनशिप में चार पदक किए हासिल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 19 अगस्त।** कर्ण नगरी करनाल की एस.के.मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के खिलाड़ियों ने सिरसा में इंडिया ताइक्वांडो के तत्वाधान में 15 अगस्त से 17 अगस्त तक चली राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में अपना दमखम दिखाते हुए किड्स तथा सब जूनियर कटेगरी में हासिल किए 4 पदक एस.के.मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एकेडमी के किड्स कटेगरी में अंडर 22 किलो में मनकीरत ने रजत पदक , मायरा ने 18 किलो में कांस्य पदक, आखिया



कंबोज ने अंडर 27 किलो में स्वर्ण पदक हासिल किया। सब जूनियर कटेगरी में आरवी मदान ने अंडर 38 किलो वेट कटेगरी में हिस्सा लेते हुए 4 फाइट में से 3 नॉकआउट फाइट करके उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए पानीपत, गुरुग्राम, पंचकूला तथा फरीदाबाद के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया । अब यह खिलाड़ी 28 अगस्त से एक सितंबर तक राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 कटक (ओडिशा) में हिस्सा लेगी। इसी खुशी में एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने बेटी खिलाड़ियों का एकेडमी पहुंचने पर लड्डू खिलाकर और फूल मालाओं व मेडल पहना कर जोरदार स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर सभी खिलाड़ियों के अभिभावक गण व सभी खिलाड़ी भी मौजूद रहे।

## बच्चे संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के संवाहक होते हैं : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा राष्ट्र निर्माण में बाल संस्कार की भूमिका विषय पर परिचर्चा मातृभूमि सेवा मिशन के तत्वावधान में संपन्न

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरूक्षेत्र, 19 अगस्त।** बाल संस्कार राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बच्चों को सही संस्कार देकर, हम एक बेहतर और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। बाल संस्कार से राष्ट्र निर्माण का अर्थ है, बच्चों को सही संस्कार देकर, उन्हें एक जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनाना, जो राष्ट्र के विकास में योगदान दे सके। हम उदगार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा राष्ट्र निर्माण में बाल संस्कार की भूमिका विषय पर आयोजित परिचर्चा में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये।




कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने कविता एवं गीत प्रस्तुत किये।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहाकिसी राष्ट्र का विकास उसके बच्चों के पालन पोषण और सशक्तिकरण पर निर्भर करता है। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और मूल्यों में निवेश करके, हम एक उज्जवल भविष्य में निवेश कर रहे हैं। बच्चे संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के संवाहक होते हैं। वे राष्ट्र की विरासत को संरक्षित और आगे बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे उसकी पहचान की निरंतरता सुनिश्चित होती है। अपनी संस्कृति और इतिहास के बारे में लिखकर, बच्चों में अपने राष्ट्र के प्रति गर्व और ज़िम्मेदारी की भावना विकसित होती है। राष्ट्र निर्माण में बच्चों की सक्रिय भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि देश निरंतर और सामंजस्यपूर्ण ढंग से प्रगति करे और फले फूले। बाल संस्कार राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बच्चों को सही संस्कार देकर, हम एक बेहतर और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। परिचर्चा कार्यक्रम को समाजसेवी विजय सैनी ने बतौर अतिविशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए कहा मातृभूमि सेवा मिशन समाज के जरूरतमंद के सर्वांगीण कर उन्हे राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने का श्रेष्ठ प्रयास कर रहा है।

## डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल निवारसी में भारत विकास परिषद एवं आत्मा राम मैमोरियल नेत्र अस्पताल के सौजन्य से आंखों के मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डा. परम शिव गौड़ के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों की आंखों की जांच की गई। साथ ही आवश्यक परामर्श दिया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल रेणु राघव ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा दोनों पर बराबर ध्यान देना चाहिए।

## हमारे शौर्य, बलिदान और एकता का प्रतीक है तिरंगा : कुलपति प्रो. धीमान

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरुक्षेत्र, 19 अगस्त।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने यात्रा का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि ÷तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं है, बल्कि यह हमारे शौर्य, बलिदान और एकता का प्रतीक है। तिरंगे की शान के लिए हमारे वीर सैनिक सीमा पर दिन-रात डटे रहते हैं और उनकी बदौलत हम सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे देशहित को सर्वोपरि मानते हुए शिक्षा, सेवा और समाज के विकास में अपना योगदान दें। कुलपति ने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि भारत माता की शान को बनाए रखने के लिए तन, मन और धन से अपना कुछ न कुछ योगदान जरूर दें। कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि तिरंगा हमारे आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। तिरंगा हमें सदैव यह प्रेरणा देता है कि हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का ही केंद्र नहीं है, बल्कि यहां विद्यार्थियों में संस्कार, देशभक्ति और सेवा भाव का संचार करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी अपनी अहम भूमिका निभाएं और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें। यात्रा की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई।

## रेलवे रोड पर लाइटें खराब, शहरी मंडल अध्यक्षा नें ठेकेदार को लगाई फटकार

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 19 अगस्त।** शहर के रेलवे रोड पर अनेक लाइट खराब पड़ी हैं। जो कई बार शिकायत करने के बाद भी रेलवे रोड पर लगी सभी लाइट पूरी तरह ठीक नहीं की गई। जिसको लेकर शहर के रेलवे रोड पर शहरी मंडल अध्यक्षा रेखा संजय गोयल की शिकायत के बाद विभाग द्वारा खानापूर्ति करते हुए कुछ लाइट ठीक कर दीं गई उक्त जानकारी देते हुए रेखा गोयल ने रेलवे रोड व चुलकाना रोड का दौरा कर लाइटों का जायजा लेते हुए कही। उन्होंने बताया कि चुलकाना रोड पर लगभग सभी लाइटें बंद पड़ी हैं। जिससे किसी अनहोनी या लूटपाट का अंदेशा बना रहता हैं। इसी कड़ी में सचिव नगर परिषद समालखा को मंगलवार को एक शिकायत दी गई और स्ट्रीट लाइट ठीक करने वाले ठेकेदार के प्रति रोष जताते हुए कहाँ कि ठेकेदार अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहा है। ठेकेदार का कार्य संतोषजनक नहीं है। ठेकेदार



की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। साथ उन्होंने ठेकेदार को काम में लापरवाही करने पर जुर्माना लगाने की मांग की। साथ हीं सचिव से समालखा की सभी स्ट्रीट लाइट की जांच कर जो भी खराब है जल्दी से जल्दी ठीक करवाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने बताया कि करीब सभी वार्डो में लाइट खराब है सभी पार्षदों की शिकायतें आ रही हैं।

वहीं नगर परिषद सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि शहर में खराब बड़ी लाइटों को लेकर शहरी मंडल अध्यक्ष से मांग पत्र मिला था। जिसको लेकर ठेकेदार को कड़े निर्देश दिए गए हैं। जल्दी सभी लाइट ठीक करा दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

# जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : डीसी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 19 अगस्त।** डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डीसी ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी।

डीसी ने कहा कि पूर्व प्रक्रिया की विषमताओं को देखते हुए इस प्रकिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा है और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी सांझा कर सकता है।

# पर्युषण पर्व: जैन समाज श्रद्धा व तप के साथ मनाएगा पर्युषण पर्व, अंतिम दिन सम्वत्सरी पर होगी क्षमायाचना

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। श्वेतांबर स्थानकवासी जैन समाज का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व पर्युषण पर्व इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा।इस वर्ष यह पर्व 20 अगस्त से आरंभ होकर 27 अगस्त तक चलेगा और अंतिम दिन सम्वत्सरी महापर्व के रूप में क्षमायाचना का संदेश देगा।

'पर्युषण' का अर्थ है आत्मा की ओर ठहरना, भीतर झाँकना और आत्मशुद्धि करना। वर्षा ऋतु में साधु-साध्वियों के चातुर्मास के दौरान धर्मप्रवचन, तपस्या और आत्मकल्याण की साधना के बीच यह पर्व बड़ी आस्था के साथ मनाया जाता है।

पानीपत में इस बार अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में युवा प्रेरक, आगम ज्ञाता योगिराज श्री अरुण चंद्र जी महाराज एवं उनके शिष्यों सहित आदि ठाणे का पावन मंगल चातुर्मास चल रहा है। इसी निरंतरता में गुरुदेव अंसल जैन स्थानक में भी मंगल चातुर्मास करेंगे। इस प्रकार इन दोनों समाज का संयुक्त चातुर्मास पूरे शहर में धार्मिक वातावरण का संचार कर रहा है। इस दौरान श्रद्धालु उपवास, एकासन, आयंबिल, पौषध और अठाई जैसी तपस्याएँ करेंगे। साथ ही आगम श्रवण, स्वाध्याय, ध्यान, प्रवचन और प्रतिक्रमण के माध्यम से आत्मावलोकन और प्रायश्चित्त की साधना करेंगे। प्रतिदिन सुबह 8:15 बजे से मंगल प्रवचन में अंतागढ़ सूत्र तथा दोपहर 2:30 बजे से कल्प सूत्र की वांचनी होगी। मूल पाठ और हिन्दी अनुवाद सहित इन सूत्रों का श्रवण करने मात्र से ही श्रद्धालुओं को महान पुण्य और पापों के क्षय का मार्ग प्रदान करेगा।



समाज के बंधुओं में इस पर्व को लेकर गहरा उत्साह है। प्रतिदिन अलग-अलग घरों में शांति पाठ, उत्तराध्ययन सूत्र का पाठ, पौषध और आयंबिल व्रत का आयोजन हो रहा है। तपस्याओं में सुशीला जैन का 29वाँ आयंबिल, नीलम जैन का 21वाँ आयंबिल, सोनिया जैन का 22वाँ आयंबिल सहित काफी अन्य छोटी-बड़ी तपस्याएँ चल रही हैं।

अंतिम दिन 27 अगस्त को सम्वत्सरी प्रतिक्रमण किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजन एक-दूसरे से वर्ष भर में हुई भूलों के लिये मिच्छामि दुक्कडम कहकर क्षमा याचना करेंगे। यही भाव पर्युषण पर्व की आत्मा है। यह पर्व हमें अहिंसा, क्षमा, मैत्री और आत्मशुद्धि का संदेश देता है तथा आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करता है। पानीपत ही नहीं, पूरे भारत और विश्वभर का जैन समाज इस महापर्व को श्रद्धा और तप की गहराई के साथ मना रहा है।

## सत्य की पहचान से ही जीवन सफल होता है

महात्मा समझाते हैं कि हे इन्सान, सत्य को जान ले। सच्चा धन कौन सा है यह जान ले। सही उपलब्धी हासिल कर ले।

दोनों जहानों की बाजी जीतनी इसी प्रकार से मानी जाती है वरना सब इस बाजी को हार जाते हैं। चाहे वो सिकन्दर जैसे बादशाह थे, वो बाजी कया जीत कर गये? ठीक है मुल्कों के ऊपर विजय हासिल कर ली लेकिन सन्तों-गुरु-पीर-पैगम्बरों के फैसले ये हैं कि वो बाजी उस रूप में तो जीता लेकिन वास्तव में वो सब उपलब्धियां होते हुए भी कुछ भी उपलब्ध नहीं है, तो वो कंगाल ही माना जाता है। इसलिए महापुरुष-सन्तजनों की वाणी यही फैसले देती आ रही है कि हे इन्सान, असल में यही एक उपलब्धि है इस मनुष्य जन्म को पाकर।

तुम सत्य की पहचान कर लेते हो, अपने आपको जान लेते हो फिर तुम अपने जन्म को सफल कर लेते हो। इस प्रकार यह हर किसी के लिए संदेश है। कहा है कि गुरु-पीर-पैगम्बरों के संदेश सार्वभौमिक थे, इसलिए उनके संदेशों को Universal Message कहा गया। यह हर किसी के लिए है क्योंकि हर कोई इन्सान है और हर किसी मे आत्मा है, जिसका कल्याण होना है। इसमें हम यह नहीं कह सकते कि यह पैगाम केवल पढ़े हुओं के लिए है, अनपढ़ों के लिए नहीं है। कितने-कितने ऐसे हैं जिन्होंने कोई पढ़ाई नहीं की हुई है लेकिन उन्होंने इस सत्य को जान लिया है। तो पढ़े हुए या अनपढ़, सांसारिक लिहाज से महल में रहने



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

वाले या कुटिया में रहने वाले, राजा हों चाहे प्रजा का कोई अंग हों, औरत हों या मर्द हों इससे कोई सरोकार नही है, इसकी महत्ता हर किसी के लिए है ।इसीलिए तो कहा है कि हीरे जैसा जन्म मिला है तुम्हें -

बड़े भाग मानुष तन पावा

बड़े भाग्य की बात है कि तुम्हें मानुष तन मिला है। यह तो नहीं कहा कि बड़े भाग्य कि तुम एक पंजाबी घर में पैदा हुए हो। बड़े भाग्य कि तुम एक वैश्य के घर पैदा हुए हो। नहीं, बड़े भाग्य कि मनुष्य के रुप में पैदा हुए हो। यह भाग्य की बात इसलिए है क्योंकि This is considered a golden opportunity कि एक सुनहरी अवसर मिला है तुम्हें। चौरासी लाख योनियों मे केवल इन्सानी जन्म जब मिलता है तो उसको भाग्य की बात मानी जाती है क्योंकि इस अवसर का लाभ उठा लेते हैं वो बहुत सम झदार माने जाते हैं क्योंकि उन्होंने मूल परमात्मा को जान लिया है। मीराबाई ने जाना, रविदास जी की कृपा से तो मीरा धन्य हो गई। पहले उसको जन्म मिला - बड़े भाग मानुष तन


## अर्थ प्रकाश Career column OPPORTUNITIES

**नोकरियां यहां देखें**

**बीएसएससी सीजीएल द्वारा विज्ञापित प्लानिंग असिस्टेंट के**
कुल पद: 1481
आवेदन की अंतिम तिथि:19 सितंबर, 2025
योग्यता: ग्रेजुएट्स
करें आवेदन:
**online. bssc.com**

**आरपीएससी द्वारा विज्ञापित वरिष्ठ अध्यापक के**
कुल पद: 65 00
आवेदन की अंतिम तिथि:17 सितंबर, 2025
योग्यता: स्नातक व डीएचडी
आयु सीमा:18 से 40 साल
करें आवेदन:
**rpsc. rajasthan. gov.in**

**एएआई में जूनियर एग्जीक्यूटिव के**
कुल पद: 976
आवेदन की अंतिम तिथि:27 सितंबर 2025
योग्यता: इंजीनियरिंग ,गेट
आयु सीमा: अधिकतम 27 साल
करें आवेदन: **aai.aero**

**राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित लेक्चर के**
कुल पद: 3225
आवेदन की अंतिम तिथि: 12 सितंबर, 2025
योग्यता: पीएचडी
आयु सीमा:21 से 40 साल
करें आवेदन:
**rpsc rajasthan. gov.in**

**आर आर सी पूर्वी दिल्ली में अप्रेंटिसशिप के**
कुल पद: 3115
आवेदन की अंतिम तिथि: 13 सितंबर, 2025
आयु सीमा अधिकतम:24 वर्ष
करें आवेदन:
**rrcer.org**

**दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापित कोर्ट अटेंडेंट, रूम अटेंडेंट व अन्य के**
कुल पद: 334
योग्यता: 24 सितंबर, 2025
आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 27 वर्ष
करें आवेदन:
**dsssb.delhi. gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें


## अमेजन के एवरीडे एसेंशियल्स के साथ अपने पालतू जानवरों के लिए इस त्यौहारी सीज़न को ख़ास बनाएं

चंडीगढ़। त्योहारों का मौसम शुरू होते ही, पालतू जानवर रखने वाले परिवार अपने इन प्यारे दोस्तों को भी उत्सव में शामिल करने के तरीके ढूंढ रहे हैं–फिर चाहे उन्हें त्यौहारी पोशाक पहनाना हो, उन्हें खास उपहार देना हो या उन्हें खेलने के लिए नए खिलौने देना हो। अमेज़न इंडिया के एवरीडे एसेंशियल्स के निदेशक निशांत रमन ने कहा, वे अपने प्यारे और मखमली पारिवारिक सदस्यों की देखभाल के लिए ज़्यादा स्मार्ट, अनोखे और ज़्यादा सूझ-बूझ के साथ तैयार किए गए उत्पादों की तलाश में हैं। पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ज़रूरी चीज़ों के विस्तृत और सोच-समझकर तैयार किए गए संग्रह के साथ, अमेजन की रोजाना की जरूरी चीजें देश भर के पालतू जानवरों के पालकों को रोज़मर्रा की चुनौतियों का समाधान करने वाले अनोखे उत्पाद खोजने में मदद कर रहे हैं। धूप से बचाव के लिए डॉग सनग्लासेस, घर के अंदर की सफ़ाई के लिए बर्ड डायपर, इंटरैक्टिव फीडिंग टूल्स, मानसून में सैर के लिए पालतू जानवरों के रेनकोट या फिर ख़ास तौर पर कुत्तों के लिए डिज़ाइन किए गए फेस्टिव कुर्ते - प्योरपेट, रॉयल कैनिन, फूड पपीड़, वस्त्रमय, केनल किचन जैसे टॉप ब्रांड्स के अनोखे उत्पादों पर 40 प्रतिशत तक की छूट पाएं।

## सिट्रोएन इंडिया ने बेहतर फीचर्स के साथ नई सिट्रोएन सीउएक्स लॉन्च की

**चंडीगढ़।** सिट्रोएन 2.0 - ''शिफ्ट इन टू द न्यू'' स्ट्रेट्जिक प्लान के अंतर्गत, सिट्रोएन इंडिया ने आज नई सिट्रोएन सी3एक्स रेंज लॉन्च की। यह इसकी लोकप्रिय एसयूवी-स्टाईल की कार का बोल्ड रूपांतरण है। इसमें 15 नए इंटैलिजेंट फीचर्स दिए गए हैं। सिट्रोएन सी3 हर सफर में बेहतर कम्फर्ट, टेक्नोलॉजी पर केंद्रित सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करती है। यह अपने सेगमेंट में सबसे किफायती मूल्य में होने के कारण आसानी से खरीदी जा सकती है, जिससे इसे प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलती है। इसकी इनोवेटिव विशेषताओं में सिट्रोएन का प्रॉक्सी-सेंस पैसिव एंट्री और पुश स्टार्ट सिस्टम है, जो ट्रू हैंडस-फ्री अनुभव प्रदान करने वाला सेगमेंट का सबसे बेहतर फीचर है। जहाँ पारंपरिक की-लेस सिस्टम के लिए यूजर्स को रिक्वेस्ट सेंसर को दबाना पड़ता है, वहीं प्रॉक्सी सेंस, जब भी चाबी वाहन के नजदीक होती है, तो उसे ऑटोमैटिक रूप से अनलॉक कर देता है, और जब आप दूर जाते हैं, तो उसे लॉक कर देता है। इसलिए एसयूवी को स्टार्ट करने के लिए केवल स्टार्ट बटन को दबाना होता है, फिर चाहे चाबी आपकी जेब में रखी हो या फिर बैग में। नई सिट्रोएन सी3एक्स अपने सेगमेंट की एकमात्र एसयूवी है, जो स्पीड लिमिटर फंक्शनैलिटी और क्रू कंट्रोल के साथ आ रही है।

## एमेजॉन ने डेढ़ लाख से ज़्यादा नौकरी के मौके बनाए

चंडीगढ़ । एमेजॉन इंडिया ने आज घोषणा करी कि उसने अपने फुलफलिमेंट सेंटर्स , सॉर्ट सेंटर्स और लास्ट माइल डिलीवरी स्टेशनों में 1,50,000 से ज़्यादा अस्थायी नौकरियाँ बनाई हैं। यह कदम आने वाले त्योहारों में करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने की तैयारी के लिए उठाया गया है।इनमें 400 से ज़्यादा शहरों में सीधे और अप्रत्यक्ष नौकरी के मौके शामिल हैं, जिनमें मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, कोचीन, कोयंबटूर, इंदौर, रायपुर, जालंधर, जोधपुर, रांची, अनंतनाग, जलगाँव और कई अन्य शहर शामिल हैं। इसकी खास बात यह है कि एमेजॉन ने अपने नेटवर्क में हज़ारों महिलाओं और 2000 से ज़्यादा दिव्यांग साथियों को भी यह मौका दिया हैं। एमेजॉन इंडिया ने आने वाले त्योहारों को देखते हुए पहले से ही इन नए साथियों में से ज़्यादातर को शामिल कर लिया है।एमेजॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी - ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा कि ÷इन त्योहारो पर हमारा मकसद ग्राहकों को पूरे भारत के हर सर्विसेबल पिन कोड पर सबसे जल्द और भरोसेमंद डिलीवरी देना है।



## अमेजन के एवरीडे एसेंशियल्स के साथ अपने पालतू जानवरों के लिए इस त्यौहारी सीज़न को ख़ास बनाएं


**शिमला।** त्योहारों का मौसम शुरू होते ही पालतू जानवर रखने वाले परिवार अपने इन प्यारे दोस्तों को भी उत्सव में शामिल करने के तरीके ढूंढ रहे हैं फिर चाहे उन्हें त्यौहारी पोशाक पहनाना हो, उन्हें खास उपहार देना हो या उन्हें खेलने के लिए नए खिलौने देना हो।वे अपने प्यारे और मखमली पारिवारिक सदस्यों की देखभाल के लिए ज़्यादा स्मार्ट,अनोखे और ज़्यादा सूझ.बूझ के साथ तैयार किए गए उत्पादों की तलाश में हैं। पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ज़रूरी चीज़ों के विस्तृत और सोच समझकर तैयार किए गए संग्रह के साथ अमेजन की रोजाना की जरूरी चीजें देश भर के पालतू जानवरों के पालकों को रोज़मर्रा की चुनौतियों का समाधान करने वाले अनोखे उत्पाद खोजने में मदद कर रहे हैं। धूप से बचाव के लिए डॉग सनग्लासेस,घर के अंदर की सफ़ाई के लिए बर्ड डायपर, इंटरैक्टिव फीडिंग टूल्स,मानसून में सैर के लिए पालतू जानवरों के रेनकोट या फिर ख़ास तौर पर कुत्तों के लिए डिज़ाइन किए गए फेस्टिव कुर्ते प्योरपेट, रॉयल कैनिन,फूड पपीड़,वस्त्रमय,केनल किचन जैसे टॉप ब्रांड्स के अनोखे उत्पादों पर 40 प्रतिशत तक की छूट पाएं।

## भटकन को रोकने का पर्व है पर्युषण: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ।** जैन धर्म का पर्युषण पर्व 'भटकन को रोकने का पर्व' है यह लोगों को सांसारिक मोह-माया से दूर रहने और आत्म-चिंतन में लीन होने के लिए प्रेरित करता है। यह पर्व व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने और आध्यात्मिक उन्नति करने में मदद करता है। पर्युषण पर्व का विशेष महत्व माना गया है यह लगभग 8 दिवसीय जैन त्योहार है, जिसमें समुदाय के लोग आध्यात्मिकता में लिप्त रहते हैं। यह त्यौहार संवत्सरी के साथ समाप्त होता है, जो पर्युषण के आखिरी दिन मनाया जाता है। पर्युषण पर्व को धीरज पर्व, के नाम से भी जाना जाता है। ये शब्द मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमार जी 'आलोक' ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसीसभागार मे पर्युषण महापर्व की पूर्व संध्या पर एकत्रित श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने कहा पर्युषण पर्व के दौरान जैन धर्म के अनुयायी एक साथ आते हैं और अपने मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए एक साथ उपवास और ध्यान करते हैं। इसे महापर्व भी कहा जाता है। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, जिस दौरान भगवान महावीर ने शिक्षा दी थी उस समय को ही पर्युषण पर्व के रूप



में मनाया जाता है। इस महापर्व साधक को उत्तम गुण अपनाने की प्रेरणा देता है। साथ ही इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना, तप और ध्यान आदि भी किया जाता है। इन दिनों में जैन धर्म के लोग व्रत, तप, साधना करके आत्मा की शुद्धि का प्रयास करते हैं और पूरे वर्ष में जाने-अनजाने में किए गए पापों के लिए ईश्वर से क्षमा याचना भी करते हैं। इस पर्व के दौरान प्रतिदिन शाम को पश्चाताप के लिए प्रतिक्रमण किया जाता है। मनीषीसंत ने कहा यह पर्व भगवान महावीर के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म पर चलना सिखाता है। इन दिनों में त्याग और संयम के साथ शारीरिक और मानसिक तप से आत्मशुद्धि की जाती है। माना जाता है इससे मोक्ष मिलता है। पर्युषण पर्व के पूरा होने पर विश्व-मैत्री दिवस यानी संवत्सरी पर्व मनाया जाता है। ये संस्कारों को पैदा करने का पर्व है। इन दिनों में जैन समाज के लोग पूरी तरह अनुशासन में रहकर तप करते हैं। मांगते हैं गलतियों की क्षमा 1. पर्युषण शब्द में परि का अर्थ चारों ओर और उषण का अर्थ धर्म की आराधना होता है। 2. यह पर्व महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जिओ और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है। 3. पर्युषण के 2 भाग हैं- पहला तीर्थंकरों की पूजा, सेवा और स्मरण तथा व्रतों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक व वाचिक तप में स्वयं को पूरी तरह समर्पित करना। 4. श्वेतांबर समाज 8 दिन तक पर्युषण पर्व मनाते हैं जिसे 'अष्टान्हिका' कहते हैं जबकि दिगंबर 10 दिन तक मनाते हैं जिसे वे 'दसलक्षण' कहते हैं। 5. पर्युषण के समापन पर 'विश्व-मैत्री दिवस' मनाया जाता है। अंतिम दिन दिगंबर 'उत्तम क्षमा' तो श्वेतांबर 'मिच्छामि दुक्कड़म' कहते हुए लोगों से क्षमा मांगते हैं।

**पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व आज से**

आचार्यश्रीमहाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती मनीषीसंत मुनिश्री विनय कुमार जी 'आलोक' के सानिध्य मे पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व आज से सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे शुरू हो रहा है।

## पंचांग

बुधवार, 20 अगस्त, 2025, सूर्योदय: 05:53 ए एम, सूर्यास्त: 06:56 पी एम, चन्द्रोदय: 03:36 ए एम, अगस्त 21, चन्द्रास्त: 05:10 पी एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: श्रावण, पूर्णिमान्त महीना: भाद्रपद, वार: बुधवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: द्वादशी - 01:58 पी एम तक, नक्षत्र: पुनर्वसु - 12:27 ए एम, अगस्त 21 तक, योग: सिद्धि - 06:13 पी एम तक, करण: तैतिल - 01:58 पी एम तक, द्वितीय करण: गर - 01:18 ए एम, अगस्त 21 तक, सूर्य राशि: सिंह, चन्द्र राशि: मिथुन - 06:35 पी एम तक, राहुकाल: 12:24 पी एम से 02:02 पी एम, गुलिक काल: 10:46 ए एम से 12:24 पी एम, यमगण्ड: 07:31 ए एम से 09:09 ए एम, अभिजित मुहूर्त: कोई नहीं, दुर्मुहूर्त: 11:58 ए एम से 12:50 पी एम, अमृत काल: 10:07 पी एम से 11:40 पी एम, वर्ज्य: 12:47 पी एम से 02:20 पी एम।

## भविष्य फल

**मेष:** आज आप नौकरी व व्यवसाय में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। अगर कोई नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे है तो समय अच्छा है।

**वृष:** अचानक से आज आपके घर पर पुराने रिश्तेदार आ सकते है। बिजनेस को बड़ी डील मिलने के कारण आज आपके घर पर छोटी-सी पार्टी हो सकती है।

**मिथुन:** मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको खुश रखेंगे और सुकून देंगे।

**कर्क:** गुप्त शत्रु से सचेत रहें। संतान से मतभेद रहेंगे। धैर्य रखने की जरूरत है तथा ईश्वर के प्रति आस्था भाव रखने से सब कुछ ठीक हो सकता है।

**सिंह:** आज आपकी अन्दरूनी ताक़त कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। दाम्पत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा।

**कन्या:** प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**तुला:** किसी पर्यटन स्थल पर जाने से मन अतिप्रसन्न होगा। वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा।

**वृश्चिक:** आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं।

**धनु:** खुद को परिष्कृत करने की कोशिश कई तरीकों से अपना असर दिखाएगी- आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

**मकर:** आज भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:** अपने विचारों को सकारात्मक रखें, क्योंकि आपको डर नाम के दानव का सामना करना पड़ सकता है।

**उपायुक्त सुशील सारवान ने ली शुगर मिल अधिकारियों की बैठक**

# गन्ना पिराई सीजन 2025-26 के लिए मरम्मत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। शुगर मिल में आगामी गन्ना पिराई सत्र 2025-26 के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। मंगलवार को उपायुक्त एवं चैयरमैन शुगर मील सुशील सारवान ने शुगर मिल के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की वो पिराई सीजन 2025-26 के लिए मरम्मत के कार्य में तेजी लाए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो मरम्मत के कार्य के लिए मशीनों के स्पेयर पार्ट की खरीद, मरम्मत व रखरखाव के कार्य को पारदर्शिता से करें व सरकार की नीतियों के हिसाब से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो इस मरम्मत के कार्य को ईमानदारी से कर अपनी जिम्मेवारी को निभाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वो अपने लंबित कार्य को जल्द से पूरा



कर ले। किसी भी लापरवाही के लिए अधिकारी व कर्मचारी स्वंय जिम्मेवार होगा। उपायुक्त ने बैठक मे सात मुद्दों पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की व सभी मुद्दो पर आपसी समन्वय के साथ हल करने के दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रबंध निदेशक शुगर मिल अंकिता वर्मा, सीएओ जितेन्द्र शर्मा, चीफ इंजीनियर अनिल चौहान व अन्य सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चण्डीगढ़ ने सोनीपत में किया एक दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चण्डीगढ़ द्वारा भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के निर्देशन में मंगलवार को जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0, सोनीपत के सभागार में एक दिवसीय क्षमता संबर्धन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवगठित बहुउद्देशीय कृषि सेवा सहकारी सभाओं के कर्मचारियों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चण्डीगढ़ से आए संकाय सदस्य सुनील कुमार ने किया। उन्होंने सचिव एवं निदेशक मंडल के सदस्यों से आग्रह किया कि सहकारी मंत्रालय, भारत सरकार की नीतियों को एवं पहलों के जमीनी स्तर पर लागु करके



जन कल्याण का आर्थिक एवं सामाजिक विकास किया जाए द्य सहकारी समितियों के कार्य संचालन, विशेषकर बचत एवं ऋष्ण सुविधा की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार सहकारी समीतियाँ अपने सदस्यों को पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, लोकमित्र केंद्र जैसी सुविधाएं प्रदान कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकती हैं।इस कार्यक्रम में जिले की नवगठित सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और सहकारिता क्षेत्र में नए अवसरों को लेकर गहन चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारी समितियों की कार्यक्षमता बढ़ाकर ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सहकारी समिति निरीक्षक रविन्द्र कुमार व देविन्द्र पाल, किशन लाल, सुमित सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## यमुना का जलस्तर सामान्य, अफवाहों पर ध्यान न दें: एसडीएम सुभाष चंद्र

एसडीएम सोनीपत ने यमुना नदी का दौरा किया और जलस्तर की स्थिति का जायज़ा लिया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र ने मंगलवार को यमुना नदी का दौरा किया और जलस्तर की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि कल की अपेक्षा आज यमुना के जलस्तर में काफी गिरावट आई है और फिलहाल खतरे की कोई स्थिति नहीं है।

एसडीएम ने किसानों और आसपास के ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन की टीमें लगातार यमुना नदी के जलस्तर पर निगरानी रख रही हैं।



यदि हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है, तो प्रशासन उसकी जानकारी समय से पहले जनता तक पहुँचा देगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि यमुना में जल की स्थिति पूरी तरह सामान्य है और किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर एसडीएम ने ताजपुर से मलिकपुर रोड का भी निरीक्षण किया और जल निकासी की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बीडीपीओ मुरथल को निर्देश दिए कि अतिरिक्त पंप की व्यवस्था कर जल्द से जल्द पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बहालगढ़ क्षेत्र का भी दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# युवाओं को ग्लोबल लीडरशिप रोल के लिए तैयार करने का माध्यम बनेगी 'चिवनिंग-यूपी छात्रवृत्ति योजना': मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ। इसके तहत 'चिवनिंग-भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना÷ शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने के लिए कार्य कर मेधावी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना इस योजना का उद्देश्य है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को 'ग्लोबल लीडरशिप रोल' के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की प्रेरणा से प्रारंभ की गई यह योजना प्रदेश के युवाओं को वैश्विक शिक्षा और नेतृत्व में नई ऊंचाइयां हासिल करने का अवसर देगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर उत्तर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं।

इस छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा यूके तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। प्रति छात्र लगभग38,048 से 42,076 (लगभग 45 से 48 लाख) का खर्च आएगा। इसमें से उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 19,800 (23 लाख) वहन करेगी, शेष राशि का वहन एफसीडीओ यूके करेगा।

ब्रिटिश हाई कमिश्नर टू इंडिया, लिंडी कैमरन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि लखनऊ आकर इस समझौते पर हस्ताक्षर करना बेहद खुशी की बात है। इस नई चिवनिंग स्कॉलरशिप के तहत अगले तीन वर्षों तक हर साल पांच छात्रों को यूके में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

यह यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच बढ़ते रिश्तों का प्रतीक है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी की यू. के. विजिट के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा ट्रेड एग्रीमेंट और विजन 35 साइन किया गया है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ व्यापार के शानदार अवसर भी खुलेंगे। इस साझेदारी से भारत और विशेषकर उत्तर प्रदेश के छात्रों को वैश्विक मंच पर बड़ा फायदा होगा।

# लखनऊ सेमिनार में डार्क वेब और क्रिप्टोकरेंसी पर मंथन

## साइबर सुरक्षा पर वैश्विक सहयोग की जरूरत

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। योगी सरकार साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के अधिकारियों को लगातार हाइटेक टेक्नोलॉजी के जरिये प्रशिक्षित कर रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार के दूसरे दिन मंगलवार को साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिये होने वाली अवैध गतिविधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गयी। सेमिनार में विशेषज्ञों ने डार्क वेब की अवैध गतिविधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर भी चर्चा की।साइबर विशेषज्ञों ने साइबर अपराध को रोकने के लिए हाईटेक टेक्नोलॉजी पर जोर दिया।

सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। उन्होंने बताया कि डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। पैनेलिस्ट विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि डार्क वेब पर अपराधों का पता लगाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह से गुमनाम और विकेंद्रीकृत है। हालांकि कुछ हाईटेक टेक्नोलॉजी की मदद से अपराधियों का पता लगाने में सफलता मिल सकती है। साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने बताया कि देश में कानून प्रवर्तन संस्थाएं साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत साइबर अपराधा अब क्रिप्टो प्लेटफार्मों पर स्थानांतरित हो चुकी है और इससे निपटने के लिए प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसके अलावा विभिन्न विशेषज्ञों ने सेमिनार में एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी नई तकनीकों पर भी चर्चा की। विशेषज्ञों ने माना कि एआई आने वाले समय में साइबर अपराधों को रोकने में मददगार साबित होगा। साथ ही वैश्विक अपराध पर काबू पाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

# अशोक नगर में ईडी की रेड, कई घंटे चली पूछताछ

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** अशोक नगर में सोमवार सुबह ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। टीम सुबह करीब 10 बजे साहिल नाम के युवक के घर पहुंची और मकान को बंद कर पूछताछ शुरू कर दी। साहिल कुमार कस्टम हाउस एजेंट का काम करता है। खातों की ट्रांजेक्शन में गड़बड़ी के चलते ईडी देर शाम तक पूछताछ करती रही, हालांकि ईडी अधिकारियों ने किसी भी तरह की जानकारी सार्वजनिक करने से साफ मना कर दिया। पूरे दिन स्थानीय लोगों में दिन भर चर्चा रही, क्योंकि साहिल एक सामान्य परिवार से संबंध रखता है। ईडी की अचानक रेड से आसपास के लोग हैरान रह गए और देर शाम तक जांच जारी रही।

# अमरावती की बाढ़ ने नायडू के कुप्रबंधन व असफल मॉडल को किया उजागर: रामबाबू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**विजयवाड़ा।** पूर्व मंत्री अधिवक्ता अंबाती रामबाबू ने ताडेपल्ली केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा झूठे मामलों के ज़रिए मीडिया को चुप कराने की कोशिशों की निंदा की और कहा कि अमरावती की बाढ़ को छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने नायडू द्वारा कोंडावीती वागु से पानी उठाने की बात स्वीकार करने का हवाला देते हुए सवाल किया, ÷क्या यह सच नहीं है कि बारिश के कारण अमरावती में पानी रुक गया था? क्या यह एक तरह का समुद्र नहीं बन गया था? रामबाबू ने कहा कि उन्होंने राजधानी क्षेत्र के गाँवों को बाढ़ के पानी में डूबते देखा है। उन्होंने कहा, अगर टीडीपी नेता आते हैं, तो मैं उन्हें बाढ़ का पानी दिखाऊँगा। कृष्णा नदी में पानी पंप करना अमरावती की कमज़ोरी साबित करता है।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि 2024 में, हाई कोर्ट रोड, सीड एक्सेस रोड, प्रतिष्ठित टावर, अधिकारियों की आवासीय कॉलोनियाँ और टिडको के घर सहित प्रमुख बुनियादी ढाँचे जलमग्न हो जाएँगे। उन्होंने कहा, इस साल अमरावती फिर से जलमग्न हो गया है। नाकामियों पर ध्यान देने के बजाय, सरकार सच दिखाने के लिए मीडिया को निशाना बना रही है।

रामबाबू ने लैंड पूलिंग के लिए 53,000 एकड़ ज़मीन देने वाले किसानों के प्रति नायडू के न्याय पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, वह ज़मीन अभी भी अविकसित है। 43,000 एकड़ और क्यों अधिग्रहित किया जाए? क्या यही न्याय है?



उन्होंने केजीबीवी की प्रिंसिपल सौम्या को आत्महत्या के प्रयास के लिए उकसाने के आरोप में टीडीपी विधायक कुना रवि कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उन्होंने आग्रह किया, अगर नायडू में ज़रा भी शर्म है, तो उन्हें रवि कुमार को गिरफ्तार करना चाहिए।÷ उन्होंने चेतावनी दी कि नायडू किसानों को धोखा दे रहे हैं और उन्हें हमेशा के लिए जलमग्न कर रहे हैं।

रामबाबू ने मुफ़्त बस यात्रा के झूठे वादे करके महिलाओं के साथ विश्वासघात करने और जूनियर एनटीआर को निशाना बनाने के लिए नायडू की आलोचना की। उन्होंने कहा, लोकेश जूनियर एनटीआर से डरते हैं, इसलिए वे उनकी फ़िल्में रोकने की धमकी देते हैं। नायडू ने एनटीआर परिवार का इस्तेमाल किया और उसे छोड़ दिया। हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी की जा रही है और पुलिस जेसी प्रभाकर रेड्डी जैसे टीडीपी नेताओं के पीछे पड़ी है। यही हालात हैं। रामबाबू ने निष्कर्ष निकाला कि झूठे मामलों से सच्चाई नहीं छिपेगी। किसानों का दर्द सच्चा है, उनके खेत जलमग्न हैं, और नायडू का असफल अमरावती मॉडल आंध्र प्रदेश के सामने उजागर हो गया है।

# गठबंधन सरकार के खिलाफ विकलांगों का विरोध प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**बंगारुपलेम।** चित्तूर जिले के बंगारुपलेम स्थित सरकारी अस्पताल में शनिवार को दिव्यांगों ने धरना दिया और आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार ने शारीरिक अक्षमताओं के कारण बिस्तर तक सीमित रहने वाले दिव्यांगों के लिए सख्त पेंशन हटा दी है। उक्त एक जिले में 7 हजार पेंशन धारी पेंशन से वंचित हो गए। उन्होंने शिकायत की कि सरकार ने विकलांगों को पेंशन से हटा दिया है और उनका जीवन दयनीय होता जा रहा है। विकलांग जन अधिकार पार्टी के राज्य अध्यक्ष चंद्रशेखर ने मांग की कि हटाए गए विकलांगों को तुरंत पेंशन दी जाए। विदित हो गत सरकार सारे पेंशन धारियों को भले वो 40 रिश्तों अपंग भी खो लेकिन वर्तमान स्थिति से जीवन यापन नहीं कर सकता और उसे रोजगार भी कोई नहीं देने वाला है इन सारी स्थितियों को देखकर इनको बहाल करते हुए सभी को तत्व यस जगमोहन डैडी की सरकार पेंशन दिया था अब वह पेंशन को हटाने से एक नया आंदोलन का रुक धारण कर रहा है और गठबंधन सरकार की प्रतिष्ठा खराब हो रही है इन्हें बहाल करना ही उचित होगा यह बौद्धिक विचारधारा वाले समाजसेवी का कहना है

# फोर्टिस मोहाली में रोबोट-असिस्टड सर्जरी द्वारा जटिल हर्निया से पीड़ित बुजुर्ग मरीजों का सफल इलाज

**इलाज में देरी से जानलेवा जटिलताएं भी हो सकती थीं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के डिपार्टमेंट ऑफ जनरल एंड मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक) ने दुनिया के सबसे एडवांस्ड फोर्थ जेनरेशन रोबोट - दा विंची इलेवन के माध्यम से जटिल हर्निया से पीड़ति कई बुजुर्ग मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की है। इन सभी मामलों में, समय पर इंटरवेंशन महत्वपूर्ण था, क्योंकि देरी से बुजुर्ग मरीजों को गंभीर समस्याएं हो सकती थीं। कई मामलों में तो उनकी जान तक को भी जोखिम हो सकता था। पहले मामले में, एक 80 वर्षीय व्यक्ति को पेट में तेज दर्द, सूजन और तेज़ दिल की धड़कन की समस्या हो रही थी। उनकी पहले हर्निया की सर्जरी हो चुकी थी, लेकिन वे बार-बार संक्रमण और लगातार बिगड़ते लक्षणों से पीड़ित रहे। कई अस्पतालों से कंसल्टेंशन और इलाज करवाने के बावजूद, उनकी बढ़ती उम्र के कारण उन्हें बार-बार सर्जरी न करने की सलाह दी गई। इस तकलीफ को सहन न कर पाने के कारण, मरीज़ ने फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली के डॉ.इकबाल सिंह, सीनियर कंसल्टेंट और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से मुलाकात की। डॉ. सिंह ने उनकी स्थिति को रेकरेंट इनगुनियल हर्निया की समस्या के बारे में बताया। इस तरह के मामले में जब टिश्यूज पेट की दीवार, विशेष रूप से कमर के क्षेत्र में, या पहले की गई सर्जरी की जगह पर किसी छिद्र से बाहर निकल आते हैं, तो इस प्रकार की समस्या हो जाती है। इलाज में देरी से आंतों में रुकावट (ब्लॉकेज जो भोजन और तरल पदार्थों को आंतों में पचने से रोकता है) हो सकती थी, जो एक संभावित घातक जटिलता थी। इसका तुरंत इलाज करने की जरूरत थी। इस मामले की जटिलता के बावजूद, डॉ. सिंह ने रोबोट की सहायता से हर्निया रिपेयर सर्जरी करने का फैसला किया। मरीज़ की सर्जरी के बाद आसानी से रिकवरी हुई और प्रोसीजर के अगले ही दिन उसे छुट्टी दे दी गई।

# पुलिवेंदुला-ओन्तिमिट्टा उपचुनाव: मतदाता दमन और पुलिस मिलीभगत के आरोपों से उठा विवाद

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी



**ताडेपल्ली।** पुलिवेंदुला और ओन्तिमिट्टा में हाल ही में हुए क्लिष्ट उपचुनाव ने मतदाताओं के दमन और चुनावी कदाचार के आरोपों के साथ व्यापक विवाद को जन्म दिया है। आधिकारिक रिपोर्टों में 70 प्रतिशत से ज़्यादा मतदान का दावा किया गया है, लेकिन नल्लापारेड्डीपल्ली और एर्रेबल्ली जैसे गाँवों के स्थानीय लोगों का दावा है कि उन्हें व्यवस्थित रूप से मतदान करने से रोका गया। गवाहियों से पता चलता है कि तेलुगु देशम पार्टी समर्थित बाहरी लोग, लाठी-डंडों और चाकुओं से लैस वाहनों में सवार होकर, निवासियों की जगह वोट डालने पहुँचे। पुलिस ने उनके साथ मिलीभगत की, ग्रामीणों को धमकाया, मतदाता पर्चियाँ ज़ब्त कीं और यहाँ तक कि मतदान करने की कोशिश करने वाली महिलाओं पर भी हमला किया।

निवासी भय के माहौल का वर्णन करते हैं, जहाँ उपद्रवी और पुलिस उन्हें मतदान केंद्रों पर धमका रहे हैं, मतदान केंद्रों तक पहुँचने से रोक रहे हैं और विरोध करने वालों के खिलाफ मामले दर्ज कर रहे हैं। एर्रेबल्ली में, 600 पात्र मतदाताओं में से एक भी मतदाता को वोट डालने की अनुमति नहीं दी गई। शिक्षा मंत्री नारा लोकेश सहित तेदेपा नेताओं के इस दावे पर ग्रामीण आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं कि चुनाव शांतिपूर्ण रहा और उन्होंने उन्हें चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता की शपथ लेने की चुनौती दी है। मतदाताओं की उंगलियों पर अमिट स्याही का न होना उनके इस दावे को पुष्ट करता है कि उनके वोट चुराए गए थे। ये प्रमाण पत्र एक लोकतांत्रिक जीत के प्रचारित आख्यान और मताधिकार से वंचित होने की जमीनी हकीकत के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर को उजागर करते हैं, जिससे पुलिवेंदुला और ओन्तिमिट्टा में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठते हैं।

# यूटी क्रिकेट एसोसिएशन ने चंडीगढ़ प्रीमियर लीग 25 की घोषणा की

## आगामी 28 अगस्त से छह फ्रेंचाइजी टीमें भिड़ेंगी खिताबी दौड़ में

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल



चंडीगढ़। यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) अध्यक्ष संजय टंडन ने मंगलवार को फ्रेंचाइज़ी-आधारित चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 की घोषणा की। उन्होने बताया कि सीपीएल टी20 फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसकी शुरुआत आगामी 28 अगस्त से होगी और 13 सितंबर को भव्य फ़ाइनल के साथ इसका समापन होगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें कुल 33 मैचों में आमने-सामने होंगी, जिनमें दो सेमीफ़ाइनल और एक फ़ाइनल शामिल है। क्रिकेट प्रेमियों के रोमांच को दोगुना करने के लिए हर दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। सभी मैच सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम में होंगे और लाइव प्रसारण फैनकोड पर उपलब्ध रहेगा, जिससे दर्शकों तक व्यापक पहुँच सुनिश्चित होगी। लीग का शुभारंभ 26 अगस्त को पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे।

ज्ञात रहे कि फ्रैंचाइज़ी-स्लॉट्स को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आवंटित किया गया है, जिससे पूरी पारदर्शिता बनी रही। फ्रैंचाइज़ी-टीमों में -अल्ट्रुइस्टियन्स, कैपिटल स्ट्राइकर्स, चंडीगढ़ किंग्स, डॉ. मोरपेन डैज़लर्स, पंचकूला बैशर्स और तलानोआ टाइगर्स शामिल हैं।

यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन ने कहा कि सीपीएल का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और चंडीगढ़ को खेलों का हब बनाना है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह लीग युवाओं को प्रेरित करेगी और उन्हें बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर देगी। इस अवसर पर देवेन्दर शर्मा (सचिव), सीए आलोक कृष्णन (कोषाध्यक्ष), एपेक्स काउंसिल सदस्य डेनियल बनर्जी, हरि सिंह खुराना सहित यूटीसीए के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। टीम फ्रेंचाइजी जल्द ही अपने सेलिब्रिटी ब्रांड एंबेसडर की घोषणा करेंगे, जिससे क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह और बढ़ेगा।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरुरी शुद्ध खान पान और हवा

आजकल हम सभी एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां के वातावरण में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे पांच विकारों के नेगेटिव वाइब्रेशंस समय के साथ-साथ, बहुत सी मनुष्य आत्माओं द्वारा रेडिएट किए जा रहे हैं। इसी तरह से बहुत सी गंभीर बीमारियां, जो मनुष्यों के लिए जानलेवा हैं, समय के साथ बढ़ती जा रही हैं। तो आइए, जानते हैं कि, इन दोनों बातों में क्या कनेक्शन है? जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हमारा शरीर, भोजन, जल और हवा के ऊपर निर्भर करता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में देखा गया है कि, सब्जियों, फलों और अनाजों में मिलावट होने से, यहां तक कि पिए जाने वाले पानी में भी मिलावट, और बढ़ती हुई कारों की संख्या और इंडस्ट्रीलाइजेशन के द्वारा हवा में प्रदूषण और विषैली गैसों की मिलावट की वजह से, हमारे शरीरों में गंभीर बीमारियां पैदा हो रही हैं।

लेकिन, फिजिकल अशुद्धियों और मिलावट को छोड़ कर, एक अलग तरह की मिलावट हमारे भोजन, जल और हवा में मौजूद है जो कि, इस दुनिया की करोड़ों आत्माओं के नेगेटिव वाइब्रेशन द्वारा रेडिएट हो रही हैं। पांच विकार; वह नॉन फिजिकल अशुद्धियां हैं जिनका सब्जियों पर, फलों पर और अनाजों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है, और जब हम इन्हें ग्रहण करते हैं, तो पानी और हवा में मिले हुए अशुद्ध वाइब्रेशंस की वजह से मनुष्यों में शारीरिक और मानसिक बीमारियां बढ़ती जा रही हैं।

वातावरण में रेडिएट हुई विकारों की नेगेटिव एनर्जी हमारे देह अभिमान के द्वारा पैदा होती है जिन्हें हम सभी प्राणी रेडिएट करते हैं। ऐसे वाइब्रेशन लोगों के नेगेटिव एक्शन से आते हैं, और जो आत्माएं उन्हें रेडिएट करती हैं, वे अपने जीवन में नेगेटिव परिस्थितियां लाने के साथ-साथ, हमारे भोजन, जल और हवा को प्रभावित करती हैं, जिससे हमारे शरीर और आत्मा की एनर्जी भी प्रभावित होती है। हमारे शरीरों में इस प्रकार के सूक्ष्म बदलाव की वजह से, बहुत सारी बीमारियां आती हैं और साथ ही साथ ये हमारी आत्मा को भी दुष्प्रभाव पहुंचाती हैं।

# टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में आयोजित हुई नराकासो में से एक नराकास हरिद्वार की अर्धवार्षिक बैठक, हिंदी के प्रचार-प्रसार पर गहन चर्चा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**ऋषिकेश।** आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने बताया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 40वीं अर्धवार्षिक बैठक 18 अगस्त को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के रसमंजरीहॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यधक्षतानराकास, अध्य.क्ष एवं टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह ने की । बैठक में समिति के सदस्य संस्थाएनों के प्रमुखों/प्रतिनिधियों एवं राजभाषा अधिकारियों ने बड़ी संख्याआ में प्रतिभागिता की। विदित ही है कि नराकास हरिद्वार देश की सबसे बड़ी नराकासों में से एक है जिसमें सदस्य संस्थानों की संख्या 69 है। इस समिति में रुड़की, हरिद्वार, ऋषिकेश एवं पर्वतीय क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के संस्थान एवं कार्यालय सम्मिलित हैं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति के अध्य क्ष एवं टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्रे सिंह, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश की निदेशक, श्रीमती मीनू सिंह, एनआईएच रुड़की के निदेशक, डॉ वाई.आर.एस.राव, राजभाषा विभाग के उप निदेशक, श्री छबिलमेहेर, टीएचडीसी के मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), डॉ अमर नाथ त्रिपाठीएवं विशिष्ट अतिथियों का स्वाबगत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वे लित कर किया गया। इस अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के टीईएस हाईस्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने करतल ध्वनि से इन विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया । बैठक के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में समिति के अध्यक्ष, श्री शैलेन्द्र सिंह ने अपने कर-कमलों से छमाही के दौरान नराकास के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया । इस अवसर पर नराकास की वार्षिक पत्रिका ''ज्ञान प्रकाश'' के 13वें अंक, टीएचडीसी की राजभाषा पत्रिका ''पहल'', केंद्रीय विद्यालय, एसएसबी श्रीनगर की छमाही पत्रिका ''वागिशा'' के प्रथम अंक का विमोचन किया गया।



बैठक में नराकास सचिव, श्री पंकज कुमार शर्मा द्वारा नराकास हरिद्वार द्वारा आयोजित गतिविधियों एवं राजभाषा से संबंधित नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया गया । उन्होंने राजभाषा हिंदी की प्रगति की अर्धवार्षिक रिपोर्टो की समीक्षा की। इसके उपरांत चर्चा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थितसदस्यवसंस्थोानों के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने अपने बहुमूल्य् सुझाव दिए।

बैठक में समिति के अध्यक्ष, श्री शैलेन्द्र सिंह की इसी माह सेवानिवृत्ति होने के कारण उन्हें विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के दृष्टिगत भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । समिति के सदस्य संस्थानों के प्रमुखों ने श्री सिंह को नराकास, हरिद्वार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया ।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक (कार्यान्वयन), श्री छबिल कुमार मेहेर ने श्री सिंह को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं संप्रेषित की । श्री मेहेर ने कहा कि श्री सिंह के नेतृत्व में नराकास हरिद्वार की बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की गई । कई ऐसी नराकास हैं जिनका गठन होने के बाद उनकी गति मंद पड़ जाती है। परन्तु नराकास हरिद्वार का वर्ष 2005 में गठन होने के बाद से ही यह उत्कृष्टता से कार्य कर रही है। इसका श्रेय इस समिति के संचालकों एवं विशेष रूप से इसके उन सभी व्यक्तियों को जाता है जो पहले इस समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं और जो इस पद पर अभी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी संस्थानों से भारत सरकार की राजभाषा नीति, अधिनियमों एवं नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने का अनुरोध किया। उन्होंने संस्थानों से हिंदी के मानक पदों को यथाशीघ्र भरने का भी अनुरोध किया। समिति के अध्यउक्ष, श्री शैलेन्द्रद सिंह ने अपने संबोधन में सभी सदस्य संस्था नों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का उनके प्यार एवं सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए समिति के संचालन में सबके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## 'मजीठिया के करीबी ड्रग स्मगलर सत्ता' को इंटरपोल का ब्लू कार्नर नोटिस जारी करवाना पंजाब पुलिस की बड़ी कामयाबीः कुलदीप धालीवाल

# मजीठिया के साथी ड्रग स्मगलर सत्ता के कनाडा से प्रत्यर्पण के बाद बड़ा राजनीतिक भूचाल आएगा : धालीवाल

लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने मजीठिया की ज़मानत खारिज की, मतलब सबूत पक्के हैं

विजिलेंस ने पुख्ता सबूतों से ड्रग तस्करी रैकेट के तार खुल रहे हैं : बलतेज पन्नू





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** मोहाली की अदालत द्वारा अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की ज़मानत याचिका खारिज किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने अकाली नेताओं पर बड़ा हमला बोला है। चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल और पार्टी नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि अदालत के फैसले से साबित हो गया है कि विजिलेंस ब्यूरो ने राजनीतिक बदले की भावना से नहीं बल्कि ठोस सबूतों के आधार पर कार्रवाई की थी।

धालीवाल ने कहा, 'पहले दिन से ही अकाली दल और कुछ कांग्रेसी नेताओं ने मजीठिया की गिरफ़्तारी को उत्पीड़न बताकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन कल के अदालती फैसले ने उनके झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। कोर्ट ने यह साबित कर दिया कि विजिलेंस के पास मजीठिया के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि अकाली दल को 2007 से 2017 तक अपने शासनकाल के दौरान बड़े पैमाने पर फैले नशे के व्यापार के सच को स्वीकार करना चाहिए। उनके कार्यकाल के दौरान पंजाब में नशीले पदार्थों के रूप में राज्य की छठी नदी बह रही थी। सत्ता और पिंदी के साथ मजीठिया की तस्वीरें सभी ने देखी थीं। वह अक्सर उनके साथ देखे जाते थे। आज भी अकाली नेता बेशर्मी से इन आरोपों को झूठा बताते हैं, लेकिन अब अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके खिलाफ सबूत मजबूत हैं और मामला ठोस है।

मजीठिया के सहयोगी सत्ता के बारे में बात करते हुए, धालीवाल ने खुलासा किया कि इंटरपोल पहले ही उसके खिलाफ़ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर चुका है और भारत सरकार, कनाडा के साथ अपने संबंधों के ज़रिए उसके प्रत्यर्पण की कोशिश कर रही है। धालीवाल ने कहा, 'सत्ता को पंजाब वापस लाते ही बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा हो जाएगा। उसके खुलासे राजनेताओं और ड्रग माफिया के गहरे संबंधों को उजागर करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी बार-बार कहा है कि कई बड़ी मछलियां अभी पकड़ी जानी बाकी हैं।'

धालीवाल ने कहा कि विजिलेंस जांच में पहले ही उजागर हो चुका है कि कैसे हज़ारों करोड़ रुपये का ड्रग नेटवर्क राजनीतिक संरक्षण में चल रहा था।

उन्होंने कहा, '6000 करोड़ रुपये के अवैध ड्रग कारोबार और मजीठिया की 540 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति का भी जिक्र किया। यह अकाली शासन के दौरान फल-फूल रहे अवैध कारोबार के पैमाने को दर्शाता है।' उन्होंने पंजाब को नशा मुक्त बनाने तक ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की आप की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

मामले पर बोलते हुए आप नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि सब जानते हैं कि 2007 से पहले पंजाब कैसा था और 2007 से 2017 के बीच क्या हुआ और किस तरह करोड़ों रुपये अलग-अलग कंपनियों में ट्रांसफर किए गए। वहीं 90 एकड़ से ज़्यादा के आलीशान फार्महाउस खरीदे गए।

उन्होंने कहा कि अदालत ने मजीठिया की जमानत याचिका 10 मिनट की सुनवाई के बाद नहीं, बल्कि 10 दिन तक चली विस्तृत बहस के बाद खारिज की है। इससे साफ जाहिर होता है कि विजिलेंस ने सबूतों के आधार पर कारवाई की है।

दोनों आप नेताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अदालत का फैसला मान सरकार की एक बड़ी जीत है एवं यह आम आदमी पार्टी पर बदले की राजनीति का आरोप लगाने वाले नेताओं के मुंह पर भी करारा तमाचा है।

## हत्या के मामले में शामिल आरोपी पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

देशी पिस्तौल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

आरोपी पर हत्या और लूट के कई मामले दर्ज : शर्मा





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 19 अगस्त।** ज़िला पुलिस ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उडदन गांव के युवक तरसेम सिंह की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी गुरप्रीत सिंह टेंटा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे ज़िला पुलिस प्रमुख वरुण शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गुरप्रीत सिंह ज्ञान सागर के पास जासला-जासली लिंक रोड पर अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा है। उसे पकड़ने के लिए एसपी (डी) गुरबंस सिंह बैंस, डीएसपी राजपुरा मनजीत सिंह, सीआईए इंचार्ज (पटियाला) प्रदीप बाजवा और एसएचओ बनूड़ अर्शदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने उसका पीछा किया। रुकने का इशारा करने पर उसने पुलिस पार्टी पर तीन-चार गोलियां चलाईं और अपनी मोटरसाइकिल फेंककर चारे के खेतों की तरफ़ भागने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर पर गोली लगी और वह खेत में गिर गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार लिया। थाना प्रमुख वरुण शर्मा ने बताया कि 20 जुलाई को उडदन गांव के तरसेम सिंह (30 वर्ष) पुत्र मामराज की हत्या कर दी गई थी। जिसमें चार युवकों को नामजद किया गया था। इनमें सुरभि उर्फ सुभी और जसपाल सिंह टोनी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि गुरप्रीत टेंटा और करण नेपाली फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि गुरप्रीत के बाहर बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से संबंध हैं।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर विभिन्न थानों में लूट और हत्या के मामले दर्ज है। थाना प्रमुख ने बताया कि आरोपी के पास से एक देसी 315 बोर का पिस्तौल और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उसे इलाज के लिए एपी जैन अस्पताल राजपुरा में भर्ती कराया गया है।

श्री शर्मा ने कहा कि जिले में गिरोह की गतिविधियों में शामिल गैंगस्टर पुलिस के रडार पर हैं और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस चौथे आरोपी करण नेपाली की तलाश कर रही है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जगते नू छड़ के तू भगते नू कर लै, जिन्हे तेरे होना ऐ सहाई

## 'जागदे रहो सभ्याचारक मंच' और द वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन पंजाब ने वार्षिक सूफियाना मेला किया आयोजित

'हिज़ एक्सीलेंट एण्ड कोचिंग सेंटर' के एम.डी. और प्रसिद्ध समाज सेवक डॉ. आशीष सरीन ने किया मेले का उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**हुशियारपुर, 19 अगस्त।** 'ताजदारों के नाम अमीरों के, दीये जलते सदा फकीरों के' कहावत के अनुसार, 'जागदे रहो सभ्याचारक मंच' रजि. होशियारपुर' और बद्धन परिवार की ओर से 'द वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन रजि. पंजाब, इंडिया' के सहयोग से चेयरमैन तरसेम दीवाना की देख-रेख में स्वर्गीय चौधरी स्वर्ण चंद बद्धन और माता राम प्यारी की याद को समर्पित 'वार्षिक सूफियाना मेला', 'दरबार हजरत शेख जमां हबीब उल शाह' और बाबा बालक नाथ जी का वार्षिक उत्सव मोहल्ला भगत नगर, होशियारपुर में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस वार्षिक सूफियाना मेले की शुरुआत साई गीता शाह कादरी गद्दी नशीन 'दरबार हजरत शेख जम्मा हबीब उल शाह' की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके हुई।

मेले का उद्घाटन शिक्षाविद् डॉ. आशीष सरीन एम.डी. हिज़ एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर और सेंट कबीर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चग्गरां ने फकीर लोगों की उपस्थिति में रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर लोकप्रिय सूफी गायकों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी और पंजाबी भाषा के कद्रदान उपस्थित थे। लाडी महंत सलवाड़ा ने वार्षिक सूफियाना मेले की शुरुआत बाबा जी की आरती और गणेश वंदना से की, जिसके बाद सूफी गायक उस्ताद सुरिंदरपाल पंछी ने 'जंगल दे विच खुहा लुआ दे' और 'जगते नू छड के तू भगते नू कर लै' गाकर बाबा उस्ताद गायक स्व. लाल चंद यमला जी की याद ताज़ा कर दी।

इसके बाद पंजाब की लोकप्रिय गायिका रानी रणदीप ने 'तू मैनु देखी जावें मैं तेनु वेखी जावा' और 'माही मेरा सांवला जिहा' गाकर दर्शकों को अपनी मनमोहक गायकी का दीवाना बना लिया। इसके बाद उभरते सूफी गायक अजमेर दीवाना और अलीजा दीवाना की भाई-बहन की जोड़ी ने अपनी पैतृक कला की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 'भगवा पा लिया बाणा जी सिद्ध जोगियां दे नाम दा' गाकर समां बांध दिया। इसके बाद प्रसिद्ध सूफी गायक तरसेम दीवाना और शागिर्द सोम नाथ दीवाना की जुगलबंदी ने सूफी लोकगीत मिर्ज़ा की तर्ज़ पर 'अल्लाह मन्नीए फक्कर मन्नीए मन्नीए किताब चार' गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस मेले में सूफी गायक अमर खान, सत्ता मंढाली ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर सर्व श्री संत सतविंदर हीरा चेयरमैन ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन, संत धर्मपाल, बाबा मिंदी शाह कादरी, साई सोढी शाह कादरी मेहमोवाल, साई परमजीत कौर सुंदर नगर, साई बगीचे शाह भुलत्थ, बंटी बाबा, तरसेम शाह रत्ता नौ ग्रावां, संत दिनेश गिर भगत नगर, साई सुरिंदर शाह जट्टपुरा, साई पप्पू शाह, प्रिंसिपल बलवीर सैनी पंजाब अध्यक्ष द वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन पंजाब इंडिया, संपादक प्रीतम सिंह मिट्ठा सांझी खबर, विनोद कौशल महासचिव इंडिया, गुरबिंदर सिंह प्लाहा वाइस चेयरमैन, बेगमपुरा टाइगर फोर्स के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया।

'जागदे रहो सभ्याचारक मंच रजि. होशियारपुर' के चेयरमैन तरसेम दीवाना ने आए संगीत प्रेमियों, संगतों और सूफी गायकों का धन्यवाद किया। 'द वर्किंग रिपोर्टर्स एसोसिएशन रजि. पंजाब, इंडिया' की ओर से विनोद कौशल के नेतृत्व में महत्वपूर्ण शख्सियतों को मेडल और स्मृति चिन्हों से सम्मानित किया गया।

# खन्ना साइबर क्राइम को मिली बड़ी सफलता, सीबीआई व ईडी अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने वाले 22 आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 19 अगस्त।** खन्ना पुलिस की साइबर क्राइम सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो खुद को सीबीआई और ईडी का अधिकारी बताकर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस बात का खुलासा एसएसपी खन्ना डा, ज्योती यादव ने प्रेस वार्ता में किया, पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी ने बताया कि खन्ना पुलिस स्टेशन साइबर क्राइम ने साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में लगभग 14.34 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। इसके अलावा चोरी व गुमशुदा केसों में 100 के करीब मोबाइल ढूंढकर वारिसों को सौंपे गए हैं।

उन्होंने आगे बताया कि पहला मामला संजीव पांधी निवासी माछीवाड़ा ने शिकायत दी थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसे टेलीग्राम ऐप के जरिए फंसाकर एडमिरल नॉरक्रिस्ट ग्लोबल लिमिटेड नामक फर्जी कंपनी में ऑनलाइन ट्रेडिंग करवाई। 18 दिसंबर 2024 से 10 फरवरी 2025 तक शिकायतकर्ता से लगभग 3.72 करोड़ रुपये की ठगी की गई। जांच के दौरान आरोपी गुरजोत सिंह और परविंदर सिंह उर्फ टोनी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए। इस केस में अब तक लगभग 9.35 लाख रुपये बरामद हो चुके हैं, जबकि नीरज सिंघानिया, सरिता सिंघानिया और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है। दूसरा मामला 2.65 करोड़ की ठगी में माछीवाड़ा निवासी महेंद्र प्रताप सिंह गिल ने शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि अज्ञात कॉलर ने खुद को कानून प्रवर्तन निरीक्षक बताकर फर्जी तरीके से बैंक खातों की जांच के नाम पर उसे धमकाया और 2.65 करोड़ रुपये हड़प लिए।जांच में सामने आया कि जालंधर के तारिक कुलजीत सिंह और मोहन सिंह इसमें शामिल थे। पुलिस ने इस केस में लगभग 5 लाख रुपये बरामद किए हैं और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।तीसरा मामला पुलिस की इस विशेष मुहिम के दौरान साइबर क्राइम टीम ने 100 गुमशुदा मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। इन मोबाइलों को चोरी और धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया जा रहा था।

आरोपी गिरोह लोगों को फोन कर खुद को जांच एजेंसियों का अधिकारी बताते थे। वे नकली पहचान पत्र और फर्जी कॉलिंग ऐप का इस्तेमाल कर पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनका नाम किसी मनी लॉन्ड्रिंग या गंभीर अपराध में आ चुका है। इसके बाद उन्हें डराकर कहा जाता था कि अगर वे तुरंत पैसे नहीं देंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इस दबाव में आकर लोग लाखों-करोड़ों रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर देते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम

### नकली ऐप्स से फंसाते थे शिकार

एसएसपी ने बताया कि ठगों ने ऐसे एप बनाए हुए थे, जिनसे कॉलिंग और चैटिंग को असली सरकारी ऐप जैसा दिखाया जा सके। इन्हीं ऐप्स के जरिए आरोपी पीड़ितों से बातचीत कर विश्वास जीतते और धीरे-धीरे उनसे रकम ऐंठते थे।

### पुलिस की सतर्कता से गिरोह बेनकाब

एसएसपी ने कहा कि खन्ना साइबर क्राइम सेल को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि लोग सीबीआई और ईडी के नाम पर ठगे जा रहे हैं। जांच शुरू होने पर टीम ने तकनीकी ट्रेसिंग और सबूतों के आधार पर कार्रवाई की और आखिरकार 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि अगर गिरोह के और सदस्यों हुए तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा,

### एसएसपी की अपील

खन्ना एसएसपी ने जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल या संदिग्ध नंबर पर भरोसा न करें। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी भी फोन या ऑनलाइन कॉल के जरिए पैसे की मांग नहीं करतीं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि केवल सरकारी और सत्यापित ऐप का ही इस्तेमाल करें और किसी भी संदिग्ध कॉल की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### क्या करें और क्या न करें

किसी भी अज्ञात कॉल पर पैसे की लेन-देन न करें। अगर कॉल करने वाला खुद को पुलिस, सीबीआई या ईडी अधिकारी बताए, तो तुरंत जांच-पड़ताल करें। केवल सरकारी और सत्यापित ऐप का ही करें इस्तेमाल। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें ,इस अवसर पर एसपी डी पवन जीत,डीएसपी डी,मोहित कुमार के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## लालजीत सिंह भुल्लर ने परिवहन यूनियनों के साथ बैठक की वाजिब मांगों के शीघ्र समाधान का दिया भरोसा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** पंजाब के परिवहन मंत्री स लालजीत सिंह भुल्लर ने पंजाब रोडवेज/ पनबस/ पी.आर.टी.सी. कॉन्ट्रैक्टर वर्कर्स यूनियन और पंजाब रोडवेज (पनबस) स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्कर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ उनकी मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करने के लिए बैठक की। दोनों यूनियनों के प्रतिनिधि-प्रदेश प्रधान रेशम सिंह गिल, प्रदेश महासचिव शमशेर सिंह ढिल्लों, वरिष्ठ मीत प्रधान जसपाल सिंह बाजवा सहित अन्य सदस्यों के साथ हुई इस बैठक में परिवहन मंत्री के साथ-साथ परिवहन विभाग के सचिव वरुण रूज़म, पी.आर.टी.सी. के प्रबंध निदेशक बी.एस. शेरगिल, राज्य परिवहन निदेशक राजीव कुमार गुप्ता, वित्त विभाग और पर्सोनल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। परिवहन मंत्री ने यूनियन सदस्यों को उनकी मांगों संबंधी विभाग की ओर से अब तक की गई कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मांगों संबंधी एक ठोस प्रस्ताव तैयार कर उसे वित्त और पर्सोनल विभाग के साथ चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार उनकी सभी वाजिब मांगों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष व मौजूदा पार्षद साथियों सहित कांग्रेस पार्टी में शामिल

### मनीष सिसोदिया के बयान से आम आदमी पार्टी की सोच सामने आई : कंबोज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 19 अगस्त ।** कांग्रेस पार्टी को बनूड़ शहर में उस समय भारी समर्थन मिला, जब नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा एकमात्र अकाली पार्षद लछमन सिंह चंगेरा, पूर्व पार्षद अमनदीप सिंह, बख्शीश सिंह चंगेरा, समाजसेवी मनीष कटारिया और एकम जोत सिंह अलग-अलग पार्टियां छोड़कर अपने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को साम, दाम, दंड, भेद, झूठ और अहिंसा का रास्ता अपनाने की शिक्षा देने वाले मनीष सिसोदिया ने आम आदमी पार्टी का चरित्र और एजेंडा स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की दमनकारी नीतियों के कारण राज्य के सभी वर्गों के लोग त्रस्त हैं और विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए उत्सुक है। इसका स्पष्ट उदाहरण आज हमारे सामने है जब पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष और मौजूदा पार्षद लछमन सिंह चंगेरा अपने सैकड़ों साथियों सहित कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से शहर में कांग्रेस पार्टी को भारी समर्थन मिलेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से हलका डेराबस्सी से पहुंचे कांग्रेस पार्टी प्रभारी दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि केजरीवाल और पूरी आम आदमी पार्टी की पूरी राजनीति झूठ पर आधारित है। पार्टी का मूल मंत्र झूठ को जोर-शोर से और बार-बार फैलाकर सच साबित करना है। पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज ने कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए नेताओं को सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें बनता मान-सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद बनूड़ के अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज, युवा कांग्रेस बनूड़ शहर के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सोनिक, पूर्व पार्षद गुरमेल सिंह, यादविंदर शर्मा, पार्षद सोनी संधू, धर्मवीर शैली झिऊर मजारा, भाग सिंह, बीर चंद बनूड़ सहित कई अन्य पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्राम सभा मनौली सूरत ने सर्वसम्मति से गांव में किए कई प्रस्ताव पारित

गांव में शादी करने वालों का किया जाएगा बहिष्कार, किन्नरों के लिए बधाई की रकम तय

नाबालिग बच्चों को बीड़ी-सिगरेट या तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों पर लगेगा जुर्माना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 19 अगस्त ।** बनूड़ के निकटवर्ती गांव मनौली सूरत की ग्राम पंचायत ने बीते कल ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि अगर गांव का कोई भी लड़का या लड़की गांव में शादी करता है, तो दोनों पक्षों का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा और उन्हें गांव में नहीं रहने दिया जाएगा। इसके अलावा, ग्राम सभा द्वारा अन्य प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। इस सबंधित जानकारी देते हुए गांव के सरपंच सलिंदर सिंह, बलजीत कौर, जसपाल कौर, पंचायत सदस्य तरसेम सिंह, ठेकेदार जसविंदर सिंह, डॉक्टर भूपिंदर सिंह, पूर्व सरपंच गज्जन सिंह और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव की ग्राम सभा द्वारा एक विशेष बैठक बुला कर बुलाई गई थी जिसमें अगर गांव का कोई भी लड़का या लड़की आपस में शादी करता है, तो ग्रामीण सामूहिक रूप से दोनों परिवारों का बहिष्कार करेंगे और इसके साथ ही उन्हें गांव में नहीं रहने दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि गांव का कोई भी व्यक्ति नशा करता है या बेचता है, तो गांव का कोई भी व्यक्ति, नंबरदार, सरपंच, पंचायत सदस्य उसकी जमानत या गवाही नहीं देगा। यदि कोई भी व्यक्ति प्रस्ताव का उल्लंघन करता है, तो उस पर समय के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार, यदि गांव का कोई भी निवासी किसी प्रवासी को अपने घर में किराए पर रखता है, तो वह इसके लिए जिम्मेदार होगा और पुलिस वेरिफिकेशन करवाकर उसकी एक कापी पंचायत को देगा। यदि मालिक पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, यदि गांव का कोई भी व्यक्ति अपने नाबालिग बच्चे को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थ खरीदने के लिए दुकान पर भेजता है और दुकानदार भी बच्चों को नशीला पदार्थ देता है, तो ऐसा करने वाले व्यक्ति या दुकानदार पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। गांव में बधाई लेने आने वाले किन्नरों को शादी पर 2100 और लड़के के जन्म पर 1100 रुपए देने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके साथ ही, ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से गांव में भिखारियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस मौके पर सनवीर सोनी, जसवीर सिंह पंच, गुरुमीत सिंह पंच, चरणजीत सिंह, जिंदर कौर, रघवीर सिंह, बलजीत सिंह, गुरजंट सिंह, महिंदर सिंह, वीर सिंह, लाभ सिंह, नत्थू राम, पाल राम समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# केंद्र सरकार ने आपदा में भेजी एनडीआरएफ की 5 टीमें, इसके अलावा 13 टीमों को किया था तैनात : नित्यानंद राय

हिमाचल प्रदेश के लिए 2006.40 करोड़ रुपये के परिव्यय को पहले ही मंजूरी दे दी, 451.44 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त भी दिनांक 7 जुलाई, 2025 को जारी

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 19 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश में आपदा के चलते भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप द्वारा लोकसभा में लगाए गए प्रश्न ने हिमाचल को केंद्र द्वारा भेजी गई सहायता पर प्रकाश डाला। सुरेश कश्यप ने केंद्रीय गृह मंत्री से पूछा कि क्या केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम भेजी है ? केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों को किस प्रकार की सहायता प्रदान की गई है? क्या बादल फटने की भावी घटनाओं का पूर्वानुमान करने और उनसे निपटने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं ? इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के कारण जान-माल की कितनी क्षति हुई है?

इन सवालों के उत्तर में गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के परामर्श से, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 5 टीमों को मानसून-2025 के लिए कुल्लू, शिमला, सिरमौर, लाहौल और स्पीति, किन्नौर में पहले से तैनात किया गया था। इसके अलावा, वर्तमान मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर, राज्य में बचाव और राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ की 13 टीमों को तैनात किया गया है।

केंद्रीय मंत्री के बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को एसडीआरएफ़ के तहत वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 441.60 करोड़ (397.60 करोड़ केंद्रीय अंश + 44.00 करोड़ राज्य अंश) की धनराशि आवंटित की गई है जिसके केंद्रीय अंश से 198.80 करोड़ रुपये की पहली किस्त राज्य को जारी कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा राज्य के एसडीआरएफ़ खाते में 1 अप्रैल, 2025 को 81.10 करोड़ रुपये का शुरुआती शेष उपलब्ध बताया गया है। साथ ही, वर्ष 2024 की बाढ़ एवं भूस्खलन के लिए एनडीआरफ से 107.15 करोड़ रुपये जारी किये गए।

इसके अलावा, चालू मानसून के दौरान बाढ़, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना ही नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए एक आईएमसीटी का गठन किया। आईएमसीटी ने दिनांक 18 से 21 जुलाई, 2025 तक राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

इसके अलावा, केंद्र सरकार ने गंभीर आपदा के बाद पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसके लिए एसडीआरएफ/एनडीआरएफ से वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 2023 की बाढ़ और भूस्खलन के बाद एनडीआरएफ के तहत पुनर्निर्माण और पुनर्निर्माण की आवश्यकता का आकलन करते हुए एक आपदा-पश्चात आवश्यकता मूल्यांकन (पीडीएनए) किया गया था। केंद्र सरकार ने पुनर्निर्माण और पुनर्निर्माण निधि के दिशानिर्देशों के तहत स्थापित प्रक्रिया के अनुसार हिमाचल प्रदेश के लिए 2006.40 करोड़ रुपये के परिव्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, 451.44 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त भी दिनांक 7 जुलाई, 2025 को जारी कर दी गई है।

नित्यानंद राय ने बताया कि राज्य में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि को देखते हुए, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे, भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के विशेषज्ञों की एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम गठित की गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिनांक 12.08.2025 तक 226 जन जीवन की हानि और 2,703 पशु धन की क्षति हुई है तथा 2535 मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

### राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति के अनुसार, जमीनी स्तर पर आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की: प्राथमिक जिम्मेदारी

केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति (एनपीडीएम) के अनुसार, जमीनी स्तर पर राहत सहायता के वितरण सहित आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मदों और मानदंडों के अनुसार, पहले से ही उनके पास उपलब्ध राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से राहत उपाय करती हैं। केंद्र सरकार राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करती है और अपेक्षित लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि 'गंभीर प्रकृति' की आपदा के मामले में, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) के दौरे के आधार पर मूल्यांकन शामिल है।

# राजकीय महाविद्यालय सोलन ने मनाया स्थापना दिवस

## समारोह के पहले दिन किया गया चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 19 अगस्त।** राजकीय महाविद्यालय सोलन ने आज अपने स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

समारोह के पहले दिन महाविद्यालय के चित्रकला विभाग द्वारा एक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अतिथि ने अवलोकन किया और उसकी सराहना की। चित्रकला विभाग के अध्यापक डॉ. चमन शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों की कृतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्हें खरीदा भी जा सकता है।

इसके पश्चात महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पहाड़ी नाटी, पहाड़ी गीत, ग़ज़लें और राजस्थानी लोक संगीत जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने बताया कि महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1959 में मात्र 150 विद्यार्थियों के साथ हुई थी, जबकि आज प्रतिवर्ष यहाँ 3500 से अधिक छात्र-छात्राएँ विभिन्न पाठ्यक्रमों–बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए और बीवॉक–में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय से निकले हुए विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। मुख्य अतिथि डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने महाविद्यालय प्रशासन को स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे यहां से शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाएं। साथ ही उन्होंने नशे से दूर रहने और इसके विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह का आयोजन महाविद्यालय प्रशासन तथा एलुमनाई एसोसिएशन (पूर्व छात्र संघ) के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के शिक्षक, गैर-शिक्षक वर्ग और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में पहुंचे डॉ बिंदल, कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सोलन जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया, जनक साथ पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव सहजल, जिला अध्यक्ष रतन पाल सिंह, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, डेजी ठाकुर, राकेश कश्यप, गोविंद शर्मा, विवेक शर्मा, के एक ठाकुर, लखविंदर राणा उपस्थित रहें। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। डॉ राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा 1 साल से हिमाचल कांग्रेस का पूरा संगठन भंग है ना बूथ पर , ना प्रदेश में कांग्रेस का एक भी नेता मौजूद है पर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य कर रहा है और नई टीम के साथ नई ऊर्जा लेते हुए काम में लग जाता है। बिंदल ने संगठन की जानकारी देते हुए कहा की जिला कार्यसमितियो के गठन में हमारे 17 जिलों में कुल कार्यसमिति सदस्य 874 है, जिसमें से महिलाएं 358 और अनुसूचित जाति, जनजाति एवं ओबीसी 258 है। अगर हम मंडलों की बात करें तो पहले हम 74 थे अब हम 171 है कुल मंडल कार्यसमिति सदस्य 7587 जिसमें से महिलाएं 2569 एवं अनुसूचित जाति, जनजाति ,ओबीसी 3532 है। भाजपा 8007 बूथों में से 7870 बूथों पर 11 सदस्य समिति गठित कर चुकी है। भाजपा के बूथ स्तर पर कल कार्यकर्ता 89646 है।

### दिव्यांगजनों के लिए व्यवसायिक, पंजीकरण, मूल्यांकन, परामर्श एवं मार्गदर्शन शिविर 21 अगस्त को

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** नेशनल केरियर सर्विस केन्द्र ऊना तथा उप रोज़गार कार्यालय बद्दी के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय व्यवसायिक पंजीकरण, मूल्यांकन, परामर्श एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 21 अगस्त, 2025 को किया जाएगा। यह जानकारी नेशनल केरियर सर्विस केन्द्र के सहायक निदेशक रंजन चंकाकटी ने दी। रंजन चंकाकटी ने कहा कि एक दिवसीय शिविर में दिव्यांजनों को व्यवसायिक प्रशिक्षण, रोज़गार, व्यवसायिक परामर्श सहित उनका मार्गदर्शन किया जाएगा। यह शिविर मॉडल केरियर सेंटर, उप रोज़गार कार्यालय बद्दी में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगजनों की आयु 15 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होगी व दिव्यांगता 40 प्रतिशत या इससे अधिक होगी, वह इस शिविर में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 82197-51802 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### सोलन की बेटी धृति राणा ने राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में अपने नाम किए 2 गोल्ड व एक सिल्वर




**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** स्वस्थ जीवन के लिए किया जाने वाला योगा अब खेलों की दुनिया में भी अपनी खास जगह बना चुका है. हिमाचल योगासन खेल संघ द्वारा आयोजित छठी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिसका आयोजन दिनांक 16,17, 18 अगस्त 2025 को करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर किया गया, जिसमें लगभग सभी जिला के 100 से ज्यादा एथलीटों ने हिस्सा लिए . इस चैंपियनशिप में सोलन की धृति राणा ने सब जूनियर कैटिगरी में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड मेडल जीतकर पहला स्थान हासिल किया. जिला योगासन खेल संघ सोलन के मुख्य सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि धृति को गोल्ड मेडल तक पहुंचाने में उनकी माता रेणु जी का बहुत योगदान रहा, जिन्होंने अपनी बेटी को खुद ही प्रतिदिन 2 से 3 घंटे ट्रेनिंग देकर इस काबिल बनाया। इस शानदार प्रदर्शन पर जिला योगासन खेल संघ सोलन के सभी पदाधिकारी अन्य सदस्य वा सोलन क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# एसआईएलबी में नई आईपीआर लैब छात्रों के लिए नवाचार और पेटेंट प्रशिक्षण को बढ़ावा देगी

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 19 अगस्त।** सोलन स्थित शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) ने छात्रों और शिक्षकों के बीच नवाचार, रचनात्मकता और एक मजबूत पेटेंट संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए शूलिनी बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालय (एसआईपीआरओ) की मदद से अपनी नई बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) लैब का उद्घाटन किया। लैब का औपचारिक उद्घाटन शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रेम कुमार खोसला ने किया। शूलिनी विश्वविद्यालय का आईपीआर सेल मौलिक सोच को बढ़ावा देने और बौद्धिक संपदा की रक्षा में पहले ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। 1,700 से अधिक आईपी आवेदन दायर करने और 150 से अधिक पेटेंट प्रदान करने के साथ, यह सेल प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, उद्यमिता और आईपीआर रणनीति का भी समर्थन करता है। यह स्कूली छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन पेटेंट कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे युवा दिमागों को जल्दी नवाचार करने में मदद मिलती है। एसआईएलबी में नई आईपीआर लैब इन प्रयासों के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एसआईपीआरओ की ओर से, एडवोकेट वरिष्ठ प्रबंधक सह सहायक प्रोफेसर (आईपीआर) हिमांशु शर्मा ने आईपीआर लैब को संभव बनाने में उनके नेतृत्व के लिए एसआईएलबी की अध्यक्ष श्रीमती सरोज खोसला के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में बोलते हुए, श्रीमती सरोज खोसला ने पेटेंट प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'प्रत्येक छात्र को पेटेंट प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसे कम से कम दो पेटेंट दाखिल करने होंगे।' उन्होंने इस दृष्टिकोण को साकार करने में एसआइपीआरओ, आइपीआर शूलिनी विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. दिनेश और हिमांशु शर्मा के प्रयासों की सराहना की।

प्रो. पी.के. खोसला ने 'एक छात्र, एक पेटेंट' के अपने सपने को दोहराया और इस पहल के लिए एसआईएलबी और एसआइपीआरओ को बधाई दी। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को नवाचार और पेटेंट संस्कृति को गंभीरता से अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर, एसआइएलबी की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने कहा कि आईपीआर लैब की स्थापना छात्रों को अपने विचारों को प्रभावशाली नवाचारों में ढालने के लिए एक व्यावहारिक मंच प्रदान करेगी। हिमांशु शर्मा ने बताया कि आईपीआर लैब का प्रबंधन एसआईपीआरओ द्वारा किया जाएगा। शुरुआत में, पेटेंट आवेदन शूलिनी विश्वविद्यालय के सहयोग से दायर किए जाएंगे। एसआईपीआरओ टीम का एक सदस्य हर सोमवार को सहायता के लिए एसआईएलबी का दौरा करेगा और दोनों कार्यालयों के बीच सुचारू समन्वय सुनिश्चित करने के लिए एक पेटेंट विश्लेषक की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आगे कहा कि आईपीआर लैब नवाचार को बढ़ावा देने, पेटेंट दाखिल करने में मार्गदर्शन प्रदान करने और छात्रों व शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगी।

# लेफ्टिनेंट कमांडर क्षितिज वशिष्ठ को मिला 'मेंशन-इन-डिस्पैचेज' सम्मान

अर्थ प्रकाश/गोविन्द ठाकुर



**नेरचौक, 19 अगस्त।** मंडी जिला के नेरचौक निवासी भारतीय नौसेना में तैनात लेफ्टिनेंट कमांडर क्षितिज वशिष्ठ को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित 'मेंशन-इन-डिस्पैचेज' सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें गोदावरी बाढ़ के दौरान चलाए गए साहसिक बचाव अभियान में वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदर्शित करने पर प्रदान किया गया है।

लेफ्टिनेंट कमांडर वशिष्ठ सी किंग हेलिकॉप्टर के कप्तान हैं। उन्होंने अपनी टीम के साथ कठिन परिस्थितियों में 120 नौटिकल मील की उड़ान भरते हुए 28 फंसे नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला था।

उनकी इस उपलब्धि से न केवल भारतीय नौसेना, बल्कि संपूर्ण हिमाचल प्रदेश, मंडी जिला, उनके परिवार और डीएवी पब्लिक स्कूल नेरचौक भी गौरवान्वित हुआ है। लेफ्टिनेंट कमांडर क्षितिज वशिष्ठ नेर चौक स्थित चामुंडा कॉलोनी के रहने वाले हैं उनके पिता वी.पी. वशिष्ठ, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता (एचपीएसईबीएल) हैं जबकि उनकी माता माला वशिष्ठ, सेवानिवृत्त ट्रेजरी अधिकारी हैं।नेरचौक और पूरे मंडी जिला में इस सम्मान से खुशी और गर्व का माहौल है।



**शिमला।** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 4.21 लाख रुपये का चेक मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को भेंट किया। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल भी उपस्थित थे।

# घुमारवीं-सुन्हाणी-बरठी-शाहतलाई सड़क संपर्क मार्ग पर बाड़ी मंझेडवां (नालू) बरड के पास भारी भूस्खलन बना खतरा, मुस्तैद हुआ विभाग

70-80 फुट सड़क धंस जाने से हजारों लोगों को भारी समस्या का करना पड़ रहा सामना

अर्थ प्रकाश/देशराज

**बरठी, 19 अगस्त।** हाल ही में हुई भारी बारिश के चलते घुमारवीं-सुन्हाणी-बरठी-शाहतलाई संपर्क मार्ग पर बाड़ी मँझेडवां (नालू) बरड के पास भारी भूस्खलन हो जाने से करीब 70-80 फुट सड़क धंस जाने से हजारों लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि यहां पैदल गुजरना भी खतरे से खाली नहीं है, बावजूद इसके लोग जान जोखिम में डालकर रास्ता पार कर रहे हैं।



विभाग ने इस मार्ग को बहाल करने के लिए विशेष संज्ञान लिया है। भूस्खलन इतना गंभीर है कि जमीन करीब 200 फुट नीचे खड्ड तक धंस चुकी है। मंगलवार को अधिशासी अभियंता स्वयं टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और छोटे वाहनों के लिए मार्ग को चालू करने की कोशिशों में जुटे रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क न होने से बच्चों का स्कूल जाना और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना बड़ी समस्या बन गया है। उधर अधिशासी अभियंता दीपक सुरैली ने बताया कि विभाग पूरी मुस्तैदी से कार्य में जुटा है। उन्होंने बताया कि पहले छोटे वाहनों के लिए मार्ग बहाल किया जाएगा। उसके बाद डंगे लगाकर बड़े वाहनों की आवाजाही सुचारु की जाएगी।

# 7 साल बाद निकली बच्चे के गले से आवाज,परिवार में खुशी का माहौल

इलाज के लिए अस्पतालों में खाए लेकिन नहीं मिली कामयाबी

अंबाला पंजोखड़ साहिब गुरुद्वारे में चौकी भरने से हुआ चमत्कार

अर्थ प्रकाश/संजीव कौशल

**बद्दी, 19 अगस्त।** अगर आपका बच्चा जो बचपन से ही बोल नहीं पाता था और 7 साल बाद अचानक बोलने लग जाए तो आप इसे चमत्कार नहीं तो और क्या कहेंगे। ऐसा ही एक उदाहरण बद्दी के पास एक गांव में रह रही बिहार निवासी रंजना देवी के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं दो तो अच्छे खासे बोल सकते थे ।परंतु एक बच्चा 7 साल का हो गया था पर वह बोल नहीं पाता था। उसके इलाज के लिए जगह-जगह डॉक्टरो के पास जाकर सलाह ली और दर्जनों अस्पतालों के धक्के खाए। बच्चे के इलाज के लिए घर के गहने तक बिक गए परंतु बच्चा बोल नहीं पाया ।कहते हैं कि जब किसी का कुछ अच्छा होना होता है तो भगवान किसी न किसी को भेजता है। आलम यह था कि रंजना देवी को अब बच्चों की परवरिश के लिए घरों में सफाई का काम करना पड़ रहा है। जिस घर में वह सफाई का काम कर रही थी उसकी मालकिन ने बताया की अंबाला के पास पंजोखरा साहिब गुरुद्वारा है,जहां यह बक्श है कि वहां 7 चौकी भरने से गूंगे बच्चे भी बोलने लगते हैं। रंजना ने जैसे ही सुना वैसे ही अपने पति को उस गुरुद्वारे में जाने को कहा । बच्चे के साथ पिता गुरुद्वारा में गया व उन्होंने बताया कि आपके यहां लगातार 7 महीने तक महीने में एक बार आना है। 7 चौकियां भरने के बाद आपका बच्चा बोलने लग जाएगा। उन्होंने विश्वास के साथ उस गुरुद्वारे में चौकियां लगानी शुरू कर दी। तीसरी चौकी में जब वह गए तो ऐसा चमत्कार हुआ कि यह बच्चा रात को 12:00 बजे उठकर बैठ गया और अपनी मां को हिला कर बोला मम्मी/पापा ,यह शब्द सुनते ही रंजना की आंखों में खुशी के आंसू आ गए ।वह जब चौथी चौकी में अंबाला गुरुद्वारा साहब में गए तो व और हां गुरुद्वारा के पाठी जी ने बताया कि आपका बच्चा जल्दी ही ठीक हो जाएगा और जब यह पूरे ठीक होने की कगार पर होगा तो उसको तेज बुखार और सिर में दर्द होगा लेकिन आप लोगों ने इसे यहां लेकर आना है ।ऐसा ही हुआ जब 15 अगस्त को इन लोगों ने चौकी के लिए जाना था तो बच्चे को तेज बुखार आ गया और दर्द से सिर फटने लगा परंतु यह लोग इसे गुरुद्वारा साहिब में ले गए। ये दिन बच्चे के लिए एक वरदान बन कर आया और ऋषि नाम का ये बच्चा अब अपनी भावनाएं बोल कर व्यक्त कर सकता है।



7 साल बाद आवाज वापिस पाने वाले बच्चे ऋषि का केक काटकर सेलिब्रेशन करते पैरेंट्स

### छड मालक ते डोरा शब्द सुनकर किया जागरुक

रंजना जिसके घर में काम करती है की संचालिका सीमा ने बताया कि उन्होने शब्द सुनकर उसे अंबाला स्थित पंजोखरा साहिब गुरुद्वारा में भेजा था जहाँ इस बच्चे का इलाज हुआ है ।जो किसी बड़े चमत्कार से कम नहीं।

### यह है पंजोखरा साहिब गुरुद्वारे का इतिहास

इतिहास में दर्ज है कि आठवें सिख गुरु हरि कृष्ण जी एक बार अंबाला के पास पंजोखरा साहब में आए और अपना कीर्तन कर रहे थे ।एक अज्ञानी व्यक्ति वहां आया और गुरुजी को भला बुरा बोलने लगा ।उन्हें संगत के बीच में कहने लगा कि आप इतने कितने बड़े ज्ञानी गुरु हैं। आपने दो-दो भगवानों के नाम पर कब्जा किया हुआ। तो गुरु हरे कृष्णा जी ने कहा की यहां सिर्फ मैं हि ज्ञानी नहीं हूं यहां जितने भी संगत में लोग बैठे हैं और दूर-दूर के गांव तक किसी भी व्यक्ति से जो मर्जी पूछ लो वह उसका जवाब देगा ।यह व्यक्ति दूर दराज गांवों से एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ कर लेकर आया जो बोल नहीं सकता था ।जब वह सत्संग में पहुंचा तो उन्होंने गुरु जी को कहा कि इस व्यक्ति से बोलो कि यह गुरु ग्रंथ साहब में लिखी इस पंक्ति को पड़े और इसका अर्थ बताए ।तो संगत बोल पड़ी कि गुरुजी यह व्यक्ति बचपन से बोल नहीं सकता तो यह कैसे बताएगा ।तो गुरुजी ने उस व्यक्ति को कहा कि तुम अपने आप इस पंक्ति को पढ़कर इससे पूछो ।उस व्यक्ति ने उस पंक्ति को पढ़ा तो वह गूंगा व्यक्ति बोल लगा और कहा कि भाई साहब आप इस पंक्ति का शब्दार्थ ही गलत बोल रहे हो ।इस पंक्ति का सही शब्दार्थ यह है। यह देखकर सभी लोग हैरान हो गए तब से लेकर इस गुरुद्वारे में यह बक्श है कि यहां सच्चे मन से जो व्यक्ति चौंकी भरेगा उसकी मुराद पूरी होगी। चाहे बचपन से ही गूंगा क्यों ना हो वह भी बोलने लगेगा। तब से लेकर आज तक यहां अनेक लोगों की जुबान वापिस आई है।

# फरीदाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अनमोल जैन ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

- कजाखिस्तान में 10 मीटर एयरपिस्टल में लगाया अव्वल निशाना
- टेनक्स शूटिंग रेंज में मैडल की खबर से खुशी का माहौल
- सितंबर में चाइना में होने वाले वर्ल्डकप में भी लगाएगा निशाना

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज एवं फरीदाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अनमोल जैन ने सोमवार को कजाखिस्तान के शिमकेंट में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 600 में 580 का स्कोर मारकर सिल्वर मैडल (टीम) हासिल किया। उनकी टीम में हरियाणा के आदित्य मालरा ने 579 व उत्तर प्रदेश के सौरभ चौधरी ने 576 का स्कोर मारा। अनमोल की इस जीत पर टेनक्स शूटिंग रेंज में खुशी का माहौल है।

कजाखिस्तान के शिमकेंट में चैंपियनशिप 14 से 30 अगस्त तक चलेगी। शिमकेंट की रेंज में सोमवार को पहले ही मैच में तीन भारतीय निशानेबाजों की जोड़ी अनमोल जैन, आदित्य मालरा व सौरभ चौधरी ने भारत की झोली में पहला मैडल डालकर देश व प्रदेश तथा जिले का नाम रोशन किया। अनमोल जैन के दादा राजेंद्र जैन, प्रमोद जैन, बुआ कविता, सविता तथा उसके ननिहाल हैदराबाद में नरेश जैन, मौसा भवर लाल धौका, देवेंद्र लुनिया,बड़ी बहन नेहा तेजावत, जीजा दीपक तेजावत व अमेरिका में छोटी बहन दिव्या व जीजा कल्पित जैन सहित लखनऊ में अनमोल के मामा विमल चंद जैन सहित परिवार के सभी सदस्य सोमवार की सुबह से अनमोल की शानदार निशानेबाजी को पहले मोबाइल में और बाद में यूट्यूब पर देखकर बेहद खुश हुए।

इधर, ग्रीनफील्ड टेनक्स शूटिंग रैंज में अनमोल जैन के कोच राकेश सिंह भी अपने अन्य निशानेबाजों के साथ अनमोल की एक-एक गोली को बेहद बारिकी से देखते रहे। अनमोल की इस जीत पर उन्होंने कहा कि अनमोल जैन ने कजाखिस्तान में देश का नाम रोशन किया है। कोच ने बताया कि अनमोल अभी तक अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर करीब 38 मैडल और देश में करीब 167 मैडल हासिल कर चुका है।

### चाइना में होने वाले वर्ल्डकप में निशाना लगाएगा अनमोल

चाइना में सितंबर माह में 7 सितंबर से 15 सितंबर तक होने वाले वर्ल्डकप में अनमोल जैन निशाना लगाएगा। कोच राकेश सिंह ने बताया कि अनमोल चाइना में भी देश का नाम रोशन अवश्य करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एसवीएसयू की गुरुग्राम में ऑन द स्पॉट काउंसलिंग आज



पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के गुरुग्राम स्थित ट्रांजिट परिसर में बुधवार को ऑन द स्पॉट काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष कई स्किल और प्रोफेशनल प्रोग्राम इस परिसर से चलाए जाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों और वर्किंग प्रोफेशनल को एडमिशन का अवसर देने के लिए ऑन द स्पॉट काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि गुरुग्राम स्थित विश्वविद्यालय के ट्रांजिट परिसर में युवाओं के लिए कई स्किल प्रोग्राम लॉन्च किए गए हैं। गुरुग्राम में कार्पोरेट एवं इंडस्ट्री में कार्यरत प्रोफेशनल के लिए एमबीए वर्किंग प्रोफेशनल प्रोग्राम शुरू किया गया है। तीन साल का अनुभव रखने वाले ग्रेजुएट वर्किंग प्रोफेशनल सीधे तौर एमबीए कर पाएंगे। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि गुरुग्राम से शुरू किए गए सभी प्रोग्राम पेशेवर और स्किल आधारित हैं। इससे विद्यार्थियों का काफी लाभ होगा और इंडस्ट्री से एक अच्छा कनेक्ट भी मिलेगा। इसी कड़ी में बुधवार को इंडस्ट्री मीट का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें काफी बड़ी इंडस्ट्री के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस एवं निदेशक प्रोफेसर सुजाता शाही ने बताया कि एमबीए वर्किंग प्रोफेशनल प्रोग्राम इंडस्ट्री अथवा कॉरपोरेट में कार्यरत प्रोफेशनल्स के अनुसार डिजाइन किया गया है। इसका पाठ्यक्रम एवं शेड्यूल वर्किंग प्रोफेशनल के मुताबिक होगा। इसके अतिरिक्त अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर सुरेश कुमार ने बताया कि गुरुग्राम ट्रांजिट परिसर से डिप्लोमा जनरेटिव ए आई/ साइबर सिक्योरिटी और बीसीए भी शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि बीएससी और एमएससी क्लिनिकल साइकोलॉजी के अलावा पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक पॉलिसी और पीजी डिप्लोमा क्रिमिनल फॉरेंसिक्स में दाखिलों के लिए भी बुधवार को गुरुग्राम ट्रांजिट ऑफिस में ऑन द स्पॉट काउंसलिंग होगी।

### ग्रेटर फरीदाबाद दो डिविजन के चुनाव में कुलदीप डागर व जगदीश चंद बनाए गए प्रधान



**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** एचएसईबी वर्कर यूनियन के जारी त्रिवार्षिक चुनावों की अग्रिम कड़ी में ग्रेटर फरीदाबाद डिवीजन के अंतर्गत आने वाली दो सबडिवीजनों में यूनिट प्रधान के सुनील चौहान की अध्यक्षता सहित यूनिट के सचिव रविदत्त शर्मा के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये गए । जिसमे सबडिवीजन बदरौला से कर्मचारियों ने कुलदीप डागर को प्रधान, लख सिंह (रूरू) को उपप्रधान, सतीश (स्ष्ष्ट) को सचिव, आकाश (स्ष्ष्ट) को सहसचिव, दीपक (स्ष्ष्ट) को कैशियर, धीरपाल (रूरू) को संगठनकर्ता-1, जितेश्वर (ग्र्) को संगठनकर्ता-2, विनीत (रूरू) संगठनकर्ता-3 के पद पर कर्मचारियों ने अपनी सहमति जताते हुए सर्वसम्मति से चुना, इसी के साथ साथ नहरपार की दूसरी सबडिवीजन छांयसा में भी चुनाव कराये गए जिसमे जगदीश चंद (स्ग्र्) को प्रधान, नरेश (ग्र्) को उपप्रधान, दिगम्बर (स्नरू) को सचिव, विक्रम (रूरू) को सहसचिव, भूपेंदर (स्ग्र्) को कैशियर, रोहित (रूरू) को संगठनकर्ता-1, मंगत (रूरू) को संगठनकर्ता-2 के पद पर निर्विरोध चुना गया । जिसके बाद एचएसईबी वर्कर यूनियन में अपने अपने पद की गोपनीयता के लिये चुने गए सभी नए पदाधिकारियों को यूनियन के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा ने सभी का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए शपथ ग्रहण कराई ।

### अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** छन्नी से चुड़ियाला रोड पर स्थित विल पावर नामक अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि यह नशा मुक्ति केंद्र बिना किसी वैध परमिशन और रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। छापेमारी के समय केंद्र से 22 अडिक्ट को काबू किया उन्हें तुरंत मेडिकल जांच के लिए अंबाला सिविल अस्पताल भेजा गया, ताकि उनके स्वास्थ्य की सही स्थिति का पता लगाया जा सके। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि नशा मुक्ति केंद्र में रहने की व्यवस्था और सुविधाएँ भी मानकों के अनुरूप नहीं थीं। साहा थाना प्रभारी कर्मवीर सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और केंद्र संचालकों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी करवाही शुरू कर दी है।

### विधायक ने अधिकारियों व व्यापारी प्रतिनिधियों के संग की बैठक

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** शहर में अतिक्रमण, सफाई व बेसहारा पशुओं के मुद्दों को लेकर विधायक विनोद भयाना, डीएमसी नीरज कुमार ने व्यापारियों के प्रतिनिधियों, नगर परिषद व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, गंभीरता पूर्ण माहौल में दो घंटे चली इस बैठक में एक एक करके तीनों समस्याओं का सर्वसम्मति से हल निकाला गया। इस दौरान शहर में अतिक्रमण को लेकर दुकानों के शटर से आगे ढाई फीट तक सामान रखने की अनुमति दी। वहीं सफाई व्यवस्था में खामियों को लेकर ठेकेदार को जमकर लताड़ लगाई व व्यवस्था को एक सप्ताह में सुधारने के लिए कहा। इसके अलावा बेसहारा पशुओं के मामले में अवैध बाड़ा संचालकों पर कार्रवाई करवाने को लेकर योजना बनाई। इन तीनों मुद्दों को लेकर विधायक विनोद भयाना के पास लगातार शिकायतें आ रही थी। शिकायतों के समाधान के लिए विधायक विनोद भयाना के साथ डीएमसी नीरज कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे । इसके साथ ही एसडीएम राजेश खोथ व संबंधित अधिकारियों और व्यापार संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि भी उपस्थित थे । बैठक में सबसे पहले अतिक्रमण के मुद्दे पर चर्चा हुई। जिसमें व्यापारी प्रतिनिधियों ने बताया कि वह भी खुद अतिक्रमण से परेशान हैं व इसका स्थाई समाधान चाहते हैं। इस दौरान विधायक ने अतिक्रमण को लेकर कहा कि पूरे शहर में एक ही नियम रहेगा। केवल शटर से आगे ढाई फीट तक सामान रखने की अनुमति रहेगी। इसके आगे किसी दुकानदार ने सामान रखा उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। विधायक ने इस दौरान व्यापारी प्रतिनिधियों के समक्ष साफ लहजे में कहा कि अतिक्रमण के मामले में कार्रवाई से बचने के लिए कोई भी व्यापारी उन्हें फोन न करें। इस मामले में व्यापारी प्रतिनिधियों ने फोन न करने व सहयोग करने का वादा किया। वहीं अधिकारियों को कहा कि अगर समझाने पर कोई दुकानदार न माने तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

निगम आयुक्त की पहल हर वार्ड में पहुंचकर सुनेंगे लोगों की समस्याएं, करेंगे सभी वार्डो का दौरा

# अतिक्रमण को लेकर चलाया जाएगा स्पेशल ड्राइव: धीरेंद्र खड़गटा निगमायुक्त

- सरकारी जमीनों पर निशान देही के आदेश

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने आज नई पहल करते हुए वार्ड 28 मे अधिकारियों की टीम के साथ किया दौरा। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि धरातल पर चल रही विकास कार्यो की योजनाओं का स्टेटस मौके पर पहुंचकर देखा वही अतिक्रमणों को लेकर भी सोमवार से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं,उन्होंने उस अवसर पर समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की उनकी समस्याएं को दूर किया जाएगा। निगम आयुक्त ने कहा कि एक-एक करके सभी वार्डो का दौरा किया जाएगा। फरीदाबाद के नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने आज नई पहल करते हुए फरीदाबाद के तमाम वार्डो का दौरा करने का अभियान शुरू किया है। ताकि हर वार्ड में, समस्याओं की जानकारी के साथ-साथ धरातल पर चल रही योजनाओं के विकास कार्यों की जानकारी ली जा सके तथा जहां-जहां एंक्रोचमेंट अतिक्रमण है उन्हें भी चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके। हर वार्ड में जाकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा ,जिसके चलते आज वार्ड नंबर 28 में अपनी टीम के साथ पहुंचे थे जहां उनके साथ एक्सईएन महेन्द्र सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉश्र नीतीश परवाल,एसडीओ पंकज संबंधित जेई सुमित, सफाई जॉन इंचार्ज ओमप्रकाश भी मौजूद रहे।

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि आज वार्ड नंबर 28 से उन्होंने विशेष अभियान की शुरुआत की है और यहाँ, मंत्री जी के रिप्रेजेंटेटिव वार्ड पार्षद मौजूद रहे ।हमने अपनी टीम के साथ जहा एंक्रोचमेंट है, और योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों का क्या स्टेटस है तथा क्या-क्या समस्याएं हैं उनके बारे में जानकारी ली जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं और अगले हफ्ते से निशान देही करके एंक्रोचमेंट पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही जो योजनाएं धरातल पर हैं उनके ऊपर तेजी से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण को हटाने के लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में पार्क, स्टेडियम, पानी की बेहतर निकासी, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा, इसके अलावा गांव मवई स्थित गौशाला का शेड जल्द बनवाया जाएगा।

वार्ड के पार्षद उमेश शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि आज हमारे वार्ड में नगर निगम कमिश्नर, एक्सईएन और तमाम एसडीओ और जेई ने हमारे गांव का और इलाके का दौरा किया है। पार्षद ने बताया कि जहां-जहां उनके इलाके में एंक्रोचमेंट है उन्हें दिखाया गया है साथ ही, जो कॉलोनियां अभी तक नियमित नहीं हुई है उनका दौरा भी करवाया गया है ताकि ये कालोनियां जल्द पास हो सकें,उन्होंने बताया कि हमने कमिश्नर से दो कम्युनिटी सेंटर और स्टेडियम की मांग की है।

# फरीदाबाद के असली विकास पुरुष हैं कृष्ण पाल गुर्जर: धर्मवीर भड़ाना

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के कई गांव के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी जल्द मिलने जा रही है क्योंकि पाली गांव का बुद्ध सिंह स्टेडियम आप जल्द बहुत ही आधुनिक स्टेडियम बनने जा रहा है । भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि 15 अगस्त को स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे । हम सभी गांव के लोगों ने मंत्री जी से मांग की थी कि इस स्टेडियम को आधुनिक स्टेडियम बनवाया जाए । 3 दिन के अंदर ही केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने स्टेडियम के लिए एक करोड रुपए की राशि दे दी है और एक करोड़ रूपया और देने का वादा किया है ।

धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि तीन दिन के अंदर ही एक करोड़ रूपया मिलने से गांव के लोग मंत्री जी से बहुत खुश हैं और जल्द उनके दफ्तर पर जाकर उनका धन्यवाद करेंगे । उन्होंने बताया कि कुल दो करोड रुपए की लागत से स्टेडियम का कायाकल्प हो जाएगा और यहां के आसपास कई दर्जन गांवों के खिलाड़ियों के लिए यह बहुत बड़ी खुशखबरी होगी । उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जो वादा करते हैं उसे जल्द पूरा करते हैं और 3 दिन के अंदर ही एक करोड़ रुपया देकर उन्होंने ये साबित कर दिया कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है । इस मौके पर बिल्लू भगत जी और देवेंद्र भड़ाना ने कहा कि बुध सिंह स्टेडियम मंत्री जी के आशीर्वाद से ऐतिहासिक स्टेडियम बनने जा रहा है । अब पाली और आसपास के कई गांव से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकते हैं। पूरा गांव मंत्री जी से खुश है और जल्द हम लोग मंत्री जी का आभार जताने उनके आवास पर पहुंचेंगे।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला उपायुक्तों के साथ एक दर्जन एजेंडा पर की विस्तार से समीक्षा

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** गृह विभाग हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने मंगलवार को प्रदेशभर के जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक लेते हुए हुए एग्री स्टैक, जनगणना, मॉर्डन राजस्व रिकॉर्ड रूम, लंबित इंतकाल, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, वसीका नवीस सूचना सहित एक दर्जन एजेंडों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस में शामिल हुए और अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा को जिला फरीदाबाद से संबंधित कार्यो बारे जानकारी उपलब्ध कराई। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि एग्री स्टैक के माध्यम से किसानों की भूमि से संबंधित सारा डाटा एक क्लिक पर देखा जा सकेगा, जिसके लिए किसानों की रजिस्ट्री करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस प्रोजेक्ट को प्रदेशभर के सभी गांवों में लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए मास्टर ट्रेनर की ओर से पटवारियों और सहायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने 15 सितंबर तक कार्य पूरा करवाने का टारगेट निर्धारित किया।

# हरियाणा में एग्रीस्टैक पायलट, किसान रजिस्टरी और जनगणना की तैयारियां होंगी शुरू: डॉ. सुमिता मिश्रा

- राजस्व अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के लिए हरियाणा स्टेट रेवेन्यू ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की होगी स्थापना*
- राज्यभर में बड़े पैमाने पर मैपिंग प्रोजेक्ट के तहत 71% ततीमा अपडेटेशन का कार्य पूरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** कृषि डेटा प्रबंधन को आधुनिक बनाने, भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने और जनगणना तैयारियों को मजबूत करने के लिए हरियाणा की राजस्व विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

उन्होंने बताया कि लगभग 20 एकड़ जमीन पर हरियाणा रेवेन्यू ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बनाने का प्रस्ताव है। यह संस्थान राजस्व अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए अत्याधुनिक केंद्र होगा।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य में अगले कृषि सीजन से एग्रीस्टैक आधारित फसल सर्वेक्षण और किसान रजिस्ट्री लागू होगी। इसके लिए हर तहसील के एक गांव को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना जाएगा। अधिकारियों का मास्टर प्रशिक्षण कल तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद ये मास्टर ट्रेनर पटवारियों और राजस्व सहायकों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि योजना को सही तरीके से लागू किया जा सके।

वित्त आयुक्त ने सभी उपायुक्तों को लंबित इंतकाल (म्यूटेशन) को अभियान के तहत निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले वेब-हैलरिस प्लेटफॉर्म पर 'फर्स्ट-इन-फर्स्ट-आउट' (स्नढ्ढस्नह्र) प्रणाली अपनाएं। इससे मानवीय हस्तक्षेप खत्म होगा, निष्पक्षता बनी रहेगी और काम की गति बढ़ेगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि लंबित मामलों को कम करना जरूरी है, ताकि नए मामलों का काम समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि इंतकाल के लंबित मामले 15 अक्टूबर 2025 तक खत्म हो जाने चाहिए।

डॉ. मिश्रा, जो जनगणना 2027 की राज्य नोडल अधिकारी भी हैं, ने बताया कि पायलट जनगणना अक्टूबरङ्कनवंबर 2025 में पंचकूला, हिसार और फरीदाबाद में होगी। इसके बाद मकान सूचीकरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक होगा और 2027 में जनसंख्या गणना होगी। उन्होंने कहा कि हर जिले में सिटी मजिस्ट्रेट जनगणना कार्य की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी होंगे और उपायुक्त मुख्य जनगणना अधिकारी की भूमिका निभाएंगे।

बैठक में डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि बड़े पैमाने पर मैपिंग प्रोजेक्ट के तहत राज्य में 71त्न ततीमा अपडेटेशन का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि 18 अगस्त 2025 तक 62.72 लाख ततीमों में से 44.60 लाख का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि ततीमा अपडेटेशन का काम 15 अक्टूबर 2025 तक पूरा किया जाए।

बैठक में उत्तर प्रदेश के साथ सीमा विवाद पर भी चर्चा हुई। सर्वे ऑफ इंडिया ने सीमा स्तंभों के निर्माण के लिए सटीक स्थान और फंड उपलब्ध करा दिए हैं। डॉ. मिश्रा ने पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, पलवल और करनाल के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य जल्दी पूरा करें और प्रगति रिपोर्ट नियमित भेजें।

# पुंडरी में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन को नोटिस, बोर्ड पर भी नियमों का उल्लघंन

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पूंडरी, 19 अगस्त।** ब्लॉक समिति कार्यालय पुंडरी में डीसी प्रीति के निरीक्षण दौरान चेयरपर्सन सुषमा देवी की कुर्सी पर उसके पति राजेश बरसाना बैठे मिलने का मामला सामने आया है। इस पर कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति पुंडरी ने चेयरपर्सन सुषमा देवी को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। बता दे कि मंगलवार को दोपहर करीब 2¬30 बजे उपायुक्त प्रीति ने खंड कार्यालय पुंडरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि चेयरपर्सन सुषमा देवी स्वयं अपनी कुर्सी पर मौजूद नहीं थीं, बल्कि उनकी जगह उनका प्रतिनिधि वहां बैठा हुआ मिला। जोकि सरकारी नियमों के विरुद्ध है। डीसी ने यह आचरण पूरी तरह से अनुचित और प्रक्रिया के खिलाफ माना है।

कार्यकारी अधिकारी का कहना है कि पंचायत समिति की चेयरपर्सन की कुर्सी पर केवल निर्वाचित चेयरपर्सन को बैठने का अधिकार है। किसी अन्य प्रतिनिधि या व्यक्ति को यह अधिकार देना नियमों का उल्लंघन है। अधिकारी ने अपने पत्र में चेयरपर्सन से इस संबंध में तीन दिन के भीतर यह स्पष्ट किया जाने बारे लिखा है कि उन्होंने किस नियम और किस परिस्थिति में पति प्रतिनिधि को खुद की कुर्सी पर बैठने की अनुमति दी।नपत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो इसे नियम विरुद्ध कार्य माना जाएगा और इसकी रिपोर्ट माननीय उपायुक्त कैथल को भेज दी जाएगी। साथ ही, पूरे मामले की जिम्मेदारी चेयरपर्सन सुषमा देवी की मानी जाएगी।

### नाथूसरी चोपटा में दूसरी बार हुई हरे पेड़ों की अवैध पेड़ कटाई

**सिरसा (अप्रस)।** नाथूसरी चोपटा से भादरा रोड पर रविवार रात को हरे-भरे पेड़ काटकर अवैध रास्ता बना लिया गया। शिकायत मिलने पर सोमवार को वन विभाग ने बंद कर दिया। लेकिन कुछ ही समय बाद यह रास्ता फिर से बना लिया गया। मंगलवार को वन विभाग के कर्मचारियों ने गहरी खाई खोदकर रास्ता बंद करने का प्रयास किया । बताया जा रहा है कि 7 हरे पेड़ काटे गए हैं।कुछ माह पहले भी इसी अंदाज में दर्जनभर पेड़ काटे गए थे।

मजे की बात तो यह है कि दो रोज बीत जाने के बावजूद नाथूसरी चोपटा के रेंज अधिकारी हरीपाल सिह को मामले की पूरी जानकारी ही नहीं बताई जा रही है। हरे पेड़ काटने के इस गोरखधंधे में नाथूसरी चोपटा के विभाग के ब्लॉक अधिकारी व गार्ड की कार्यप्रणाली पर संदेह जताया जा रहा है। हकीकत यह है कि अब तक न तो अवैध पेड़ काटने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज।

## हरियाणा पुलिस की साइबर अपराध पर सख्त कार्रवाई

# संदिग्ध बैंक शाखाओं की सूची तैयार, कार्यवाही शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। हरियाणा पुलिस द्वारा राज्यभर में की गई जांच में ऐसी 91 बैंक शाखाओं की पहचान की गई है जहाँ पर संदेह है कि साइबर अपराधियों के 'म्यूल अकाउंट्स' चलाए जा रहे हैं और इन खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी के लेन-देन हो रहे हैं। इनमें से सबसे अधिक 26 बैंक शाखाएँ गुरुग्राम तथा 24 बैंक शाखाएँ जिला नूह की शामिल हैं। इन शाखाओं को चिन्हित करने के बाद पुलिस ने चरणबद्ध तरीके से सत्यापन, निरीक्षण और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



**छापेमारी की कार्यवाही:** साइबर अपराध शाखा की ओर से गठित विशेष टीमें इन शाखाओं के रिकॉर्ड की गहन पड़ताल कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं बैंक कर्मचारियों की लापरवाही या जानबूझकर मिलीभगत से साइबर अपराधियों को मदद तो नहीं मिल रही। टीम द्वारा ग्चङ्घष्ट मानकों की अनदेखी, अकाउंट खोलने में प्रक्रियागत खामियाँ, बैंक स्टाफ की भूमिका और किसी भी तरह की लापरवाही की जाँच की जा रही है। इस अभियान की निरंतरता में आज पुलिस की टीमों ने करनाल और यमुनानगर ज़िलों की संदिग्ध बैंक शाखाओं पर छापेमारी की। छापों के दौरान बैंक रिकॉर्ड खंगाले गए और संदिग्ध खातों की जाँच की गई। यमुनानगर में अब तक की गई जांच में एक Current bank Account सामने आया जिसमें पाया गया कि जिस फर्म के नाम पर यह अकाउंट खोला गया है वह मार्च 2025 में बंद हो चुकी है जबकि उस खाता में उसके बाद भी 43 लाख रुपये का लेन देन किया गया है जिसके खिलाफ देश भर में आठ शिकायतें दर्ज हैं। ऐसे ही एक Current bank Account फर्जी पते पर खोला गया है जिसमें तीन माह में दो करोड़ का लेन देन किया गया है जिसके खिलाफ 33 शिकायतें देश भर में दर्ज हैं। इस संबंध में खाता धारकों और संबंधित बैंक कर्मियों की भूमिका की जाच की जा रही है और सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्पष्ट है कि यह कार्रवाई केवल दो जिलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आने वाले दिनों में अन्य जिलों की भी संदिग्ध शाखाओं पर इसी तरह की छापेमारी की जाएगी।

**साइबर अपराध पर जीरो टॉलरेंस:** डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने साझा की हरियाणा पुलिस की बहु-आयामी रणनीति: हरियाणा पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एक ठोस और बहु-आयामी रणनीति बनाई है। इसमें बैंक शाखाओं की कड़ी निगरानी, संदिग्ध लेन-देन का त्वरित विश्लेषण, समय-समय पर छापेमारी, और बैंकिंग रेगुलेशन का पालन सुनिश्चित करना प्रमुख हिस्सा है। इस अभियान का मकसद यह है कि राज्य में किसी भी नागरिक की मेहनत की कमाई साइबर अपराधियों के जाल में न फँसे। इस दिशा में बैंकों की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी पुलिस की, इसलिए बैंक अधिकारियों और साइबर नोडल अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जा रही है। हरियाणा पुलिस इस दिशा में ज़ीरो-टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और आने वाले समय में और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**पुलिस की अपील- सावधान रहें, सुरक्षित रहें:** आईजी साइबर शिवास कबिराज ने नागरिकों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से बचाव के लिए हमेशा सतर्क और जागरूक रहें। साइबर अपराधी अक्सर बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सरकारी एजेंसी या किसी प्रतिष्ठित कंपनी का प्रतिनिधि बनकर कॉल करते हैं, संदिग्ध लिंक भेजते हैं या नकली ऐप डाउनलोड करने को कहते हैं। ऐसे मामलों में नागरिकों को किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन, पासवर्ड या आधार-पैन जैसे व्यक्तिगत दस्तावेज साझा नहीं करने चाहिए और न ही किसी अनजान लिंक या क्यूआर कोड को स्कैन करना चाहिए। बैंक या सरकारी संस्थाएँ कभी भी फोन पर व्यक्तिगत जानकारी या पैसे ट्रांसफर करने के लिए नहीं कहतीं, अत: ऐसी मांग होने पर समझ लेना चाहिए कि यह धोखाधड़ी का प्रयास है।




# फर्जी एप से जाली अकाउंट खुलवाकर 48 लाख की ठगी में 2 आरोपी गिरफ्तार

## इस मामले की अब तक तीन गिरफ्तार, दोनों आरोपी 8 दिन के पुलिस रिमांड पर, एक न्यायिक हिरासत भेजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 अगस्त।** पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने शेयर मार्किट में मुनाफे का झांसा देकर की गई 48 लाख 50 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में काम कर रही टीम ने इस मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस केस में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

साइबर थाना पुलिस के अनुसार यह मामला 21 मई को दर्ज हुआ था,



जब शिकायतकर्ता गुरमुख सिंह निवासी शिव कॉलोनी बिटना रोड पिंजौर, उम्र 62 वर्ष ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को उन्हें यूट्यूब पर शेयर मार्केट से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में दिए गए लिंक के जरिये वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए। इसके बाद ग्रुप में मौजूद लोगों ने उन्हें भारी मुनाफे का लालच देकर एक ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया और अलग-अलग समय पर उनसे कुल 48 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली।

इस शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह की टीम ने 9 अगस्त को सुरेश कुमार वर्मा निवासी गंगानगर राजस्थान, हाल किरायेदार जीरकपुर (पंजाब) को गिरफ्तार किया था। आरोपी को अदालत से 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था और 18 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आगे की जांच में सुरेश कुमार से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने दो और आरोपियों रितेश कुमार पुत्र राजेन्द्र तथा प्रवेश कुमार पुत्र देवन राम को दबोचा। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से ठगी की रकम की रिकवरी और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान पर काम कर रही है। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि साइबर ठगी के मामलों में ऐसे गैंग संगठित तरीके से काम करते हैं और भोले-भाले लोगों को लालच देकर जाल में फंसाते हैं। पंचकूला पुलिस का प्रयास है कि ऐसे अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजा जाए और लोगों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखा जाए। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, ऑनलाइन विज्ञापन या लालच देने वाले कॉल/मैसेज पर भरोसा न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में सूचना दें।

# हिमाचल से गांजा लाकर पिंजौर-कालका में बेचने वाला तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 अगस्त।** पंचकूला पुलिस ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को आगे बढ़ते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने हिमाचल प्रदेश से गांजा लाकर कालका-पिंजौर क्षेत्र में सप्लाई करने वाले एक तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद कुमार उर्फ बेदा (23) निवासी गांव टिपरा, कालका के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 किलो 155 ग्राम गांजा बरामद किया है।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए पुलिस लगातार दोहरी रणनीति पर काम कर रही है, एक तरफ गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर उपचार भी दिलाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक मल्लह मोड़ पिंजौर से हिमशिखा कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर फ्लाईओवर के नीचे गांजा बेचने के लिए खड़ा है। इस सूचना पर इन्चार्ज प्रवीण कुमार की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक के थैले की तलाशी लेने पर 3 किलो 155 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब उससे वैध लाइसेंस या दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका।

# फेक आईडी बनानी पड़ सकती है भारी, पुलिस ने छात्रों को दी चेतावनी

**स्कूल पहुंचकर साइबर क्राइम थाना टीम ने बच्चो को साइबर सुरक्षा के गुर भी सिखाएं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन तथा डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना एसएचओ युद्धवीर सिंह की टीम ने सोमवार को सेक्टर-25 स्थित टेरेसा कन्वेंट स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने और किसी भी प्रकार की फेक आईडी बनाने से बचने की सख्त हिदायत दी गई।

पुलिस ने बताया कि अक्सर देखने में आता है कि छात्र मजाक या शरारत के तौर पर किसी महिला या लड़की की फर्जी आईडी बनाकर



उसका दुरुपयोग कर देते हैं, लेकिन यह मजाक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और इसके चलते आरोपी को जेल तक जाना पड़ सकता है।

इसके अलावा पुलिस ने छात्रों को 'टू-स्टेप ऑथेंटिफिकेशन' के महत्व के बारे में बताया और साथ ही 'डिजिटल अरेस्ट' फ्रॉड, ऑनलाइन लोन ऐप धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी ग्राहक सेवा नंबर (हेल्पलाइन) के जरिए पैसों की चोरी जैसे नए साइबर अपराध तरीकों से भी अवगत कराया।

# घग्घर नदी पर एक बार फिर कॉज़वे हुआ ओवरफ्लो, कुछ समय के लिए यातायात हुआ बंद



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 19 अगस्त।** मुबारकपुर कॉज़वे पर एक बार फिर बढ़ते जलस्तर के कारण आज प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से यातायात पूरी तरह बंद कर दिया। लगातार हो रही बारिश और पानी के तेज़ बहाव के कारण कॉज़वे के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया। प्रशासन ने लोगों से दूसरे रास्तों का इस्तेमाल करने की अपील की है, लेकिन इससे यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ लोगों में रोष भी देखा जा रहा है। इलाके के निवासियों का कहना है कि हर साल बारिश के दिनों में यही स्थिति बनती है, लेकिन कॉज़वे की ऊँचाई बढ़ाने या स्थायी मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि कुछ दिन पहले डीसी मोहाली ने विशेष तौर पर दौरा कर यहां पुल बनाकर काजवे की ऊंचाई बढ़ाकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था। फिलहाल किसी अनहोनी घटना से बचाव हेतु मौके पर पुलिस प्रशासन मौजूद है और अहतियातन रास्ता दोनों तरफ से बंद कर दिया है।

ज़िक्र योग्य है कि बीते दस दिनों में दूसरी बार जलस्तर बढ़ने कारण काजवे ओवरफ्लो हुआ है और डेराबस्सी से ढकोली जाने के लिए यही एक उचित मार्ग है क्योंकि मुख्य मार्ग पर जहां एक तरफ भारी जाम की समस्या है वहीं वाया जीरकपुर जाते हुए ढकोली पहुंचने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे समय और ईंधन दोनों का नुक़सान होता है।

मुबारिकपुर काजवे के पास रहने वाले 150 गरीब लोगों की झुग्गियों में भी पानी घुस गया है। इलाके में बढ़ते जलस्तर ने लोगों के दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लोगों का कहना है कि बारिश के पानी के साथ-साथ आस-पास के नालों का गंदा पानी भी झुग्गियों में घुस गया है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घग्गर के पास रहने वाले गरीब लोग इस चिंता में रात बिता रहे हैं कि कहीं जलस्तर और न बढ़ जाए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई कर कॉजवे की मरम्मत की जाए, जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए कोई स्थायी समाधान निकाला जाए। इस मौके पर डेराबस्सी के डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि संभव हो तो सुरक्षित स्थानों पर शरण लें और अनावश्यक रूप से बारिश के पानी में न जाएं, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# नई दिल्ली में हुआ 15वें एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड्स एंड गर्ल्स स्काउट्स के 15वें एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ नई दिल्ली में हुआ। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. के.के. खंडेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स; श्रीमती गीता नटराज, उपाध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स; तथा डॉ. पंकज मित्तल, महासचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं मुख्य आयुक्त (गाइड्स), भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रहे।

इसके साथ ही कार्यक्रम में सुश्री कैंडेला गोंज़ालेज़, विश्व बोर्ड अध्यक्ष, सुश्री नादिन एल अची, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुश्री चेम्पाका एमालिन पाहामिन, अध्यक्ष एशिया पैसिफिक क्षेत्र, सुश्री दातो' डॉ. जूसेन बियुन, संस्थापक - फ्रेंड्स ऑफ एशिया पैसिफिक रीजन तथा सुश्री लिन प्राइस, अध्यक्ष - वर्किंग ग्रुप उपस्थित रहे।

राजनयिक अतिथियों के रूप में महामहिम सुश्री आयशाथ अज़ीमा, मालदीव गणराज्य की भारत में उच्चायुक्त, श्री रबिन्द्र जंग थापा, काउंसलर, नेपाल दूतावास एवं महामहिम श्री जोसल एफ. इग्नासियो, भारत में फ़िलीपींस गणराज्य के राजदूत रहे। सभी अतिथियों का भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने परंपरागत भारतीय शैली से तिलक और आरती द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ. के.के. खंडेलवाल ने उनका मंच पर परिचय कराते हुए ससम्मान मार्गदर्शन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण फ्लैग मार्च रहा। इसमें विभिन्न सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने ध्वजों के साथ गर्वपूर्वक परेड की। दो कतारों में मार्च कर मध्य में मिलते हुए उन्होंने एकता का प्रभावशाली प्रतीक प्रस्तुत किया। इसके उपरांत विश्वजीत तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रार्थना 'दया कर दान भक्ति का' का सामूहिक गायन हुआ।

मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, डॉ के के खंडेलवाल ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष के पदाधिकारियों और अन्य विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए 7 नवम्बर 1950 को स्थापित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के इतिहास का संक्षिप्त उल्लेख किया और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। भारतीय परंपरा के अनुरूप सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया दीप प्रज्वलन इस सम्मेलन के औपचारिक उद्घाटन का प्रतीक बना। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग राजस्थानी लोक-नृत्य ÷पधारो म्हारे देश÷ का प्रदर्शन हुआ, जिसने सभी को आकर्षित किया।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)



// कैसे खिलेंगे रिश्तों के फूल, अगर ढूंढते रहेंगे एक-दूसरे की भूल। \\

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़ एवं दिल्ली से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी



छाता और दिमाग तभी काम करते हैं, जब वह खुले हुए हों, बंद होने पर दोनों बोझ लगते हैं।

वर्ष 01 | दिल्ली, बुधवार, 20 अगस्त, 2025 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 02 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 08







## न्यूज़ ब्रीफ

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली (अप्रस)।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है।

### किन्नर-कैलाश यात्रा स्थगित

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला में बीती रात से जारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। किन्नौर में किन्नर कैलाश यात्रा पर गए एक श्रद्धालु की पत्थर लगने से मौत हो गई। वहीं किन्नर कैलाश यात्रा को 11 दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया है। मृतक श्रद्धालु की पहचान गौरव गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। वहीं कुल्लू की लग वैली में रात 1 बजे बादल फटने से 3 दुकानें बह गईं। इसका पानी जब कुल्लू बाजार पहुंचा तो सरवरी नदी ने तबाही मचाई।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पीएम मोदी से की मुलाकात




# सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार

21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे सुदर्शन रेड्डी

एनडीए के राधाकृष्णन को देंगे चुनौती

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का एलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का एलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।



मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे एक गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की।

### राजग के सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है, जो आरएसएस पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के एक अनुभवी भाजपा नेता हैं। विपक्षी गठबंधन की ओर से अपने नाम का एलान किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी दलों से समर्थन की अपील करता हूं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) भी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रेड्डी का समर्थन कर रही है।

### कौन हैं जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी?

जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई, 1946 को अकुला मायलाराम गांव, पूर्व इब्राहिमपट्टनम तालुका, रंगारेड्डी (आंध्र प्रदेश) में हुआ था। उनका नाता वर्तमान में कंदुकुर राजस्व मंडल के तहत आने वाले गांव के एक कृषक परिवार से रहा। उन्होंने हैदराबाद में पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से कानून की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1971 में ही अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली। इसके बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता के. प्रताप रेड्डी के चैंबर में शामिल हुए। उन्होंने हैदराबाद के नगर दीवानी न्यायालयों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में कई मामलों का निपटारा किया। वे 8 अगस्त, 1988 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में सरकारी वकील के रूप में नियुक्त हुए। वे राजस्व विभाग के प्रभारी भी रहे और 8 जनवरी, 1990 तक इस पद पर बने रहे। इसके बाद वे कुछ समय के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में भी नियुक्त हुए। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी एवी एजुकेशन सोसाइटी की ओर से संचालित शैक्षणिक संस्थानों के सचिव और संवाददाता भी रहे। 1993-94 के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए। 8 जनवरी, 1993 को उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कानूनी सलाहकार और स्थायी वकील नियुक्त किए गए। 2 मई, 1995 से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए। उन्हें 2005 में गौहाटी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। 2007 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त हुए। वे 2011 में सेवानिवृत्त हुए।

दूसरे चरण की बैठक, दिनभर चला बैठकों का दौर

# विधानसभा में हारी हुई 42 सीटों पर भाजपा का होगा पूरा फोकस

### जहां विधायक नहीं उन हलकों के विकास का बनेगा प्लान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** विधानसभा चुनाव के दौरान हारे हुए 42 हलकों के विकास पर अब सरकार की पूरा फोकस रहेगा। इन हलकों में सरकार द्वारा तैनात किए गए प्रभारियों तथा पार्टी के पूर्व प्रत्याशियों की सिफारिशों पर विकास कार्य करवाए जाएंगे। भाजपा ने मिशन-2029 की तैयारियों को धार देने के लिए मंगलवार को चंडीगढ़ में बैठकों का बड़ा सिलसिला शुरू किया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में दिन भर बैठकों का दौर चला। बैठक में प्रदेश महामंत्री व कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, डॉ. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया भी मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि जनता तक सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को और प्रभावी ढंग से पहुँचाया जाए, ताकि पार्टी की पकड़ जमीनी स्तर पर और मजबूत हो सके।



दूसरे चरण की बैठक में भाजपा ने उन 42 नेताओं को बुलाया जो 2024 विधानसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर हार चुके थे। इनमें पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता जैसे दिग्गज भी शामिल रहे। इस बैठक का मकसद मिशन-2029 के तहत उन सीटों पर विशेष रणनीति बनाना है, जहां भाजपा को पिछली बार झटका लगा था। मुख्यमंत्री और संगठन पदाधिकारियों ने इन नेताओं से फीडबैक लिया और चुनावी समीकरणों पर गहन मंथन किया। पार्टी का मानना है कि यदि इन सीटों पर पुख्ता तैयारी की जाए तो आने वाले चुनावों में भाजपा का ग्राफ दोबारा ऊपर उठ सकता है।



### सीएम ने लिया फीडबैक

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पार्टी के विधायकों के साथ बैठक करके उनके हलकों में चल रही विकास परियोजनाओं पर फीडबैक लिया। संगठनात्मक मजबूती, जनता से सीधा संवाद और हारी हुई सीटों पर रणनीति-इन्हीं तीन बिंदुओं पर मिशन-2029 की नींव रखी जा रही है। राजनीतिक हलकों में इन बैठकों को बेहद अहम माना जा रहा है।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

# ओड़िशा में 8300 करोड़ रुपए की लागत से हरित राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ओड़िशा में करीब साढे आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से छह लेन के राजधानी क्षेत्र रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास - 110.875 किमी) के निर्माण को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिससे खोरधा, भुवनेश्वर और कटक जैसे शहरी क्षेत्रों में भीड़-भाड़ में कमी आयेगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आश्य के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर को ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है और मिली-जुली व्यवस्था के तहत बनाये जाने वाले इस राजमार्ग के निर्माण पर 8307.74 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को ढाई वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर से टांगी के बीच संपर्क मार्ग के खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरने से काफी भीड़ भाड़ रहती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए इस परियोजना को छह-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इससे इन शहरों में भारी वाणिज्यिक यातायात को बाईपास पर भेजने की व्यवस्था हो जायेगी। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यह बाईपास क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रमुख धार्मिक तथा आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा। इससे व्यापार एवं औद्योगिक विकास तथा आसपास के क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे।

एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा

# सूर्यकुमार कप्तान, शुभगम गिल को उपकप्तान की कमान

जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितंबर से

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मुंबई।** 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव ही करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को दौरे के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होगा। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा।



गिल को उपकप्तान बनाया भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। सिलेक्शन से पहले मीडिया रिपोर्ट्स में गिल की टीम में जगह नहीं बताई जा रही थी। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि आईपीएल में गिल ने 650 रन बनाए थे। सिराज और वाशिंगटन को मौका नहीं स्क्वॉड में अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हर्षित राणा को मौका मिला। हालांकि मोहम्मद सिराज और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह नहीं मिली हैं। यशस्वी जायसवाल और सुंदर टीम के रिजर्व प्लेयर होंगे। बुमराह की टी-20 वर्ल्डकप के बाद वापसी जसप्रीत बुमराह की टी-20 टीम में वापसी हुई हैं। उन्होंने आखिरी टी-20 इंटरनेशनल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल खेला था। आईपीएल में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाने वाले श्रेयस अय्यर को भी टीम में नहीं चुना गया है।

मीटिंग | उद्योगपतियों से सुझाव लेने और समस्याएं सुलझाने के लिए अमृतसर से उद्योग मंत्री ने शुरू की 'राइजिंग

# अब हमारे निवेशकों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, हम खुद उनके पास जाएंगे: अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/अमृतसर, 19 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के औद्योगिक क्रांतिकारी विज़न के तहत पंजाब में उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन देने के लिए आज उद्योग एवं बिजली मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने माझा क्षेत्र के उद्योगपतियों से, जिनमें अमृतसर के अलावा गुरदासपुर, तरनतारन, बटाला और पठानकोट के उद्योगपति शामिल थे, औद्योगिक नीति के लिए सुझाव लेने और उनकी समस्याएँ सुलझाने के उद्देश्य से गुरु की नगरी अमृतसर से 'राइजिंग पंजाब - सुझाव से समाधान तक' की शुरुआत की। इस अवसर पर आए उद्योगपतियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के सभी बड़े शहरों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और आज यह पहला विशेष आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नई उद्योग-अनुकूल नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना, नए निवेश के लिए माहौल तैयार करना और सरकार-उद्योग जगत के बीच सीधा संवाद कायम करना है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह पहल पंजाब में नए निवेश, अधिक रोजगार और लोगों की खुशहाली के नए दरवाज़े खोलेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सुझाव से समाधान तक पहुँचना ही हमारी ज़िम्मेदारी है।




उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मैं बातों में नहीं, काम में विश्वास रखता हूँ। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों के सुझाव मैंने नोट कर लिए हैं और जो भी काम होने वाले हैं, वे कुछ ही दिनों में पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि अमृतसर गुरु नगरी है, पंजाब का प्रवेश द्वार है और यह दुनिया का सबसे सुंदर शहर बनेगा। अमृतसर की मेहमाननवाज़ी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की अपार संभावनाएँ हैं और सरकार उसके लिए काम करेगी।

कैबिनेट मंत्री ने पंजाब राज्य इंडस्ट्री एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन द्वारा बीते समय में जारी पाँच अलग-अलग नोटिफिकेशनों का ज़िक्र करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएँ किसी भी राज्य सरकार ने नहीं दीं, जैसी हमारी सरकार ने उद्योगपतियों के लिए लागू की हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक पंजाब सरकार की तारीफ करते हैं और हम कोशिश करते हैं कि हम उद्योगपतियों के लिए काम करें, क्योंकि यह हमारा फ़र्ज़ है। उन्होंने कहा कि आप हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं और आपकी समस्याओं का समाधान करना हमारी ड्यूटी है। जो भी मुद्दे और समस्याएँ होंगी, वे हल होंगी। आप सरकार को टैक्स देते हैं, हमारे युवाओं को रोज़गार देते हैं और आपका ख्याल रखना मेरा और मेरे विभाग का फ़र्ज़ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेरी कोशिश होगी कि मैं अपनी ज़िम्मेदारी पर खरा उतरूँ। उन्होंने अमृतसर में यूनिटी मॉल बनाने और औद्योगिक पार्कों एवं फोकल प्वाइंट पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि ईएसआई अस्पताल को केंद्र सरकार से फंड लेकर और अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोइंदवाल साहिब का औद्योगिक क्षेत्र, जो लंबे समय से उपेक्षित है, उसे औद्योगिक हब बनाया जाएगा। उन्होंने माझा क्षेत्र के उद्योगपतियों को ÷पंजाब इन्वेस्ट सम्मेलन÷, जो 13 और 14 मार्च 2026 को मोहाली में होना है, में हिस्सा लेने का निमंत्रण भी दिया।

सम्पादकीय

# रूस-यूक्रेन को अब युद्ध खत्म कर ही देना चाहिए

रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध में मध्यस्थता कर रहे अमेरिका का यह प्रयास सराहनीय है, हालांकि इस दौरान अमेरिका के निहित स्वार्थों की बू भी आ रही है। यूक्रेन इस समय ऐसे मजबूर देश के रूप में सामने आया है, जिसने यूरोप के देशों के भरोसे रूस से शत्रुता तो मोल ली, लेकिन अब यह लगातार उस पर भारी पड़ रही है और वह अमेरिका जैसे देशों का मोहताज हो गया है, जिनका वैश्विक समाज में एकमात्र उद्देश्य अपना हित साधना है। गौरतलब है कि अमेरिका में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके बुलावे पर मुलाकात की।

**गौरतलब है कि अमेरिका की ओर से ऐसे बयान आए हैं, जिनमें कहा गया है कि युद्ध जारी रहने की स्थिति में वह यूक्रेन की मदद नहीं कर पाएगा। जाहिर है, अमेरिका दुनिया के किस देश को बख्श रहा है। जो भी उसके समक्ष नतमस्तक हो रहा है, उसकी पीठ पर वह अपना हाथ रख रहा है लेकिन जो स्वाभिमान से गर्दन सीधी करके खड़ा होना चाहता है, वह उसके लिए दुश्मन और विरोधी बन रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे देशों को मृत आर्थिकी बताकर उन्हें अपमानित कर रहे हैं और वहां की जनता के विकास की संभावनाओं में रोड़े अटका रहे हैं। उनके लिए यूक्रेन भी ऐसा ही देश है, वे चाहते हैं कि जैसे-तैसे करके जिसमें बेशक यूक्रेन का और नुकसान होता है तो हो, लेकिन यह युद्ध रूक जाए।**

हालांकि इस दौरान राष्ट्रपति का रवैया ऐसा रहा, जिसमें वे किसी एक पक्ष का हित ही ज्यादा देख रहे थे। निश्चित रूप से यह कहना कि यूक्रेन क्रीमिया और नाटो सदस्यता की उम्मीद छोड़ दे, निराशाजनक बयान है। इस बैठक में जेलेंस्की ने त्रिपक्षीय बैठक को स्वीकार किया है। उनका रूख पहले से कुछ नरम हुआ है और वे भी चाहते हैं कि युद्ध अब खत्म हो। हालांकि उन शर्तों का क्या, जोकि रूस की ओर से रखी गई हैं और अमेरिका भी उनके प्रति उदासीन है। बीते तीन वर्षों से जारी युद्ध ने यूक्रेन का सुख-चैन सब छीन लिया है। इससे उसकी आर्थिकी बर्बाद हो गई है। लेकिन न जाने किस सीख पर चलते हुए यूक्रेन नाटो की सदस्यता हासिल करने और रूस से दूरी बनाने की चाह रखे हुए है। बेशक, यूक्रेन को अपनी आजादी प्यारी है और ऐसा होना भी चाहिए। हालांकि युद्ध से पहले रूस की ओर से सिर्फ इसकी मांग की गई थी कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेने की न सोचे, क्योंकि ऐसा होता है तो यूरोप और अमेरिका उसके बेहद नजदीक होंगे और यह उसकी सुरक्षा के लिए खतरा होगा। वास्तव में उसी समय बातचीत का दौर शुरू होना चाहिए था और रूस से यूक्रेन को इस संबंध में चर्चा करनी चाहिए थी कि आखिर उसके लिए ऐसा करना क्यों जरूरी है या फिर कोई अन्य रास्ता है।

गौरतलब है कि अमेरिका की ओर से ऐसे बयान आए हैं, जिनमें कहा गया है कि युद्ध जारी रहने की स्थिति में वह यूक्रेन की मदद नहीं कर पाएगा। जाहिर है, अमेरिका दुनिया के किस देश को बख्श रहा है। जो भी उसके समक्ष नतमस्तक हो रहा है, उसकी पीठ पर वह अपना हाथ रख रहा है लेकिन जो स्वाभिमान से गर्दन सीधी करके खड़ा होना चाहता है, वह उसके लिए दुश्मन और विरोधी बन रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे देशों को मृत आर्थिकी बताकर उन्हें अपमानित कर रहे हैं और वहां की जनता के विकास की संभावनाओं में रोड़े अटका रहे हैं। उनके लिए यूक्रेन भी ऐसा ही देश है, वे चाहते हैं कि जैसे-तैसे करके जिसमें बेशक यूक्रेन का और नुकसान होता है तो हो, लेकिन यह युद्ध रूक जाए। इस बैठक के दौरान भी उन्होंने इसका दावा किया कि उन्होंने पूरी दुनिया में अनेक युद्ध रूकवाए हैं। वे भारत-पाक के संबंध में तेरह बार से ज्यादा इसका दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यस्थता करवाई। हालांकि यह झूठ और दिखावे के अलावा कुछ नहीं है। इस युद्ध को भारत ने अपना लक्ष्य पूरा होने के उपरांत ही विराम दिया था और यह ऑपरेशन अब भी संचालित है, उसे केवल पोज किया गया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष होने को आए हैं और अब हालात ऐसे हैं कि यूक्रेन अपने बूते इस युद्ध को जारी रख पाने में नाकाम है। हालांकि इस युद्ध को यूक्रेन ने नहीं चाहा था, यह युद्ध रूस की चाह था और अमेरिका एवं यूरोपीय देशों की चुनौती को खत्म करने के लिए उसने यूक्रेन पर हमला किया था। अब वही अमेरिका जिसने रूस के खिलाफ यूक्रेन को मदद दी, यूक्रेन से अपनी उसी मदद की राशि को वापस मांग रहा है। वह चाहता है कि यूक्रेन की सरजमीं में दफन प्राकृतिक संसाधनों का वह उपभोग कर सके और इसके लिए यूक्रेन उसके साथ समझौता करे। हालांकि बदले में यूक्रेन सिर्फ अपनी सुरक्षा की गारंटी मांग रहा है, लेकिन अमेरिका के लिए यह भी बहुत बड़ी चीज लग रही है। अमेरिका हमेशा से दुनिया का रखवाला होने का दंभ भरता आया है, तो अब एकाएक उसे यह सब फिजूल लगने लगा।

एक कारोबारी व्यक्ति जोकि अब अपने दूसरे कार्यकाल में फिर राष्ट्रप्रमुख बन गया है तो वह ऐसे मामलों में दुकानदारी दिखाएगा। क्या मानवता को बचाने के सरोकार खत्म हो गए। यह भी कितना विचित्र है कि लोकतांत्रिक देशों में अमेरिका की ओर से चुनाव के प्रचार पर खर्च होने वाली राशि को भी अमेरिका ने बंद कर दिया है।

## हरियाणा गाँधी बाबू मूलचन्द जैन की 110वीं जयंती पर विशेष

# जब बाबूजी ने चुनाव हारने पर लड्डू मांगे

दैनिक अर्थ प्रकाश



डॉ. स्वतन्त्र जैन
मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

बाबूजी 1957-62 तक कैथल से लोकसभा के बहुत प्रभावशाली सांसद थे, पंडित नेहरु उनके काम करने के ढंग, और सांसद में अपनी हर बात को प्रभावशाली व शालीन ढंग से रखने के कायल थे। यह बड़ी संभावना थी कि अगले चुनाव के बाद उन्हें नेहरु मंत्री-मंडल में शामिल कर लिया जाये। पर पंजाब के मुख्य मंत्री, सरदार कैरो ने यह भाप कर बाबूजी से कहा, हमें आपकी पंजाब में भी जरूरत है, आप पंजाब में विधान सभा के लिए चुनाव लड़ें। बाबूजी ने मोरारजी भाई से इसके लिए सलाह की, तो मोरारजी भाई ने सरदार कैरो से पूछ कर श्री जैन को बताया कि वास्तव में वह श्री जैन को मन्त्री लेना चाहेंगे, इसलिए उन्हें सरदार कैरो का सुझाव मान लेना चाहिए। इस विश्वास पर श्री जैन ने असेम्बली के लिए कांग्रेसी टिकट लिया।

शुरु में बाबूजी को बुटाना क्षेत्र का टिकट मिला और श्री मुलतान सिंह को घरौन्डा क्षेत्र से। परन्तु श्री मुलतान सिंह को घरौन्डा क्षेत्र से जीतने की आशा नहीं थी। वह बुटाना क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे। बुटाना क्षेत्र दोनों के लिए घरौन्डा क्षेत्र की अपेक्षा आसान था। फ़िर भी श्री जैन ने क्षेत्र बदलना स्वीकार कर लिया। श्री मुलतान सिंह बुटाना क्षेत्र से सफल हुए, परन्तु किसी साजिश की वजह से श्री जैन घरौन्डा क्षेत्र से चुनाव जीत नहीं पाए।

श्री जैन ने इस हार को ईश्वर की मर्जी मान कर अपने कार्यकर्ताओं को विदा देने के बाद घर आ कर हमारी माँ से लड्डू मांगे। माँ ने यह कहते हुए ताना मारा कि 'जैसे बड़ा तीर मार कर आये हो, जो लड्डू मांग रहे हैं।' तब जो बाबूजी ने उत्तर दिया, वो कोई संत-महात्मा भी शायद ही सोच पाता। उन्होंने अपनी हार को खुशी-खुशी यह समझकर स्वीकार करते हुए कहा कि-

'उनसे परम-पिता परमात्मा वह काम लेना चाहते हैं जो उनकी जीत होने पर नहीं लिया जा सकता था'।

निकट भविष्य की दो घटनाओं से यह बात सिद्ध भी हो गई कि, यदि बाबूजी 1962 के चुनाव में जीत जाते तो इन दानों घटनाओं में जो महत्वपूर्ण भूमिका बाबूजी ने निभाई, वो नहीं कर पाते। उनमें से एक महत्वपूर्ण घटना का उल्लेख यहाँ किया गया है7

यह घटना सन् 1962 की है, जब विधायक कामरेड रामप्यारा, कॉंग्रेसी होते हुए भी तत्कालीन मुख्य-मंत्री, श्री प्रताप सिंह कैरो के कड़े आलोचक थे। कैरों उनकी बार-बार की आलोचना से बेहद दुखी थे। इसलिए उन्हें दिन दिहाड़े बाजार में पिटवाया गया। हमला करने वाले साधारण से व्यक्ति थे, जिनकी कामरेड रामप्यारा से कोई दुश्मनी नहीं हो सकती थी। उन्हें तो गिरफ्तार कर लिया गया, परन्तु इस हमले की साजिश में स्वयं मुख्यमन्त्री और करनाल निवासी उनके दो समर्थकों का खुलेआम नाम लिया जा रहा था।



उनके विरुद्ध पुलिस ने जब कोई कार्यवाही नहीं की, तो श्री जैन ने 'जिला करनाल नागरिक परिषद' के अत्यंत महत्वपूर्ण चेयरमैन के पद से त्यागपत्र दे दिया। ध्यान रहे कि चीन के हमले के बाद सारे देश, प्रदेश और हर जिले में 'नागरिक परिषदें' बनाई गयी थी। ऐसी जिला नागरिक परिषदों का प्रधान जिले के किसी प्रसिद्ध नागरिक को ही बनाया जाता था, और जिला मैजिस्ट्रेट इस परिषद का सेक्रेटरी होता था। श्री जैन ऐसे महत्वपूर्ण पद की भी परवाह न करते हुए श्री रामप्यारा के पक्ष में जुल्म और अन्याय के विरुद्ध खुले तौर पर खड़े हो गए।

जब पुलिस ने हमला करने वाले के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की, तो श्री रामप्यारा ने उनके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर अपने मुकदमें को मेरठ जिला मैजिस्ट्रेट की अदालत में बदली करवा लिया। वहाँ श्री जैन को उच्च न्यायालय में गवाही देने के लिए बुलाया गया। एक घण्टे तक श्री जैन ने उन हालात पर प्रकाश डाला, जिनकी वजह से उन्हें विश्वास था कि उस हमले में मुख्य-मन्त्री और उनके करनाल निवासी दो समर्थकों का हाथ है। उसके पश्चात् जिला मैजिस्ट्रेट एक घण्टे तक स्वयं श्री जैन से सवाल करते रहे। अन्त में उनकी गवाही से न्यायालय की तसल्ली हुई।

सरदार कैरो और उनके करनाल निवासी दो समर्थकों को बतौर दोषी कोर्ट में पेश होना पड़ा। हालांकि सरदार कैरो उस समय पंजाब के मुख्य-मन्त्री थे। यह 1964 जून-जुलाई की बात है। श्री रामप्यारा पर हमले के पश्चात् श्री जैन ने प्रण किया था कि जब तक कैरो और उनके साथियों को बतौर दोषी न्यायालय में बुलाया नहीं जाता वे टोपी नहीं पहनेंगे और नंगे सिर रहेंगे। उन्होंने अपने वचन को पूरा करते हुए श्री कैरो को सजा दिलवा कर ही दोबारा टोपी पहनी थी।

विचारने की बात यह है कि 'बाबूजी का ईश्वर की करनी पर' यह कैसा अद्भुत विश्वास रहा होगा कि उनसे परम-पिता परमात्मा वह काम लेना चाहते हैं जो उनकी जीत होने पर नहीं लिया जा सकता था'। उक्त घटना से यह बात सिद्ध भी हो गई कि, यदि बाबूजी 1962 के चुनाव में जीत जाते तो कामरेड रामप्यारा को न्याय बिलकुल नहीं दिला सकते थे, और इसमें जो महत्वपूर्ण भूमिका बाबूजी ने निभाई, वो कभी नहीं कर पाते। बाबूजी का यह विश्वास कि हर बुराई में कोई न कोई भलाई छिपी होती है, सारी उम्र उनके साथ रहा। यही उनकी बहुत बड़ी ताकत बन कर उनके साथ जीवन-पर्यंत रहा।

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी भाषा संविधान की 8वीं सूची में शामिल

नई दिल्ली। नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी भाषाएं संविधान की 8वीं सूची में शामिल हो गई है। आज लोकसभा व राज्य सभा में इस आशय के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। लोकसभा ने नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में 71वां संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के पक्ष में 343 सदस्यों ने मत दिये जबकि इसके विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा। लोकसभा ने उस बेमिसाल एकता का परिचय दिया जब गृहमंत्री एसबी चव्हाण को इस विधेयक को प्रस्तुत करने की अनुमति एकमत से दी गई। प्रस्ताव के दौरान कोई बाधा नहीं आई। इसके पक्ष में सभी सदस्यों की एक जैसी आम राय थी। इस अवसर पर बोलते हुए गृहमंत्री ने कहा कि इन तीनों भाषाओं को उचित सम्मान देने के लिए यह कदम उठाया गया है। नेपाली भाषा को संविधान की आठवीं सूचि में शामिल किए जाने को उन्होंने सर्वथा उचित ठहराया।


## शहर के दो युवकों पर जीरकपुर के निकट फायरिंग एक की मौत, दूसरा घायल

चंडीगढ़। गत रात्रि नगर के दो जाने माने घरानों के बेटे उस समय गोलियों का शिकार हो गये जब वे लोग कस्बा जीरकपुर से होकर कही जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विनोद तलवार व जेडी अग्रवाल नामक ये युवक मीनाक्षी नामक युवती सहित मारुति कार नंबर सीएच 01 एफ0055 में कही जा रहे थे। रात लगभग साढ़े बारह बजे के करीब जीरकपुर के पास से गुजरते हुए किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उन पर गोलियां चला दी गई। जेडी अग्रवाल नामक युवक मौके पर ही दम तोड़ गया जबकि विनोद तलवार को घायल अवस्था में यहां के पीजीआई में दाखिल करवाया गया। पुलिस विनोद तलवार से किसी को मुलाकात की अनुमति नहीं दे रही। मीनाक्षी नामक युवती मंच कलाकार बताई जाती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती इन युवकों का अपहरण करना चाहती थी ताकि भारी रकम की मांग की जा सके। युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है उससे गहन पूछताछ जारी है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1897- रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
1917- प्रगतिशील काव्य धारा के प्रसिद्ध कवि त्रिलोचन शास्त्री का जन्म।
1921- केरल के मालाबार क्षेत्र में मोपला विद्रोह की शुरुआत हुई।
1944- भारत के नौवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म।
1946- इंफ़ोसिस कंपनी के संस्थापक एन. आर. नारायणमूर्ति का जन्म।
1949- यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया।
1955- मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
1972- तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979- तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिन बाद इस्तीफा दिया।
1986- भारत की महिला शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव का जन्म।
1988- भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।
1991- उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ मोहंती का निधन।
1994- सं.रा.अमेरिका द्वारा क्यूबा के शरणार्थियों को आश्रय देने की 28 वर्ष की पुरानी नीति को समाप्त करने की घोषणा।
1995- पुरूषोत्तम एक्सप्रेस और कालिंदी एक्सप्रेस के आमने सामने की टक्कर में 250 से ज्यादा लोगों की मौत।
1998- लिएंडर पेस ने पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता जीता।
2001- स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता।
2002- फिलिस्तीन छापामार नेता अबू निदाल मृत पाया गया।
2004- फ़ोर्ब्स पत्रिका ने विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की।
2008- भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध कलाकार अरुणा साईं राम को अमेरिका में विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।
2011- भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद राम शरण शर्मा का निधन।
2012- वेनेजुएला की राजधानी काराकस में दंगे में 20 लोग मरे।
2013- उत्तरी काकेशस में रूसी पुलिस की कार्रवाई में नौ आतंकवादी मारे गए।
2014- प्रसिद्ध भारतीय योग गुरु बी. के. एस. आयंगर का निधन।

### बोल ब्यूटीफुल



**कमलेश सिंह:** अगर राहुल गांधी कहते है कि बारिश हो रही है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कहते है कि धूप खिली है, तो आपका काम खिड़की से बाहर देखना और सही स्थिति पता कर बताना है कि कौन गलत है।

**आदित्य शाह:** जीएसटी में कटौती के साथ-साथ मुनाफखोरी-रोधी कानून को भी फिर से लागू किया जाना चाहिए। यह कंपनियों को अपने फायदे के लिए कीमतें बढ़ाने से रोकता है। जीएसटी में कटौती का लाभ अनिवार्य रुप से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए।

**सुकेश रंजन:** अमित शाह के साथ ज्ञानेश कुमार की तस्वीरे डालकर कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त निष्पक्ष कैसे हो सकते है? यह आपतिजनक है। अधिकारी अलग-अलग समय अलग-अलग सरकारों के साथ काम करते है।

**आरके विज:** राष्ट्रपति और राज्यपालों पर समय सीमा उन मामलों में तय करना उचित है, जिनमें लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों के कार्य बांधित होते हो, अन्य पर नहीं। मध्यमार्ग।

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र

मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित- ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र - छोड़ा गया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्या सो असामान्ये उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे–साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों –और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्रक इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तररदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्चत, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और 'नो गो' क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में 'नो गो' क्षेत्रों को लगभग 99 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है। ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है। लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूकबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्ट म का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।



साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तधर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थरगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60त्न का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वऔपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है।

दिवाली तक लॉन्च् किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्चर की गई है; नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है।

महत्वाकांक्षा को वास्त.विकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है–इस निकाय को आर्थिक गतिविधियों के पूरे इकोसिस्ट म को नया रूप देने के लिए बनाया गया है। इसका अधिदेश जितना साहसिक है, उतना ही लंबे अर्से से अपेक्षित भी है– हमारे स्टार्टअप्स और एमएसएमई पर बोझ डालने वाली अनुपालन लागत में कटौती करना, उद्यमों को निरंतर मनमानी कार्रवाई की छाया में रहने से छुटकारा दिलाना, तथा जटिल कानूनों को सरल, पूर्वानुमानित और व्यवस्थित ढांचे में ढालना।

15 अगस्त को घोषित सुधार, केवल अगले दिन की सुर्खियों के लिए नहीं, बल्कि 2047 के भारत से संबंधित हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया, दुनिया एक प्राचीन सभ्यता को - अपनी जड़ों को त्यागकर नहीं, बल्कि उनसे शक्ति प्राप्त करके आधुनिक शक्ति में तब्दील होते हुए देख रही है।

**लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।**

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट किया पेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गैरसैंण, (भराड़ीसैंण)।** उत्तराखंड विधानसभा के चार दिवसीय मानसून सत्र के पहले दिन मंगलवार को सदन के पटल पर 2025-26 का अनुपूरक बजट पेश किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हंगामे के बीच ही 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन पटल पर रखा। इसके साथ ही नौ (9) विधेयक भी पेश हुए। इसके बाद सदन की कार्यवाही को बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

अनुपूरक बजट 2025-26 का आकार लगभग 5315.39 करोड़ है, जिसमें लगभग 2152.37 करोड़ राजस्व पक्ष में और लगभग 3163.02 करोड़ पूंजीगत पक्ष में है। केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत 1689.13 करोड़ और बाह्य सहायतित योजनाओं के अन्तर्गत 215.00 करोड़ रुपये का प्रावधान इस अनुपूरक बजट के माध्यम से किया गया है।

**बजट में नवाचार पर फोकस किया गया है**

अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए लगभग 79.00 करोड, पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल अधिस्थापन के लिए 25.00 करोड़, टाटा टेक्नोलॉजी मॉडल के लिए 20.00 करोड़, राजस्व उप निरीक्षक एवं निरीक्षकों को शासकीय कार्य के लिए लैपटॉप व इण्टरनेट उपलब्ध कराने के लिए 5.00 करोड़ और परिवार पहचान पत्र के लिए 5.00 करोड़, ई-ग्रन्थालय के लिए 5.00 करोड़ और आबकारी विभाग में आईटी सुधार के लिए 3.00 करोड़ की व्यवस्था की गई है। आपदा प्रबन्धन विभाग के अन्तर्गत जोशीमठ व अन्य स्थानों में भू-धसांव एवं अन्य आपदाओं में राहत कार्य के लिए 263.94 करोड़ और जिलाधिकारियों के लिए आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्मपत्तियों के पुनर्निर्माण के लिए 13.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

आगामी कुम्भ मेला 2027 के दृष्टिगत वृहत् निर्माण कार्य के लिए 200 करोड़, पन्तनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 188.55 करोड़, लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत चालू कार्य के लिए 90.00 करोड़, पेयजल विभाग के अन्तर्गत केएफडब्लयू परियोजना के लिए 90.00 करोड़, अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (90 फीसदी केंद्र पोषित) के लिए 48.00 करोड़ और ऋषिकेश को योग नगरी के रूप में विकसित करने के लिए 50.00 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

अनुपूरक बजट 2025-26 में हरिद्वार को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के लिए 50.00 करोड़, पुलिस विभाग के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 60.00 करोड, मानसखंड माला मिशन (अवस्थापना सुविधा) के लिए 15.00 करोड़, विभिन्न विभागों में अवस्थापना कार्य के लिए 200.00 करोड़, रिस्पना बिन्दाल की एलिवेटेड रोड़ के भूमि क्रय एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 925.00 करोड़ और नंदा देवी राजजात यात्रा के निर्माण कार्य के लिए 40.00 करोड़ दिया गया है।

अनुपूरक बजट में पर्यटन स्थलों के आंतरिक मार्गों के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 25.00 करोड़, राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ एवं जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के लिए 23.66 करोड़, हिमालयी भूकंप जोखिम मूल्यांकन एवं न्यूनीकरण योजना के लिए 05.00 करोड़, अस्पताल के निकट तीमारदारों के लिए विश्राम गृहों के निर्माण के लिए 05.00 करोड़, विद्युत टैरिफ सब्सिडी के लिए 125.00 करोड और प्रधानमंत्री आवास योजना (80 प्रतिशत केंद्र




पोषित) के लिए लगभग 114.17 करोड़ का प्रवधान किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर हुए चुनाव के नतीजे घोषित

अर्थ प्रकाश /नैनीताल। नैनीताल पंचायत चुनाव के दौरान हुए बवाल पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई के बीच मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर संपन्न चुनावों के नतीजे घोषित कर दिए गए। नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार दीपा दर्मवाल ने अपनी प्रतिद्वंदी कांग्रेस की पुष्पा नेगी पर केवल एक वोट के अंतर से जीत दर्ज की। कुल पड़े 22 वोटों में से दर्मवाल को 11 मत हासिल हुए जबकि नेगी को 10 वोट मिले। एक वोट निरस्त हो गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भाजपा उम्मीदवार बहादुर नगदली और कांग्रेस प्रत्याशी देवकी बिष्ट को 10-10 वोट मिले जिसके बाद लॉटरी से विजेता का फैसला किया गया जो बिष्ट के पक्ष में गया। उपाध्यक्ष पद पर पड़े वोटों में एक को अमान्य घोषित किया गया जबकि एक अन्य वोट खाली छोड़ा गया था। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नतीजों की घोषणा के बाद जीतने वाले प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए 14 अगस्त को हुए चुनावों के दौरान कांग्रेस ने सत्ताधारी भाजपा पर उसके कुछ जिला पंचायत सदस्यों को वोट डालने से रोकने के लिए उनका अपहरण करने का आरोप लगाया था। इसे लेकर खासा बवाल मचा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य तथा हल्द्वानी से विधायक सुमित हृदयेश के बीच हाथापाई भी हुई। यह भी आरोप लगाया गया कि इस मामले में पुलिस मूक दर्शक बनी रही। यशपाल आर्य के फेसबुक पेज पर इस पूरी घटना का सीधा प्रसारण हुआ। इस बीच, गायब जिला पंचायत सदस्यों के परिजनों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जिसके बाद अदालत ने पुलिस को उन्हें सुरक्षा में मतदान केंद्र तक ले जाने के आदेश दिए। मतदान के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतगणना हुई जिसके बाद परिणाम सीलबंद लिफाफे में रख दिया गया। मतगणना की वीडियोग्राफी भी हुई थी।

### हरियाणा में प्राइवेट हॉस्पिटल नहीं कर रहे आयुष्मान धारकों का इलाज जिससे सरकार हो रही है बदनाम



अर्थ प्रकाश/टोहाना (संजीव सिंगला) हरियाणा में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत आईएम ए से जुड़े करीब 650 प्राइवेट हॉस्पिटल सूचीबद्ध हैं इन सब निजी प्राइवेट हॉस्पिटलों का लगभग सभी जगह आयुष्मान योजना की सेवाएं बंद पड़ी हुई है। इन सब प्राइवेट हॉस्पिटलों ने अपना भुगतान आयुष्मान भारत योजना का देर से होने के कारण यह योजना बंद की हुई है। सभी आयुष्मान धारकों का इलाज बंद हुए लगभग एक महीना होने को है। इलाज बंद होने से गरीब मरीज इन हॉस्पिटलों के धक्के खाने को मजबूर है और इतनी महंगाई में पेशेंट पैसा कहां से लाये बिना इलाज के जीना उनके लिए मुश्किल बना हुआ है। मरीजों का कहना है कि अगर सरकार के पास इन डॉक्टरों को देने के लिए पैसा नहीं है तो फिर आयुष्मान योजना के बड़े-बड़े वादे कर गरीब लोगों से संवेदना क्यों प्रकट कर रही है क्या सिर्फ वोट लेने के लिए सरकार ने लोगों के साथ ऐसा किया है। अब हरियाणा में सरकार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की बनी हुई है और प्राइवेट हॉस्पिटल वालों से मिलकर योजना को बंद करने की चाल चली जा रही है क्या यह ही डबल इंजन सरकार के कार्य हैं अगर सरकार की नियत सही है वह गरीब के साथ है या तो क्या फिर इन प्राइवेट अस्पताल संचालकों की सरकार के प्रति लोगों का मुंह भंग करने की चाल तो नहीं है यह। पता यह भी लगा है कि आयुष्मान योजना के तहत कई प्राइवेट हॉस्पिटल में बड़े-बड़े घोटाले भ्रष्टाचार भी होने की चर्चा है। इसलिए इनके भुगतान में देरी हो रही है लोगों का कहना है कि सरकार आयुष्मान योजना के तहत क्या आपने सरकारी हॉस्पिटल में बढ़िया उपकरण व अच्छे डॉक्टर उपलब्ध करवा कर इलाज नहीं करवा सकती सरकार को जल्दी से जल्दी इस समस्या को हल कर प्रदेश में बढ़ रहे मरीजों के तनाव को कम करना चाहिए और निजी प्राइवेट हॉस्पिटल वालों को जल्दी से जल्दी आयुष्मान योजना के तहत कार्य शुरू करने के लिए नोटिस दिया जाना चाहिए या फिर उनके विरुद्ध कड़े से कड़ा एक्शन लेना चाहिए।

### जनभागीदारी से बनेगा समृद्ध हिमाचल का रोडमैप

अर्थ प्रकाश/ऊना, रोहित शर्मा । आत्मनिर्भर और समृद्ध हिमाचल के निर्माण का 20 वर्षीय रोडमैप जनता की सक्रिय भागीदारी से तैयार होगा। राज्य सरकार ने 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल के तहत नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए हैं, ताकि आने वाले दो दशकों का विज़न प्लान जनसहभागिता पर आधारित हो और प्रदेश की वास्तविक आवश्यकताओं व आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित कर सके। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि इस उद्देश्य से डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान शिमला ने एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की है। इसके माध्यम से



प्रदेशवासियों, विभिन्न संस्थानों तथा हिमाचली प्रवासी समुदाय से उनके विचार, आकांक्षाएं और नवाचार आमंत्रित किए जा रहे हैं। 17 प्रश्नों पर आधारित यह सर्वेक्षण 26 अगस्त 2025 तक उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति https:// himachal. nic. in/ samridhhi-machal लिंक पर लॉगइन कर सीधे प्रश्नावली भर सकता है। इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा जारी वेब लिंक और क्यूआर कोड के माध्यम से भी गूगल फॉर्म पर अपने सुझाव साझा किए जा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से राज्य की नीतियां और योजनाएं अधिक प्रभावी और जनोपयोगी बनेंगी। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली भरकर अपनी राय, आकांक्षाएं और नवाचार अवश्य साझा करें, ताकि हिमाचल के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत हो सके।

## बंजार के 17 वार्षिय तन्मय भारद्वाज ने जीता केलांग जनजातीय महोत्सव का ख़िताब

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा।

**कुल्लू ।** केलांग में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय महोत्सव बड़े हुई धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब धूम मचाई। वहीं इस महोत्सव में मॉडलिंग शो का आयोजन भी किया गया जो आकर्षक का केंद्र रहा। मॉडलिंग शो का पहला जनजातीय राजा का ख़िताब जिला कुल्लू के बंजार से संबध रखने वाले तन्मय भारद्वाज को दिया गया। मात्र 17 वर्ष की आयु में तन्मय भारद्वाज ने पहले जनजातीय राजा का खिताब अपने नाम कर युवाओं में नया जोश भर दिया और हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए। तमन्य भारद्वाज ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आज युवा नशे के दल दल में धंस रहा हैं। अगर नशा करना ही हैं तो अपने शरीर को सुंदर हष्ट पुष्ट बनाने का करें। ताकि हम पढ़ाई, खेल कूद सहित सामाजिक कार्य को लेकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपने माता- पिता तथा देश का नाम ऊंचा कर सकें। यह तभी होगा जब युवा बुरी आदतों से दूर रहेगा और अच्छी सोच को लेकर आगे बढ़ेगा।

हिमाचल प्रदेश का पहला जीरो वेस्ट जनजातीय महोत्सव 14 से 16 अगस्त, 2025 तक जिला लाहौल-स्पीति के केलांग में धूमधाम से आयोजित किया गया। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम न केवल क्षेत्र की जीवंत जनजातीय विरासत का उत्सव था, बल्कि राज्य में उत्सवों के दौरान पर्यावरण के प्रति सुंदर संदेश छोड़ गया । जिला लाहौल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने बताया कि 'जीरो वेस्ट' महोत्सव की परिकल्पना को विभिन्न पहलों के माध्यम से साकार किया , जिनमें प्लास्टिक बोतल और डिस्पोजेबल कप के उपयोग पर प्रतिबंध, सुरक्षित पेयजल के लिए विभिन्न स्थानों पर जल की उपलब्धता और गुणवत्ता जांच, पत्तल (पत्तों की प्लेट) एवं बायोडिग्रेडेबल बर्तनों का उपयोग, प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के बैनर का उपयोग सुनिश्चित किया गया।

महोत्सव के दौरान 'हेरिटेज इकोज पवेलियन' विशेष आकर्षण रहा। जनजातीय समुदायों की कला, शिल्प और परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। 'ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया' के सहयोग से जनजातीय शिल्पकार अपने पारंपरिक व्यंजन, हथकरघा



उत्पाद और हस्तकला को प्रदर्शित किया गया। वहीं मॉडलिंग शो में बंजार के तमन्य भारद्वाज ने जनजातीय राजा का ख़िताब अपने नाम कर कुल्लू का नाम रोशन किया।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विशेष लाभार्थी पंजीकरण अभियान में बिलासपुर अव्वल, प्रदेश सहित उत्तरी भारत के राज्यों में शीर्ष स्थान हासिल

अर्थ प्रकाश / अजय मल्होत्रा

बिलासपुर - प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 15 जुलाई से 15 अगस्त तक आयोजित विशेष लाभार्थी पंजीकरण अभियान में बिलासपुर जिला ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। इस एक माह लंबे अभियान के दौरान बिलासपुर ने 249 प्रतिशत पंजीकरण कर न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे उत्तरी भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी।

उपायुक्त ने कहा कि यह सफलता जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सामूहिक मेहनत और टीम भावना का परिणाम है। पात्र गर्भवती और धात्री महिलाओं की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने का कार्य व्यवस्थित रूप से किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग की पूरी टीम ने अथक परिश्रम से इस उपलब्धि को सुनिश्चित किया।

उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा और उनकी टीम को विशेष बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि बिलासपुर जिले के लिए गर्व की बात है और अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत भी है।

इस विशेष अभियान की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बिलासपुर पहले स्थान पर रहा जबकि सिरमौर, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, मंडी, सोलन, किन्नौर, शिमला तथा लाहौल-स्पीति क्रमशः अन्य स्थानों पर रहे। वहीं, देशभर के 766 जिलों की रैंकिंग में बिलासपुर ने 26वां स्थान हासिल किया, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध करवाना है। योजना के अंतर्गत पहले दो बच्चों तक का लाभ दिया जाता है, जिसमें दूसरे बच्चे का लाभ तभी दिया जाएगा जब वह कन्या हो।

इस योजना में गर्भधारण का पंजीकरण एलएमपी की तिथि से छह माह के भीतर करवाने और कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच पूर्ण करने पर 3 हज़ार रूपए की पहली किस्त दी जाती है। बच्चे का जन्म पंजीकरण तथा बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हैप्टाइटिस-बी या समकक्ष टीकाकरण का पहला चक्र पूर्ण करने पर 2 हज़ार रूपए की दूसरी किस्त दी जाती है।



वहीं, दूसरे बच्चे के लिए यदि वह लड़की हो तो शर्तें पूरी करने पर 6 हज़ार रूपए की एकमुश्त राशि लाभार्थी के खाते में जमा की जाती है।

इस प्रकार योजना के अंतर्गत पात्र महिला को औसतन 11 हज़ार रूपए की राशि का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

## नवोदय विद्यालय संतूधार में मिली खामियों, डीएम हुई नाराज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल,। तहसील दिवस चौबट्टाखाल में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय सन्तूधार की अव्यवस्थाओं से संबंधित शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया तहसील दिवस के उपरांत विद्यालय पहुंची।

उन्होंने विद्यालय के कक्षा-कक्ष, छात्रावास, रसोई, खेल परिसर, विभिन्न पंजिकाओं तथा पेयजल व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले पेयजल आपूर्ति की स्थिति देखी और जल संस्थान को स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय में पानी की आपूर्ति किसी भी हाल में बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने कक्षाओं, छात्रावासों और किचन का जायजा लिया।

किचन एवं वाशरूम में साफ-सफाई की कमी और अव्यवस्था मिलने पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन प्रणाली को एक माह के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा-कक्षों की मेज-कुर्सियों की मरम्मत, मेस एवं किचन में रंगरोगन और फर्श का सुधार, छात्रावासों में रंगरोगन, विद्युत फिटिंग, सोलर वाटर हीटर की मरम्मत, शौचालयों की स्थिति में सुधार तथा नियमित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने बच्चों की सुविधा हेतु वाशिंग मशीन तथा बिजली की आपूर्ति हेतु इनवर्टर दिए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी एकेश्वर श्रेष्ठ गुनसोला को विद्यालय का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने पाया कि वर्ष 2022 से अब तक विद्यालय प्रबंधन समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई है। इस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की नियमित बैठक आयोजित करने और विद्यालय सुधार हेतु ठोस कार्ययोजना व बजट तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालय का चार्ज निकटस्थ खंड शिक्षाधिकारी को सौंपते हुए प्रबंधन समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करवाई जाए।

विद्यालय सुधार के लिए बजट तैयार किया जाए। इसके अलावा उन्होंने बच्चों की सुरक्षा हेतु एक शिक्षक को हॉस्टल में बने वार्डन कक्ष में ही निवास करने हेतु रोस्टर जारी करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी श्रेष्ठ गुनसोला, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, उप शिक्षाधिकारी पोखड़ा मनोज जोशी, तहसीलदार करिश्मा जोशी आदि शामिल रहे।

## राजस्थान में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा

अर्थ प्रकाश,जयपुर। राजस्थान में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार अभियान के तहत 10 करोड़ 21 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उन्हें इसके लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'हरियालो राजस्थान' के तहत पोस्टर का विमोचन भी किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने राजस्थान को हरा-भरा बनाने का संकल्प किया है। उन्होंने कहा, 'इसके तहत राज्य सरकार ने पिछले साल हरियाली तीज के पर्व पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत 'हरियालो राजस्थान' की शुरुआत की। हमारा लक्ष्य है कि पांच साल में 50 करोड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण किया जाए। इस अभियान के तहत पौधों की जियो टैगिंग कर उनकी सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित की जा रही है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत गत वर्ष हमारा सात करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य था जिसे पूरा कर हमने 7 करोड़ 50 लाख पौधे लगाए थे।' उन्होंने कहा कि इस साल भी सरकार का 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य था और सभी के सामूहिक प्रयासों से 'हमने इस लक्ष्य को पार कर लिया है तथा अब तक 10 करोड़ 21 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।' उन्होंने कहा卐पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधरोपण सिर्फ एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।' बयान के अनुसार इस अभियान के तहत अब तक 37 लाख 51 हजार पौधे व्यक्तिगत स्तर पर तथा 9 करोड़ 83 लाख पौधे ब्लॉक स्तर पर लगाए गए हैं। अभियान के तहत शिक्षा विभाग ने 3 करोड़ 25 लाख, ग्रामीण विकास विभाग ने 2 करोड़ 65 लाख, वन विभाग ने 2 करोड़ तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 50 लाख पौधे लगाए हैं।

## आंध्र प्रदेशः आईएमडी ने जारी किया 'रेड अलर्ट', मुख्य सचिव का बिजली कंपनियों को सतर्क रहने का निर्देश

अर्थ प्रकाश/अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव के. विजयानंद ने मंगलवार को भारत मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा 'रेड अलर्ट' जारी किए जाने के बाद राज्य की बिजली कंपनियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। 'रेड अलर्ट' 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक ''भारी से अत्यधिक भारी'' बारिश का संकेत होता है। आईएमडी ने विशाखापत्तनम, अनकापल्ले, डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा, काकीनाडा, पश्चिम गोदावरी और आंध्र प्रदेश के कई अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। विजयानंद ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, ''बिजली कंपनियां 'हाई अलर्ट' पर रहें और जनता की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतें तथा निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें, साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से (विद्युत आपूर्ति) बहाली के लिए तैयार रहें।'' मुख्य सचिव ने एक डिजिटल बैठक के दौरान आंध्र प्रदेश की बिजली कंपनियों की तैयारियों की समीक्षा की और भारी बारिश एवं तेज हवाओं से संभावित नुकसान से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था पर जोर दिया। विजयानंद ने वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को बिजली कटौती से निपटने और बिजली के झटके से बचने के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विजयानंद ने 24 घंटे काम करने वाले नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के आदेश दिए और नोडल अधिकारियों को उनके साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इसी तरह, उन्होंने बिजली कंपनियों को आगामी गणेश उत्सव के लिए लगाए जाने वाले धार्मिक पंडालों के पास सावधानी बरतने और विद्युत सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निम्न दबाव के दबाव क्षेत्र में बदलने से आंध्र प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश हो रही है। हालांकि, यह दबाव क्षेत्र मंगलवार सुबह दक्षिण ओडिशा के गोपालपुर के पास तट को पार कर गया।

## छत्तीसगढ़ में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए 90 एकड़ भूमि को रियायती दर पर आबंटित करने का फैसला

अर्थ प्रकाश/रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि को रियायती प्रीमियम दर पर आबंटित करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज 'मंत्रालय' (महानदी भवन) में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि के भूखंड को रियायती प्रीमियम दर पर आबंटित करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस फैसले का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। रियायती दर पर भूमि उपलब्ध होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल से नवा रायपुर में न सिर्फ तकनीकी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की बसावट और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक, आईटी कंपनियों की स्थापना से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों को भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## मुख्यमंत्री कर रहे हैं बड़सर के साथ सौतेला व्यवहार - आयुष संस्थानों की बदहाली ने खोली कांग्रेस सरकार की पोल

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बडसर ।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में बड़सर के विधायक श्री इन्द्र दत्त लखनपाल ने आयुष विभाग की बदहाली पर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बड़सर विधानसभा क्षेत्र के साथ खुला सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

सरकार द्वारा प्रश्न संख्या 1272 के लिखित उत्तर में स्वयं यह स्वीकार किया गया कि बड़सर क्षेत्र में स्थापित 15 आयुष संस्थान (14 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र व 01 आयुर्वेदिक अस्पताल) वर्षों से बिना पर्याप्त स्टाफ के चल रहे हैं। इनमें से कई पद कई वर्षों से रिक्त हैं, जिन्हें आज तक भरने का कोई प्रयास नहीं हुआ।

**सौतेले व्यवहार का जीता-जागता उदाहरण**

- मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में नई घोषणाएँ और पदों की भर्तियाँ की जा रही हैं, लेकिन बड़सर की अनदेखी की जा रही है।

- सरकार का यह स्वीकार करना कि कई सालों से पद रिक्त हैं, यह साबित करता है कि बड़सर की जनता को जानबूझकर उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

- यह सौतेला रवैया जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

**विधायक इन्द्र दत्त लखनपाल का सीधा सवाल**

विधायक ने कहा - 'जब मुख्यमंत्री प्रदेश के बाकी जिलों में नए-नए वादे और उद्घाटन कर सकते हैं, तब बड़सर के लोगों को उनका हक क्यों नहीं दिया जा रहा? क्या बड़सर की जनता ने कांग्रेस को वोट नहीं दिया? यह साफ सौतेला व्यवहार है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।÷

उन्होंने आगे कहा -

'ग्रामीण इलाकों में आयुष सेवाएँ सिर्फ कागजों पर चल रही हैं, मरीजों को इलाज और दवाइयों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।'

'प्रदेश सरकार ने बड़सर के साथ अन्याय की हद कर दी है।'

सरकार का आधिकारिक खुलासा - रिक्त पदों का ब्योरा

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र दखयोडा - चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद से रिक्त।

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र जोडे अम्ब - चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद से रिक्त।

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र कलवाल - चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद रिक्त।

आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिझड़ी - सफाई कर्मचारी का पद कई सालों से रिक्त।

इनके अलावा चिकित्सक और तकनीकी पद भी वर्षों से खाली है


भाजपा की चेतावनी - जनता के साथ आंदोलन होगा तेज

विधायक इन्द्र दत्त लखनपाल ने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत कार्रवाई करके बड़सर के संस्थानों में रिक्त पदों को नहीं भरा तो भाजपा जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

÷मुख्यमंत्री को यह समझना होगा कि बड़सर की जनता दूसरी दर्जे की नागरिक नहीं है। जनता के साथ सौतेला व्यवहार बंद कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार दिया जाए, अन्यथा कांग्रेस सरकार को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।' - इन्द्र दत्त लखनपाल

भाजपा सरकार की दृष्टि बनाम कांग्रेस की लापरवाही

विधायक ने याद दिलाया कि पूर्व भाजपा सरकार के समय आयुष



संस्थानों को मजबूत करने के प्रयास हुए थे और केंद्र सरकार आज भी आयुष को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएँ शुरू कर रही है। लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार उन संस्थानों को भी चलाने में नाकाम है जो पहले से स्थापित हैं।

## वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी की गाड़ी के नीचे आया पुलिसकर्मी

मेरठ (एजेंसी)। नवादा (ईएमएस)। बिहार के नवादा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी की गाड़ी के नीचे सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी आया। वहां मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल गांधी ने भी उनका हालचाल पूछा।

वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी गया से नवादा पहुंचे। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग और बीजेपी के बीच समझौता है। ये मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर आपसे वोट छीन रहे हैं। वहीं राजद नेता तेजस्वी ने कहा, आप लोग आने वाले आम चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनाइए और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री। फिलहाल, राहुल गांधी की यात्रा नवादा के आईटीआई कॉलेज कैंपस में रुकी है। यात्रा के दौरान भाजपा नेताओं ने हिसुआ पुलिस थाने से राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। राहुल ने गाड़ी रुकवाकर उन्हें थम्स-अप किया, फिर फ्लाइंग किस देकर मुस्कुराते हुए आगे निकल गए। गया के रसलपुर में कुछ महिलाएं पूजा की थाली, लोटे में जल और नारियल लेकर राहुल गांधी का स्वागत करने पहुंचीं।

## फ्लाइट में यात्री ने सुलगाई सिगरेट, अलार्म बजते ही मच गया हड़कंप

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ-मुम्बई फ्लाइट का एक यात्री माचिस-सिगरेट समेत विमान में पहुंच गया और टॉयलेट में सिगरेट सुलगा ली। तुरंत फायर अलार्म बज उठे। इससे हड़कंप मच गया। घटना 16 अगस्त की है। बता दें कि स्वाधीनता दिवस के चलते सुरक्षा सख्त थी। फिर ज्वलनशील पदार्थ तो दूर की बात, सिक्योरिटी चेक में 100 मिली से ज्यादा पानी या तरल पदार्थ भी ढूंढ़कर निकलवा दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि हाई सिक्योरिटी अलर्ट में तो तीन स्तरों पर जांच हो रही है। विमान में प्रवेश से पहले सेकंड लैडर प्वाइंट जांच भी की जा रही है। फिर भी माचिस कैसे पकड़ में नहीं आई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2492 उड़ान भरने को तैयार थी। यह दिन में 2:05 बजे उड़ान भरने के बाद मुम्बई एयरपोर्ट पर शाम 4:37 बजे लैंड करती है। एक सहयात्री ने बताया कि एक यात्री कुलदीप सिंह अपनी पत्नी अंशु और पुत्र ध्रुव के साथ यात्रा कर रहा था। बोर्डिंग खत्म होते ही वह सीट से उठकर चला गया। थोड़ी ही देर में फायर अलार्म बजने लगा। केबन क्रू टॉयलेट की ओर दौड़ पड़े। यात्री घबरा गए कि कहीं आग तो नहीं लग गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार कुलदीप किसी तरह माचिस का मसाला वाला हिस्सा और तिल्ली भीतर तक ले जाने में सफल रहा था। उसे सिगरेट की तलब लगी तो प्लेन के टॉयलेट में पहुंच कर सुलगा ली। उसे अंदाजा नहीं था कि जरा से धुएं पर फायर अलार्म बज जाएंगे। आनन-फानन में क्रू सदस्यों ने टॉयलेट का दरवाजा खटखटा कर यात्री को बाहर बुलाया। इसके बाद पायलट को इसकी सूचना दी। प्लेन के क्रू ने कैप्टन के निर्देश पर कुलदीप को विमान से उतार दिया। उसके साथ यात्रा कर रहा परिवार ऐसे में खुद ही कुलदीप के साथ उतर गया। यात्री के साथ चेकइन बैगेज भी था। उसे भी उतार दिया गया।

## निशिकांत दुबे का गंभीर आरोप- कांग्रेस ने इसरो मिशन को कमजोर किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र में मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। लोकसभा और राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की। इसी बीच लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में रहते हुए अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के दबाव में भारत के अंतरिक्ष मिशन (इसरो) को कमजोर किया। भाजपा सांसद दुबे ने कहा, कि कांग्रेस ने केरल के प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को 1994 में सीबीआई के जरिए गलत तरीके से गिरफ्तार कराया। इस साजिश से भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस अब भी नहीं चाहती कि इस विषय पर सदन में चर्चा हो। इससे पहले स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए। लेकिन विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे के चलते कार्यवाही बाधित रही। अंततः लोकसभा और राज्यसभा—दोनों सदनों की कार्यवाही 20 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## निमिषा प्रिया के नाम पर फ्रॉड...फर्जी बैंक खाते में पैसा डोनेट करने की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। यमन में भारतीय निमिषा प्रिया को मौत की सजा से बचाने के लिए लगातार कोशिश जारी हैं। बीते दिनों केरल के उलेमा ने भी मामले में दखल दिया था और यमन में अपने संपर्कों का इस्तेमाल कर मध्यस्थता कराने का प्रयास किया था। इसके बाद भी मृतक तलाल आबदो मेहदी के परिजन निमिषा प्रिया की माफी के लिए राजी नहीं हैं।



तलाल के भाई ने लंबी पोस्ट लिखकर यमन सरकार से मांग की है कि निमिषा प्रिया को जल्दी ही मौत की सजा दी जाए। इस बीच सोशल मीडिया पर नए दावे के साथ निमिषा प्रिया के नाम पर फ्रॉड जारी है। यही नहीं दावा ईसाई धर्म के प्रचारक कहलाने वाले डॉ. एके पॉल नाम के ट्विटर अकाउंट से हो रहा है। इसमें सेव निमिषा प्रिया के नाम से पोस्टर डिजाइन कर दावा किया गया है कि विदेश मंत्रालय के खाते में आप रकम जमा करा सकते हैं ताकि निमिषा को बचाया जा सके। ट्वीट में कहा गया है, 'निमिषा प्रिया को बचाने के लिए सीधे भारत सरकार के बैंक खाते में डोनेट करें। हमें 8.3 करोड़ रुपये की जरूरत है।' इतना ही नहीं फर्जी दावे में अकाउंट नंबर भी दिया गया है, जो भारतीय स्टेट बैंक का है। इस बैंक खाते को भारतीय विदेश मंत्रालय का अकाउंट बताया गया है। अब इस मामले पर विदेश मंत्रालय ने सच्चाई बताकर जनता से अपील की है कि यह फर्जी है और इसतरह से किसी भी झांसे में न आएं।

# प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, राहुल गांधी किसी हमले से नहीं डरते... सरकार को अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विपक्षी दल चुनाव आयोग पर हमलावार दिख रहे है। इसी बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधकर कहा कि राहुल गांधी किसी हमले से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए और अतीत की बात करना बंद करना चाहिए। एसआईआर क्यों किया जा रहा है, इसका जवाब दें।



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, इन 10-11 सालों में ऐसी बहुत सी चीजें हैं, जिसमें उन्होंने (भाजपा) नेहरू की गलती बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि उन्हें अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए, अतीत की बात करना बंद करना चाहिए। आज जो हो रहा है उस पर बात करें, एसआईआर क्यों किया जा रहा है इसका जवाब दें, वोट चोरी के मुद्दे पर बात करें। प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी का बचाव कर कहा कि वे किसी हमले से नहीं डरते....बिल्कुल पीछे नहीं हटने वाले है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शपथ पत्र के मामले पर कहा, सबसे बड़ी शपथ हम लोकसभा में लेते हैं। ये जो हलफनामा मांग रहे हैं, ये सब बेकार की बात है। जैसे ही हलफनामा आएगा, वे कहना शुरु कर देंने वाले हैं कि ये 45 दिन बाद दिया था, इसलिए रदद कर रहे है। ये सब बकवास है, सच्चाई सबके सामने है, सच्चाई का जवाब दें। ये सब क्यों हुआ? 100-100 लोग जीरो पते पर क्यों हैं, इतने लोग एक पते पर कैसे हैं? पहले राहुल गांधी जो सवाल उठा रहे हैं, उसका जवाब दें।

इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हम वोट चोरी के खिलाफ हैं और जनता को संदेश दे रहे हैं कि आपके साथ अन्याय हो रहा है। हम चाहते हैं कि जनता को पता चले कि अगर कोई वोट चोरी करके सरकार में आता है, तब यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ये संविधान की हत्या है। चुनाव आयोग हमें डरा-धमका रहे है कि 7 दिन में जवाब दें। ये उनका हथियार है। हमारे पास भी हथियार हैं, जिन्हें हम समय आने पर इस्तेमाल करने वाले है।

## हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य कर रहे दूसरी शादी, 22 सितंबर को चंडीगढ़ में होगा रिसेप्शन

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह फिर से शादी करने जा रहे हैं। उनकी शादी 22 सितंबर को चंडीगढ़ में होगी। हिमाचल के पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह की शादी पंजाब की अमरीन कौर से तय हुई है। अमरीन पंजाब यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर 2 में शादी की रिसेप्शन होगा। इस शादी के कार्ड भी बंट चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमरीन कौर चंडीगढ़ निवासी सरदारनी ओपिंदर कौर एवं सरदार जोतिंदर सिंह सेखों की सुपुत्री हैं। विवाह समारोह चंडीगढ़ स्थित निवास में होगा। सुबह 10 बजे शादी के कार्यक्रम शुरू होंगे, जिसके बाद दोपहर 1 बजे लंच होगा। विक्रमादित्य सिंह का उनकी पहली पत्नी से तलाक हो चुका है। दिवंगत पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के सुपुत्र विक्रमादित्य सिंह की यह दूसरी शादी है। उनकी पहली शादी 8 मार्च 2019 को राजस्थान के मेवात वंश की राजकुमारी सुदर्शना सिंह के साथ हुई थी। यह विवाह उदयपुर के कानोता गांव स्थित कनोतागढ़ पैलेस में हुआ था। हालांकि, वैवाहिक संबंधों में खटास आने के बाद मामला जयपुर फैमिली कोर्ट में विचाराधीन रहा। बाद में दोनों का तलाक हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस शाही शादी समारोह में देश-प्रदेश के कई दिग्गज नेता और विशिष्ट व्यक्ति शामिल होंगे। विक्रमादित्य सिंह वर्तमान में हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री हैं। विक्रमादित्य सिंह साल 2024 में लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। उन्हें कांग्रेस ने मंडी सीट पर कंगना रनौत के खिलाफ टिकट दिया था। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## पीएम मोदी ने की विपक्षी दलों से अपील, उम्मीदवार के लिए राधाकृष्णन का करें समर्थन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों से अपील की है कि वे उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का समर्थन करें ताकि नए राज्यसभा सभापति का चुनाव महासमिति के जरिए से हो सके। पीएम मोदी ने कहा कि राजनाथ सिंह इस संबंध में सभी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में मंगलवार को उन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल और उपराष्ट्रपति पद के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को सम्मानित भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों से राधाकृष्णन का औपचारिक परिचय भी करवाया।

पीएम मोदी ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए एक उत्कृष्ट पसंद हैं। उन्होंने बिना किसी विवाद के जीवन जिया है और बहुत ही विनम्र स्वभाव के व्यक्ति हैं। संसद में एनडीए सांसदों की बैठक बुलाई गई थी। वहां राधाकृष्णन के बारे में उन्होंने सांसदों से कहा कि सीपी राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आने वाले जमीनी नेता हैं, बेहद सहज स्वभाव के हैं और राजनीति को खेल की तरह नहीं लेते।

पीएम मोदी ने सिंधु जल समझौता के बहाने देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू पर हमला बोला और कहा कि पहले देश का बंटवारा किया फिर पानी का भी बंटवारा कर दिया और समझौते के तहत पाकिस्तान को 80 फीसदी पानी दे दिया। पीएम ने कहा कि वह फैसला किसान विरोधी था। इस बैठक में पीएम मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री समेत एनडीए के शीर्ष नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन बुधवार को दाखिल कर सकते हैं। बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए को लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों वाले निर्वाचक मंडल में पूर्ण बहुमत मिला है, ऐसे में राधाकृष्णन की जीत तय मानी जा रही है। इस बीच, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से संकेत मिल रहे हैं कि वह अपना उम्मीदवार उतारेगा और चुनाव लड़ेगा। बीजेपी नेता राधाकृष्णन (67) तमिलनाडु से ताल्लुक रखते हैं और महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं।

# भारत और चीन के रिश्तों से दूर होगी खटास, परस्पर सहयोग को तैयार: जयशंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-चीन संबंधों में किसी भी सकारात्मक प्रगति का आधार सीमा पर शांति और स्थिरता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और विश्वास बहाल करने की प्रक्रिया आगे बढ़नी बेहद जरूरी है। जयशंकर ने यह बात नई दिल्ली में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ एक बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया कि वांग यी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जो बेहद अहम है।

जयशंकर ने माना कि भारत-चीन संबंधों ने हाल के वर्षों में कठिन दौर देखा है, लेकिन अब आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण जरूरी है। उन्होंने कहा कि रिश्तों को तीन म्यूचुअल्सयानी परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हितों से मार्गदर्शित होना चाहिए। मतभेद विवाद में और प्रतिस्पर्धा संघर्ष में नहीं बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मौजूदा अध्यक्षता के दौरान चीन के साथ निकट सहयोग किया है। साथ ही, उन्होंने वांग यी को 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन मजबूत नतीजे देगा। जयशंकर ने कहा कि भारत की उम्मीद है कि इस बैठक से दोनों देशों के बीच स्थिर, सहयोगात्मक और भविष्य की ओर देखने वाले संबंध बनेंगे, जो दोनों देशों के हितों की पूर्ति करेंगे और चिंताओं का समाधान भी करेंगे। इस बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। जयशंकर ने कहा कि जब दुनिया के दो बड़े देश मिलते हैं तो अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन एक न्यायसंगत, संतुलित और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था चाहते हैं, जिसमें बहुध्रुवीय एशिया भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता बनाए रखना जरूरी है और आतंकवाद से हर रूप में लड़ना भी प्राथमिकता है। बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और वैश्विक हालात पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों के बीच



आर्थिक और व्यापारिक मुद्दे, तीर्थ यात्राएं, जन-से-जन संपर्क, नदी डेटा साझा करना, सीमा व्यापार, कनेक्टिविटी और द्विपक्षीय आदान-प्रदान जैसे विषय चर्चा में शामिल रहे।

# प्रवासी मजदूरों के लिए ममता बनर्जी की श्रमश्री योजना



**– हर महीने मिलेंगे 5 हजार रुपए**

**कोलकाता (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले प्रवासी मजदूरों के लिए श्रमश्री योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत, जो मजदूर दूसरे राज्यों से वापस बंगाल लौटना चाहते हैं, उन्हें 12 महीने तक या रोजगार मिलने तक 5,000 प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में ममता बनर्जी ने कहा कि इस योजना को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है और इसका उद्देश्य प्रवासी मजदूरों का पुनर्वास करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी शासित राज्यों में बंगाली मजदूरों पर योजनाबद्ध तरीके से हमले हो रहे हैं और उन्हें वहां से जबरन भगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 22 लाख प्रवासी मजदूर और उनके परिवार ऐसे उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं, विशेष रूप से उन राज्यों में जहां 'डबल इंजन' की सरकारें हैं। इस राजनीतिक टकराव के बीच, ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 अगस्त को कोलकाता दौरे में शामिल न होने का निर्णय लिया है। पीएम मोदी कोलकाता में तीन मेट्रो प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने वाले हैं, जिसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ममता को आमंत्रित किया था। हालांकि, ममता बनर्जी ने स्पष्ट कर दिया है कि वे बीजेपी नेताओं के साथ मंच साझा नहीं करेंगी। इस घोषणा और बयानबाज़ी को चुनावी रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे तृणमूल कांग्रेस राज्य में मजदूर वर्ग को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रही है।

# महाराष्ट्र में बारिश के कहर पर बोले सीएम फडणवीस- नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर

**-7 की मौत, मुंबई में कमर तक भरा पानी, बचाव व राहत कार्य जारी**

**मुंबई (एजेंसी)।** बीते 5 दिनों से महाराष्ट्र में हो रही भारी बारिश की वजह से देश की आर्थिक नगरी मुंबई बेहाल हो गई है। सीएम फडवीस ने कहा कि कुछ नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। इसकी वजह से कई इलाकों में कमर भर पानी जमा हो चुका है। इससे न केवल यातायात बाधित हुई है बल्कि आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। स्कूल कॉलेजों में जहां छुट्टी कर दी गई है, वहीं विमानों की उड़ानों पर भी बुरा असर पड़ा है।

मौसम विभाग ने आज भी रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के कारण सात लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश से नांदेड़ जिले में 200 से अधिक ग्रामीण फंसे हुए हैं जिसके कारण अधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए सेना को तैनात करना पड़ा है। राज्य सचिवालय में एक बैठक में बारिश की स्थिति की समीक्षा के बाद फडणवीस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, अब तक सात लोगों की जान जा चुकी है। कोंकण में कुछ नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है और जलगांव में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, अलमाटी बांध पर कर्नाटक सरकार के साथ लगातार समन्वय जारी है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्होंने मंत्रालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में राज्य भर में वर्षा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा, रत्नागिरी, रायगढ़ और हिंगोली में भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 17-21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी दी है और पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर मंडल में 800 गांव भारी बारिश से प्रभावित हैं। विदर्भ में लगभग दो लाख हेक्टेयर से ज़्यादा फसल बर्बाद होने की खबर है। फडणवीस ने कहा, मुंबई में आठ घंटों में 170 मिलीमीटर बारिश हुई। यहां 14 जगहों पर जलभराव हुआ, लेकिन केवल दो जगहों पर यातायात बाधित हुआ। रेलवे और मेट्रो सेवाओं का परिचालन सुचारू हैं। अगले 10-12 घंटे बेहद अहम हैं। स्थानीय निकायों को अवकाश घोषित करने का अधिकार दिया गया है। सीएम फडणवीस ने इससे पहले संवाददाताओं को बताया था कि मुंबई से करीब 600 किलोमीटर दूर नांदेड़ जिले के मुखेड़ तालुका से पांच लोग लापता बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि तालुका में स्थित महाराष्ट्र और तेलंगाना के बीच अंतर-राज्यीय सिंचाई परियोजना लेंडी बांध के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि लातूर, उदगीर और पड़ोसी कर्नाटक से बड़ी मात्रा में पानी इस क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है।

# मुंबई और केरल के वकील आ रहे हैं, संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति कर रहे : मुख्यमंत्री सरमा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हाल ही में राज्य में संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति और बाहर से आ रहे लोगों के बारे में कुछ अहम टिप्पणियां की हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि कुछ अजीबो-गरीब लोग, जिसमें मुंबई और केरल के वकील शामिल हैं, असम आ रहे हैं। सीएम सरमा ने इन लोगों को कट्टरपंथी बताकर आरोप लगाया कि वे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति कर रहे हैं। सरमा के अनुसार, ये वहीं लोग हैं जो एनआरसी (एनआरसी) अपडेट के समय भी आए थे और उन्होंने पूरी प्रक्रिया को खराब कर दिया था।



उन्होंने दावा किया कि इन लोगों ने एक जैसे नामों का फायदा उठाकर इसतरह के लोगों के नाम झूठे तरीके से दर्ज करवाए जो सूची में शामिल होने के योग्य नहीं थे। मुख्यमंत्री सरमा ने हर्ष मंदर जैसे लोगों पर भी निशाना साधकर आरोप लगाया कि झूठे रिश्तेदारों को बनाने का काम उनके दिमाग की उपज है। सरमा ने कहा कि पिछले पांच सालों में उन्हें कई ऐसी गड़बड़ियां मिली हैं और अब वे इन मामलों को सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश करुंगा।

उन्होंने साफ किया कि अगर ये लोग सीमा पार करते हैं, तब उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, क्योंकि असम सरकार किसी भी तरह की कट्टरपंथी गतिविधि या संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगी, चाहे वे कहीं से भी आए हों।

इस दौरान, मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत की घटना पर भी बात की। नियोनेटल आईसीयू में एक चार दिन के बच्चे की मौत हो गई थी, जिसके बाद परिवार ने अस्पताल के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। सीएम सरमा ने कहा कि यह एक लापरवाही का मामला है। उन्होंने बताया कि इस घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की गई है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भविष्य की ऊर्जा ग्रीन हाइड्रोजन पर बड़ा दांव लगाने की तैयारी में जुटा भारत

**-गोरखपुर देश का दूसरा ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट शुरू**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया वर्तमान में कई तरह की 'गर्मी' झेल रही है। जहां अमेरिका-रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ता तनाव, चीन-अमेरिका की प्रतिस्पर्धा और सबसे खतरनाक ग्लोबल वॉर्मिंग का असर चिंता का कारण बना हुआ है। धरती को सबसे ज्यादा गर्म करने वाले देशों में चीन (30प्रतिशत), अमेरिका (15प्रतिशत), भारत (7प्रतिशत), रूस (5 प्रतिशत) और जापान (4 प्रतिशत) शामिल हैं। इसके बाद ग्रीन हाइड्रोजन पूरी दुनिया के लिए 'उम्मीद की किरण' बनकर उभर रही है और भारत इस क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने की तैयारी कर चुका है।

इसके लिए मोदी सरकार ने कमर कस ली है। साथ ही देश में ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन भी शुरु हो चुका है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर जिले के खानिमपुर गांव में राज्य का पहला और देश का दूसरा ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट शुरू किया। इस प्लांट को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में मील का पत्थर बताकर सीएम योगी ने कहा कि अगर मानवता और सभ्यता को बचाना है, तब कार्बन उत्सर्जन को जल्द से जल्द घटाना होगा। हरित हाइड्रोजन ही भविष्य की ऊर्जा है।'

ग्रीन हाइड्रोजन अक्षय ऊर्जा (सौर और पवन) से पानी का इलेक्ट्रोलिसिस करके तैयार की जाती है। इसमें कार्बन फुटप्रिंट शून्य होता है और केवल हाइड्रोजन व ऑक्सीजन उत्पन्न होते हैं। यही वजह है कि इसे 'क्लीन फ्यूल ऑफ फ्यूचर' कहा जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के मुताबिक 2050 तक ग्रीन हाइड्रोजन का वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में 12 प्रतिशत योगदान होगा। अभी कुल उत्पादन का 1 प्रतिशत से भी कम हिस्सा ग्रीन हाइड्रोजन है। इस 0.3 गीगावॉट से बढ़ाकर 5,000 गीगावॉट करना लक्ष्य है।

### भारत का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन

भारत ने 2030 तक हर साल 10 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा है। अभी देश में उर्वरक, रिफाइनिंग और अमोनिया उत्पादन में करीब 60 लाख टन हाइड्रोजन की खपत होती है, जो 2050 तक 2.8 करोड़ टन तक जा सकती है। 2030 तक ग्रीन हाइड्रोजन की लागत कोयला और गैस जैसे पारंपरिक ईंधनों के बराबर होने की उम्मीद है।

आंध्र प्रदेश के पुडीमडका में दुनिया की सबसे बड़ी ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में से एक विकसित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना की नींव रखी थी। यह प्रोजेक्ट भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट उत्पादन के लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करेगा। ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर भारत की आक्रामक पहल बताती है कि आने वाले दशक में भारत न सिर्फ कार्बन न्यूट्रल भविष्य की ओर बढ़ेगा, बल्कि दुनिया का ऊर्जा नेतृत्व भी अपने हाथ में ले सकता है।



# एचपी ने भारत में उत्पादन क्षमता दोगुनी करने का किया ऐलान

**- कंपन का एमएसएमई और एआई पीसी पर विशेष फोकस**

**नई दिल्ली ।**

भारत के पारंपरिक पीसी बाजार में एचपी ने अपनी मजबूत स्थिति को और मजबूत करते हुए पीएलआई 2.0 योजना के तहत देश में अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। कंपनी का लक्ष्य अगले 4-5 वर्षों में उत्पादन क्षमता को लगभग 35 फीसदी तक बढ़ाना है। इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में भारत का पारंपरिक पीसी मार्केट 8.1 फीसदी की दर से बढ़ा और कुल 33 लाख यूनिट शिप किए गए। इस दौरान **HP** ने 29.1त्न मार्केट शेयर के साथ नेतृत्व बनाए रखा और शिपमेंट में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। एचपी इंडिया, बांग्लादेश और श्रीलंका के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने डिक्सान टेक्नोलॉजी के साथ साझेदारी कर उत्पादन में तेजी लाई है। पहले वर्ष में क्षमता 6 से बढ़कर 13 फीसदी हो गई है, जिसे भविष्य में 35 फीसदी तक ले जाया जाएगा। एचपी का खास फोकस एमएसएमई और टियर-2, टियर-3 शहरों पर है, जहां कंपनी ने एचपी कनेक्ट स्टोर्स लॉन्च किए हैं। ये स्टोर कस्टमाइज्ड तकनीकी समाधान और प्रोडक्ट डेमो प्रदान करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एचपी की उत्पादन क्षमता और कनेक्टिविटी विस्तार के कारण नोएडा, द्वारका, नजफगढ़ और बहादुरगढ़ जैसे क्षेत्रों में रियल एस्टेट की



मांग बढ़ेगी। इसके परिणामस्वरूप आवासीय संपत्तियों की कीमतें 25-40 फीसदी और वाणिज्यिक स्थानों की कीमतें 20-30 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। एचपी प्रिंटिंग, हेडसेट और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसे उपकरणों के साथ डिजिटल समाधान भी प्रदान कर रही है।

# ओपन एआई ने पेश किया नया चेटजीपीटी गो प्लान, कीमत 399 रुपए प्रति माह

**नई दिल्ली ।**

सैम ऑल्टमैन के नेतृत्व वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई ने भारत के लिए नया सब्सक्रिप्शन प्लान चेटजीपीटी गो पेश किया है। यह प्लान खासतौर पर भारतीय यूज़र्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसकी कीमत मात्र 399 प्रति माह है। कंपनी का कहना है कि इस प्लान में यूजर्स को जीपीटी-5 मॉडल पर आधारित एडवांस फीचर्स मिलेंगे, जिनमें ज्यादा मैसेज लिमिट, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोडिंग और चैट मेमोरी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, यह प्लान भारतीय भाषाओं का बेहतर सपोर्ट भी देगा, जिससे भाषा की बाधा कम होगी। ओपन एआई ने यह भी बताया कि भुगतान के लिए यूपीआई सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे भारतीय यूज़र्स के लिए पेमेंट और भी आसान हो गया है। वर्तमान में भारत में चेटजीपीटी प्लस (1,999 प्रति माह) और चेटजीपीटी प्रो (19,900 प्रति माह) सब्सक्रिप्शन विकल्प मौजूद हैं।




# टाटा कैपिटल का मुनाफा दोगुना होकर 1,040.93 करोड़ पहुंचा

**- पिछले वर्ष की समान अवधि में मुनाफा 472.21 करोड़ रुपए था**




**नई दिल्ली ।**

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल ने अप्रैल-जून तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़ा लिया है। इस तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,040.93 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 472.21 करोड़ रुपए था। इसी दौरान कंपनी की कुल आय भी 7,691.65 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो पिछले साल के अप्रैल-जून में 6,557.40 करोड़ रुपए थी। यह वृद्धि टाटा कैपिटल की मजबूत वित्तीय स्थिति और बेहतर व्यवसाय प्रबंधन का संकेत है। टाटा कैपिटल ने इस महीने की शुरुआत में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष 47.58 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा किए हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रस्तावित इस आईपीओ का आकार लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर हो सकता है, जिससे कंपनी का कुल मूल्यांकन करीब 11 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस आईपीओ में कुल 47.58 करोड़ शेयर होंगे, जिनमें से 21 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे और 26.58 करोड़ शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। वर्तमान में टाटा संस के पास टाटा कैपिटल की 88.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस आईपीओ के बाद कंपनी को पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी, जिससे वह अपने व्यावसायिक विस्तार और नवाचार योजनाओं को और मजबूत कर सकेगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि टाटा कैपिटल का यह कदम वित्तीय क्षेत्र में उसकी पकड़ को और मजबूत करेगा और निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करेगा।

कंपनी की इस तिमाही की सफलता और आगामी आईपीओ से वित्तीय बाजार में टाटा कैपिटल की स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दिवाली से पहले सस्ते होंगे टीवी, एसी और कारें

**- जीएसटी परिषद 20-21 अगस्त को होने वाली बैठक में टैक्स घटाने पर विचार करेगी**



**नई दिल्ली ।**

दिवाली से पहले केंद्र सरकार आम जनता को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। महंगे होम अप्लायंसेज और एंट्री-लेवल कारों की कीमतें जल्द ही कम हो सकती हैं। जीएसटी परिषद 20-21 अगस्त को होने वाली बैठक में टीवी, एसी, डिशवॉशर जैसे उत्पादों पर टैक्स घटाने पर विचार करेगी। फिलहाल इन उत्पादों पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है, जिसे घटाकर 18% करने का प्रस्ताव है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो 32 इंच से बड़े टेलीविजन 10,000 तक सस्ते हो सकते हैं। वहीं, एसी की कीमतों में 1500 से 2500 रुपए तक की गिरावट संभव है। डिशवॉशर, फ्रिज जैसे अन्य उपकरण भी 6-10 फीसदी तक सस्ते हो सकते हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से फेस्टिव सीजन में बिक्री में जबरदस्त उछाल आएगा। उपभोक्ता जो अभी तक महंगाई के कारण खरीददारी से बच रहे थे, वे अब खुलकर खर्च कर पाएंगे। सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स ही नहीं, सरकार एंट्री-लेवल कारों और छोटी एसयूवी पर भी कर दरों में राहत देने की योजना बना रही है। वर्तमान में इन पर 28 फीसदी जीएसटी के साथ 1-3 फीसदी सेस लगता है, जिससे कुल कर 31 फीसदी तक पहुंच जाता है। नए प्रस्ताव के तहत इन्हें भी 18 फीसदी स्लैब में लाया जा सकता है। इससे मारुति ऑल्टो के10, टाटा पंच, रेनॉल्ट क्विड जैसी गाड़ियाँ सस्ती हो जाएंगी। यह फैसला सितंबर 2025 में अंतिम रूप ले सकता है और नई दरें दिवाली से पहले लागू हो सकती हैं।

# म्युचुअल फंड का बैंकिंग सेक्टर में रिकॉर्ड 10200 करोड़ का निवेश

**- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली देसी निवेशकों की खरीदारी**

**मुंबई ।**

शेयर बाजार में म्युचुअल फंड्स का निवेश बैंकिंग कंपनियों में बडी मात्रा में हो रहा है। जुलाई माह में 45400 करोड रुपए के शेयर म्युचुअल फंड ने खरीदे हैं। इसमें से स्टेट बैंक आफ इंडिया में 10200 करोड रुपए का निवेश म्युचुअल फंड ने किया है।जो अभी तक का सबसे बड़ा निवेश है। विदेशी निवेशक शेयर बाजार से बिकवाली करके बाहर निकल रहे हैं। ऐसी स्थिति में म्युचुअल फंड्स ने शेयर बाजार मैं निवेश बढ़ाकर शेयर बाजार को गिरने से रोक रखा है। म्युचुअल फंड्स ने सबसे ज्यादा निवेश बैंकिंग सेक्टर और आईटी सेक्टर में किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार म्युचुअल फंड ने एसबीआई में 10200 करोड़, इंफोसिस में ₹5400 करोड़, टीसीएस में 4000 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 3900 करोड़ तथा एचडीबी फाइनेंशियल में 2900 करोड रुपए का निवेश किया है। जुलाई माह में शेयर बाजार में भारी उतार चढाव देखने को मिला है। विदेशी निवेशक लगातार अपना निवेश निकलकर




भारतीय शेयर बाजार से बाहर निकल रहे हैं।ऐसी स्थिति में भारतीय निवेशकों ने शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाया है। म्युचुअल फंड्स की कैश होल्डिंग जून में 1.82 लाख करोड़ थी। जो जुलाई में बढ़कर 1.85 लाख करोड़ पर पहुंच गई है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 35 पैसे बढ़त के साथ ही 87.04 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे बढ़कर 87.20 पर पहुंच गया था। यह बढ़त व्यापक कर सुधारों और घरेलू शेयर बाजारों में जारी तेजी के चलते दर्ज की गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.24 पर खुला और धीरे-धीरे मजबूत होते हुए 87.20 पर पहुंचा। वहीं सोमवार को यह 87.39 पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार द्वारा टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए सुधारों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। रुपये की इस मजबूती को निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, जो देश की आर्थिक नीतियों में भरोसे को दर्शाता है।




## एमटीएनएल की जुलाई तक बैंक कर्ज चूक बढ़कर 8,659 करोड़ पहुंची

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल की वित्तीय स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कंपनी की बैंक कर्ज भुगतान में चूक जुलाई 2025 के अंत तक बढ़कर 8,659.09 करोड़ रुपये हो गई है। एमटीएनएल ने इस जानकारी को शेयर बाजार को सूचित किया है। घाटे में चल रही इस कंपनी का कुल ऋण दायित्व 31 जुलाई तक 34,577 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें 8,659.09 करोड़ रुपये बैंक ऋण, 24,071 करोड़ रुपये सरकारी गारंटी वाले बॉन्ड, और 1,921 करोड़ रुपये बॉन्ड पर ब्याज के भुगतान के लिए लिए गए ऋण शामिल हैं। कंपनी ने कई बैंकों को भुगतान में चूक की है। इनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 3,768.37 करोड़ रुपये, इंडियन ओवरसीज बैंक को 2,455.01 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया को 1,131.54 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक को 478.26 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक को 363.43 करोड़ रुपये, यूको बैंक को 276.08 करोड़ रुपये और पंजाब एंड सिंध बैंक को 186.4 करोड़ रुपये की देनदारी शामिल है। यह चूक अगस्त 2024 से फरवरी 2025 के बीच हुई है। एमटीएनएल ने 31 मार्च 2025 के अंत तक 8,346.24 करोड़ रुपये की चूक की सूचना दी थी, जो अब बढ़कर 8,659 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

## में खुलेगा देश का पहला जस्ता अपशिष्ट पुनर्प्रसंस्करण संयंत्र

**नई दिल्ली ।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल), जो वेदांता समूह की एक प्रमुख कंपनी है, ने देश का पहला जस्ता धातु अपशिष्ट पुनर्प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह संयंत्र राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के रामपुरा अगुचा क्षेत्र में लगाया जाएगा। एचजेडएल के निदेशक मंडल ने इस परियोजना के लिए 3,823 करोड़ रुपये तक के निवेश को मंजूरी दी है। यह संयंत्र एक करोड़ टन वार्षिक क्षमता वाला होगा और इसके निर्माण में लगभग 28 महीने लगने की उम्मीद है। एचजेडएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि यह परियोजना कंपनी की दीर्घकालिक विस्तार योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्पादन क्षमता को दोगुना करना है। संयंत्र में वैश्विक विशेषज्ञों की भागीदारी से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे पुराने खनन अपशिष्ट से जस्ता और चांदी जैसी कीमती धातुएं दोबारा प्राप्त की जा सकेंगी।कंपनी ने पहले ही 12,000 करोड़ रुपये के निवेश से 2.5 लाख टन वार्षिक परिष्कृत धातु उत्पादन क्षमता बढ़ाने और खनिज प्रसंस्करण अवसंरचना को उन्नत करने की योजना मंजूर की हुई है।

## आइनॉक्स विंड ने आईआरएसएल में 175 करोड़ की हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली ।** भारत की अग्रणी पवन ऊर्जा कंपनी आइनॉक्स विंड लिमिटेड ने अपनी ईपीसी अनुषंगी कंपनी, आइनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड (आईआरएसएल) में 175 करोड़ की हिस्सेदारी 7,400 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर निवेशकों को बेच दी है। कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि हाल ही में आईआरएसएल के प्रस्तावित विलय को शेयर बाजारों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, जिससे यह सौदा आगे बढ़ा। आइनॉक्स विंड लिमिटेड 12 अरब डॉलर के आइनॉक्सजीएफएल समूह का हिस्सा है, जो नौ दशकों से रसायन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सक्रिय है। यह निवेश भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से बढ़ते निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है और आइनॉक्स समूह की विस्तार रणनीति को मजबूती देता है। इस सौदे से कंपनी को वित्तीय मजबूती मिलेगी और भविष्य में विकास के नए अवसर खुलेंगे।



## देश के सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के दामों में गिरावट

**- 91000 हजार से नीचे आया 22 कैरेट सोना, प्रति किलोग्राम चांदी 1,13,165 रुपए**

**नई दिल्ली ।** भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने का भाव 99,146 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है, जो पिछले दिन की तुलना में 477 रुपये सस्ता हुआ है। इसी प्रकार 995 शुद्धता वाला सोना 98,749 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है, जो 475 रुपये की कमी दर्शाता है। 22 कैरेट यानी 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 90,818 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो पिछले भाव से 437 रुपये नीचे है। 18 कैरेट (750 शुद्धता) सोने का भाव 74,360 रुपये और 14 कैरेट (585 शुद्धता) सोने का भाव 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में भी गिरावट दर्ज हुई है। प्रति किलोग्राम चांदी का भाव 1,13,165 रुपये हो गया है, जो सोमवार के 1,14,050 रुपये के मुकाबले 885 रुपये सस्ता है। ये कीमतें जीएसटी और मेकिंग चार्ज के बिना हैं, जो ज्वेलरी खरीदते समय अलग से लगते हैं। भारत में सोने-चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव वैश्विक बाजार और डॉलर की स्थिति के हिसाब से नियमित होता रहता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**शेयर बढ़त के साथ ही बंद हुए जबकि 951 शेयरों में गिरावट रही**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। वीकली एक्पायरी से भी बाजार ऊपर आया। आज मिड कैप और स्मालकैप शेयरों में भी बढ़त रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स करीब 370.64 अंक बढ़कर 81,644.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी तकरीबन 103.70 अंक की तेजी के साथ ही 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। आज एनएसई पर 3,077 शेयरों में कारोबार हुआ। इसमें से 2,031 शेयर बढ़त के साथ ही बंद हुए जबकि 951 शेयरों में गिरावट रही। इसके अलावा 95 शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं आया। आज टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, रिलायंस, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो के शेयरों में तेजी रही जबकि डॉ. रेड्डीज लैब्स, बजाज फिनसर्व, हिंडाल्को, सिप्ला, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के शेयर गिरे। गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। इस प्रकार लगातार दो दिन बाजार में उछाल आया है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। बाजार में यह तेजी मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई उछाल के कारण देखी गई, जो जियो द्वारा टैरिफ दरें बढ़ाए जाने के बाद आया। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार को सपोर्ट मिला। सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की तेजी के साथ 81,319 पर खुला। सुबह शुरुआत में यह 197.96 अंक चढ़कर 81,471.71 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 50 भी 24,891 के स्तर पर खुला और 39.30 अंक की बढ़त के साथ 24,914 पर कारोबार कर रहा था। वहीं हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में गिरावट दर्ज की गई, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.33 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 फीसदी और जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.08 फीसदी नीचे रहे। अमेरिका के बाजार सोमवार को लगभग स्थिर रहे। एसएंडपी 500 फ्लैट बंद हुआ जबकि डॉव जोंस में 0.07 फीसदी की गिरावट आई।




# एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने 500 फीसदी का डिविडेंड घोषित किया

**- कंपनी के इतिहास में 2010 के बाद पहली बार सबसे बड़ा डिविडेंड है**

**नई दिल्ली ।**

बीएसई 500 में शामिल एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपने निवेशकों को इस बार एक बड़ी खुशखबरी दी है। कंपनी ने 10 रुपए प्रति शेयर यानी 500 फीसदी का फाइनल डिविडेंड घोषित किया है, जो कंपनी के इतिहास में 2010 के बाद पहली बार सबसे बड़ा डिविडेंड है। यह डिविडेंड एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रमोटर एलआईसी की मजबूत वित्तीय स्थिति और निवेशकों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी ने डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 22 अगस्त तय की है। इसका मतलब यह है कि 22 अगस्त तक जिन निवेशकों के पास एलआईसी के शेयर होंगे, वे इस डिविडेंड के हकदार होंगे। इसके बाद शेयर खरीदने वाले निवेशकों को डिविडेंड नहीं मिलेगा। कंपनी की 36वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 29 अगस्त को होगी, जिसमें शेयरधारक इस डिविडेंड की मंजूरी देंगे। एजीएम के बाद अगले 30 दिनों के भीतर डिविडेंड की राशि योग्य निवेशकों के खातों में जमा कर दी जाएगी। सोमवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई पर 0.19 फीसदी गिरकर 567.75 पर बंद हुआ। हालांकि, कंपनी का स्टॉक पिछले एक साल में लगभग 14 फीसदी का निगेटिव रिटर्न देने के बावजूद, लॉन्ग टर्म निवेशकों को अच्छा लाभ पहुंचा चुका है। पिछले दो वर्षों में शेयर ने 37, तीन वर्षों में 43, और पांच वर्षों में 112 फीसदी का रिटर्न दिया है।




## मध्यम दर्जे के पेशेवर एआई को अपनाने के लिए तैयारः रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत में कार्यस्थल पर तकनीकी बदलाव की लहर को अब मध्यम दर्जे के पेशेवर नेतृत्व दे रहे हैं। 35 से 54 वर्ष आयु वर्ग के कर्मचारी न केवल कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने के लिए तैयार हैं, बल्कि इसमें विशेषज्ञता हासिल करने हेतु सक्रिय रूप से प्रशिक्षण के अवसर भी तलाश रहे हैं। एक जॉब वेबसाइट द्वारा जारी वर्क अहेड रिपोर्ट के अनुसार, 56 फीसदी मध्यम दर्जे के पेशेवरों का मानना है कि भविष्य के लिए खुद को तैयार करने के लिए उन्हें और प्रशिक्षण की जरूरत है। इसके विपरीत, केवल 41 फीसदी युवा पेशेवर (18-24 वर्ष) ही ऐसा सोचते हैं। रिपोर्ट बताती है कि इस आयु वर्ग के 49 फीसदी पेशेवर खुद को एआई से लैस कार्यस्थलों में काम करने के लिए तैयार मानते हैं, जो युवाओं की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वास दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का कार्यबल खासकर मध्यम वर्ग के कर्मचारी न सिर्फ बदलाव से तालमेल बैठा रहे हैं, बल्कि बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। वे 'एजेंटिक एआई' यानी ऐसे सिस्टम जो स्वायत्त रूप से निर्णय ले सकते हैं, के प्रति भी खास रुचि दिखा रहे हैं। सर्वे में शामिल 3,001 कर्मचारियों में से 29 फीसदी ने कहा कि वे अपनी शर्तों पर कौशल उन्नयन के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग विकल्प खोज रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार एआई से संबंधित कौशल भविष्य में वेतन वृद्धि, पदोन्नति और करियर की नई संभावनाओं की कुंजी बनेंगे।

# सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, शुभमन होंगे उपकप्तान

## रिंकू, सैमसन और हार्दिक टीम में शामिल, यशस्वी व श्रेयस को नहीं मिली जगह

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने मंगलवार को एशिया कप 2025 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति ने इस टूर्नामेंट के लिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाये रखा हैं। वहीं शुभमन गिल की उपकप्तान के तौर पर वापसी हुई है जबकि श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में फिनिशर के तौर पर रिंकू सिंह को अवसर मिला है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली है।

यूएई के हालातों को देखते हुए स्पिनर खासे सफल रहते हैं। ऐसे स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के अलावा कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया है। तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा उनका साथ देंगे। 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी शामिल किया गया है। सैमसन के बैकअप विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा को टीम में जगह दी गयी है।

एशिया कप यूएई में 9 से 28 सितंबर तक टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। जिसमें कुल 8 टीमें भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग और ओमान शामिल होगी। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा। जिसके बाद 14 सितंबर को भारतीय टीम परंपरागत प्रतिद्वंदी टीम पाकिस्तान से खेलेगी जबकि 19 सितंबर को ओमान से मुकाबला होगा।

### एशिया कप के लिए भारत का स्क्वॉड

सूर्य कुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रित बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह।



# कार्लोस अल्काराज ने पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब



**सिनसिनाटी (एजेंसी)।** सिनसिनाटी ओपन जीतने का स्पेन के कार्लोस अल्काराज का सपना पूरा हो गया है। मंगलवार को जानिक सिनर के खिलाफ हुए फाइनल मुकाबले में उन्हें विजेता घोषित किया गया।

विंबलडन फाइनल के बाद विश्व के नंबर एक जानिक सिनर और नंबर दो कार्लोस अल्काराज के बीच होने वाले सिनसिनाटी ओपन फाइनल पर दुनियाभर के टेनिस प्रेमियों की नजर थी। फैंस एक रोमांचक मुकाबले का इंतजार कर रहे थे। लेकिन फैंस को थोड़ी मायूसी हासिल हुई। वजह जानिक सिनर की अस्वस्थता रही।

अल्काराज और सिनर के बीच मैच निर्धारित समय पर शुरु हुआ था। शुरुआत से ही सिनर गर्मी से परेशान दिख रहे थे। पहले सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद उन्होंने डॉक्टर को बुलाया और गर्मी से निपटने के लिए बर्फ की मदद भी ली, लेकिन मैच को जारी नहीं रख सके। 23 मिनट के बाद वह रिटायर होने पर मजबूर हो गए। इसके बाद अल्काराज को विजेता घोषित किया गया। यह उनका पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब था और साल का कुल छठा खिताब था।

सिनर की परेशानी का पता तब चला जब सर्विस में वह एक भी पॉइंट नहीं जीत पाए। सर्विस सिनर का मजबूत पक्ष माना जाता है। लगातार पांचवां गेम हारने के बाद सिनर ने डॉक्टर को बुलाया और जल्द ही कार्लोस अल्काराज से हाथ मिलाकर मैच समाप्ति की घोषणा कर दी।

सिनर अगर फाइनल जीत जाते तो वह रोजर फेडरर (2014-15) के बाद लगातार टाइटल जीतने वाले पहले खिलाड़ी होते।

मैच के बाद सिनर ने कहा, 'मैं आपको निराश करने के लिए माफी मांगता हूं। मैं कल से अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा कि मैं रात तक बेहतर हो जाउंगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। मैंने लड़ने की कोशिश की। लेकिन, खेल नहीं पाया। इसलिए मैं माफी मांगता हूं।'

विजेता घोषित किए जाने के बाद कार्लोस अल्काराज ने जानिक सिनर के लिए कहा, 'मैं जानता हूं कि आप इन परिस्थितियों से और बेहतर कमबैक करेंगे, उससे भी बेहतर जैसा आप हमेशा करते हो। यही असली चैंपियन करते हैं।'

# हमें अगली सीरीज के लिए बुमराह के बारे में सोचने की जरूरत नहीं, पूर्व फिजियो का बड़ा बयान

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर बहस थमने का नाम नही ले रही है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में दो टेस्ट मैच में उनकी अनुपस्थिति की आलोचना की गई। कई लोगो ने बुमराह को अपने शरीर की बात सुनकर आराम देने के लिए सराहना की, वही कुछ ने अतिरिक्त प्रयास न करने के लिए उनकी आलोचना की।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए टीम इंडिया के पूर्व फिजियो जॉन ग्लोस्टर का मानना है कि बुमराह एक एथलीट की तरह जानते है कि उन्हें क्या करना है। ग्लोस्टर ने कहा, 'देखिए, मुझे पता है कि यह इस समय बहुत विवादास्पद विषय है और मैं ज्यादातर विवादास्पद विषयो पर खुशी खुशी बात करूंगा। मुझे लगता है कि आखिरकार एथलीट खुद को किसी से भी बेहतर जानता है।'

ग्लोस्टर ने आगे कहा, 'आजकल ज्यादातर एथलीट जिनके पास अच्छी स्पोर्ट्स टीमे है वे उन्ही लोगो से सलाह ले रहे है। लेकिन सहज रूप से ज्यादातर एथलीट जानते है कि क्या सही है और क्या गलत। और वह एक परिपक्व एथलीट है। वह एक चतुर व्यक्ति है जो अच्छी तरह जानते है कि वह क्या कर रहे है।'

ग्लोस्टर ने कहा कि वह नही चाहते कि बुमराह हर सीरीज खेले। उनका



मानना है कि इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पीठ की चोट के बाद 31 वर्षीय बुमराह ने शानदार वापसी की है। इस पर ग्लोस्टर ने कहा, 'और मुझे लगता है कि दस में से नौ बार परिपक्व एथलीट जिन्हें अच्छा समर्थन मिलता है, वे सही फैसले लेते है। और हमें अगली सीरीज या उसके बाद की सीरीज के लिए बुमराह के बारे में नही सोचना है। हमें अगले दो से तीन सालो तक बुमराह के बारे में सोचना होगा।'

'वह जानते है कि उनका करियर, उनके करियर की लंबाई, उनका खेल जीवन, सही सलाह और परामर्श से ही तय होगा। यह ऐसा ही होगा। और वह जानते है कि ऐसे हालात भी आएंगे जब उनको अपने लिए फैसले लेने होंगे ताकि उनका करियर सबसे अच्छा और लंबा हो।'

# हरमनप्रीत की कप्तानी में एकदिवसीय विश्वकप में उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एकदिवसीय विश्वकप और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है।नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति ने महिला विश्व कप के लिए टीम चयन किया। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर टीम को दी गयी है जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तानी संभालेंगी। टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंहकी वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है। पिछले कुछ समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही श्री चरणी को टीम में जगह मिली है।

विश्वकप कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। फाइनल



मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

### विश्वकप के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) और स्नेह राणा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा।

# शायद ही कभी भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे धोनी : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शायद ही कभी कोच बने। चोपड़ा के अनुसार उन्हें नहीं लगता कि धोनी को कोचिंग में रुचि है। आकाश ने कहा, मुझे नहीं लगता कि धोनी अभी कोचिंग देना चाहेंगे क्योंकि कोचिंग एक फुल टाइम नौकरी है जिसमें आप फिर से वैसे ही व्यस्त हो जाते हैं जैसे आप अपने क्रिकेट करियर में थे। कई बार तो जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। वहीं आकाश ने यह भी बताया है कि अधिकतर खिलाड़ी कोचिंग से क्यों दूरी बना लेते हैं। उन्होंने कहा कि एक पेशेवर क्रिकेटर अपना पूरा जीवन सफर में, होटल में और मैदान पर ही बिता देता है। ऐसे में संन्यास के बाद वे थोड़ा स्थिर जीवन जीना चाहते हैं। खिलाड़ी सोचते हैं कि जब पूरी जिंदगी सूटकेस के साथ बिताई है तो अब क्यों दोबारा उसी जिंदगी में लौटें। इसी कारण अधिकतर खिलाड़ी केवल जैसी सीमित अवधि की लीग में ही कोचिंग करना पसंद करते हैं जहां काम कुछ महीनों का होता है। जबकि भारतीय टीम का कोच बनने पर पूरे साल भर लगभग 10 महीने टीम के साथ यात्रा करनी होती है, जिससें पूरा समय निकल जाता है। ऐसे में अब धोनी फिर से कोचिंग जैसे व्यस्त कार्यक्रम को अपनाना नहीं चाहेंगे। वे अभी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ हैं और आने वाले समय में आईपीएल से भी संन्यास ले सकते हैं। धोनी अब एक अलग जीवन जी रहे हैं जिसमें खेती, बिजनेस और परिवार के साथ समय बिताना शामिल है। ऐसे में भारतीय टीम के कोच की जिम्मेदारी उठाना शायद उनकी प्राथमिकताओं नहीं होगा। धोनी हालांकि 2021 के टी20 विश्वकप में क्रिकेट बोर्ड के अनुरोध पर भारतीय टीम के मेंटॉर बने थे।

# एशियन शूटिंग चैंपियनशिप : कपिल बैंसला ने लहराया तिरंगा, भारत को दिलाया गोल्ड

श्यामकेंट (कजाकिस्तान)। कजाकिस्तान के श्यामकेंट में जारी 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में कपिल बैंसला ने भारत का परचम लहराया है। हरियाणा के इस शूटर ने सोमवार को भारत के लिए पहला गोल्ड जीता। कपिल बैंसला ने 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, 0.6 अंक से पिछड़ने के बाद उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव दूसरे पायदान पर रहे। कर्नाटक के जोनाथन गेविन एंथनी ने 220.7 प्वाइंट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उज्बेकिस्तान के इल्खोम्बेक ने फाइनल में सबसे तेज शुरुआत की। कपिल उनका पीछा करते नजर आए। 15वें शॉट के बाद पहली बार कपिल ने इल्खोम्बेक को पीछाड़ा, लेकिन 20वें शॉट के बाद इल्खोम्बेक ने फिर बढ़त बना ली। आखिरी दो शॉट्स से पहले वह कपिल से एक अंक आगे थे। इसके बाद कपिल ने 10.8 और 10.6 का शानदार स्कोर किया, जबकि इल्खोम्बेक 23वें शॉट पर 10.4 और आखिरी शॉट पर 9.4 अंक हासिल कर सके। इल्खोम्बेक की इसी गलती का फायदा उठाते हुए कपिल ने खिताब अपने नाम कर लिया। इस फाइनल में तीन भारतीय शूटर पहुंचे थे। कपिल ने क्वालिफिकेशन में 579 प्वाइंट्स के साथ चौथा स्थान हासिल किया था, जबकि जोनाथन 582 प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनके अलावा मुकेश नेलावली तीसरे पायदान पर थे। क्वालिफिकेशन में कोरियन खिलाड़ी किम डूयोन ने 582 प्वाइंट्स हासिल करते शीर्ष स्थान हासिल किया था।

# ब्रेट ली ने जडेजा की जमकर प्रशंसा की, सबसे फिट क्रिकेटर बताया



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली ने भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा की है। ऑस्ट्रेलिाई ऑलराउंडर ने जडेजा को विश्व के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक बताया है। ली ने जडेजा के बारे में कहा, 'उन्होंने भारत की ओर से पहले ही 85 टेस्ट मैच खेले हैं, और मुझे भरोसा है कि वह 100 के आंकड़े को पार करेंगे। मेरा मानना है जो कोई भी अपने देश के लिए 100 टेस्ट खेलता है, वह मेरी राय में महान खिलाड़ी है। जडेजा भी अपनी अच्छी बल्लेबाजी, गेंदआजी और फिल्डिंग के कारण एक पूर्ण सुपरस्टार हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह 100 के आंकड़े को पार कर जाएंगे।' ब्रेट ली ने आगे कहा, 'उनके पास एक बेहतरीन क्रिकेटर के लिए जरुरी सभी चीजें हैं। उनकी तकनीक सरल है। वह दौड़ते हैं और सटीक गेंदबाजी करते हैं. जब जरूरत होती है, वह सही लाइन और लंबाई में गेंदबाजी करते हैं। वह जल्दी से अपने ओवर पूरे करते हैं। वह 36 साल की उम्र में भी सबसे फिट हैं।' इस क्रिकेटर ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भले ही अच्छी गेंदबाजी न की हो पर उन्होंनें जबरदस्त बल्लेबाजी से टीम की सहायता की। इस क्रिकेटर ने पांच मैचों की सीरीज में 516 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक और एक शतक शामिल है। वह भारतीय टीम के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में भारतीय टीम के लिए कई शानदार पारियां खेली हैं। मैनचेस्टर टेस्ट में उनकी नाबाद पारी के कारण ही भारतीय टीम हार से बची थी।

# साउथ अफ्रीका की पहले वनडे में धामकेदार जीत, ऑस्ट्रेलिया को 98 रनों से मिली

**केर्न्स (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार को लगभग जीता हुआ मैच गंवा दिया। ऑस्ट्रेलियाने 297 के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए, सिर्फ 7 ओवर में ही 60 रन ठोक दिए थे। लेकिन इसके बाद 29 न के भीतर ही ऑस्ट्रेलिया ने एक के बाद एक 6 विकेट गंवा दिए और वो 98रनों से मैच हार गई।

बता दें कि, तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच पहला वनडे खेला गया। वहीं टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी की। इस दौरान साउथ अफ्रीका के ओपनर एडन मार्करम और रायन रिकल्टन ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

मार्करम और रिकल्टन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। रिकल्टन इसके बाद 33 रन बनाकर




आउट हुए। मार्करम ने शानदार अर्धशतक जड़ा। मार्करम ने 9 चौकों की मदद से 81 गेंदो में 82 रन बनाए। इसके बाद कप्तान टेंबा बावुमा और मैथ्यू ब्रीत्जके ने भी अर्धशतक जड़ा।

ब्रीत्जके ने 56 गेंदों ने 7 चौकों और एक छक्के की मदद से 57 रन बनाए। वहीं कप्तान बावुमा ने 5 चौकों की मदद से 74 गेंदों में 65 रन बनाए। जिसकी बदौलत साउथ अफ्रीका ने 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 296 रन बनाए। ट्रेविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट लिए।

297 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरुआत शानदार रही। पहले विकेट के लिए ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने 60 रन जोड़े। जिसके बाद लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया ये मैच आसान से जीत सकती है। क्योंकि उसके पास मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिश और एलेक्स कैरी जैसे खतरनाक बल्लेबाज बचे हुए थे।

लेकिन साउथ अफ्रीका के लेफ्ट ऑर्म स्पिनर केशव महाराज ने मैच का रुख ही पलट दिया। पहला विकेट हेड का 60 के स्कोर पर गिरा। हेड को प्रेनेलन सुब्रायन ने आउट किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट खोए। सभी विकेट केशव महाराज ने लिए। महाराज ने लाबुशेन, ग्रीन, इंग्लिश, कैरी और आरोन हार्डी का विकेट चटकाकर पंजा खोला। एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना किसी विकेट के 60 रन था। वो अब 6 विकेट पर 89 रन हो गया। इसके बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने मैच गंवा दिया। वो 198 रन ही ऑलआउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ये मैच 98 रनों से हार गया।

# रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए



केर्न्स। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये हैं। रबाडा जैसे गेंदबाज का बाहर होना अफ्रीकी टीम के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रबाडा के दाहिने टखने में सूजन है और स्कैन जांच में उनकी चोट गंभीर होना पाया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, अब रबाडा ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और दक्षिण अफ्रीकी मेडिकल स्टाफ की देखरेख में चोट से उबरकर फिटनेस हासिल करने के प्रयास करेंगे। रबाडा के बाहर होने के बाद उनकी जगह बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज क्वेल मफाका को टीम में शामिल किय गया है। मफाका ने हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई तीन टी20 मैचों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। इस युवा गेंदबाज ने 9 विकेट लिए थे। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें रबाडा के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया है। वह पहले एकदिवसीय में शामिल नहीं रहेंगे। मफाका ने अब तक 2 एकदिवसीय मैचों में 5 विकेट लिए हैं। वहीं रबाडा के बाहर होन से मेहमान अफ्रीकी टीम को नुकसान होगा क्योंकि रबाडा एक मैच विजेता गेंदबाज हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी अपनी टीम की जीत में उनकी अहम भूमिका थी। 106 एकदिवसीय में इस गेंदबाज ने अबतक 168 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में अब उसका लक्ष्य इस सीरीज को जीतकर लय हासिल करना रहेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य विश्व कप जीतना रहेगा : हीली



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी खिलाड़ी एलिसा हीली ने माना है कि उनकी टीम का लक्ष्य रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व कप जीतना रहेगा। हीली हालांकि जानती हैं कि ये आसान नहीं होगा क्योंकि उनकी टीम को भारतीय उपमहाद्वीप में अलग हालातों के साथ ही स्पिनरों से भी जूझना होगा। महिला विश्व कप का आयोजन अगले महीने भारत और श्रीलंका में किया जा रहा है। वहीं हीली का कहना है कि उनकी टीम इस बार भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने खिताब को बरकारार रखना चाहेगी। हीली ने हाल ही में भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन मैचों की सीरीज के अंतिम मैच में नाबाद 137 रन की आक्रामक पारी खेली भी जिससे भी उनका मनोबल विश्वकप के लिए बढ़ा हुआ है। वह हालांकि ऑस्ट्रेलिया ए को जीत नहीं दिला पायी पर जिस प्रकार से हीली ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरते हुए सबसे ज्यादा रन बनाये उससे उनके हौंसले बुलंद हैं। हीली ने सीरीज के दूसरे मैच में भी अर्धशतकीय पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंनें अनुभवी स्पिनरों का काफी आत्मविश्वास के साथ सामना किया था। हीली ने कहा, ''भारत ए की इस की टीम में काफी स्पिनर हैं। हमें इस सीरीज का लाभ विश्व कप में मिलेगा क्योंकि तब भी वहां काफी स्पिनर रहेंगे।''

# स्वियाटेक ने पाओलिनी को हराकर पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब



सिनसिनाटी (संयुक्त राज्य अमेरिका)। पोलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इस खिताबी जीत से अमेरिकी ओपन से पहले स्वियाटेक ने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को एक शक्तिशाली संदेश भेजा है। छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियाटेक ने खिताब तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया और फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने सभी छह ब्रेक पॉइंट्स को भुनाकर अपना 11वां डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता और पिछले साल के इटैलियन ओपन के बाद यह उनका पहला ख़िताब था। वह अब डब्ल्यूटीए 1000 फ़ॉर्मेट के इतिहास में दूसरी सर्वकालिक विजेता हैं। वह केवल सेरेना विलियम्स (23) से पीछे हैं। खिताबी जीत के बाद स्वियाटेक ने कहा, मैं अपनी टीम का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसे टूर्नामेंट क्यों जीते, जो पिछले टूर्नामेंटों जैसे थे, जहां मुझे लगा था कि मैं अच्छा खेलूंगी। मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनने और इन तेज सतहों पर खेलना सीखने के लिए प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। मैं हैरान और बेहद खुश हूं। मैच में पाओलिनी ने शानदार शुरुआत की और 3-0 की बढ़त बना ली।

# एशिया कप 2025: क्रिकेट फैंस हुए हैरान, बाहर हुए 3 बड़े धुरंधर, बीसीसीआई पर उठे सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन 15 खिलाड़ियों के नामों का खुलासा किया, जो यूएई में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लेकिन इस टीम में कुछ बड़े नामों की गैरमौजूदगी ने क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया है। खासतौर पर श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और मोहम्मद सिराज को टीम में जगह नहीं मिली।

### श्रेयस अय्यर का बाहर, बीसीसीआई पर उठे सवाल

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रेयस अय्यर का नाम लेकर कहा कि उनका टीम में न चुना जाना न उनकी गलती है, न सेलेक्टर्स की। उन्होंने साफ किया कि श्रेयस की टीम में जगह न बनने के पीछे कोई विवाद या असमंजस नहीं है। हालांकि, यह निर्णय फैंस के लिए एक बड़ा आश्चर्य रहा क्योंकि अय्यर का आईपीएल और चैंपियंस ट्रॉफी में प्रदर्शन अच्छा रहा था। अंतरराष्ट्रीय टी20 में श्रेयस ने 51 मैचों में 1104 रन बनाए हैं, जिनमें 8 अर्धशतक शामिल हैं।

### यशस्वी जायसवाल भी स्क्वॉड से बाहर

टीम में शामिल न होने वाले दूसरे बड़े नाम यशस्वी जायसवाल का है। विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर पहचाने जाने वाले जायसवाल ने 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 164.31 की स्ट्राइक रेट से 723 रन बनाए हैं। बावजूद इसके सिलेक्टर्स ने उन्हें इस बार टीम में जगह नहीं दी।

### मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं

इंग्लैंड दौरे पर अपनी घातक गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज को भी एशिया कप टीम में शामिल नहीं किया गया है। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन इस बार टी20 टीम में उन्हें मौका नहीं मिला। सिराज के चयन से वंचित रहने पर सोशल मीडिया पर फैंस ने सवाल उठाए हैं। सिराज ने अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर में 16 मैचों में 14 विकेट हासिल किए हैं।

### एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह



रौनक पब्लिक स्कूल में समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने किया जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# पढ़ाई के साथ खेलों में अवश्य हिस्सा लें विद्यार्थी, खेलों में स्वर्णिम कैरियर के बेहतरीन अवसर: वीरेंद्र कौशिक

रौनक स्कूल में किया जा रहा फुटबाल, वॉलीबॉल, बेसबॉल और सोफ्टबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। गनौर रौनक पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के पुत्र एवं समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।शिक्षा विभाग के संयोजन में रौनक पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत यहां फुटबाल, वॉलीबॉल, बेसबॉल और सोफ्टबॉल प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। विभिन्न आयुवर्गों के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने फुटबॉल के मैच से पूर्व दोनों टीमों के खिलाडि?ों का परिचय लिया।प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए समाजसेवी वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। हर युवा को अपनी रूचि के अनुसार खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। हरियाणा सरकार ने बेहतरीन खेल नीति का निर्माण किया है, जिससे खिलाडि?ों के भविष्य निर्माण को मजबूती मिली है।

अब खेलों में स्वर्णिम भविष्य निर्माण के अवसरों की कोई कमी नहीं है। खेल प्रतिभाओं को इनका लाभ उठाना चाहिए। स्कूली स्तर से ही खिलाडि?ों को तराशने के लिए प्रयास किये जाते हैं। विभिन्न स्तर पर उपलब्धियां दर्ज करने वाले खिलाडि?ों को नगद पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। ओलंपिक पदक विजेताओं को तो करोड़ों रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। साथ ही नौकरी भी दी जाती है। सरकार ने खेल-खिलाडि?ों के लिए सुविधाओं को दुरूस्त करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है।इस मौके पर सहायक खेल अधिकारी शिक्षा रामबीर सरोहा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उनका परिचय करवाया। उन्होंने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के उपरांत राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला स्तर पर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए हर प्रकार की बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई हैं।इस अवसर पर विशेष रूप से फुटबाल कोच सुनील राठी, मनजीत राठी, केके सांगवान, रौनक स्कूल से प्रमोद शर्मा, राजीव मिश्रा, गोविंद सहित बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

# पार्षद पुनीत राई ने अपने वार्ड नंबर-8 में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



अर्थ प्रकाश संवाददाता

राई । नगर निगम के वार्ड नंबर-8 के पार्षद पुनीत राई ने मंगलवार को अपने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों को समयबद्धता के साथ के पूर्ण करवायें, जिसमें गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद पुनीत ने संबंधित जेई सचिन राठी, शिविर लाइन के ठेकेदार मोहन और एमपीएस के ठेकेदार सचिन को साथ लेकर सभी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायत का कोई अवसर नहीं मिलना चाहिए। हर कार्य में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए।निगम पार्षद ने कहा कि विकास कार्यों के निर्माण की समयसीमा निर्धारित की गई है, जिसकी अनुपालना अनिवार्य रूप से की जाए। फिलहाल बरसात का मौसम है। बरसाती सीजन के समाप्त होते ही विकास कार्यों के निर्माण में तीव्रता लायें और समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य को पूर्ण करवायें, ताकि आम जनमानस को शीघ्रातिशीघ्र विकास कार्यों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। वार्ड-8 को भी इसमें प्रमुखता दी गई है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाग्राम पंचायत मुलाना में पंचायती भूमि की खेवट नंबर 1175 खतौनी नम्बर 1385 में खड़े 3467 पेड़ सफेदा ,12 पेड़ शीशम , 57 पेड़ कीकर , 5 पेड़ पापुलर ,11 पेड़ नीम ,12 पेड़ ढाक, 23 पेड़ जमोया ,7 पेड़ डैन्क ,1 पेड़ बेरी ,2 पेड़ सीरस ,4 जंगल जलेबी ,1 पेड़ नसूड़ा , 3 शहतूत , 2424 पेड़ मस्कट कुल 6029 पेड़ों की खुली नीलामी 28 अगस्त 2025 दिन बीरवार को सुबह 11 बजे माता बाला सुन्दरी प्रांगण सैड महाग्राम पंचायत मुलाना ( अम्बाला ) में होनी निश्चित हुई है। इच्छुक बोलीदाता को 5 लाख का डीडी सिक्योरिटी राशि के तौर पर बोली से पूर्व जमा करवाना होगा । बोली की बाकि शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

बीडीपीओ बराड़ा
सुशील मंगला
सरपंच मुलाना
परवीन कुमार मोबाइल
80530 -22786 ,
ग्राम सचिव नेत्रपाल राणा मोबाइल+91 81680 19322

AP-4208

## PUBLIC NOTICE

THAT IS FOR NOTICE OF THE GENERAL PUBLIC I Gurbachan Kaur w/o Sh. Sukhwinder Singh, R/o Village Kheri Munak, Karnal declared that My Previous Regd. Sale deed no.2449/1 DATED 27/05/2019, HAS BEEN LOST at Sector-12, Karnal on dated 12/02/25.
Regarding that A DDR No.132310532501111 ALSO REGISTERED AT POLICE STATION Civil Line, Karnal.
That, She is the Present Owner of the Property and Further She Came into an agreement to Sell with Smt. Rajkali w/o Sh. Vijay Pal and Who is getting Loan from SMfG and declare that I never mortgage it anywhere in all over India, If there is any Negligency apart on my part, then civil/criminal liability will arise upon me. That if anybody found or have any objection or if the same found, then kindly contact within 7 days.

**Advocate bhavishay Sahni.**

AP-4192

## सार्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि 25-04-2024 को हमारी कंपनी ने अंबिका ला पेरिसियन टावर डी, फ्लैट 1201 सेक्टर 66 बी मोहाली से दिव्या सांकला नामक एक ग्राहक से घरेलू सामान शिफ्टिंग के लिए लिया था, जिसे सिरोही राजस्थान ले जाया जाना था, जिसके बारे में दिव्या सांकला को कई बार मैसेज किया गया था। उन्हें फोन के माध्यम से सूचित किया गया लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। अब कंपनी इस सूचना के माध्यम से सूचित कर रही है कि दिव्या सांकला 30 दिनों के भीतर कंपनी को जवाब दें। इसके बाद किसी भी अधिकार का दावा मान्य नहीं होगा। न ही कंपनी घरेलू सामान वापस करने के लिए जिम्मेदार होगी। अमन कुमार (प्रॉपर्टी) सी/ओ बालाजी कार्गो मूवर्स एंड पैकर्स, प्लॉट नंबर 142, गोडाउन एरिया, जेपी अस्पताल के पीछे, जीरकपुर संपर्क नंबर- 9316017172

AP-4201

## सार्वजनिक सूचना

हम, 1. शीतल, 2. रूपाली पुत्रीयान स्व. प्रशांत भारद्वाज निवासी 8/5 रेलवे रोड जीन्द की स्थाई निवासी हैं। और ब्यान करती हैं कि हम स्व. प्रशांत भारद्वाज के कानूनी वारिस हैं। हमारी जमीन/मकान नंबर 8/5 व 467/5 वाका रेलवे रोड जीन्द व अराजी खेवट नंबर 529,1064,1065 वाका रकबा जीन्द बारे एक दावा डिकलेरेशन नं0 सी एस 195/2025 माननीय न्यायालय जीन्द में आगामी तारिख 16-10-2025 के लिए लंबित है। उक्त मकान/जमीन पर माननीय अदालत द्वारा एलीनेशन स्टे का आदेश जारी किया हुआ है। आमजन द्वारा हमारी उक्त जमीन/मकान का खरीद फरोख्त, लीज गिफ्ट, किराया इत्यादि करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

AP-4207

## ਬੇਦਖਲੀ ਸੂਚਨਾ

[illegible]

AP-4213

## एस्टेट मैनेजर, हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला
## सार्वजनिक सूचना

No.HBH/EM/PKL/2025/2702
दिनांक: 19-08-2025

**विषय:-** फ्लैट नंबर 623, छठी मंजिल, टाइप-बी, जीएचएस-3, एचबीसी, सेक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा को सामान्य ट्रांसफर के आधार पर श्रीमती सुमन अरोड़ा पत्नी श्री गुलशन अरोड़ा निवासी मकान नंबर 5751/27, गली नंबर 9, वीटीसी लुधियाना, राज्य-पंजाब, पिन-141001 के नाम स्थानांतरित किए जाने संबंधी।

यह सूचित किया जाता है कि फ्लैट नंबर 623, छठी मंजिल, टाइप-बी, जीएचएस-3, एचबीसी, सेक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा जो वर्तमान में रिकॉर्ड अनुसार श्री मुकेश भारद्वाज पुत्र श्री ओम प्रकाश, निवासी फ्लैट नंबर 236, केंद्रीय विहार, सेक्टर-25, पंचकूला, हरियाणा एवं श्री पुनीत उप्पल पुत्र श्री विजय कुमार उप्पल, निवासी मकान नंबर 335, सेक्टर-25, पंचकूला, हरियाणा के नाम दर्ज है।

आवेदकगण श्री मुकेश भारद्वाज एवं श्री पुनीत उप्पल द्वारा यह सूचित किया गया है कि वे उपरोक्त संपत्ति के स्वामी हैं एवं उन्होंने दिनांक 10.08.2025 को सामान्य ट्रांसफर के अंतर्गत उक्त संपत्ति को श्रीमती सुमन अरोड़ा पत्नी श्री गुलशन अरोड़ा निवासी मकान नंबर 5751/27, गली नंबर 9, वीटीसी लुधियाना, राज्य-पंजाब, पिन-141001 के नाम स्थानांतरित किए जाने हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति को श्रीमती सुमन अरोड़ा के नाम सामान्य ट्रांसफर किए जाने पर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर उक्त संपत्ति को नियमानुसार स्थानांतरित कर दिया जाएगा तथा भविष्य में किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**एस्टेट मैनेजर हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला**

AP-4192

## सार्वजनिक सूचना

[illegible]

संपदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

AP-4215

## COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Ashwani Kumar, Additional District Judge, Chandigarh
Prithi Vs. Sahil
CNR No. CHCH01-[illegible]-2020
Next Date:- 08-09-2025
For Grant of Compensation
Publication Issued To: Karambir
Father:- [illegible]
2979, Sector-25, Chandigarh.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 08-09-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to [illegible]
Additional District Judge
Chandigarh
Dated, this day of 11-07-2025

AP-4189

## सार्वजनिक सूचना

[illegible]

AP-4212



अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I, Rehmat Singh Gujral c/o Amritpal Singh Gujral r/o H.no 58E, Sector -85, Wave Estate ,Mohali have changed my name from Rehmat Gujral to Rehmat Singh Gujral
एपी-4190

I Samiran Begum mother of Irfan Ali Khan army no 5352367H Rank HAV/ CLK r/o Thana Bhuta Singhal Kala , Dalpura, Singhai Kala Distt Bareilly UP declare that in my son's army service records my name mistakenly entered as Sageeran Begum & birth date entered as 01-07-1949 but my correct name is Samiran Begum & my correct birth date is 01-01-1954, please note
एपी-4191

**मैं,** सुनीता देवी पत्नी सलेन्द्र कुमार निवासी वार्ड नंबर 03, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम मिनाक्षी से बदलकर मिनाक्षी भोरिया रख दिया है।

**मैं,** संतोष देवी पत्नी श्री लायक सिंह निवासी मकान नंबर 2581 सेक्टर-15 पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम संतोष देवी से बदलकर संतोष कुमारी रख लिया है ।
एपी-4192

**मैं,** प्रेरणा पुत्री श्री सतपाल निवासी मकान न. 1007, गीता कॉलोनी, रादौर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर - 135133 ने अपना नाम प्रेरणा से बदलकर प्रेरणा सिंह रख लिया है।
एपी-4193

**मैं,** केएम नीलू पत्नी श्री दविन्दर कुमार निवासी मकान नं. 60, एयरपोर्ट के पास, बहलाना, चंडीगढ़ ने अपना नाम केएम नीलू से बदलकर नीतू देवी रख लिया है।
एपी-4194

**मैं,** अंजली मनोचा पत्नी श्री अमन अरोड़ा पुत्री श्री दर्शन लाल निवासी मकान नंबर 511, नजदी एस.डी.विद्या मन्दिर सैक्टर-12, हुडडा पानीपत ब्यान करती हूं कि बचपन में मेरे माता - पिता ने मेरा नाम रजनी रखा था। मेरी जन्मतिथि 08/10/1979 है उस समय आधार कार्ड नहीं बनते थे। और मेरे इसी रजनी के नाम से मेरे पिता दर्शन लाल ने एक बैंक खाता एस.बी.आई. जी.टी. रोड़ पानीपत में खोला था।शादी के बाद ससुराल वालों ने मेरा नाम अंजली मनोचा रख दिया था अब मेरा आधार कार्ड अंजली मनोचा के नाम पर ही है।अब मैं घोषणा करती हूं कि अंजली मनोचा और रजनी दोनों मेरे ही नाम है।
एपी-4195

**मैं,** टी राजागुरु पुत्र वी. थंगावेल निवासी मकान नं. 4/60, नॉर्थ स्ट्रीट, पी. रेड्डीपट्टी, वीटीसी पांडापुली, डाकखाना पांडापुली, उप-तहसील शंकरनकोइल, जिला तिरुनेलवेली (तमिलनाडु- 627753) ब्यान करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम वनजा से बदलकर वनजा आर कर दिया जाए।
एपी-4198

**मैं,** रोबिन सिंह पुत्र राजेश कुमार निवासी कटारू पट्टी, गांव कसान तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम रोबिन सिंह से बदलकर रोबिन रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4199

**मैं,** नैंसी चावला पत्नी आकाश चावला वासी मकान नं 1298, अर्बन एस्टेट, सैक्टर-7, करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर नैंसी चोपड़ा से नैंसी चावला रखा है।

**मैं,** सुमित कुमार पुत्र पृथ्वी राज वासी मकान नं 410, वकिलपुरा, सदर बाजार, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर सुमित से सुमित कुमार रखा है।

**मैं,** दीपक पुत्र किशोर लाल शर्मा वासी मकान नं 4134 गली नं 6 शिव कॉलोनी, करनाल ने अपना नाम बदलकर दीपक शर्मा से दीपक रखा है।

**मैं,** अतुल पुत्र लेख राज वासी वार्ड नं.7, गांव Ruan (15), कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर अतुल से अतुल शर्मा रखा है।

**मैं,** Subash कपूर पुत्र राम दित्ता वासी मकान नं. 138, गली नं. 7 विकास नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर Subash कपूर से Subhash कपूर रखा है।

**मैं,** Asia रानी पत्नी सुभाष कपूर वासी मकान नं.138, गली नं.7 विकास नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर Asia रानी से Asha रानी रखा है।

**मैं,** नरेन्द्र पाल सिंह पुत्र भाग सिंह निवासी पी-16, फ्लैट नंबर-702, रास रेसीडेंसी हेरिटेज लॉन सैक्टर -35, करनाल ने अपना नाम नरेन्द्र पाल सिंह चावला से बदलकर नरेन्द्र पाल सिंह रख लिया है।

**मैं,** सत्य पाल पुत्र महाबीर प्रसाद वासी 150, पुलिस स्टेशन ईस्ट सैक्टर 26, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सत्य पाल यादव रखा है।

**मैं,** Ritu गोयल पत्नी विजय कुमार वासी वार्ड नं. 13, रतिया तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Ritu गर्ग रखा है।

**मैं,** दीपिका पत्नी पुनीत मागो वासी मकान नं 108 प्रेम नगर, करनाल ने अपना नाम बदलकर दीपिका से दीपिका मागो रखा है, शादी के बाद।

**मैं,** दयाल चंद उर्फ गुरदयाल सिंह पुत्र प्यारा लाल वासी गांव मोहड़ी डाक सीतामढ़ जिला करनाल ब्यान करता हूँ की दयाल चंद उर्फ गुरदयाल सिंह दोनों नामों वाला एक ही व्यक्ति हूँ।

**मैं,** विनोद पुत्र बहादर राम वासी मकान नं. 9, गांव बीघड़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर विनोद कुमार रखा है।

**मैं,** मुकेश पत्नी विनोद कुमार वासी मकान नं. 9, गांव बीघड़ जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मुकेश रानी रखा है।

**मैं,** साहिल पुत्र नरेंदर कुमार वासी मकान नं. 87 बी, नजदीक शिव शक्ति हनुमान मंदिर भुना जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर साहिल कुमार रखा है।

**मैं,** कैलाश पुत्र सीता राम वासी मकान नं.49/3 ब्लॉक 1, पार्ट 2, गांव व् डाक Bhattu कलां जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर कैलाश सोनी रखा है।

**मैं,** ऋचा पत्नी अनिल कुमार निवासी मकान संख्या 688, सेक्टर 13, करनाल हरियाणा ने अपना नाम ऋचा से बदलकर रिचा कंसल रख लिया है, भविष्य में मुझे रिचा कंसल के नाम से जाना जाएगा।
एपी-4200

**मैं,** राजलक्ष्मी सेनराय पेरुमल सैन्य संख्या- 14682084डब्ल्यू रैंक- नायक नाम- सेनरयाप पेरुमल एस की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 2/312 ए, रथिनापुरी नगर, मीनमपट्टी, अनुप्पनकुलम, डाकघर- अनुप्पनकुलम, जिला- विरुधुनगर, तमिल नाडु, पिन- 626189 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राजलक्ष्मी सेनराय पेरुमल से बदलकर राजलक्ष्मी एस कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक-11AA216630, दिनांक- 30/07/2025
एपी-4202

I RAJESH S/o MEHAR SINGH R/o Hathira (9), Kurukshetra , Haryana - 136119 have changed the name of my minor son HARDIK aged 8 years and he shall hereafter be known as HARDIK YOGI.

I RAJESH S/o MEHAR SINGH R/o Hathira (9), Kurukshetra , Haryana - 136119 have changed the name of my minor daughter MEHAK aged 13 years and She shall hereafter be known as MEHAK YOGI.
एपी-4203

**मैं,** ऐश्वर्या पुत्री कुलदीप श्योकंद निवासी छोटू राम कॉलोनी नरवाना जिला जींद- 126116 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम ऐश्वर्या से बदलकर ऐश्वर्या श्योकंद रख लिया है। भविष्य में मुझे ऐश्वर्या श्योकंद के नाम से जाना व पहचान जाए।
एपी-4204

**मैं,** संतोष कुमारी पत्नी अमी चंद निवासी तहसील बंगाणा, बुहाना ऊना (हि.प्र.) ने अपना नाम बदलकर संतोष शर्मा रख लिया है।
एपी-4205

**मैं,** सुशील कुमार पुत्र विजय साहनी, निवासी मकान नंबर 2474, स्ट्रीट 8, आजाद नगर, बलौंगी, एस.ए.एस नगर (मोहाली), घोषणा करता हूं कि कुछ दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम Vijay Sahani लिखा गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Vijay Sahni है।

**मैं,** जसविंदर पत्नी मोहन लाल डुक्कड़ Thol, कुरूक्षेत्र, ने अपना नाम बदलकर जसविंदर कौर रख लिया है।

I, Param Veer S/o Kuldeep Singh R/o Officer Colony Tohana Distt Fatehabad have change my name Param Veer to Paramveer Singh

I, Talwinder Singh S/o Amarjit Singh R/o Kudni Teh Moonak Distt Sangrur declare that Talwinder is my name and Singh Surname.

I, Jashandeep S/o Jai Kishan R/o Razabad Distt Fatehabad 125120 Haryana have change my name Jashandeep to Jashandeep Thakur.

I, Herish S/o Mahender Singh R/o H No 388 VPO Nanheri Tehsil Tohana Distt Fatehabad 125120 Haryana have change my name Herish to Herish Thakur.

I, Arman S/o Subhash Chand R/o H No 389 VPO Nanheri Teh Tohana Distt Fatehabad 125120 Haryana have change my name Arman to Arman Thakur.

I, Parveen S/o Anshi Ram R/o Sunder Nagar Tohana Distt Fatehabad have change my name Parveen to Parveen Kumar.

**मैं,** विमल कुमार पुत्र मोहन सरूप निवासी # 722, सेक्टर 22-ए, चंडीगढ़, मैंने अपना नाम विमल कुमार से बदलकर विमल कुमार सल्होत्रा रख लिया है।
एपी-4206

**मैं,** संतरो उर्फ संतरो देवी पत्नी श्री विजय सिंह, मकान नंबर 1037/ए, हाउसिंग बोर्ड, जीन्द तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम संतरो उर्फ संतरो देवी से बदलकर संतरो देवी रख लिया है।
एपी-4192

**मैं,** Kunal Thakur पुत्र Sh. Rajinder Kumar Thakur निवासी हाउस नंबर 31, वधावा नगर, बलटाना, एस.ए.एस नगर, पंजाब- 140604 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मेरे नाबालिग बेटे का नाम Priyaanshu Sanraaj Singh Thakur से बदलकर Priyanshu Thakur कर दिया है।
एपी-4192

I, Rajni Baweja wife of Ashwini Kumar Sharma resident of House No. 76, Village Raipur Khurd, Chandigarh have changed my name from Rajni Baweja to Rajni.
एपी-4209

It is for general information that I, VAISHALI CHOUDHARY D/O OM PRAKASH, R/O -544, Gali Number-4, Mother Teresa Baba Colony, Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of mine and my father has been wrongly written as VAISHALI CHAUDHARY and OM PARKASH in my OBC Certificate No. 90500000245469. The actual name of mine and my father are VAISHALI CHOUDHARY and OM PRAKASH respectively, which may be amended accordingly.

It is for general information that I, SAKSHI CHOUDHARY D/O OM PRAKASH, R/O House Number-544, Gali Number-4, Baba Colony, Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of mine and my father has been wrongly written as SAKSHI CHAUDHARY and OM PARKASH in my OBC Certificate No. 90500000245467. The actual name of mine and my father are SAKSHI CHOUDHARY and OM PRAKASH respectively, which may be amended accordingly.

I, MONIKA W/o SANDEEP SINGH, R/o Dihana, Dihana, Hoshiarpur, Punjab- 144406have changedthe name of my minor daughter SUKHMAN, aged14 years and she shall hereafter be known as SUKHMAN PREET,

I,SHALLU BHARDWAJ, W/o DEEPAK KUMAR, R/o Kangniwal, PO: Hazara, Sub District: Jalandhar -1, District Jalandhar, Punjab- 144025, have changedthe name of my minor son NAITIK, aged 5 years and heshall thereafter be known as NAITIK BHARDWAJ.

I, BALJEET KAUR, W/o RAJINDER KUMAR, R/o Village Bahadarpur, Bahian, Bahadarpur Bahian, Bahadarpur, Bahian, 146102, have changedthe name of my minor son GOPI NATH, aged 13 years and heshall thereafter be known as GURPREET SINGH.
एपी-4210

**मैं,** मोक्ष वर्मा पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी डीसी-47 गली नंबर 3 पंजाबी वाड़ा, बल्लभगढ़, (फरीदाबाद), हरियाणा! मेरे पिता का नाम सभी भविष्य के प्रयोजनों के लिए सुनील वर्मा से बदलकर सुनील कुमार वर्मा कर दिया है।

**मैं,** Bhanu Pratap पुत्र रामपाल राणा, गाँव चनालहेरी, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Bhanu Partap रख लिया है।

ग्राम पंचायत मस्तगढ़ ब्लॉक, गुहला, ग्राम पंचायत मस्तगढ़ ब्लॉक गुहला में ओपन जिम ,स्वागत गेट स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर ,सोलर स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जाना है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म आमन्त्रित है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म अपनी कुटेशन सरपंच विक्रम जीत सिंह के कार्यालय के जनरल चौपाल में 22/8/25 तक लिफाफा बन्द जमा करवाए जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। सरपंच ग्राम पंचायत मस्तगढ़ खण्ड गुहला कैथल

ग्राम पंचायत हंसूमाजरा ब्लॉक, गुहला, ग्राम पंचायत हंसूमाजरा ब्लॉक गुहला में ओपन जिम ,स्वागत गेट स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर,सोलर स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जाना है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म आमन्त्रित है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म अपनी कुटेशन सरपंच कुलदीप सिंह के कार्यालय के जनरल चौपाल में 22/8/25 तक लिफाफा बन्द जमा करवाए जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। सरपंच ग्राम पंचायत हंसूमाजरा खण्ड गुहला कैथल

ग्राम पंचायत बाखली कलां ब्लॉक, पिहोवा ग्राम पंचायत बाखली कलां में, भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की मूर्ति व फूवारे चौक पर, सेल्फी प्वाइंट एक्रेलिक , हरियाणवीं कल्चर सिनरिया, बच्चों के खेल की Tannel, Round Bar, Slide Fabre की निविदा सूचना दि है जिसके लिए सभी रजिस्टर्ड फर्म अपनी कुटेशन सरपंच बलजीत सिंह बाखली कलां के कार्यलय जनरल चौपाल में 22/8/25 तक लिफाफा बन्द जमा करवाए जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। सरपंच ग्राम पंचायत बाखली खण्ड पिहोवा कुरूक्षेत्र.

ग्राम पंचायत गुलडेहरा में स्ट्रीट लाईट ,स्कूल के कमरों में डूा,इनवर्टर डबल बैटरी लगवाने बारे रजिस्ट्रड फर्म अपनी लिफाफा बन्द कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत कार्यालय में 23/8/2025 तक जमा करवाए. जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। Sarpanch Gram Panchayat Guldehra Block-Pehowa(KKR)

ग्राम पंचायत ओजला ब्लॉक अम्बाला1 गांव ओजला में गांव का लाईट वाला स्वागत गेट, सीमेंट की कुर्सी,वाटर टैंकर,प्लासिक स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे ,स्टील सांकेतिक बोर्ड ,वाटर कूलर, व बच्चों के लिए ओपन जिम की निविदा सूचना दी जाती है जिसके लिए सभी पंजीकृत फर्म आमंत्रित है। यह फर्म 22/8/25 तक अपनी कोटेशन सरपच अमनदीप कौर को भिजवा सकते है जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य करने के ऑर्डर दे दिए जाएंगे सरपंच अमनदीप ग्राम पंचायत ओजला ब्लॉक अम्बाला 1

ग्राम पंचायत बीबीपुर कलां ब्लॉक पिहोवा में स्ट्रीट लाईट , ओपन जिम लगवाने बारे रजिस्ट्रड फर्म अपनी लिफाफा बन्द कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत कार्यालय में 22/8/2025 तक जमा करवाए. जिसकी कुटेशन में रेट कम होगा 23/08/25 को कार्य के ऑर्डर दे दिए जाएंगे। Sarpanch Gram Panchayat bibipur kalan Block-Pehowa(KKR)
एपी-4211

**मैं,** संजीव गगैण (Sanjeev Gagain) सुपुत्र श्री ज्ञान सिंह (Gian Singh) निवासी भालड़ तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम संजीव गगैण (Sanjeev Gagain) से बदलकर संजीव कुमार (Sanjeev Kumar) रख लिया है।
एपी-4114

## बेदखली सूचना

**मैं,** नन्दलाल सपुत्री श्री प्रसाद व कंचन पत्नी श्री नन्द लाल निवासी मकान नं. 55 भैरो की सैर कालका, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा बयान देती हूं कि मेरी पुत्री सिमरन मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में जो भी इनके लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-एफ

हम हरविंदर सिंह छन्नी पुत्र श्री रंजीत सिंह और अमृत कौर पत्नी श्री हरविंदर सिंह छन्नी निवासी मकान नं. 43, एच/53, वार्ड नं. 5, गुरु तेग बहादुर नगर, खरड़ जिला एस.ए.एस नगर मोहाली ने अपनी बहन नवप्रीत कौर पत्नी श्री जजबीर सिंह निवासी छोटी लाइन, यमुनानगर, हरियाणा के साथ सारे संबंध खत्म कर लिया है। यह की हमारा अपनी बहन के साथ कोई रिश्ता नहीं है। जो कोई भी उनसे लेन देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-4189

**मैं,** सुरेश कुमार आधार कार्ड संख्या (756513461273) पुत्र बरखा राम, मकान संख्या 24 एमईएस कॉलोनी, सीएसक्यू टाइप 2, चंडीमंदिर कैंट, तहसील पंचकूला, घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा पुत्र नरिंदर कुमार आधार संख्या (796407459819) और उसकी पत्नी पिंकी मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल/अचल संपति से बेदखल करता/करती हूँ। कोई भी व्यक्ति जो उनके साथ लेन-देन करेगा, वह अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा/करेगी।

**मैं,** विनोद पुत्र नन्दलाल निवासी गांव छपार तहसील व जिला चरखी दादरी (हरियाणा) घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु बबीता व पुत्र अंकुश व पुत्र वधु रीना चारो मेरे कहने सुनने के बाहर है अतः मैं इन चारो को अपनी तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करता हूं भविष्य मे इन चारो के साथ लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वय जिम्मेवार होगा मेरी किसी किस्म कोई जिम्मेवारी ना होगी।

I Suresh Kumar Adhar Card No (756513461273) Son of Barkha Ram H no. 24 MES Colony CSQ Type 2 Chandimandir Cantt Tehsil Panchkula DECLARE THAT MY SON Narinder Kumar Adhar No (796407459819) AND HIS WIFE Pinky ARE OUT OF MY CONTROL. I DISOWN THEM FROM MY MOVEABLE /IMMOVEABLE PROPRTIES. ANYBODY WHO DEALS WITH THEM SHALL DO AT HIS /HER OWN RISK AND RESPONSIBILITY.
एपी-4192

**मैं,** मंजीत कौर पत्नी स्वर्गीय श्री बलिहार सिंह, निवासी मकान संख्या 8/8 बैंक कॉलोनी, पीपली वाला टाउन, मनीमाजरा, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा अमनदीप सिंह उर्फ विशाल मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ इससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा ।

**मैं,** पवन कुमार पुत्र रामानंद निवासी मकान नंबर 1747, मौलीजागरां कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा प्रियांशु, मेरी बेटी एंजेल और मेरी पत्नी पूनम मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनको लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा ।
एपी-4194

**मैं,** रमेश पुत्र श्री हुकम चन्द निवासी गांव कवि, तहसील मतलौडा, जिला पानीपत ब्यान करता हूं कि मैं मेरा पुत्र रणदीप हमारे कहने सुनने से बाहर है व हमारे साथ लडाई झगडा करता है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे हमारा कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा। उससे लेन देन करने वाला या वह कोई गैर कानूनी कार्य करता है तो स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4196

**मैं,** मो. इजाज पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी 35 विद्यानंद कॉलोनी, उग्राखेड़ी पानीपत का रहने वाला हूं ।मेरा लड़का नसीम हमारे परिवार के कहे सुनने से बाहर हैं और अपनी मनमर्जी करता है, इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं । मेरा लड़का नसीम किसी भी प्रकार का लेनदेन व गलत कार्य करता है तो उसकी जिम्मेवारी मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी।
एपी-4197

**मैं,** रिशी (आ. नं. 6841 4063 4458) पुत्र चन्द्र भान निवासी वार्ड नं. 3 रविदास महौल्ला सफीदों तहश सफीदों अपने हल्फ से बयान करता हूं मेरा पुत्र अजय व पुत्रवध संजू दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों के साथ कोई भी लेनदेन करता है तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। इसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4204

**मैं,** संदीप वर्मा आधार कार्ड संख्या (860335649642) पुत्र श्री दीप चंद वर्मा, मकान संख्या 113 टाइप-2 कमांड कॉलोनी, चंडीमंदिर कैंट, तहसील पंचकूला, घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी पुत्री हनुशी वर्मा का आधार संख्या (546194547948) मेरे नियंत्रण से बाहर है। मैं इन्हें अपनी चल/अचल संपति से अस्वीकृत करता/करती हूँ। कोई भी व्यक्ति जो इनसे संबंधित लेन-देन करेगा, वह अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा/करेगी।
एपी-4192

**मैं,** संगीता देवी पत्नी स्वर्गीय चन्द्र मोहन निवासी गाँव मुलाना डाकघर तहसील बराड़ा जिला अम्बाला कि मेरा लड़का अरुण कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करती हूँ इससे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।
एपी-4208

**मैं,** संजय मेहता पुत्र श्री राम लाल निवासी सरकारी कन्या विद्यालय कैथल, जिला कैथल मेरी पुत्री ईशा और दामाद मंजुल चुघ उर्फ मोहित चुघ पुत्रा राजेश चूज जो की मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं इसलिए मै इनको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हु। भविष्य में इनके साथ लेन देन व अनैतिक कार्य करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4211

## खोया-पाया

**मैं,** हिमांशु भाटिया पुत्र श्री मदन लाल निवासी 819/22, प्रभू नगर, रोहतक रोड़, सोनीपत ब्यान करता हूँ कि मेरी मूल वसीका संख्या 11917 दिनांक 23.01.2024 जोकि मोहित पुत्र जोगिंदर के नाम पर थी, जो 25.07. 2025 को कहीं खो गई है। इसकी पुलिस शिकायत संख्या 132390712501694 है। यदि किसी को मिलें तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।
एपी-4196

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




# फर्जी एप से जाली अकाउंट खुलवाकर 48 लाख की ठगी में 2 आरोपी गिरफ्तार

## इस मामले की अब तक तीन गिरफ्तार, दोनों आरोपी 8 दिन के पुलिस रिमांड पर, एक न्यायिक हिरासत भेजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 अगस्त।** पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने शेयर मार्किट में मुनाफे का झांसा देकर की गई 48 लाख 50 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में काम कर रही टीम ने इस मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस केस में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

साइबर थाना पुलिस के अनुसार यह मामला 21 मई को दर्ज हुआ था,



जब शिकायतकर्ता गुरमुख सिंह निवासी शिव कॉलोनी बिटना रोड पिंजौर, उम्र 62 वर्ष ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को उन्हें यूट्यूब पर शेयर मार्केट से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में दिए गए लिंक के जरिये वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए। इसके बाद ग्रुप में मौजूद लोगों ने उन्हें भारी मुनाफे का लालच देकर एक ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया और अलग-अलग समय पर उनसे कुल 48 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली।

इस शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह की टीम ने 9 अगस्त को सुरेश कुमार वर्मा निवासी गंगानगर राजस्थान, हाल किरायेदार जीरकपुर (पंजाब) को गिरफ्तार किया था। आरोपी को अदालत से 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था और 18 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आगे की जांच में सुरेश कुमार से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने दो और आरोपियों रितेश कुमार पुत्र राजेन्द्र तथा प्रवेश कुमार पुत्र देवन राम को दबोचा। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से ठगी की रकम की रिकवरी और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान पर काम कर रही है। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि साइबर ठगी के मामलों में ऐसे गैंग संगठित तरीके से काम करते हैं और भोले-भाले लोगों को लालच देकर जाल में फंसाते हैं। पंचकूला पुलिस का प्रयास है कि ऐसे अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजा जाए और लोगों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखा जाए। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, ऑनलाइन विज्ञापन या लालच देने वाले कॉल/मैसेज पर भरोसा न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में सूचना दें।

# हिमाचल से गांजा लाकर पिंजौर-कालका में बेचने वाला तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 19 अगस्त।** पंचकूला पुलिस ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने हिमाचल प्रदेश से गांजा लाकर कालका-पिंजौर क्षेत्र में सप्लाई करने वाले एक तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद कुमार उर्फ बेदा (23) निवासी गांव टिपरा, कालका के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 किलो 155 ग्राम गांजा बरामद किया है।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए पुलिस लगातार दोहरी रणनीति पर काम कर रही है, एक तरफ गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर उपचार भी दिलाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक मल्लह मोड़ पिंजौर से हिमशिखा कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर फ्लाईओवर के नीचे गांजा बेचने के लिए खड़ा है। इस सूचना पर इन्चार्ज प्रवीण कुमार की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक के थैले की तलाशी लेने पर 3 किलो 155 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब उससे वैध लाइसेंस या दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका।

# फेक आईडी बनानी पड़ सकती है भारी, पुलिस ने छात्रों को दी चेतावनी

**स्कूल पहुंचकर साइबर क्राइम थाना टीम ने बच्चो को साइबर सुरक्षा के गुर भी सिखाएं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन तथा डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना एसएचओ युद्धवीर सिंह की टीम ने सोमवार को सेक्टर-25 स्थित टेरेसा कन्वेंट स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने और किसी भी प्रकार की फेक आईडी बनाने से बचने की सख्त हिदायत दी गई।

पुलिस ने बताया कि अक्सर देखने में आता है कि छात्र मजाक या शरारत के तौर पर किसी महिला या लड़की की फर्जी आईडी बनाकर



उसका दुरुपयोग कर देते हैं, लेकिन यह मजाक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और इसके चलते आरोपी को जेल तक जाना पड़ सकता है।

इसके अलावा पुलिस ने छात्रों को 'टू-स्टेप ऑथेंटिफिकेशन' के महत्व के बारे में बताया और साथ ही 'डिजिटल अरेस्ट' फ्रॉड, ऑनलाइन लोन ऐप धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी ग्राहक सेवा नंबर (हेल्पलाइन) के जरिए पैसों की चोरी जैसे नए साइबर अपराध तरीकों से भी अवगत कराया।

# घग्घर नदी पर एक बार फिर कॉज़वे हुआ ओवरफ्लो, कुछ समय के लिए यातायात हुआ बंद



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 19 अगस्त।** मुबारकपुर कॉज़वे पर एक बार फिर बढ़ते जलस्तर के कारण आज प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से यातायात पूरी तरह बंद कर दिया। लगातार हो रही बारिश और पानी के तेज़ बहाव के कारण कॉज़वे के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया। प्रशासन ने लोगों से दूसरे रास्तों का इस्तेमाल करने की अपील की है, लेकिन इससे यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ लोगों में रोष भी देखा जा रहा है। इलाके के निवासियों का कहना है कि हर साल बारिश के दिनों में यही स्थिति बनती है, लेकिन कॉज़वे की ऊँचाई बढ़ाने या स्थायी मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि कुछ दिन पहले डीसी मोहाली ने विशेष तौर पर दौरा कर यहां पुल बनाकर काजवे की ऊंचाई बढ़ाकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था। फिलहाल किसी अनहोनी घटना से बचाव हेतु मौके पर पुलिस प्रशासन मौजूद है और अहतियातन रास्ता दोनों तरफ से बंद कर दिया है।

ज़िक्र योग्य है कि बीते दस दिनों में दूसरी बार जलस्तर बढ़ने कारण काजवे ओवरफ्लो हुआ है और डेराबस्सी से ढकोली जाने के लिए यही एक उचित मार्ग है क्योंकि मुख्य मार्ग पर जहां एक तरफ भारी जाम की समस्या है वहीं वाया जीरकपुर जाते हुए ढकोली पहुंचने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे समय और ईंधन दोनों का नुक़सान होता है।

मुबारिकपुर काजवे के पास रहने वाले 150 गरीब लोगों की झुग्गियों में भी पानी घुस गया है। इलाके में बढ़ते जलस्तर ने लोगों के दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लोगों का कहना है कि बारिश के पानी के साथ-साथ आस-पास के नालों का गंदा पानी भी झुग्गियों में घुस गया है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घग्गर के पास रहने वाले गरीब लोग इस चिंता में रात बिता रहे हैं कि कहीं जलस्तर और न बढ़ जाए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई कर कॉजवे की मरम्मत की जाए, जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए कोई स्थायी समाधान निकाला जाए। इस मौके पर डेराबस्सी के डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि संभव हो तो सुरक्षित स्थानों पर शरण लें और अनावश्यक रूप से बारिश के पानी में न जाएं, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# नई दिल्ली में हुआ 15वें एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 19 अगस्त।** वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड्स एंड गर्ल्स स्काउट्स के 15वें एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ नई दिल्ली में हुआ। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. के.के. खंडेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स; श्रीमती गीता नटराज, उपाध्यक्ष, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स; तथा डॉ. पंकज मित्तल, महासचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं मुख्य आयुक्त (गाइड्स), भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रहे।

इसके साथ ही कार्यक्रम में सुश्री कैंडेला गोंज़ालेज़, विश्व बोर्ड अध्यक्ष, सुश्री नादिन एल अची, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुश्री चेम्पाका एमालिन पाहामिन, अध्यक्ष एशिया पैसिफिक क्षेत्र, सुश्री दातो' डॉ. जूसेन बियुन, संस्थापक - फ्रेंड्स ऑफ एशिया पैसिफिक रीजन तथा सुश्री लिन प्राइस, अध्यक्ष - वर्किंग ग्रुप उपस्थित रहे।

राजनयिक अतिथियों के रूप में महामहिम सुश्री आयशाथ अज़ीमा, मालदीव गणराज्य की भारत में उच्चायुक्त, श्री रबिन्द्र जंग थापा, काउंसलर, नेपाल दूतावास एवं महामहिम श्री जोसल एफ. इग्नासियो, भारत में फ़िलीपींस गणराज्य के राजदूत रहे। सभी अतिथियों का भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने परंपरागत भारतीय शैली से तिलक और आरती द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ. के.के. खंडेलवाल ने उनका मंच पर परिचय कराते हुए ससम्मान मार्गदर्शन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण फ्लैग मार्च रहा। इसमें विभिन्न सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने ध्वजों के साथ गर्वपूर्वक परेड की। दो कतारों में मार्च कर मध्य में मिलते हुए उन्होंने एकता का प्रभावशाली प्रतीक प्रस्तुत किया। इसके उपरांत विश्वजीत तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रार्थना 'दया कर दान भक्ति का' का सामूहिक गायन हुआ।

मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, डॉ के के खंडेलवाल ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष के पदाधिकारियों और अन्य विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए 7 नवम्बर 1950 को स्थापित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के इतिहास का संक्षिप्त उल्लेख किया और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। भारतीय परंपरा के अनुरूप सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया दीप प्रज्वलन इस सम्मेलन के औपचारिक उद्घाटन का प्रतीक बना। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग राजस्थानी लोक-नृत्य ÷पधारो म्हारे देश÷ का प्रदर्शन हुआ, जिसने सभी को आकर्षित किया।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित B-244, Ground Floor lane no-3, Majlis Park New Delhi, 110033 से जारी। प्रधान संपादक : **महावीर जैन,** प्रबंध संपादकः **अक्षित जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : DLHIN/25/A2165 फोनः 0172-2638515, 9815033624 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकारः हरीश चंद्र जैन, एचसीएस (सेवानिवृत्त)